www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025 । वर्ष – 67 । अंक – 8 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59




■ नानी की अगर मानें तो भेड़िया जिंदा है
■ टैरिफ युद्ध में ट्रंप पीछे हटे, भारत को अधिकतम लाभ उठाना ... पृष्ठ 6

■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की पहलगाम आतंकी हमला की निंदा
■ अफगानिस्तान ने पहलगाम हमले की निंदा की पृष्ठ 7

राजस्थान की कोशिश आरसीबी को हरा कर जीत की राह पर लौटने की पृष्ठ 8

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान को कड़ा संदेश

# सिंधु जल संधि और वीजा रद्द करने का आदेश



भारत को ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधियों से डराया नहीं जा सकता। भारत सभी जरूरी कदम उठाएगा और घटना को अंजाम देने वालों तक जल्द ही हमारी पहुंच होगी: राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद आज बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की आपात बैठक बुलाई, जो दो घंटे से ज्यादा चली। बैठक में देश की सुरक्षा और पाकिस्तान को जवाब देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए। इस भीषण आतंकी हमले में 28 नागरिक की जान चली गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। मोदी सरकार के फैसले के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई है।

बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि इस हमले में सीमा पार आतंकवाद की स्पष्ट भूमिका सामने आई है। उन्होंने कहा कि यह हमला जम्मू-कश्मीर में सफलतापूर्वक हुए शांतिपूर्ण चुनाव और क्षेत्र में विकास की दिशा में बढ़ते कदमों के बीच किया गया है, जिसे भारत सरकार ने गंभीरता से लिया है।सरकार ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देने के लिए कई सख्त कदम उठाए हैं। सबसे पहले 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही अटारी एकीकृत चेकपोस्ट को भी बंद करने का फैसला लिया गया है। हालांकि, जिन लोगों ने वैध दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश किया है, उन्हें 1 मई 2025 तक वापस लौटने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा, ➩ शेष पृष्ठ 2 पर ➩

## पांच कातिलों को पहलगाम के जंगलों में तलाश



- हेलिकाप्टर, राडार, खोजी कुत्ते, ड्रोन लगाए गए
- हमलावरों में से तीन के स्केच भी जारी किए गए

**जम्मू।** पहलगाम के निकट हुए विनाशकारी आतंकी हमले के मद्देनजर, जिसमें 28 लोगों की जान चली गई, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे, सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर की बैसरन घाटी में हाल के दिनों में सबसे बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया है। हालांकि हमलावरों में से तीन के स्केच भी जारी किए गए हैं। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण कश्मीर के मिनी-स्विट्जरलैंड के रूप में जाने जाने वाले बैसरन को अब उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में बदल दिया गया है, जहां कई स्तरों पर सुरक्षा बल गश्त कर रहे हैं। सेना, उन्नत रडार तकनीक, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों की सहायता से हमलावरों की तलाश में विशाल वन और पर्वतीय क्षेत्रों की तलाशी ले रही है।

## हत्याओं के विरोध में जम्मू कश्मीर रहा बंद अखबारों के पहले पन्ने काली स्याही से प्रिंट

**जम्मू।** कश्मीर में फैले पाक परस्त आतंकवाद के 35 साल के इतिहास में यह पहला मौका कहा जा सकता है जब पूरे प्रदेश में मासूमों की हत्याओं के खिलाफ रोष और गुस्सा दर्शाते हुए बंद और हड़ताल का आयोजन ही नहीं किया गया बल्कि प्रदेश के लगभग सभी खासकर कश्मीर से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों ने अपने पहले पेज को काली सही से पोत कर गुस्से का इजहार किया हो। यह पूरी तरह से सच है कि कश्मीर बदल चुका है और अब मासूमों की हत्याओं के खिलाफ भावनाएं उबाल पर हैं। यह इससे से भी स्पष्ट होता थाा कि जम्मू कश्मीर से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी समाचार पत्रों ने आज पहली बार अपने पहले पन्ने को काली स्याही से प्रकाशित कर गम और गुस्से का इजहार किया है। गम और गुस्से का इजहार पूरा प्रदेश बंद का आयोजन ➩ शेष पृष्ठ 7 पर ➩

## बारामूला में मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया के माध्यम से बुधवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकवादी हमले के एक दिन बाद की गई है। भारतीय सेना ने कहा कि बुधवार को मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब लगभग दो-तीन आतंकवादी बारामूला के उरी नाला में सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

## यह देश की एकता और अखंडता पर हमला: खरगे



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पक्ष विपक्ष के सभी नेताओं ने कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या से गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी कड़े से कड़े शब्दों में इस आतंकी हमले की निंदा करती है. यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर कायराना हमला है। साल 2000 के छत्तीसिंह पुरा आतंकी हमले के बाद अब 25 साल बाद ये सबसे बड़ा हमला है, जो निर्दोष और निहत्थे नागरिकों को मारते हैं, वो इंसान नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि मैंने कल देर रात गृहमंत्री अमित शाह, जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के अध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ नेताओं से बात की। इस विषय पर चर्चा के लिए कल सुबह 11 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। ये समय कोई राजनीति करने का नहीं है, पीड़ितों को न्याय दिलाने का समय है।

**मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए**- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले को कायराना कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि सरकार को आतंकवाद से निपटने की रणनीति पर विचार करने के लिए सर्वदलीय बैठक ➩ शेष पृष्ठ 7 पर ➩

### पहलगाम में आतंकी हमला

# कश्मीर में फंसे छत्तीसगढ़ के 70 से ज्यादा लोग

### सभी सुरक्षित, सीएम साय ने फोन पर बातचीत कर जाना हालचाल



**रायपुर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं कश्मीर में छत्तीसगढ़ के 77 लोग फंसे हैं। इनमें भिलाई के 12 लोग हैं। रायपुर के 61 और राजनांदगांव के 2 लोग हैं। सभी को श्रीनगर के होटल में ठहराया गया है।

बताया जा रहा कि छत्तीसगढ़ के सभी पर्यटक मंगलवार को पहलगाम पहुंचे थे। आतंकी हमले के बाद आज कश्मीर बंद है। वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के लोगों से बातचीत की है। डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा भी लगातार छत्तीसगढ़ के पर्यटकों से संपर्क में है, जो कश्मीर में फंसे हुए है। जानकारी के मुताबिक रायपुर के व्यापारी दिनेश मिरानिया (45) को जिस दिन गोली मारी गई, उसी दिन उनकी शादी की सालगिरह थी। वह परिवार के साथ खुशियां मनाने बैसरन घाटी गए थे। वहां पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ शादी की सालगिरह सेलीब्रेट कर रहे थे, तभी आतंकियों ने दिनेश को मार डाला। मृतक का पार्थिव शरीर दिल्ली से फ्लाइट से रायपुर ➩ शेष पृष्ठ 7 पर ➩

## सीएम साय ने फोन पर दिनेश मिरानिया की पत्नी से बात कर बंधाया ढांढस





जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया की गोली मारकर हत्या कर दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतक दिनेश की पत्नी नेहा से फोन पर बात कर ढांढस बंधाया। सीएम ने कहा, दुख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। अधिकारियों को हर संभव सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

**आज देर रात रायपुर पहुंचेगा पार्थिव शरीर**-समता कॉलोनी रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया (45) को आतंकियों ने कश्मीर बैसरन घाटी में उसी दिन गोली मारी, जिस दिन उनकी शादी की सालगिरह थी। दिनेश पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ शादी की सालगिरह सेलीब्रेट कर रहे थे, तभी आतंकियों ने दिनेश को गोलियों से भून डाला। इसकी जानकारी मिलते ही रिश्तेदारों में शोक की लहर है। बताया जा रहा कि मृतक का पार्थिव शरीर आज देर रात फ्लाइट से रायपुर पहुंचेगा।

**आज सुबह 9 बजे निकलेगी दिनेश की अंतिम यात्रा**

दिनेश की अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह 9 बजे समता कालोनी स्थित निवास से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी।

**गृहमंत्री अमित शाह ने पत्नी और बच्चों से की मुलाकात**- पहलगाम में दिनेश मिरानिया की पत्नी और बच्चों से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज मुलाकात की। शाह ने कहा कि हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**सांसद बृजमोहन ने घर पहुंचकर मिरानिया परिवार से की मुलाकात**-सांसद बृजमोहन अग्रवाल जम्मू कश्मीर आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी दिनेश मिरानिया के घर पहुंचे और मिरानिया परिवार के लोगों से मुलाकात ➩ शेष पृष्ठ 7 पर ➩

### सार संक्षेप

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका, भारत के साथ

**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बात की और पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले की भर्त्सना की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका की ओर से सभी प्रकार के सहयोग की पेशकश की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां एक्स पर आधिकारिक हेंडल पर अपने संदेश में लिखा, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और जम्मू कश्मीर में हुए नृशंस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने जानमाल के नुकसान पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और दोहराया कि अमेरिका इस कठिन घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है।

## सीजीएचएस में शुरू होगी नई डिजीटल प्रणाली

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में लाभार्थियों के लिए सोमवार से नई डिजीटल प्रणाली आरंभ हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सीजीएचएस में स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) के शुभारंभ के साथ एक बड़े डिजिटल परिवर्तन का साक्षी बन रही है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) का व्यापक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म 28 अप्रैल से संचालित हो जाएगा। इसके लिए 26 अप्रैल को सीजीएचएस की डिजीटल प्रणाली बंद रहेगी।

# देश का नया टेक्सटाइल हब बनेगा छत्तीसगढ़

### सीएमएआई के साथ हुआ एमओयू



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुंबई में आयोजित सीएमएआई फैब शो 2025 में हुए शामिल

**रायपुर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित सीएमएआई फैब शो 2025 में भाग लेकर राज्य में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निवेशकों और टेक्सटाइल क्षेत्र से जुड़े उद्योगपतियों से संवाद कर छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा हमने वस्त्र उद्योग क्षेत्र में निवेश के नए द्वार खोले हैं। इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार ने सीएमएआई (क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के साथ एमओयू भी साइन किया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ ने वस्त्र, गारमेंट और हैंडलूम सेक्टर में एक उभरता हुआ केंद्र बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में हमने कैबिनेट में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन डिजाइन के संस्थान को नवा रायपुर में खोलने की मंजूरी दी है। 271 करोड़ ➩ शेष पृष्ठ 7 पर ➩

## सड़कों पर पंडाल मामले को लेकर हाईकोर्ट सख्त

- मुख्य सचिव और नगर निगम कमिश्नर से मांगा जवाब,
- 16 जून को होगी अगली सुनवाई

**बिलासपुर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में त्योहारी सीजन के दौरान सड़कों और उनके किनारों पर बेतरतीब तरीके से लगाए जा रहे पंडाल और स्वागत द्वारों को लेकर दायर जनहित याचिका पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की युगलपीठ ने इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और रायपुर नगर निगम के कमिश्नर से शपथ पत्र मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की गई है।

**शासन का स्पष्ट आदेश, फिर भी अनदेखी**

छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय ने 22 अप्रैल 2022 को सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम से जारी आदेश में कहा है कि पूर्व में विविध, निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनीतिक, अन्य संगठनों अथवा संस्थाओं के द्वारा विभिन्न आयोजनों यथा धरना, जुलूस, रैली, प्रदर्शन, भूख हड़ताल, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि आयोजनों, जिसमें भीड़ आती हो, उसके लिए अनुमति ली जाती थी, लेकिन विभिन्न ➩ शेष पृष्ठ 7 पर ➩




### महादेव सट्टा ऐप से जुड़े नेटवर्क पर रायपुर ईडी का करारा प्रहार

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली-मुंबई सहित 7 बड़े शहरों में छापा




**रायपुर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रायपुर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने देश के 7 बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए 576.29 करोड़ रुपए की सिक्योरिटीज/बॉन्ड/डीमैट खाते फ्रीज कर दस्तावेज जब्त किए। इसमें 3.29 करोड़ रुपए नकद शामिल हैं। ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क का कनेक्शन दिल्ली के कुछ नेताओं से जुड़ा है। हवाला के जरिए छत्तीसगढ़ से दिल्ली तक काली कमाई भेजी गई। यह भी पाया गया कि सट्टेबाजी से कमाए गए पैसों को मॉरीशस और दुबई के फर्जी एफपीआई (फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स) के जरिए विदेशी निवेश और शेयर बाजार में लगाया गया, जिससे स्मॉल और मिडकैप कंपनियों के शेयरों की कीमतों में कृत्रिम उतार-चढ़ाव करके आम निवेशकों को चपत लगाई गई।

**कार्रवाई को लेकर ईडी की एक्स पोस्ट**- अधिकारियों के अनुसार, यह मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक है। दिल्ली के जिन नेताओं का कनेक्शन ➩ शेष पृष्ठ 7 पर ➩

# देश

उवाच “ मंत्रालय के आपदा प्रबंधन कक्ष में विशेष अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा जो जम्मू-कश्मीर में फंसे हुए पर्यटकों के साथ समन्वय करेंगे और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। कश्मीर में फंसे पर्यटकों के परिजन घबराएं नहीं राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है।

-अजीत पवार, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.0 | 23.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# पहलगाम आतंकी हमला कायराना कृत्य : कांग्रेस

## आतंकी हमले को कश्मीर की सांस्कृतिक पहचान पर बतसश्स सीधा प्रहार

**तिरुवनंतपुरम,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को कायराना और भयावह बताया। उन्होंने कहा कि यह हमला कश्मीर की सांस्कृतिक पहचान 'कश्मीरियत' और उसकी शांति व सद्दावना की भावना पर सीधा प्रहार है। थरूर ने कहा कि यह जघन्य हमला न केवल भारत पर, बल्कि कश्मीर के लोगों के शांतिपूर्ण जीवन और पर्यटन पर भी हमला है। उन्होंने हमले की निंदा की और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन किया। उन्होंने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हमले में गैर-मुस्लिम पुरुष पर्यटकों को निशाना बनाया गया। थरूर ने कहा कि मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे धार्मिक पहचान के नाम पर हमें बांटने की इस घिनौनी कोशिश का विरोध करें। आतंकवादियों की साजिश सफल नहीं होने देनी चाहिए।

### पहलगाम आतंकवादी हमला दिल दहला देने वाला

वहीं केरल में कांग्रेस कार्य समिति (सी डब्ल्यू सी) के सदस्य रमेश चेन्नीथला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला दिल दहला देने वाला है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं केरल विधानसभा में पूर्व विपक्ष के नेता ने पहलगाम, कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को क्रूरता की चरम सीमा बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना इतिहास में एक काले दिन के रूप में दर्ज होगी। कोच्चि निवासी एन. रामचंद्रन सहित सभी पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



यह जघन्य हमला न केवल भारत पर बल्कि कश्मीर के लोगों के शांतिपूर्ण जीवन और पर्यटन पर भी हमला है : शशि थरूर

केरल भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह शांति भंग करने की नापाक कोशिश है। आम लोगों को निशाना बनाना एक घिनौना और अक्षम्य अपराध है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### केंद्र सरकार से की कठोर कार्रवाई की मांग

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला न केवल एक कायराना कृत्य है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और शांति के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है। इस हमले में भारतीय नागरिकों की शहादत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मध्यप्रदेश की जनता, विशेष रूप से इंदौर के नागरिक, जो इस हमले में शहीद हुए, उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। पूरा देश इस संकट की घड़ी में एकजुट है और केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार भारत विरोधी ताकतों और आतंकी संगठनों को नेस्तनाबूद करने के लिए तत्काल और कठोर कार्रवाई करे। यह हमला उन शक्तियों का परिणाम है जो नफरत और हिंसा की राजनीति को बढ़ावा देती हैं। पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद और इससे सहयोग प्राप्त संगठनों का एकमात्र उद्देश्य भारत में अशांति और भय का माहौल पैदा करना है। वहीं कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि वह इस हमले के पीछे की ताकतों का पता लगाए और उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को केंद्र से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया।

## पहलगाम आतंकी हमले के लिए केंद्र सरकार जिम्मेवार : भाकपा



**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। पांडेय ने पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है एवं मृतक के आश्रितों को 50-50 लाख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी देने, घायलों को सरकारी खर्च पर इलाज और 25 25 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। भाकपा ने इस आतंकी हमले के लिए केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है और आतंकियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। भाकपा राज्य सचिव ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में दो हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे थे, लेकिन सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। जम्मू कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के हवाले है, इसलिए इस घटना के लिए पूरी तरह केंद्र सरकार जिम्मेवार है। घटना की जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेनी चाहिए।

## पर्यटकों का पलायन करते देखना दिल दहला देने वाला : उमर

### पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले को बताया दुखद



**श्रीनगर,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद घाटी से पर्यटकों का पलायन करते देखना दिल दहला देने वाला है। गौरतलब है कि पहलगाम के पास सुंदर बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए इस हमले में 27 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। इस घटना से पर्यटकों में व्यापक दहशत फैल गई है, जिनमें से कई अब जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं। निकासी प्रयासों में सहायता के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने बाहर जाने वाली यात्राओं में वृद्धि को समायोजित करने के लिए चार अतिरिक्त उड़ानों के संचालन की घोषणा की है। उमर ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों का आयोजन करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि श्रीनगर और जम्मू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को एक ही दिशा में यातायात के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है।

उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मंगलवार को पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले के बाद हमारे मेहमानों का घाटी से पलायन देखना दुखद है। हम पूरी तरह से समझते हैं कि लोग क्यों जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों को व्यवस्थित करने के लिए काम कर रहे हैं। श्रीनगर और जम्मू के बीच एनएच-44 को एक ही दिशा में यातायात के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है।

मैंने प्रशासन को श्रीनगर और जम्मू के बीच यातायात को सुगम बनाने का निर्देश दिया है, ताकि पर्यटक वाहन निकल सकें। यह नियंत्रित और व्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिए, क्योंकि सड़क अभी भी कई जगहों पर अस्थिर है और हम सभी फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम इस समय वाहनों की पूरी तरह से मुक्त आवाजाही की अनुमति नहीं दे पाएंगे और हमें उम्मीद है कि हर कोई हमारे साथ सहयोग करेगा। इस बीच पहलगाम में आतंकी घटना के बाद, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एक सलाह में कहा कि अपने घर लौटने के इच्छुक पर्यटकों की ओर से अप्रत्याशित मांग है।

### मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 10 लाख

जम्मू-कश्मीर सरकार ने इस दुखद घटना के बाद पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुआवजे की घोषणा की है। सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 10 लाख रुपए और घायलों के लिए 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं, मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में कई बेगुनाह लोगों ने अपनी जान गंवाई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए।

## भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी कदम उठाए केंद्र सरकार : स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को बर्बर और अंतरात्मा को झकझोर देने वाला बताते हुए हमले में मारे गए 26 लोगों की मौत पर बुधवार को शोक जताया गया और केंद्र से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी कदम उठाने का आग्रह किया गया। सदस्यों ने हत्याओं पर गहरा दुख और पीड़ा व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। विभिन्न दलों के सदन नेताओं द्वारा व्यक्त की गई कड़ी निंदा की ओर इशारा करते हुए स्टालिन ने यह भी आश्वासन दिया कि तमिलनाडु और राज्य के लोग भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों में पूर्ण समर्थन देंगे। स्टालिन ने विधानसभा में एक बयान देते हुए कहा कि निर्दोष लोगों के खिलाफ इस तरह के बर्बर हमलों की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। अपने जम्मू-कश्मीर समकक्ष उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी को याद करते हुए कि यह हाल के वर्षों में लोगों पर किए गए बड़े हमलों में से एक था, स्टालिन ने कहा कि एक आतंकवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली है और उन्होंने आतंकवादी और चरमपंथी ताकतों से सख्ती से निपटने के लिए कड़े प्रयासों का आह्वान किया। इस हमले में तमिलनाडु के कुछ लोगों के भी प्रभावित होने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने दिल्ली में तमिलनाडु के रेजिडेंट कमिश्नर को राज्य सरकार के साथ मिलकर प्रभावित लोगों को सभी सहायता प्रदान करने के लिए सभी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, साथ ही लोगों के लाभ के लिए एक हेल्पलाइन भी शुरू की है। उन्हें समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के अलावा, स्टालिन ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए गए हैं कि सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित राज्य में वापस लाया जाए। वर्ष 2017 में गुलगाम में अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों पर हुए आतंकी हमले और वर्ष 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ के 40 जवानों की हत्या को याद करते हुए स्टालिन ने कहा कि मौजूदा घटना ने लोगों की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में, हमारी धरती पर, हमारे लोकतंत्र में इस तरह के बर्बर आतंकी हमलों के लिए कोई जगह नहीं है।

## सार संक्षेप

### तमिलनाडु की यात्रा पर जाएंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार से तीन दिन की तमिलनाडु की यात्रा पर रहेंगे और कुलपतियों के वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को यहां बताया कि धनखड़ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ तमिलनाडु के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान उप राष्ट्रपति 25 अप्रैल को ऊटी में कुलपतियों के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे। इसके अगले दिन 26 अप्रैल को धनखड़ ऊटी में मुथानाद मुंड तोडा मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। वह रविवार को कोयंबटूर में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### गुजरात की 346 पंचायतों को 'अग्रणी' श्रेणी में मिला स्थान

**गांधीनगर।** भारत सरकार की पंचायत उन्नति सूचकांक सूचकांक में देशभर की कुल 2,16,285 मान्य ग्राम पंचायतों में से गुजरात की 346 पंचायतों को 'अग्रणी' और 13,781 पंचायतों को 'बेहतर प्रदर्शन' की श्रेणी में स्थान मिला है, जो दोनों ही श्रेणियों में देश में सर्वाधिक हैं।

### नीतीश ने बाबू वीर कुंवर सिंह को दी श्रद्धांजलि

**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खान व कुमार ने कुंवर सिंह के विजय दिवस पर यहां उनकी आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

### भाकपा-माले का 7वें राज्य सम्मेलन का प्रतिनिधि सत्र शुरू

**रांची।** भाकपा माले झारखंड के राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने प्रतिनिधि सत्र का उद्घाघाटन करते हुए कहा कि आज देश एक गहरे राजनीतिक संकट से गुजर रहा हैं। राष्ट्रीय महासचिव भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय पर संगठित हमले हो रहे हैं। झारखंड जैसे राज्यों की यह ऐतिहासिक जिम्मेदारी है कि वे इस फासीवादी दौर में जन प्रतिरोध की अग्रिम कतारों में खड़े हों।

## बिहार के मनीष रंजन की मौत पर नीतीश ने जताया शोक

**पटना,**23 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत से पूरा देश गमगीन है। वहीं बिहार के मनीष रंजन की मौत भी इस आतंकी हमले में हुई है। आतंकियों ने उनकी पत्नी के सामने ही उन्हें गोलियों से भून दिया। रोती-बिलखती पत्नी की आँखों के सामने ही पति की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं जैसे ही मनीष रंजन की मौत की खबर उनके गांव तक पहुंची, परिवार के साथ ही पूरा गांव इस कायराना हमले से गमजदा हो गया। आतंकियों के इस हमले में मनीष रंजन सहित 26 लोगों की मौत हुई है।इनमें अधिकांश लोग पर्यटक थे जो कश्मीर घूमने गए थे।मनीष रंजन भी उन्हीं पर्यटकों में एक थे। मनीष रंजन इंटेलिजेंस ब्यूरो यानी आईबी के अधिकारी थे और वर्तमान में हैदराबाद में तैनात थे। मनीष बिहार के रोहतास जिले के रहने वाले थे। जानकारी अनुसार मनीष अपने परिवार पत्नी और दो बच्चों के साथ एलटीसी के तहत कश्मीर घूमने आए थे। आतंकियों ने मनीष से नाम पूछने के बाद उनकी पत्नी के सामने ही उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया। मनीष रांची में भी सेवाएं दे चुके थे। उनके पिता का नाम मंगलेश मिश्रा है।

# बिहार के चंपारण में साइबर ठगी बनी धंधा

**मोतिहारी,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के चंपारण को 'अपहरण' जैसे वारदातों से राहत मिले अभी दो-चार दशक ही बीते होंगे कि साइबर से जुड़े अपराध की दुनिया बेरोजगार युवाओं को तेजी से अपनी ओर आकर्षित करने लगी है। भारत-नेपाल की खुली सीमा और चंपारण के गांवों में पसरी बेरोजगारी ने अपराध के इस रूप को 'अंतरराष्ट्रीय' स्वरूप दिया है। साइबर अपराध के केंद्र में नेपाल है और इसके तार पाकिस्तान, चीन, मलेशिया और कम्बोडिया से जुड़े हैं। सीमा क्षेत्र के सैकड़ों बेरोजगार और बेकार युवाओं के लिए अपराध का यह नया रूप कमाई का 'धंधा' बन गया है। 'अपहरण उद्योग' से मिली चार दशक की शांति के बाद फिर से अपराध के इस बदले स्वरूप ने युवाओं को अपनी तरफ दिल लगाने और रोजगार पाने के लिए आकर्षित किया है। लम्बे समय के बाद एक बार फिर से संगठित अपराध की दुनिया में चंपारण का नाम गूंज रहा है। अस्सी के दशक का वो जमाना आज भी सिहरन पैदा करता है जब अपहरण ने यहां उद्योग का दर्जा पाया था। तब सरकार को 1985 में ब्लैक पैंथर अभियान चलाना पड़ा था। उस समय की सरकार के मुखिया बिंदेश्वरी दुबे हुआ करते थे। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ज्योति कुमार सिन्हा के नेतृत्व में महीनों सशत्र पुलिस जंगलों और पहाड़ों की खाक छानती रही। कई इनकाउंटर हुए। तब जाकर राहत की उम्मीद जगी लेकिन तब तक अपराध का यह उद्योग चंपारण के जंगलों और पहाड़ों से निकल कर 'अंतर्देशीय' रूप ले चुका था।



अपराध की दुनिया में फंसते जा रहे बेरोजगार युवा

### चंपारण के गांवों में खड़ी है बेरोजगारों की युवा फौज

अस्सी के दशक में चंपारण के खेतों में खड़ी गन्ना की फसलें अपहरण को उद्योग में बदलने के लिए उचित वातावरण पैदा कर रही थीं। आज चंपारण के गांवों में खड़ी है 'बेरोजगारों की युवा फौज', जो साइबर अपराध की दुनिया को अपनी मुट्ठी में कैद करने को बेताब हैं। पिछले कुछ वर्षों में लगातार हुई ऐसी गिरफ्तारियों में संयुक्त रूप से चंपारण के पूर्वी और पश्चिमी भाग का नाम सुर्खियों में रहा। 16 मार्च 2024 को मुजफ्फरपुर में 6 साइबर ठग गिरफ्तार किए गए थे जिनमें से दो अरशद आलम और अमजद आलम, पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया थाना के सरैया मुन्नी इनार निवासी हैं।

## अदालत ने आईएएस संजीव हंस समेत 33 के खिलाफ लिया संज्ञान

### करोड़ों रुपए के अवैध रूप से धन शोधन का मामला

**पटना,** 23 अप्रैल (वार्ता) बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के एक मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव तथा 10 कंपनियों समेत 33 लोगों के खिलाफ संज्ञान ले लिया है। धनशोधन निरोधक (पीएमएलए) अधिनियम के विशेष न्यायाधीश सह पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत ने प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के द्वारा दाखिल किए गए मुकदमे में दायर आरोप पत्र के आधार पर यह संज्ञान पीएमएलए अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में आईएएस संजीव हंस, पूर्व विधायक गुलाब यादव, शादाब खान, बिपुल बंसल, प्रवीण कुमार, उत्तम कुमार डागा, गायत्री कुमारी, प्रदीप कुमार सिंह, कमलकांत गुप्ता, राजीव बर्मन, पवन चांडक समेत 23 व्यक्तियों और मेसर्स फेमिना स्टार मैनेजमेंट लिमिटेड समेत 10 कंपनियों के खिलाफ यह संज्ञान लिया है। गौरतलब है कि ईडी आईएएस संजीव हंस के खिलाफ धनशोधन के मामले में जांच कर रही थी। विशेष अदालत इस मामले में गिरफ्तार किए गए जेल में बंद संजीव हंस, गुलाब यादव, विपुल बंसल और शादाब खान समेत कई लोगों की जमानत अर्जी खारिज कर चुकी है। मामला करोड़ो रुपये के अवैध रूप से धन शोधन का है।



## चिराग सिर्फ नाम के हनुमान हैं : मुकेश सहनी

**पटना,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने बिहार की नीतीश सरकार और चिराग पासवान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बुधवार को खगड़िया में कहा कि बिहार की नीतीश सरकार फिट नहीं है। मुख्यमंत्री खुद स्वस्थ नहीं है। राज्य सरकार को ऑफिसर चला रहा है। जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। मुकेश सहनी ने चिराग पासवान पर भी करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान में वो गट्स नहीं है जो रामविलास पासवान में था। रामविलास पासवान हमेशा दलित, शोषित और गरीबों के हित की लड़ाई लड़े। वह अटल जी के सरकार को गिरा दिए थे। जिसने चिराग को अपमानित किया, आज उन्हीं के साथ हैं। चिराग सिर्फ नाम के हनुमान हैं। चिराग में सिर्फ बोलने का गुण है, कुछ करने का नहीं। आगामी चुनाव में उनके पार्टी को कैसे अधिक सीट एनडीए से मिले, इसको लेकर वह प्रेशर पॉलिटिक्स कर रहे हैं।



## अंजनेयुलु को 14 दिन की भेजा न्यायिक हिरासत

### अभिनेत्री जेठवानी मामले में पूर्व खुफिया महानिदेशक की हुई गिरफ्तार



**विजयवाड़ा,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश पुलिस खुफिया विभाग के पूर्व महानिदेशक पीएसआर अंजनेयुलु को बुधवार को यहां अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गौरतलब है पूर्व खुफिया महानिदेशक को बॉलीवुड अभिनेत्री कादंबरी जेठवानी के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने और तथ्यों की पुष्टि और उचित जांच के बिना उन्हें गिरफ्तार करने के सिलसिले में 22 अप्रैल को हैदराबाद में उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। वरिष्ठ पुलिस प्रशासनिक सेवा अधिकारी अंजनेयलु को बुधवार को यहां तृतीय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां अदालत ने दलीलें सुनने के बाद उन्हें 7 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्हें जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच अंजनेयुलु ने अदालत में तर्क दिया कि अभिनेत्री जेठवानी मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामले में एक अन्य आरोपी पुलिस अधिकारी विशाल गुन्नी को सरकारी गवाह बनाया और उन्हें झूठा फंसाया है। हालांकि अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि अभिनेत्री जेठवानी के खिलाफ कुक्कला विद्यासागर द्वारा दर्ज की गई शिकायत की सत्यता की पुष्टि किए बिना पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया।

कुर्बानी — *पहलगाम हमले का हीरो है सैयद हुसैन शाह*

# टूरिस्टों को बचाने की खातिर आतंकियों से भिड़ा और जान गंवा दी

**जम्मू, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम के बैसरन में हुए नरसंहार में जब आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछकर उनको मारना शुरू किया तो पहलगाम के एशमुकाम के रहने वाले सैयद हुसैन शाह ने टूरिस्टों को बचाने की खातिर अपनी जान इसलिए गंवा दी क्योंकि वह आतंकियों से भिड़ गया था और वह मारा गया। शाह आतंकियों के हमले को सहन नहीं कर पाया। करता भी कैसे, वह तो कश्मीरियत और कश्मीर की मेहमाननवाजी की परंपरा की घुट्टी पीकर पला-बढ़ा था।**

वह देश-विदेश से पहलगाम आने वाले सैलानियों को अपने घोड़े पर सैर कराता और रोजी रोटी कमाता था। सैयद हुसैन शाह पहलगाम से पास स्थित एशमुकाम का रहने वाला है। वह सैलानियों को लेकर बैसरन गया हुआ था। यह सच है कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इनमें से ज्यादातर सभी पर्यटक थे। मारे गए 28 निर्दोष लोगों में एक युवक सैयद हुसैन शाह भी था जो अपना घर छोड़कर बैसरन घाटी टट्टू चलाने, लोगों को घुमाने और परिवार पालने के लिए कुछ पैसे कमाने आया था। आतंकियों ने कायराना हरकत दिखाते हुए गोली मारकर उसकी भी हत्या कर दी क्योंकि उसने टूरिस्टों को बचाने की कोशिश की थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब आतंकियों ने हमला किया तो वह वहीं पर मौजूद था। उसने आतंकियों को रोकते हुए कहा कि वह ऐसा न करें, यह मासूम हैं। यह कश्मीरियों के मेहमान हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इनका मजहब क्या है, लेकिन आतंकियों ने उसे धक्का दिया।



■ सैलानियों को अपने घोड़े पर सैर कराता था

हुसैन शाह के घरवालों ने बताया कि घर में और कोई नहीं है, हुसैन ही सबसे बड़ा था जो कमाता था। बाकी सब छोटे हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि वह सरकार से क्या चाहते हैं तो उन्होंने कहा कि जिसकी जान थी, वह चली गई। अब सरकार से क्या मांग सकते हैं। हुसैन बेगुनाह थां बेगुनाह इंसान को मार दिया गया। यही अपील है कि हमें इंसाफ चाहिए, जिसने ऐसा किया उसका अंजाम मिलना चाहिए। अनंतनाग में सैयद हुसैन शाह के परिवार के सदस्य सैयद हैदर शाह ने पत्रकारों को जानकारी दी कि उनका बेटा हुसैन शाह कल (मंगलवार, 22 अप्रैल) पहलगाम मजदूरी करने, घोड़ा चलाने के लिए गया था। दोपहर 3.00 बजे उन्होंने सुना कि वहां हमला हो गया है। इसके बाद घर वाले और गांव वाले लगातार हुसैन शाह को फोन करते रहे, लेकिन उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। बाद में शाम को 4.00-4.30 बजे के करीब उसका फोन आन हुआ। फिर घरवाले लगातार उसे फोन मिलाते रहे, लेकिन किसी ने उठाया नहीं। इसके बाद हुसैन शाह के परिजन थाने गए और वहां रिपोर्ट रखी। जब थाने से घर आए तो पता चला कि हुसैन शाह को गोली लग गई है। उनके घर और गांव से कुछ लोग पहलगाम की ओर भागे। वहां जाकर देखा तो हुसैन शाह अस्पताल में भर्ती था। वहीं, घर में हुसैन की मां अभी भी अपने बेटे के आने का इंतजार कर रही हैं उसके आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# दुनिया रंग-बिरंगी

### बॉलीवुड में बढ़ रहा लव ट्रायंगल फिल्मों का चलन

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक्शन, ड्रामा, रोमांस, थ्रिलर और हॉरर फिल्मों की भरमार है, लेकिन लव ट्रायंगल की कहानी वाली फिल्में दर्शकों की हमेशा से पसंदीदा रही हैं। यही वजह है कि इसका चलन अब बढ़ता जा रहा है। हाल ही में 'मेरे हसबैंड की बीवी' की कहानी भी कुछ ऐसे ही है। मेकर्स कहानी में ट्विस्ट लाने के लिए दो प्यार करने वालों के बीच किसी तीसरे को ला देते हैं, जिसके चलते फिल्में बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई करती हैं। चलिए आज हम कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में बताते हैं- मेरे हसबैंड की बीवी- सबसे पहले बात करते हैं फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' की, यह इसी साल फरवरी में रिलीज हुई। कहानी में लव ट्रायंगल को जोड़ा गया।

## संजू राठौड़ का नया गाना 'शेकी' रिलीज, ईशा मालवीय संग दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री



**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। अपने चार्टबस्टर 'गुलाबी साड़ी' के साथ इंटरनेट पर धूम मचाने के बाद गायक संजू राठौड़ का नया ट्रैक 'शेकी' यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुका है। गाने में उनकी ईशा मालवीय के साथ जबरदस्त केमिस्ट्री दिखाई दी। बता दें, 'शेकी' को संजू राठौड़ ने अपनी आवाज देने के साथ लिखा और संगीतबद्ध भी किया है। यह गीत उनके संगीत कौशल का एक और प्रमाण कहा जा सकता है। जी-स्पार्क ने गाने का निर्माण किया है। गाने में 'बिग बॉस' फेम ईशा मालवीय हैं। उनकी केमिस्ट्री गाने में शानदार है। 'शेकी' की रिलीज को लेकर उत्साहित संजू ने बताया कि इस गाने को दर्शकों की पसंद के हिसाब से बनाया गया है, जो शानदार है और उन्हें पसंद आएगा। उन्होंने बताया कि मैं नई धुनों के साथ प्रयोग करते हुए देसी आत्मा को जिंदा रखना चाहता था और यही मैंने इस गाने के माध्यम से किया है। इसमें ट्रेडिशनल और ग्लोबल म्यूजिक को ब्लेंड किया है।

उन्होंने यह भी बताया कि ईशा के साथ काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा। संजू ने बताया कि पहली बार ईशा के साथ काम करना अद्भुत रहा। वह स्क्रीन पर इतनी एनर्जी लेकर आती हैं कि काम सहज बन जाता है। उनकी एनर्जी और उत्साह ने गाने के शानदार माहौल को और भी बढ़ाने का काम किया। उन्होंने आगे बताया कि 'शेकी' मराठी पॉप कल्चर को असंख्य लोगों तक पहुंचाने की दिशा में मेरा पहला कदम है। गायक संजू राठौड़ के गाने 'गुलाबी साड़ी' की बात करें तो यह गाना 2024 में 6 फरवरी को रिलीज हुआ था। इस गाने को पसंद किया गया और सोशल मीडिया पर यह खूब ट्रेंड किया।

## पोषक तत्वों का खजाना अफीम से बनी खसखस

- सेवन से कई समस्याएं होंगी दूर
- गर्मियों में पेट, पैरों में जलन व त्वचा की समस्याओं में कारगर



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। आयुर्वेद में औषधियों की कमी नहीं है, जिनके सेवन से आप न केवल डॉक्टर से दूर रह सकते हैं बल्कि संक्रमण समेत कई रोग आपसे कोसों दूर रह सकते हैं। ये विषय छिड़ने पर आयुर्वेदाचार्य छोटे-छोटे दाने वाले खसखस का नाम लेते हैं, जिनमें प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। खसखस की मदद से कई स्वास्थ्य समस्याओं को बाए-बाए कहा जा सकता है। खसखस की तासीर ठंडी होती है, जो शरीर की गर्मी को शांत करती है। यह गर्मियों में पेट की जलन, पैरों में जलन, और त्वचा की समस्याओं को दूर करने में कारगर मानी जाती है।

ग्लोबल इटरनल आयुर्वेद संगठन के आयुर्वेदाचार्य (पंचकर्म विशेषज्ञ और सीनियर न्यूरोथेरेपिस्ट) डॉ. कुणाल शंकर ने खसखस के औषधीय गुणों और उससे होने वाले अनेक लाभ पर विस्तार से बात की। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि गोविंददास की भैषज्य रत्नावली के खंड 84, 87 और 88 में खसखस या उशीरा के गुणों पर रोशनी डालते हुए, वीरानस्य तु मूलं स्यादुशीरं नलदञ्च तत। अमृताञ्च सेव्यञ्च समगन्धिकमित्यपि। उशीरं पाचनं शीतं स्तम्भनं लघु तिक्तकम श्लोक उल्लेखित है। जिसका अर्थ है, 'वीर वृक्ष की जड़ें उशीरा और इसका रस अमृत है। ये पीने योग्य और सुगंधित हैं। उशीरा पाचन, सर्दी, कब्ज के लिए और स्वाद में थोड़ा कड़वा होता है। यह धीमी गति से काम करने वाला, पाचक, ठंडा, हल्का, मधुर, ज्वरनाशक, कफ और पित्त को दूर करने वाला है। इसमें प्यास मिटाने की गुण के साथ घाव को ठीक करने और तेज दर्द में राहत देने के गुण भी होते हैं।'

वैद्य जी ने बताया कि खसखस का शरबत न सिर्फ शरीर को ठंडा रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है। खसखस के बीज पोषक तत्वों का खजाना हैं। इनमें प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, और आयरन जैसे पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। शोध बताते हैं कि खसखस में मौजूद जिंक इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है, जो गर्मियों में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव में मदद करता है। इसके अलावा खसखस में ओमेगा-6 फैटी एसिड हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं और इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण फ्री रैडिकल्स से होने वाले नुकसान को कम करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि खसखस के चूर्ण को घी के साथ मिलाकर खाने से हृदय में होने वाले दर्द में राहत मिलता है। मुनक्का के साथ मिलाकर खाने से शरीर में होने वाले दर्द में आराम मिलता है। यह उल्टी या वमन में भी कारगर है। चीनी के शर्बत में 1-2 बूंद पुदीना का अर्क डालकर पिलाने से वमन बंद हो जाता है।

गर्मी से बचाव में मददगार खसखस की बात करें, तो इसकी ठंडी तासीर इसे गर्मियों का सुपरफूड बनाती है। खसखस का शरबत या दूध पीने से शरीर का तापमान नियंत्रित होता है और डिहाइड्रेशन की समस्या दूर होती है। खसखस का पानी पेट के पीएच को संतुलित करता है, जिससे गर्मियों में होने वाली एसिडिटी और पेट की जलन में राहत मिलती है। यही नहीं यदि आप त्वचा विकार से पीड़ित हैं तो खसखस का सेवन आपकी समस्या का इलाज है। हालांकि, आयुर्वेदाचार्य ने इसके सेवन में सावधानी बरतने की सलाह भी दी। उन्होंने बताया कि गुणों से भरपूर खसखस का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए क्योंकि यह शरीर को शिथिल बना सकता है। गर्भवती महिलाओं या नशा करने वाले लोगों को इसके इस्तेमाल से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

## लू से बचने के लिए बरते सावधानी

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी के मौसम में अक्सर 'लू' का खतरा बढ़ जाता है। लू लगने के लक्षणों की अगर हम बात करें तो, इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी और बेहोश होना शामिल है। कुछ सावधानी बरतकर और खानपान की स्थिति को सुधारकर हम खुद को लू से बचा सकते हैं। आइए जानते हैं कि लू से बचने के लिए क्या करें, क्या खाएं और क्या पिएं।

गर्मी के मौसम में लू से बचने के लिए सबसे पहले यह जरूरी है कि दोपहर के समय घर से बाहर निकलने की कोशिश न करें। अगर बाहर जाना जरूरी है तो सुबह जल्दी या शाम को काम निपटाएं। बाहर जाते समय सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनें। इसके साथ-साथ टोपी, छाता या स्कार्फ का इस्तेमाल करके अपना सिर और चेहरा धूप से बचाएं। अगर आपका बाहर जाना जरूरी है, तो बीच-बीच में छायादार जगह पर आराम करें और ठंडा पानी पिएं। वहीं, घर के अंदर पंखे, कूलर या एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करें। गर्मी के मौसम में अगर आपको चक्कर, सिरदर्द या उल्टी जैसे लक्षण दिखें, तो पानी पिएं और डॉक्टर से संपर्क करें।

गर्मी के मौसम में खानपान पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है। हरी सब्जियों का सेवन करें, जैसे खीरा, ककड़ी, टमाटर और पालक जैसी हरी सब्जियां पानी और पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। इन्हें सलाद के रूप में खाएं। इसके अलावा, तरबूज, खरबूजा, संतरा, अनानास का सेवन करें, यह शरीर को हाइड्रेट रखने का काम करता है। दही, लस्सी और छाछ पेट को ठंडा रखने और पाचन को बेहतर बनाने का काम करता है। ऐसे में इन्हें अपने आहार में शामिल करें। नारियल पानी पीना भी फायदेमंद साबित हो सकता है।



गर्मी के मौसम में ज्यादा तेल और मसाले का इस्तेमाल करके बनाया गया भोजन खाने से बचें। इसके अलावा, जंक फूड और ज्यादा नमक वाले स्नैक्स न खाएं, क्योंकि ये डिहाइड्रेशन का कारण बन सकते हैं। कॉफी और चाय कम पिएं, क्योंकि ये शरीर से पानी निकालते हैं। संभव हो तो मांस-मछ्ली का सेवन न करें।

लू से बचाव में हाइड्रेशन सबसे महत्वपूर्ण है। दिन में कम से कम 3-4 लीटर पानी पिएं। पानी को ठंडा रखने के लिए मटके का इस्तेमाल करें। नींबू पानी में नमक और चीनी मिलाकर पीने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति होती है। पुदीना और जीरा डालकर बनाई गई छाछ गर्मी में राहत देती है और पेट को ठंडा रखती है। सत्तू का शरबत न केवल ठंडक देता है, बल्कि शरीर को तुरंत ऊर्जा भी प्रदान करता है। बेल का शरबत पाचन को बेहतर बनाता है और लू से बचाता है। शराब और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स से बचें, क्योंकि ये डिहाइड्रेशन को बढ़ाते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल का पता लगाने वाला नया ऑप्टिकल सेंसिंग प्लेटफॉर्म संभावित बीमारियों को भी बताएगा



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलेस्ट्रॉल का पता लगाने के लिए ऑप्टिकल सेंसिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। यह प्लेटफॉर्म अत्यधिक संवेदनशील, पर्यावरण-अनुकूल और किफायती है। इससे एथेरोस्क्लेरोसिस, वेनस थ्रोम्बोसिस, कार्डियोवास्कुलर रोग, हृदय रोग, मायोकार्डियल इन्फार्क्शन, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। शुरुआती लक्षणों के आधार पर घातक बीमारियों का पता लगाना जरूरी होता है। कभी-कभी असामान्य जैव रासायनिक मार्कर ऐसे विकारों के साथ हो सकते हैं। ऐसे में, व्यक्तिगत स्वास्थ्य की निगरानी के लिए इन बीमारियों से जुड़े बायोमार्करों का विश्वसनीय पॉइंट-ऑफ-केयर (पीओसी) का पता लगाना जरूरी है। कोलेस्ट्रॉल मनुष्यों में एक आवश्यक लिपिड है। यह यकृत द्वारा निर्मित होता है। यह विटामिन डी, पित्त अम्ल और स्टेरॉयड हार्मोन का अग्रदूत है। कोलेस्ट्रॉल जानवरों के ऊतकों, रक्त और तंत्रिका कोशिकाओं के लिए आवश्यक है। स्तनधारियों में इसे रक्त द्वारा ले जाया जाता है। कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है, एलडीएल (कम घनत्व वाला लिपोप्रोटीन) और एचडीएल (उच्च घनत्व वाला लिपोप्रोटीन)। एलडीएल को अक्सर 'खराब' कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है, क्योंकि यह धमनियों की दीवारों में जमा हो सकता है और गंभीर बीमारियों में योगदान दे सकता है। वहीं, एचडीएल को 'अच्छा' कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। कोलेस्ट्रॉल के स्तर में संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। कोलेस्ट्रॉल का उच्च और निम्न स्तर दोनों ही विभिन्न बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इनमें एथेरोस्क्लेरोसिस, वेनस थ्रोम्बोसिस, कार्डियोवास्कुलर रोग, हृदय रोग, मायोकार्डियल इन्फार्क्शन, उच्च रक्तचाप और कैंसर शामिल हैं। एथेरोस्क्लेरोटिक प्लेक तब बनते हैं जब धमनी की दीवारों पर अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल जमा हो जाता है, जिससे समुचित रक्त प्रवाह में बाधा उत्पन्न होती है।

## पहलगाम आतंकी हमले पर भड़के सिंगर अंकित तिवारी

### पीएम मोदी से आग्रह- 'इन बुजदिलों की ये आखिरी हरकत होनी चाहिए'



**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लोगों के मन में दुख और आक्रोश है। देशभर के लोग इस हमले की निंदा कर रहे हैं, वहीं मशहूर सितारे भी घटना पर अपनी संवेदनाएं जाहिर कर रहे हैं। इस कड़ी में 'सनम तेरी कसम', 'गलियां' जैसे गानों से मशहूर हुए सिंगर अंकित तिवारी का भी पोस्ट सामने आया। उन्होंने अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

सिंगर ने अपने पोस्ट में एक टूटते दिल की इमेज शेयर की और बैकग्राउंड में 'सुन रहा है ना तू, रो रहा हूं मैं' गाने का इस्तेमाल किया। उन्होंने लिखा कि पीएम मोदी जी, ये आखिरी हरकत होनी चाहिए इन बुजदिलों की... क्या कसूर था मेरे हमवतनों का? अपने देश में सांस लेना क्या अब इतना महंगा हो गया है? मैं हिन्दू हूं!! साथ ही आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बता दें कि बॉलीवुड की कई और हस्तियों ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर गुस्सा जाहिर किया है। सलमान खान ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है, लेकिन अब यह नर्क में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार वालों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने के बराबर है।

सलमान से पहले शाहरुख खान ने भी हमले की निंदा की थी और पोस्ट में लिखा था- पहलगाम में हुई हिंसा पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। ऐसे समय में, हम केवल भगवान से पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना कर सकते हैं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर सकते हैं। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें।

एक्टर आशीष विद्यार्थी ने कहा कि वह इस घटना से शॉक्ड हैं। उन्होंने लिखा कि शॉक्ड हूं... पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना, हिम्मत और मानवता में विश्वास बनाए रखें।

रणदीप हुड्डा ने लिखा कि पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवार के साथ हैं। हमें इस तरह के आतंकवादी हमलों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

## पीरियड्स हाइजीन कैंपेन में निमरत कौर शामिल, बांटे किट



**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेत्री निमरत कौर जितनी अभिनय की दुनिया में सफल हैं, उतनी ही सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। अभिनेत्री मासिक धर्म स्वच्छता पहल में शामिल हुईं। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों में मासिक धर्म स्वच्छता किट भी बांटे। वितरित किए जाने वाले मासिक धर्म देखभाल किट में पूरे महीने चलने वाली सामग्री है - जिसमें सैनिटरी पैड्स, डिस्पोजल पाउच और स्वच्छता संबंधी आवश्यक चीजें शामिल हैं। इन चीजों के साथ ही एक छोटी किताब भी शामिल है, जिसमें बताया गया है कि पीरियड्स के दौरान खुद को ठीक कैसे रखते हैं। निमरत ने बताया कि मासिक धर्म किसी भी महिला के स्वास्थ्य का एक आवश्यक, प्राकृतिक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। फिर भी यह चुप्पी में लिपटा हुआ है। लोग इस बारे में बात नहीं करते, लड़कियां संकोच महसूस करती हैं, खासकर पिछड़े क्षेत्रों में। मासिक धर्म से संबंधित चीजों को इन जगहों पर बांटने से लाभ मिलेगा। मुझे उम्मीद है कि यह प्रयास न केवल जीवन के बुनियादी चीजों की कमी को पूरी करता है, बल्कि पीरियड्स के बारे में बातचीत को सामान्य बनाना भी सुनिश्चित करता है, ताकि किसी भी लड़की को इस विषय को लेकर शर्मिंदा महसूस न करना पड़े या स्कूल न छोड़ना पड़े। 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर निमरत कौर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने पहली बार कुमाऊं में जादुई बुरांश फूल खिलते देखा। धरती के असीम उपहारों के लिए आभार व्यक्त करते हुए निमरत ने अपने 'कुमाऊंनी सपने' की झलकियां भी शेयर की थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री हाल ही में देशभक्ति पर बनी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आई थीं। फिल्म में निमरत के साथ अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और सारा अली खान अहम भूमिकाओं में हैं। निमरत ने फिल्म में अक्षय की ऑनस्क्रीन पत्नी का किरदार निभाया है। निमरत जल्द ही अपकमिंग पॉलिटिकल-थ्रिलर 'सेक्शन 84' में नजर आएंगी। फिल्म में निमरत के साथ अभिनेता अमिताभ बच्चन और डायना पेंटी भी अभिनय करते दिखेंगे।

## 'होटल मुंबई' से 'ब्लैक फ्राइडे' तक, इन फिल्मों में दिखा आतंकवाद का घिनौना चेहरा

**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले पर देश स्तब्ध है और लोग नि:शब्द हैं। हर आम और खास इस शर्मनाक हरकत की निंदा कर रहा है। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री भी गुस्से में है। वह इंडस्ट्री जिसने आतंक के घिनौने चेहरे को समय-समय पर उजागर किया। आतंकवाद पर बनी फिल्मों की सूची में 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' है तो 'ब्लैक फ्राइडे' भी है।

'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' साल 2019 में रिलीज हुई। इसकी कहानी सत्य घटना पर आधारित है। फिल्म भारत सरकार के पाकिस्तान पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। फिल्म में विक्की कौशल, परेश रावल, यामी गौतम, मोहित रैना और कीर्ति कुल्हारी मुख्य भूमिकाओं में हैं। उरी द सर्जिकल स्ट्राइक का निर्देशन आदित्य धर ने किया था और निर्माण रोनी स्क्रूवाला ने किया। जम्मू और कश्मीर के पुलवामा अटैक पर हुए आतंकी हमले के पलटवार सर्जिकल स्ट्राइक पर बनी फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसका डायलॉग 'जोश हाई है' आज भी हिट है और कइयों का जोश बढ़ाता है।

'होटल मुंबई' साल 2018 में रिलीज हुई थी। एंथनी मरास के निर्देशन में बनी फिल्म भारत के ताज पैलेस होटल में 2008 के मुंबई हमलों पर बनी 2009 की डॉक्यूमेंट्री सर्वाइविंग मुंबई से प्रेरित है। फिल्म में अनुपम खेर, देव पटेल, आर्मी हैमर, नाजनीन बोनादी, सुहैल नायर, नागेश भोसले समेत अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

कबीर खान के निर्देशन में बनी 'फैंटम' का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। 2015 में रिलीज हुई फिल्म लेखक हुसैन जैदी की किताब मुम्बई अवेंजर्स से प्रेरित है। 26/11 के मुंबई हमले पर आधारित फिल्म की मुख्य भूमिका में सैफ अली खान और कटरीना कैफ हैं।




मुंबई हमले के पांच साल बाद 2013 में आई थी फिल्म 'द अटैक्स ऑफ 26/11', जिसका रामगोपाल वर्मा ने निर्देशन किया था। साल 2008 में हुए मुंबई हमले पर आधारित फिल्म में नाना पाटेकर के साथ अतुल कुलकर्णी समेत अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में आतंकी कसाब का किरदार संजीव जायसवाल ने निभाया था। फिल्म के जरिए बताने की कोशिश की गई कि किस तरह से आतंकियों ने मुंबई में हमले के लिए प्रवेश किया और घटना को कैसे अंजाम दिया था।

साल 2004 में आई थी अनुराग कश्यप की 'ब्लैक फ्राइडे'। फिल्म का निर्देशन करने के साथ ही इसकी कहानी भी कश्यप ने ही लिखी है। 1993 के बॉम्बे बम ब्लास्ट पर लिखी हुसैन जैदी की किताब 'ब्लैक फ्राइडे- द ट्रू स्टोरी ऑफ द बॉम्बे बम ब्लास्ट' पर आधारित है। यह फिल्म उन घटनाओं की पड़ताल करती है, जिसके कारण बम धमाके हुए। फिल्म का निर्माण अरिंदम मित्रा ने किया, जिसमें पवन मल्होत्रा, केके मेनन, आदित्य श्रीवास्तव, किशोर कदम और दिवंगत जाकिर हुसैन मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## बच्चे से बुजुर्ग सबके लिए है योग, अभ्यास से पहले नियम जानना जरूरी



- वृक्षासन, ताड़ासन से बढ़ती है एकाग्रता
- भुजंगासन और उष्ट्रासन वाणी में सुधार करने में सहायक

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। बच्चा होना आसान नहीं, वो भी आज के दौर में। ऐसा समय जब ध्यान भटकाव के रास्ते अनगिनत हैं। लैपटॉप है, कंप्यूटर पर ज्यादा वक्त बिताने का ऑप्शन है! चाइल्ड स्पेशलिस्ट हों, मनोवैज्ञानिक हों या फिर बड़े बुजुर्ग, सबका मानना है कि फिजिकल एक्टिविटी कम हो रही है। शारीरिक श्रम मन और मस्तिष्क को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए भी जरूरी है और ऐसा ही एक जरिया है योग। जो हर उम्र के लिए जरूरी और लाभदायक है। अगर बचपन से ही योगाभ्यास किया जाए तो ताउम्र छोटी-मोटी परेशानियों से दूर रहा जा सकता है। प्राणायाम या योगाभ्यास करने से पहले नियम जानना जरूरी है। आयुष मंत्रालय ने हेगेन और नायर (2014) के एक अध्ययन का जिक्र किया है, जिसके अनुसार योग बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है, जो उन्हें तनाव का सामना करने के काबिल बनाता है। साथ ही, बच्चों और युवाओं को इससे ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। अति हर चीज की खराब होती है। एक्सपर्ट्स की सलाह है कि छोटे बच्चों (3 से 6 साल तक) के लिए 35 मिनट का योगाभ्यास सही होता है। स्वास्थ्य विभाग की साइट पर इसे लेकर अहम जानकारी साझा की गई है। इसके अनुसार बच्चों के लिए योग करना अनगिनत फायदे दिला सकता है, लेकिन उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को देखते हुए, उन्हें ध्यानपूर्वक योग सत्र में शामिल करना चाहिए और योग करने का कुल समय 35 मिनट निर्धारित किया जाना चाहिए। 3 से 6 साल के छोटे बच्चों को योगाभ्यास कराने के कुछ फायदे हैं। वृक्षासन, ताड़ासन से एकाग्रता बढ़ती है और फोकस बढ़ता है। योग गुरुओं के अनुसार बच्चों के लिए एकाग्रता बहुत आवश्यक है क्योंकि वे सीखते हैं और उसी अनुसार उनका विकास होता है। कई स्टडी बताती हैं कि योग का नियमित अभ्यास स्मरण शक्ति में सुधार लाता है। मंडूकासन और आगे झुकने के आसन स्मृति और अन्य मानसिक कार्यों में सुधार करने में फायदेमंद हैं। इतना ही नहीं, योग प्रतिरक्षा को बढ़ाता है। इस उम्र के बच्चे अक्सर अपने माता-पिता द्वारा की जाने वाली देखभाल के बावजूद सर्दी- खांसी का शिकार हो जाते हैं। योग तंत्रिका, अंत:स्त्रावी, पाचन और परिसंचरण तंत्र के कार्य को सुचारू रूप से करने में सहायता करता है।

भुजंगासन, पर्वतासन, प्लैंक, और गहन श्वास तकनीक जैसे सरल आसन, बच्चों को आसानी से रोगाणुओं से पीड़ित होने से बचा सकते हैं। भुजंगासन और उष्ट्रासन वाणी में सुधार करने में सहायक होते हैं। 'ओ3म' का जप करते हुए स्पंदन भी उत्पन्न होते हैं जो आवाज की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं।

रायपुर, गुरूवार 24 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# पहलगाम हमला: संशय के बादल

कश्मीर के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की जान जाने का अफसोस पूरा देश मना रहा है, तो वहीं इस दर्दनाक घटना को लेकर हिन्दू-मुस्लिम की नयी लहर दौड़ पड़ी है। दोपहर तकरीबन ढाई बजे कई आतंकियों द्वारा उस वक्त अंधाधुंध फायरिंग की गयी जब एक बेहद खुशगवार मौसम में भारत के अलग-अलग हिस्सों से आये सैलानी प्रकृति का लुत्फ ले रहे थे। इनमें नवविवाहित जोड़े, सपरिवार या मित्रों के साथ आये लोग थे। गर्मी की छुट्टियों में इस हसीन वादी में लाखों पर्यटक आने लगे हैं। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद इसे सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है जिसने सरकार के इस दावे को चंद मिनटों में झुठला दिया कि 2016 की नोटबन्दी तथा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद यहां से आतंकवाद की समाप्ति हो गयी है। कुछ दिनों पहले संसद में भी केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया था कि पहले यानी कांग्रेस के शासनकाल में कश्मीर कोई जाता नहीं था क्योंकि वहां होने वाले हमले के खिलाफ तत्कालीन सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती थी। शाह के दावे के अनुसार अब नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार की आतंक के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से यहां सीमा पार से निर्देशित कार्रवाइयां ठहर गयी हैं।

इतना ही नहीं, जिस प्रकार से इस घटना को लेकर भाजपा तथा उनके समर्थकों की ओर से विमर्श चलाया जा रहा है, वह बतला रहा है कि इस घटना का भाजपा राजनीतिक लाभ लेने की तैयारियां कर चुकी है। गहन संदेह व्यक्त किये जा रहे हैं कि वक्फ़ कानून को सुप्रीम कोर्ट में मिल रही चुनौती से भाजपा को ध्रुवीकरण के उसके जाने-पहचाने खेल में मात न मिल जाये, इसके लिये वह कश्मीर के इस हमले को अगले साल बिहार और फिर पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों में वैसे ही भुनाएगी, जैसी वह पुलवामा हमले का लाभ 2019 के आम चुनाव में यह कहकर उठा चुकी है, कि 'क्या पहली बार के वोटर पुलवामा के शहीदों के नाम अपना मत भाजपा को देंगे?' कहा जाता है कि बालाकोट के साथ पुलवामा पर हुए हमले का असर मतदाताओं, खासकर युवाओं पर इस कदर पड़ा था कि भाजपा को अपने दम 303 सीटें मिल गयी थीं जो पूर्ण बहुमत के 272 से कई सीटें अधिक थीं। असलियत यह बताई जाती थी कि यदि यह मुद्दा भाजपा के हाथ न लगता तो उसे यह संख्या मिलनी मुमकिन नहीं थी।

याद हो कि पुलवामा हमले को लेकर आज भी संशय बना हुआ है कि राष्ट्रपति शासन के तहत रखे गये राज्य में इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक (आरडीएक्स) कहां से आया था जिससे सेना के 40 जवान शहीद हो गये जो वाहनों में जा रहे थे। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने देशबन्धु के चैनल डीबी लाइव पर यह खुलासा किया था कि यह बहुत बड़ी सुरक्षा चूक थी। श्रीनगर से वाहनों का इतना बड़ा काफिला बगैर रास्तों को सुरक्षित किये, जिसे तकनीकी शब्दावली में सेनिटाइज़ करना कहते हैं, कैसे ले जाया गया। उस वक्त प्रधानमंत्री जिम कार्बेट नेशनल पार्क (उत्तराखंड) के घने जंगलों में एक विदेशी फिल्म निर्माता के साथ शूटिंग में व्यस्त थे जिनसे सम्पर्क करना सम्भव नहीं हुआ था। शाम को जब मलिक ने मोदी से कहा कि सुरक्षा सम्बन्धी चूक है तो बकौल मलिक प्रधानमंत्री ने इसे 'अलग तरह का मामला' बताते हुए खामोशी बरतने को कहा था। आज तक इस हमले की न तो ठीक से जांच हो सकी है और न ही हमलावरों की गिरफ्तारी तो दूर उनकी शिनाख़्त तक हुई है।

बैसरन घाटी पर हमला इसलिये शंका उत्पन्न कर रहा है क्योंकि रिपोर्ट के मुताबिक उस वक्त वहां 2000 से अधिक पर्यटक मौजूद थे लेकिन उनकी सुरक्षा के लिये एक भी जवान तैनात नहीं था। इसके अलावा भी बहुत सी बातें हैं जो इस ओर इशारा करती हैं कि सरकार ही नहीं, उसका समर्थक मीडिया भी घटना को तोड़-मरोड़कर भाजपा के पक्ष में पेश कर रहा है। एक बड़े टीवी चैनल के श्रीनगर स्थित संवाददाता ने जैसे ही कहा कि 'सुरक्षा सम्बन्धी बड़ी चूक के चलते यह हादसा हुआ है', एंकर ने उसकी बात को काटकर यह बताना शुरू कर दिया कि गोली चालन में दो विदेशी नागरिक भी मारे गये हैं (जबकि यह बात पहले ही सामने आ चुकी थी)। इस बड़ी खुफिया व सुरक्षा नाकामी पर सरकार से सवाल करने की बजाय गोदी मीडिया मोदी के महिमा मंडन में लगा है। बताया जा रहा है कि कैसे अब मोदी बड़ी कार्रवाई करेंगे, पाकिस्तान में भगदड़ मची है, आदि। शाह रात को श्रीनगर तथा बुधवार को घटना स्थल पर गये। सऊदी अरब का दौरा अधूरा छोड़कर मोदी लौट आये और उन्होंने दिल्ली हवाईअड्डे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक की।

इस घटना पर इसलिये भी लोगों को संदेह है कि घटना के कुछ ही देर बाद छत्तीसगढ़ भाजपा ने एआई निर्मित एक पोस्टर जारी किया जिसमें एक महिला अपने पति के शव के पास बैठी है और लिखा गया है- 'जाति नहीं धर्म पूछा'। यह संदेश दिया जा रहा है कि हिन्दू होने के नाते वे मारे गये। साथ ही विपक्ष द्वारा जातिगत जनगणना पर भी प्रहार किया गया है। देश भर में भाजपा समर्थकों ने एक तरह से इसे अभियान की तरह सोशल मीडिया पर वायरल किया है जो बतलाता है कि इतनी संवेदनशील घटना को भी भाजपा आपदा में अवसर की तरह इस्तेमाल करेगी ताकि यह सवाल किसी को सुनाई न दे कि सुरक्षा सम्बन्धी इस गम्भीर चूक का जिम्मेदार कौन है और क्या पुलवामा की ही तरह पहलगाम हमला रहस्य बनकर रह जायेगा?

# नानी की अगर मानें तो भेड़िया जिंदा है

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश एक बार फिर लहूलुहान हुआ है और एक बार फिर लोग तमाशाई की भूमिका में आ गए हैं। 26 नवंबर 2008 को मुंबई पर किया गया हमला याद कीजिए, जिसे अक्सर 9/11 की तर्ज पर 26/11 कहा जाता है। हालांकि अमेरिका की तर्ज पर चलना था तो फिर 11/ 26 कहना चाहिए था, खैर महीना पहले आया या तारीख पहले आई, ये बात कोई मायने नहीं रखती और ये केवल एक दिन का नहीं बल्कि तीन दिनों का हमला था, जिसमें मुंबई के कई जाने-माने स्थलों को आतंकियों ने अपने निशाने पर लिया था। कई जांबाज़ पुलिस और सैन्य अधिकारियों ने आतंकियों को खत्म करने में अपनी शहादत दी थी, हालांकि फिर भी डेढ़ सौ से अधिक लोग मारे गए थे। तीन दिनों तक चले इस खूनी खेल में कई पत्रकार लाइव कवरेज के लिए पहुंच गए थे और कुछ तो ऐसे थे जिनकी तथाकथित जांबाज़ रिपोर्टिंग के कारण आतंकियों को खबर होती रही कि सुरक्षा बल कहां-कहां से उन्हें पकड़ने के लिए रास्ता बना रहे हैं। इस दौरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी भी फौरन मुंबई पहुंच गए थे, क्योंकि उन्हें तब सत्तारुढ़ कांग्रेस को घेरने और सवाल पूछने का अच्छा मौका मिला था। आपदा में अवसर तलाशने की आदत काफी पुरानी मानी जा सकती है। और उस समय कई लोग हमलाग्रस्त इलाकों के आसपास की छतों पर चढ़कर ये देखने में जुटे थे कि कैसे आतंकियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। हर साल दशहरे पर हम भारतीय रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले को जलते देखने के लिए जैसे जुटते हैं, कमोबेश उसी तर्ज पर 2008 में लोग जुट गए थे।

2008 के इस हमले को कांग्रेस सरकार की बड़ी विफलता के तौर पर आज तक पेश किया जाता है, इसमें कुछ गलत नहीं है। अगर सुरक्षा एजेंसियां समुद्री मार्ग से आने वाले आतंकियों की जानकारी नहीं रख पाईं और एक नहीं कई जगहों पर एक साथ हमले करने के बावजूद आतंकियों को फौरन नहीं पकड़ा जा सका, तो यह निश्चित ही विफलता है। ठीक ऐसी ही विफलता 2019 के पुलवामा हमले में भी हुई और अब 2025 के पहलगाम हमले में भी नजर आई है। लेकिन अब मीडिया उस तरह से सरकार की नाकामियों की चर्चा नहीं करता है। और लोगों का एक बड़ा वर्ग भी तमाशाई की भूमिका में इस तरह आ गया है कि वह आतंकी हमले की आड़ में फैलाए जा रहे हिंदू-मुस्लिम नैरेटिव पर तो अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है और भाजपा की तरह पूछ रहा है कि लोगों को मारने से पहले धर्म पूछा, जाति नहीं। यानी कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जो जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, उसका जवाब देने के लिए यही मौका भाजपा को मिला है। मीडिया के बनाए नैरेटिव में फंसे लोग यह क्यों नहीं देख रहे कि आतंकी हमले के फौरन बाद पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए लोगों में हिंदू भी थे और मुसलमान भी, जो इन दोनों धर्मों की पहचान से पहले खुद को कश्मीरी मानते हैं। सोशल मीडिया पर अब कई वीडियो सामने आ गए हैं, जिनमें दिखाया जा रहा है कि कैसे कश्मीर के लोग धर्म से ऊपर उठकर इस कठिन वक्त में मदद के लिए आगे आए हैं। एक बस में फंसे पर्यटकों की मदद के लिए पास की मस्जिद के लोग पहुंचे, उन्हें वेज बिरयानी और पानी दिया, और कहा कि जैसे ही रास्ता खुलेगा आप चले जाएंगे, लेकिन तब तक हम आपकी मदद के लिए हैं। एक मस्जिद से इस हमले की बाकायदा लाउड स्पीकर के जरिए निंदा की गई। हमले के फौरन बाद जब तक सरकारी मदद नहीं पहुंची, तब तक स्थानीय दुकानदारों, घोड़े वालों ने पर्यटकों को सुरक्षित नीचे पहुंचाने का काम किया।

> इस समय सही तस्वीर को देखने और समझने की ही जरूरत है। जैसे किसी जिग सॉ पहेली के अलग-अलग टुकड़ों को देखें तो सब कुछ बिखरा नजर आता है, लेकिन सारे टुकड़ों को सही तरीके से जोड़ने पर पूरी तस्वीर दिखती है, कुछ वैसा ही हाल आतंकी हमलों का भी है। इस बार के हमले में बताया जा रहा है कि आतंकी मुसलमान थे और पीड़ित हिंदू, लेकिन ये केवल पूरी पहेली का एक टुकड़ा भर है।

महाराष्ट्र से आई एक महिला एक वीडियो में बता रही है कि इस हमले को नेशनल मीडिया हिंदू-मुसलमान नैरेटिव में बदल रहा है, जबकि यहां कश्मीर में सारे लोग हमारी मदद कर रहे हैं।

एनडीटीवी की ही खबर है कि मृतकों में शामिल सैयद हुसैन शाह इसलिए मारा गया क्योंकि उसने आतंकियों से भिड़ने का साहस किया। एक वीडियो में जीटीवी के पत्रकार ने पीड़ितों और चश्मदीदों से पूछा कि क्या आतंकियों ने नाम पूछकर मारा और तमाम लोगों ने ना में उत्तर दिया। आजतक के जम्मू-कश्मीर संवाददाता ने बताया कि जहां हमला हुआ वहां कम से कम 2 हजार पर्यटक थे, लेकिन सुरक्षाबल नहीं था, यह बड़ी सुरक्षा चूक है। हालांकि जब पत्रकार ये बात कह रहे थे तब दिल्ली स्टूडियो में उनकी आवाज रोककर दूसरी ब्रेकिंग खबर चलाई जाने लगी। ये तीनों चैनल भाजपा के समर्थन में खबरें पेश करने वाले माने जाते हैं, लेकिन इनके जम्मू-कश्मीर के संवाददाताओं ने असल तस्वीर पेश कर दी है।

इस समय सही तस्वीर को देखने और समझने की ही जरूरत है। जैसे किसी जिग सॉ पहेली के अलग-अलग टुकड़ों को देखें तो सब कुछ बिखरा नजर आता है, लेकिन सारे टुकड़ों को सही तरीके से जोड़ने पर पूरी तस्वीर दिखती है, कुछ वैसा ही हाल आतंकी हमलों का भी है। इस बार के हमले में बताया जा रहा है कि आतंकी मुसलमान थे और पीड़ित हिंदू, लेकिन ये केवल पूरी पहेली का एक टुकड़ा भर है, इसके बाकी टुकड़ों को देखें तो आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के बताए जा रहे हैं, जो भले इस्लाम धर्म के हों, लेकिन असल में वो इस्लाम की शिक्षाओं पर नहीं चल रहे हैं। मरने वालों में हिंदू अधिक थे, लेकिन फिर वही बात कि इनमें मुसलमान और ईसाई भी थे, यानी आखिर में इंसान का ही खून बहा, इंसानियत को ही निशाने पर लिया गया। इस पूरे मसले को हिंदू-मुसलमान तक सीमित कर दिया जाएगा तो फिर दहशतगर्द अपने मकसद में कामयाब समझे जाएंगे। लेकिन इससे आगे बढ़कर ये समझने की कोशिश की जाएगी कि आखिर इस हमले का मकसद क्या था। क्यों ये बात फैलाई गई कि आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा। जब आतंकी एक-एक का धर्म पूछ रहे थे और गोलियां चला रहे थे, तब सुरक्षा बल कहां था। एक मिनट में कोई बम धमाका हो और सुरक्षा बल तत्काल न पहुंचे, तब तो बात समझ आती है, लेकिन आतंकियों को लोगों से धर्म पूछने और कलमा पढ़ने के लिए कहने का वक्त कहां से मिला, ये सवाल पूछा जाना चाहिए। पुलवामा में आरडीएक्स कहां से आया, इसका जवाब आज तक नहीं मिला है, अब क्या ये पता चल पाएगा कि सैन्य अधिकारियों के भेस में आतंकी घुस गए और जांच एजेंसियों को खबर नहीं हुई। हमला मंगलवार दिन में करीब ढाई बजे हुआ, लेकिन नरेन्द्र मोदी का पौने चार बजे का सऊदी अरब का वीडियो है, जहां प्रवासी भारतीय मोदी-मोदी के नारे लगा रहे हैं और मोदीजी गदगद हैं। क्यों प्रधानमंत्री तुरंत अपने विमान से नहीं लौटे, क्या उन्हें इस हमले की जानकारी नहीं दी गई थी, अगर ऐसा है, तो क्या ये प्रधानमंत्री के साथ ही बड़ा खेल नहीं है। आखिर गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल क्या कर रहे हैं। क्या ये लोग किसी भी हादसे या हमले के बाद केवल बैठक करने के लिए अपने पद पर बैठे हैं, या इससे आगे बढ़कर इनकी कोई जिम्मेदारी है। अगर ये जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पा रहे तो क्या उन्हें इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए।

इस समय हरेक नागरिक को ऐसे सवालों को सरकार के सामने रखना चाहिए। मगर सवाल पूछने की जगह लोग इस बात पर नाराज हैं कि आतंकियों ने धर्म पूछा और फिर गोली चलाई। नाराजगी सही जगह इस्तेमाल नहीं होगी तो फिर एक दिन ऐसा वक्त भी आ सकता है कि नाराज होने का हक भी छीन लिया जाए।

1997 में गुलजार ने एक लंबा गीत कश्मीर के आतंकवाद पर लिखा था, जिसकी कुछ पंक्तियां पाठकों के लिए प्रस्तुत हैं-

इन बूढ़े पहाड़ों पर कुछ भी तो नहीं बदला।
सदियों से गिरी बर्फ़
और उनपे बरसती हैं हर साल नई बर्फ़
घर लगते हैं क़ब्रों से, घर लगते हैं क़ब्रों से,
ख़ामोश सफेदी में
कुतबे से दरख़्तों के,
———
ना आब था, ना दाने
अलग़ोज़ा की वादी में
भेड़ों की गई जानें।
——
अब के तुग़्यानी में कुछ डूब गये गांव
कुछ गल गये पानी में
चढ़ती रही कुर्बानी
अलग़ोज़ा की वादी में
भेड़ों की गयी जानें
——
फिर सारे गड़रियों ने उस भेड़िये को ढूंढा और मार के लौट आए।
उस रात एक जश्न हुआ और सुबह को जंगल में
दो और मिली खालें
———
नानी की अगर मानें
तो भेड़िया जिंदा है
जायेंगी अभी जानें
इन बूढ़े पहाड़ों पर
कुछ भी तो नहीं बदला।।

यूनुस खान के ब्लॉग रेडियोवाणी पर यह पूरा गीत उपलब्ध है, जहां सुरेश वाडेकर की आवाज में इसे सुना जा सकता है।

भेड़िया न केवल जिंदा है, बल्कि अलग-अलग शक्लों और रूपों में आकर हमला कर रहा है, यही बड़ी चिंता है।

# टैरिफ युद्ध में ट्रंप पीछे हटे, भारत को अधिकतम लाभ उठाना चाहिए

■ अंजन रॉय

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वांस की सोमवार से शुरू हो रही यात्रा भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में एक सूक्ष्म बदलाव का संकेत देती है। ट्रंप के टैरिफ युद्ध को लेकर वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल के बीच इस चार दिवसीय यात्रा में एक निजी छाप भी है। वांस को एक उग्र और थोड़े कठोर व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। लेकिन एक दूसरा पक्ष भी है, उनका परिवार- उनकी पत्नी उषा भारतीय मूल की वकील हैं, जिन्हें अपने तेलुगू वंश पर गर्व है। उषा के माध्यम से, वांस भारतीय संस्कृति और इतिहास से बहुत परिचित हैं।

महत्वपूर्ण बात यह कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने सोमवार को अपने पहले कार्यक्रमों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया, जिसके दौरान वांस परिवार के बच्चों ने भारतीय वेशभूषा पहनी थी और गले में माला पहन रखे थे। यह दूसरे परिवार के भारत के साथ व्यक्तिगत और सांस्कृतिक जुड़ाव को रेखांकित करता है, जिसे प्रदर्शित करने के लिए वे काफी आगे तक गये।

> यदि भारत अमेरिकी टीम को पूर्ण पैमाने पर व्यापार युद्ध के बजाय अमेरिका के साथ एक उचित व्यापार सौदा करने की अपनी वास्तविक इच्छा से अवगत कराने में सक्षम है, तो यह भारत-अमेरिका संबंधों के लिए नयी खिड़कियां खोलेगा। भारत ने टैरिफ पर शुरुआती बातचीत पहले ही शुरू कर दी है और कुछ हालिया रियायतें बदलाव की दिशा की ओर इशारा करती हैं।

दूसरा, भारत अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस देश को एशिया और समग्र भू-राजनीति में चीन के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ एक ढाल के रूप में देखा जाता है। अमेरिका चीन को आर्थिक रूप से और साथ ही, अमेरिकियों के मन में, वैश्विक रणनीतिक संतुलन में अपना कट्टर प्रतिद्वंद्वी मानता है।

यह ध्यान देने योग्य है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वर्तमान में दक्षिण पूर्व एशिया के विस्तारित दौरे पर हैं ताकि ऐसे देशों का एक नेटवर्क बनाया जा सके जो अमेरिका के साथ टकराव में चीन के साथ खड़े हो सकें। हाल तक, दक्षिण पूर्व एशियाई देश संयुक्त राज्य अमेरिका के लगभग ग्राहक देश थे।

अब चीन विशाल चीनी बाजारों में आकर्षक आवास और सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए सहयोग के साथ उन्हें अमेरिका से दूर करने की कोशिश कर रहा है। चीन इन देशों को अमेरिका से कहीं अधिक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। इस अर्थ में, चीन अमेरिका को एशिया के साथ-साथ अन्य जगहों पर अपने पुराने मित्रों और सहयोगियों से अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है।

ट्रंप के मनमौजी टैरिफ और धमकियों के बाद, अमेरिका पहले से ही वैश्विक मंच पर प्रमुख खिलाड़ियों से अलग-थलग पड़ गया है। ट्रम्प ने चीन के साथ-साथ यूरोपीय संघ को भी गहरी चोट पहुंचाई है, जो आर्थिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण ब्लॉक हैं। साथ ही रणनीतिक कूटनीति और भू-राजनीति के मामले में भी यूरोपीय संघ को धक्का लगा है। दुनिया ट्रम्प के घमंड और अमेरिकी श्रेष्ठता के पैंतरों से नाराज़ है।

ट्रंप के मौजूदा दौर में वांस बेहद महत्वपूर्ण हैं और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमिर ज़ेलेंस्की के साथ अमेरिकी दूरदर्शी डोनाल्ड ट्रम्प की कुख्यात बैठक के दौरान उनकी भूमिका देखी गयी। वांस डोनाल्ड ट्रम्प के कान हैं, भले ही ट्रम्प हमेशा अपने हिसाब से काम करते हैं। हाल ही में इटली की प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान उनके साथ बैठक में वांस प्रमुखता से बैठे थे।

इस प्रकार, भारत को अब इस बात का लाभ मिला है कि वांस इस कठिन समय में भारत के दृष्टिकोण को सुनेंगे, जब अमेरिका ने टैरिफ की बौछार के साथ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ आभासी युद्ध शुरू कर दिया है। भारत को तथाकथित पारस्परिक टैरिफ का भी सामना करना पड़ा है, जिसे अब अस्थायी रूप से नब्बे दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है।

यदि भारत अमेरिकी टीम को पूर्ण पैमाने पर व्यापार युद्ध के बजाय अमेरिका के साथ एक उचित व्यापार सौदा करने की अपनी वास्तविक इच्छा से अवगत कराने में सक्षम है, तो यह भारत-अमेरिका संबंधों के लिए नयी खिड़कियां खोलेगा। भारत ने टैरिफ पर शुरुआती बातचीत पहले ही शुरू कर दी है और कुछ हालिया रियायतें बदलाव की दिशा की ओर इशारा करती हैं।

यह दुनिया के दो प्रमुख खिलाड़ियों - चीन और यूरोपीय संघ के रुख के बिल्कुल विपरीत है। लेकिन कोई गलतफहमी न पालें, क्योंकि जैसे ही ट्रम्प उनमें से किसी के साथ कुछ सौदे करने में सक्षम होंगे, उनके महत्व के कारण, वह उस पर कूद पड़ेंगे। वह इन खिलाड़ियों पर अपनी जीत के साथ आगे बढ़ेंगे और दुनिया को दिखायेंगे कि वह कितने महान सौदा-निर्माता हैं।

अब तो और भी ज़्यादा, क्योंकि एक तेज़ डील मेकर के रूप में उनकी छवि और यूक्रेन युद्ध को 'एक दिन में' समाप्त करने की उनकी क्षमता के बारे में उनके दावे सब उजागर हो चुके हैं। उन्होंने रूसी ताकतवर नेता पुतिन की चापलूसी की, लेकिन कोई फ़ायदा नहीं हुआ और पुतिन ने अपनी चतुर कूटनीति से उन्हें अपने पक्ष में कर लिया। ट्रंप को एक मध्यस्थ और एक कर्ता के रूप में अपनी विश्वसनीयता को बहाल करने की सख्त ज़रूरत है। भारत जैसे बड़े देश के साथ व्यापार समझौता उनके लिए एक तरह का पंख साबित हो सकता है।

यह अब भारत के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक अनुकूल डील की तलाश करने का एक शानदार अवसर है, जिसका मुद्रीकरण किया जाना चाहिए, इससे पहले कि डोनाल्ड ट्रंप की मजबूरियां दूसरों की ओर मुड़ जाएं। भारत को राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए सही कदम उठाने होंगे।

## आपके पत्र

# क्या भारतीय लोकतंत्र अधिनायकवाद की ओर तो नहीं बढ़ रहा?

भारत एक सशक्त लोकतंत्र है, जिसकी नींव तीन स्तंभों, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पर टिकी हुई है। इन तीनों स्तंभों का संतुलन ही भारतीय संविधान की आत्मा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, यह संतुलन डगमगाता हुआ प्रतीत होता है। न्यायपालिका द्वारा बार-बार संविधान के अनुच्छेद 142 का प्रयोग, कॉलेजियम प्रणाली की बंद कमरे की कार्यप्रणाली और कार्यपालिका के साथ टकराव की स्थितियां, इन सभी ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारतीय लोकतंत्र अधिनायकवाद की ओर तो नहीं बढ़ रहा?

तमिलनाडु के राज्यपाल से जुड़ी फाइलों के लंबित रहने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश और उसके पश्चात भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा उस निर्णय की सार्वजनिक आलोचना, यह केवल एक संवैधानिक असहमति नहीं, बल्कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव की स्थिति बनाता है।

संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट को 'पूर्ण न्याय' करने का अधिकार है, लेकिन जब बार-बार इसी अनुच्छेद के माध्यम से न्यायपालिका विधायिका के बनाए कानूनों को निष्प्रभावी करने लगे, तो यह गंभीर चिंता का विषय बन जाता है। भारतीय न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली शुरू में न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने हेतु लागू की गई थी। लेकिन आज यह व्यवस्था अपने आप में एक 'बंद क्लब' बन गई है, जहां पारदर्शिता, जवाबदेही और समान अवसर की भारी कमी है।

एक लेख में यह सामने आया कि आज़ादी के बाद से लेकर अब तक, केवल 370 परिवारों के युवाओं को ही सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, और उनमें से हर तीन में से एक न्यायाधीश आपसी रिश्तेदारी में है। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कॉलेजियम प्रणाली अब योग्यता की बजाय संबंधों की सीढ़ी पर चढ़ रही है। हाल ही में एक न्यायाधीश के पास भारी मात्रा में जले हुए नोटों का जखीरा मिलने की खबरें आईं, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस पर न तो एफआईआर दर्ज हुई, न कोई कठोर कार्रवाई, न ही सुप्रीम कोर्ट की अंतरात्मा जागी। केवल एक आंतरिक समिति बनाकर तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति करना, एक तरह से 'खाना पूरी' जैसा प्रतीत होता है। क्या ऐसा अन्य किसी संस्थान के साथ होता, तो भी प्रतिक्रिया इतनी नरम होती? क्या यही है 'समान कानून' की भावना?

संविधान का सर्वोच्च संरक्षण न्यायपालिका के हाथों में सौंपा गया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि न्यायपालिका स्वयं को संविधान से ऊपर समझने लगे। शाहबानो केस इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को संसद द्वारा पलटा गया था। यह संविधान की मर्यादा में रहकर संसद की सर्वोच्चता का परिचायक था।

यदि कॉलेजियम प्रणाली बंद नहीं होती, और पारदर्शिता नहीं आती, तो सरकार को यह गंभीरता से विचार करना होगा कि क्या प्रतिभाशाली युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से न्यायपालिका में उच्च पदों पर नियुक्त करने की प्रणाली लागू की जाए? जैसे आईएएस, आईपीएस, आईआरएस जैसे सेवाओं में देशभर के होनहार युवा एक समान प्रक्रिया के जरिए चयनित होते हैं, वैसे ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए भी खुली, पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया बनाई जा सकती है।

**मधु सुभाष बुड़ावनवाला, रतलाम, मप्र**



## ललित सुरजन की कलम से

# वह अफसर कहाँ है?

*'पैंतीस साल पहले देखी फिल्म 'सूखा' का अंतिम दृश्य याद आता है। फिल्म का युवा नायक जो किसी सूखाग्रस्त जिले का कलेक्टर है, अपने साथी से क्षोभ भरे स्वर में कहता है-'आई हेट पॉलिटिक्स'। जहां तक मुझे याद आता है, फिल्म यहां समाप्त हो जाती है। इन पैंतीस सालों के दौरान इस अंतिम संवाद में निहित भावना में यदि कोई परिवर्तन हुआ है तो यही कि राजनीति के प्रति जनता के मन में संदेह व अविश्वास की भावना कुछ और गहरी हो गई है। इसका स्वाभाविक परिणाम यह भी हुआ है कि राजनीति जिनका पेशा है याने राजनेता, उनके प्रति भी जनमानस में घृणा व अविश्वास पहले से अधिक प्रबल हुआ है। विगत बीस-पच्चीस सालों के दौरान बनी अनेक फिल्मों में इसके प्रमाण हमें मिलते हैं। मेरी राय में यह स्थिति दुखदायी व चिंताजनक है। मेरी चिंता के एकाधिक कारण हैं। पहली बात तो यही कि जनतांत्रिक समाज में राजनीति व राजनेताओं के प्रति ऐसा क्यों होना चाहिए? राजतंत्र, तानाशाही, सैन्य शासन में शासकों के प्रति जनता के मन में नफरत हो तो उसे समझना कठिन नहीं है, लेकिन जिन्हें जनता ने स्वयं चुना है, उनके प्रति असम्मान विकसित हो जाए तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।'*

**(देशबंधु में 14 फरवरी 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/02/blog-post_19.html

## पावन प्रसंग

# सकारात्मकता की ओर बढ़ें

विचारों की शक्ति सर्वोपरि है। जैसा हम लगातार सोचते हैं, वैसा ही कर्म बन पड़ता है और कर्म के अनुरूप ही जीवन की नियति तय होती है। यदि हम वर्तमान से संतुष्ट नहीं हैं तथा जीवन को अभीष्ट दिशा की ओर बढ़ता नहीं देख पा रहे, तो अपने चिंतन पर एक बार अवश्य झांककर देख लें कि दिनभर अधिकांश समय हमारी मन:स्थिति कैसी रहती है-हमारे विचार सकारात्मक रहते हैं या नकारात्मक।

यदि नकारात्मक अधिक हैं, तो विषय चिंता का है, क्योंकि ईश्वर के इस विशिष्ट उपहार को बोझ की तरह ढोना अपनी ईश्वरीय संभावनाओं का अपमान है और ईश्वरीय विधान की अवमानना भी। इस पर समय रहते आवश्यक कदम उठाना समझदारी वाला कदम माना जाएगा।

नकारात्मक चिंतन के साथ व्यक्तित्व तमाम तरह के दोषों से ग्रस्त होने लगता है। जीवन में भय, चिंता, संशय, छिद्रान्वेषण, ईर्ष्या द्वेष, परदोषारोपण, अधीरता व अशांति उद्वेग जैसे अवांछनीय भाव हावी होने लगते हैं, जिनके दुष्प्रभावों से जीवन की गुणवत्ता बुरी तरह से प्रभावित होने लगती है। नकारात्मक सोच के चलते अधिकांशत: निर्णय हम गलत ले बैठते हैं और अवसरों को पहचानने में भी चूक हो जाती है। ऐसे में जो अवसर व्यक्ति के विकास के लिए आए थे, जीवन में खुशहाली और प्रसन्नता का प्रसून खिलाने वाले थे, वे उन्हीं से हाथ धो बैठते हैं।

नकारात्मक चिंतन के कारण व्यक्ति की सोच एकतरफा हो जाती है, जीवन की सम्यक समझ से व्यक्ति वंचित हो जाता है। ऐसे में अपने संकीर्ण दायरे तक सिमटा जीवन, अस्तित्व के बृहत्तर फलक के अवदानों से रीता ही रह जाता है। व्यक्ति अपने मानसिक कुनबे में रहने का आदी हो जाता है, उससे बाहर नहीं निकलना चाहता। जीवन की चुनौतियों से बचता फिरता है और एक असफल जीवन जीने के लिए अभिशप्त होता है। दूसरे जब उसी क्षेत्र में बाजी मार ले जाते हैं, तो स्वयं को अभागा समझता है तथा अपने भाग्य को कोसने लगता है।

नकारात्मक सोच के कारण आत्मविश्वास की कमी रहती है, जिसके चलते जीवन के यथार्थ का सामना नहीं कर पाता तथा दूसरों से जो सम्मान की अपेक्षा रखते हैं, वो नहीं मिल पाता। ऐसे में मन:स्थित्ति मलाल व गहरी कुढ़न से भरी हो जाती, जिसमें यह पीड़ा रहती है कि लोग हमारा सम्मान नहीं करते, हमारे प्रभाव को पूर्णतया स्वीकार नहीं करते।

नकारात्मक चिंतन के कारण व्यक्ति अपने व्यक्तित्व की मूलभूत कमियों को देख-समझ नहीं पा रहा होता है और इनका कारण बाहर खोजता फिरता है और मन के बहलावे के लिए ऐसे ढेरों प्रमाण मिल भी जाते हैं, जिनकी छद्म संतुष्टि के सहारे व्यक्ति स्वयं को छलता रहता है, लेकिन भीतर-ही-भीतर एक कुंठा व हताशा के भाव से सुलगता रहता है। निश्चित रूप से मन की इस सब कशमकश का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में चिंता, भय, हताशा, उद्वेग जैसे नकारात्मक भावों से युक्त मन:स्थिति व्यक्ति को तनाव में रहने विवश करती है।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## अमेरिकी ने पहली बार दक्षिण कोरिया में परमाणु हथियार प्रभाव प्रशिक्षण किया आयोजित

**सोल,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी सेना ने दक्षिण कोरिया में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। पहली बार इसका मकसद परमाणु वातावरण में प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमताओं को बढ़ाना था। यूएस फोर्सेज कोरिया (यूएसएफके) ने बुधवार को यह जानकारी दी। 15-16 अप्रैल के बीच सोल में दक्षिण कोरिया के रणनीतिक कमान में यह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों के खिलाफ सहयोगियों की संयुक्त प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना था। यह प्रशिक्षण अमेरिकी सेना की परमाणु एवं सामूहिक विनाश के हथियार निरोधक एजेंसी (यूएसएएनसीए) के नेतृत्व में दक्षिण कोरियाई सेना के लिए आयोजित किया गया था।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की पहलगाम आतंकी हमला की निंदा, कहा

# संयुक्त राज्य अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की समूचे विश्व ने निंदा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कॉल कर हर संभव समर्थन की पेशकश की, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने आभार जताते हुए कहा कि भारत कायराना हरकत करने वालों को नहीं बख्शेगा और उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा करने को प्रतिबद्ध है।

**अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत का हर संभव समर्थन की पेशकश की**

प्रधानमंत्री मोदी को आज सुबह राष्ट्रपति ट्रंप ने कॉल किया और पहलगाम में इस्लामी आतंकवादी हमले के शिकारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले की निंदा की और कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है और हर संभव समर्थन की पेशकश की।



**हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं : डोनाल्ड ट्रंप**

विश्वस्त सरकारी सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन के लिए धन्यवाद किया और कहा कि भारत इस कायराना और घृणित आतंकवादी हमले के अपराधियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द ट्रूथ पर लिखा कश्मीर से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। पीएम मोदी और भारत के लोगों को हमारा समर्थन और गहरी सहानुभूति है।

## पीएम ओली ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में हुए घातक आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने बहुमूल्य जानमाल के नुकसान पर अपनी संवेदना व्यक्त की। ओली ने पहलगाम आतंकवादी हमले को जघन्य बताया। उन्होंने इस मुद्दे पर पीएम मोदी के साथ विस्तार से बातचीत की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवादी हमले में एक युवा नेपाली नागरिक की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत इस क्रूर आतंकवादी हमले के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और नेपाल एक साथ खड़े हैं। दोनों नेताओं ने हाल ही में बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की थी।

ओली ने इस बैठक को अत्यंत उपयोगी और सकारात्मक चर्चा बताया था। नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने सोशल मीडिया पर कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया। उन्होंने पोस्ट किया कि हम आतंकवाद के इस कृत्य और बेवजह हिंसा की कड़ी निंदा करते हैं, जिसने निर्दोष लोगों की जान ले ली है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं, हम घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। नेपाल इस दुख की घड़ी में भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

## अफगानिस्तान ने पहलगाम हमले की निंदा की

**काबुल।** अफगानिस्तान ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। काबुल में अफगान तालिबान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बल्खी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात का विदेश मंत्रालय जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में पर्यटकों पर हाल ही में हुए हमले की कड़ी निंदा करता है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है। इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रयासों को कमजोर करती हैं।

**पीड़ित परिवारों के प्रति व्यक्त की संवेदना**

मुंबई में अफगानिस्तान के वाणिज्य दूतावास ने अपने हैंडल पर इस संदेश को फिर से पोस्ट किया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 24 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आज दोस्तों के साथ आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दोस्तों से भेंट उपहार मिलेंगे। आप भी दोस्तों पर अनावश्यक खर्च करेंगे। नई दोस्ती के कारण भविष्य में लाभ भी हो सकता है। संतान से भी लाभ होगा।

वृषभ - आज का दिन नौकरी करने वालों के लिए शुभ है। नए काम का आयोजन सफलतापूर्वक कर सकेंगे। अधिकारियों की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। पदोन्नति के योग बन रहे हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता आएगी।

मिथुन - आज आपको थोड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। थकान और सुस्ती अनुभव करेंगे। सोचे अनुसार काम नहीं हो सकेगा। आपके मन में चिंता रहेगी। ऑफिस में सहकर्मी आपको निराश करेंगे।

कर्क - उग्रता और नकारात्मकता आपके मन को बेचैन कर देंगे। मन पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। खान-पान में सावधानी रखना आवश्यक है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार में थोड़ी अशांति रहेगी।

सिंह - आपके वैवाहिक जीवन में थोड़ा मतभेद होने से आप दु:ख का अनुभव करेंगे। पति अथवा पत्नी की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी। इस कारण आप सांसारिक विषयों से दूर रहेंगे।

कन्या - आज परिस्थिति आपके अनुकूल रहेगी। आपके घर-परिवार में सुख- शांति रहेगी। इस कारण मानसिक प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके जीवन में कुछ सुखद प्रसंग बन सकते हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला - आज बौद्धिक काम और चर्चा आपके लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। आज आप कल्पना और सृजनशीलता का अच्छा उपयोग कर सकेंगे। आप अपने बच्चों की अच्छी प्रगति से संतोष का अनुभव करेंगे।

वृश्चिक - आज आपको तन-मन में किसी बात का डर बना रहेगा। सगे-सम्बंधियों के साथ संघर्ष आपको विचलित कर सकते हैं। माता का स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। आर्थिक हानि और समाज मे अपयश मिलने की संभावना है।

धनु - आप अध्यात्म में विशेष रुचि रखेंगे। मानसिक शांति और आनंद प्राप्त कर सकेंगे। दोस्तों के साथ आपके संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। आज आप नए काम शुरू कर सकेंगे।

मकर - वाणी पर संयम रखेंगे, तो बहुत सी कठिनाइयों से बच सकेंगे। परिजनों के साथ छोटे-मोटे मतभेद आपको मानसिक रूप से अस्वस्थ करेंगे। आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। शेयर या सट्टे में आप पूंजी निवेश कर सकेंगे।

कुंभ - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपका आज का दिन लाभदायक साबित होगा। आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठा सकेंगे।

मीन - आज आपका मन एकाग्र नहीं हो रहेगा। आपको भय और उलझन का अनुभव होगा। आपके द्वारा धार्मिक कार्यक्रम में खर्च करने की संभावना है। प्रियजनों से बिछड़ना आपको परेशान करेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1982 – 15 वर्षों के इजरायली आधिपत्य के बाद सिनाई प्रायद्वीप क्षेत्र मिस्र को वापस।

1998 – क्लोन भेड़ डोली द्वारा एक स्वस्थ मेमने बॉनी का जन्म।

2002 – अर्जेन्टीना में बैंक अनिश्चित काल के लिए बंद।

2003 – तमिल विद्रोहियों का मानवीय मसलों पर होने वाली 17वें दौर (थाइलैंड) की वार्ता में भाग लेने से इन्कार।

2006 – नेपाल में संसद बहाल।

2007 – हमास ने इस्रायल पर हमला करके युद्ध विराम को तोड़ा।

2008 – नेपाल में नई सरकार का गठन करने जा रहे माओवादी नेता पुष्पकमल दहल उर्फ प्रचण्ड ने भारत व नेपाल के मध्य 1950 में हुई संधि को समाप्त करने की घोषणा की।

# हाइफा व तेल अवीव में महत्वपूर्ण लक्ष्यों को बनाया निशाना : हूती

**सना/यरूशलम,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को इजरायल के शहरों हाइफा और तेल अवीव में महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली। इस अटैक के कारण कथित तौर पर दिन में पूरे उत्तर-पश्चिमी इजरायल में सायरन बजने लगे। यह पहली बार है जब हूती विद्रोहियों ने सुदूर उत्तरपश्चिमी इजरायल में हाइफा को निशाना बनाया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि एक अहम टारगेट को निशाना बनाने के लिए हमने हाइफा पर एक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। बता दें अल-मसीरा टीवी को हूती ग्रुप संचालित करता है। सरिया ने कहा, हाइपरसोनिक मिसाइल ने हाइफा में लक्ष्य को भेद दिया, क्योंकि दुश्मन (इजरायली) रक्षा प्रणालियां इसे रोकने में नाकाम रहीं। सरिया ने बताया कि एक अन्य सैन्य अभियान में तेल अवीव में एक महत्वपूर्ण लक्ष्य के खिलाफ बम से लैस ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। हूती सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि हम अपना सैन्य अभियान तब तक जारी रखेंगे जब तक कि फिलिस्तीनी गाजा पर इजरायली हमला बंद नहीं हो जाता और उस पर से नाकाबंदी नहीं हटा ली जाती। इजराइल रक्षा बलों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हाइफा शहर, निकटवर्ती क्रायोट क्षेत्र और पश्चिमी गैलिली में सायरन बजाए गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सिंधु जल संधि और वीजा...

भारत सरकार ने पाकिस्तान के नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत दी गई सभी छूटों को रद्द कर दिया है और सार्क वीजा भी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं। भारत में सार्क वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायुसेना सलाहकारों को 'पीएनजी' घोषित कर दिया गया है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। उच्चायोग में पाकिस्तानी स्टाफ की संख्या भी घटाकर 55 से 30 कर दी जाएगी, जो 1 मई तक लागू होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि दोषियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने लिखा, मैं पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करता हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प और मजबूत होगा।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में आयोजित अर्जन सिंह मेमोरियल लेक्चर के दौरान कहा कि भारत इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने कहा, भारत एक प्राचीन और मजबूत सभ्यता है, जिसे आतंकवाद से डराया नहीं जा सकता। जल्द ही इस हमले के जिम्मेदारों को सजा दी जाएगी और भारत हर जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति में कोई ढील नहीं दी जाएगी और पूरा देश इस कायराना हमले के खिलाफ एकजुट है।

### हत्याओं के विरोध में ...

करके भी कर रहा है। कश्मीर के उड़ी से लेकर लखनपुर तक सभी कस्बे और शहर आज पूरी तरह से बंद रहे हैं। जगह जगह विरोध प्रदर्शनों की झड़ी भी नजर आई है। लोगों ने कई स्थानों पर पाकिस्तानी झंडे फूंक कर अपने गुस्से का इजहार भी किया है। जम्मू कश्मीर में एकजुटता के साथ प्रदर्शन हुए और लोगों ने हत्याओं की निंदा की है। श्रीनगर, सोपोर, टंगमर्ग, बारामुल्ला, हंदवाड़ा, बांडीपोरा, कुपवाड़ा और घाटी के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। जम्मू क्षेत्र में भी कई विरोध प्रदर्शन हुए।

### यह कश्मीरियत की हत्या है

टंगमर्ग में एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं है- यह कश्मीरियत की हत्या है। वे कहते थे कि हमारे मेहमानों की हत्या अक्षम्य है। हम चाहते हैं कि हत्यारों को न्याय के कटघरे में लाया जाए और हमारे देश की शांति बहाल हो।

### यह देश की एकता ...

बुलानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को यहां जारी एक वक्तव्य में पहलगाम आतंकवादी हमले पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश पर सीधा हमला है और इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने ली है जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए।

**राहुल ने हमले पर जताई चिंता, शाह से की बात**-जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने इस घटना के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक कर्रा से बात की। राहुल गांधी ने इस हमले को निंदनीय बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव सहायता और न्याय का भरोसा दिलाया।

### कश्मीर में फंसे ...

लाया जाएगा, जो रात 8 बजे पहुंचेगी। पहलगाम में दिनेश मिरानिया की पत्नी और बच्चों से गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात की। शाह ने कहा कि हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है। साथ ही गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख और मामूली घायलों को 1 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है।

सुरक्षा बलों ने पहलगाम को कराया खाली, सभी बाजार और पर्यटक क्षेत्र बंद

कश्मीर में मौजूद छत्तीसगढ़ के पत्रकार रामअवतार तिवारी ने बताया कि पहलगाम घूमने के लिए जा रहे थे, लेकिन हमें सुरक्षाबलों ने रास्ते में ही रोक दिया। फायरिंग के बाद सुरक्षाबल सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। इस वजह से पर्यटकों को वहां जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने बताया कि पहलगाम को खाली कराया गया है। सभी बाजार और पर्यटक क्षेत्र बंद कर दिए गए हैं। हम इस वक्त कश्मीर के श्रीनगर के एक होटल में हैं। स्थिति सामान्य होने पर वापस छत्तीसगढ़ आएंगे। ष्टरू साय ने फोन से हाल-चाल जाना है। हम सभी सुरक्षित हैं।

### सीएम साय ने फोन पर...

कर शोक जताया। सांसद ने परिवार के सदस्यों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आतंकवादियों की कायराना हरकत का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। हमारे प्रधानमंत्री भारत लौट आए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री जम्मू के पहलगाम पहुंचे थे। भारत सरकार बड़े एक्शन की तैयारी कर रही है।

अग्रवाल सभा आतंकी हमले की निंदा करते हुए दिनेश मिरानिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया है। इसके साथ समाज के तमाम लोगों से बड़ी संख्या में अंतिम यात्रा में शामिल होकर आकंतवादियों की शर्मनाक हरकत का जवाब देते हुए समाज की एकता का परिचय देने की अपील की है।

### देश का नया ...

रुपए की लागत से तैयार होने वाले इस संस्थान से छत्तीसगढ़ में टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में चांपा की कोसा साड़ियां अपने शिल्प में बेमिसाल हैं। सीएमएआई से एमओयू और निफ्ट की स्थापना से चांपा के कोसा जैसे वस्त्रों की ब्रांडिंग, प्रमोशन में बड़ी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कपड़ा उद्योग प्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण स्वरोजगार, तकनीक और कौशल विकास से जुड़ा है। नई औद्योगिक नीति में हमने इन सभी सुविधाओं का ख्याल रखते हुए, टैक्सटाइल सेक्टर से जुड़े एमएसएमई को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। हम 1000 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार देने वाले उद्यमों को विशेष अनुदान दे रहे हैं। 100 करोड़ के इन्वेस्टमेंट में 252 करोड़ की प्रतिपूर्ति हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। टेक्सटाइल के क्षेत्र में देश में इतनी अच्छी पॉलिसी किसी भी राज्य में नहीं है। इसका लाभ कपड़ा उद्योग से जुड़े छोटे और मझोले उद्यमों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में उद्यम शुरू करने पर विशेष रियायतें दी गई हैं।

उन्होंने कहा सिंगल विंडो सिस्टम, इज आफ डूइंग बिजनेस और स्पीड आफ डूइंग बिजनेस की नीतियों के चलते बहुत तेजी से निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति दी जा रही है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से अब हम स्पीड और बिजनेस की ओर बढ़ चुके हैं। हमने 350 से अधिक रिफार्म्स किये हैं और निवेश का वातावरण बेहद सहज कर दिया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के स्टॉल का अवलोकन भी किया और जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हमारे पारंपरिक हस्तशिल्प को टेक्सटाइल उद्योग से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव राहुल भगत, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, संचालक प्रभात मलिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक अभिषेक अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### सड़कों पर पंडाल मामले ...

संस्थाओं, संगठनों के द्वारा उपरोक्त आयोजन अब जिला प्रशासन की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना ही आयोजित किया जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में एक ओर आम नागरिक के दैनिक कार्यों में बाधा पहुंचती है एवं व्यवसायिक गतिविधियां भी प्रभावित होती है वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था बिगड़ जाने की प्रबल संभावना रहती है। इसलिए शासन ने अनुमति लेना अनिवार्य कर अनुमति की शर्तें निर्धारित की थी।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट को दिए तथ्य- बिना अनुमति लगे सैकड़ों पंडाल-बता दें कि इस याचिका को राज्य की राजधानी रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने दायर किया है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2022 से 2024 तक राजधानी रायपुर में गणेशोत्सव और दुर्गा पूजा के दौरान ना तो जिला प्रशासन और ना ही नगर निगम के किसी जोन द्वारा किसी भी पंडाल के लिए सड़क पर या सड़क किनारे लगाने की अनुमति दी गई, इसके बावजूद सैकड़ों पंडाल सड़कों पर लगे रहे। याचिका में इसके समर्थन में 100 से अधिक फोटोग्राफ भी कोर्ट में पेश किए गए।

वाहन बढ़े, सड़कों पर बढ़ता दबाव-याचिकाकर्ता सिंघवी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के गठन के समय प्रदेश में एक लाख से भी कम वाहन थे, जो अब 80 लाख के करीब पहुंच चुके हैं। राजधानी की कुछ ही सड़कें चौड़ी की गई हैं, लेकिन पार्किंग की समस्या के कारण बाकी सड़कें बेहद सकरी हो चुकी हैं। लोगों के पास दुकानों और घरों में वाहन खड़े करने की भी जगह नहीं है, जिससे सड़कों पर वाहन खड़े करना मजबूरी बन गया है। ऐसे में जब पंडाल और स्वागत द्वार भी सड़कों पर लगाए जाते हैं, तो यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है।

सार्वजनिक मैदानों में लगना चाहिए पंडाल-सिंघवी ने यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में किसी भी धार्मिक या सामाजिक आयोजन के पंडाल और स्वागत द्वार केवल खुले मैदानों या निर्धारित सार्वजनिक स्थलों पर ही लगाए जाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि राजधानी रायपुर की सड़कों की वर्तमान स्थिति इतने भारी यातायात और पंडाल के संयुक्त दबाव को झेल पाने में सक्षम नहीं है।

मुख्य सचिव और नगर निगम कमिश्नर से मांगा जवाब-सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय की युगलपीठ ने राज्य सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की और राज्य के मुख्य सचिव एवं रायपुर नगर निगम आयुक्त से इस पूरे मामले में शपथ पत्र के माध्यम से जवाब मांगा है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण कर पंडाल लगाए जा रहे हैं और ट्रैफिक बाधित हो रहा है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। राज्य शासन की ओर से कोर्ट को जानकारी दी गई कि सभी कार्रवाईयां नगर निगम के स्तर पर होती हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जून 2025 को निर्धारित की है।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में ...

मिला है, ईडी ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार, जब्त किए गए दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच में मेसर्स महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग ऐप का सिंडिकेट चलाने के इनपुट मिले हैं। इसके लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, आईडी को सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की व्यवस्था करता है।

तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में अपराध की आय मिली है। बता दें कि महादेव सट्टा प्रकरण में अब तक ईडी ने 170 से अधिक परिसरों में छापेमारी कर तलाशी में करीब 3002.47 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति अटैच कर चुकी है। साथ ही इस सिंडिकेट से जुड़े 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, प्रकरण की जांच कर 5 अभियोजन शिकायतों में 74 संस्थाओं को आरोपी बनाया गया है।

## सुडोकू 6892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | 1 | | | 9 | 5 |
| | 3 | 1 | 8 | | | 7 | | |
| 5 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | | | 8 | 9 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 2 | 9 | | | 6 | | |
| | | | | 7 | | | | 9 |
| | | 9 | | | 4 | 3 | 2 | |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

*हल आज ही के अंक में*

## वर्ग पहेली 6892

**बायें से दायें:-**

१. चतुराई, बुद्धिमान
३. प्रिय व्यक्ति या वस्तु को प्राप्त करने लिए बेचैन होना
५. पुस्तक (उर्दू)
६. दुर्गा
७. शाम का समय
८. 'स्वीमिंग पुल'
१३. जिसकी मदद करने वाला कोई न हो
१५. अंधकार
१६. तूणिर
१७. इज्जत, सम्मान (उर्दू)
१८. सभी, सम्पूर्ण
२०. भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित एक पर्वत श्रेणी
२२. शामिल
२३. किसी पुलिस थाने का प्रधान अधिकारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. शुभ-अशुभ, अच्छा-बुरा, अपशब्द
२. पसंद किया हुआ, चुना हुआ
३. परिवर्तित (उर्दू)
४. हुकूमत, प्रशासन
५. मरीचि
९. कहानी, कहावत (उर्दू)
१०. अकारण, निरुद्देश्य (उर्दू)
११. अमृत, सूर्य की एक पत्नी, तलवार
१२. आवेदन पत्र (उर्दू)
१४. सिक्के ढाले जाने की जगह
१७. परस्पर
१९. सीमा, प्रतिष्ठा
२०. कल्याण, भलाई,
२१. जैसे

### वर्ग पहेली-6891

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | य | २ नि | त | ■ | ■ | ३ नि | म्न | ४ त | म |
| रा | ■ | पु | ■ | ५ अ | धू | रा | ■ | क | ■ |
| ६ च | र | ण | ■ | भा | ■ | ७ यु | द्ध | नी | ति |
| र | ■ | ८ ता | ९ पा | व | रो | ध | ■ | क | ■ |
| ■ | १० ल्वा | ■ | य | ■ | ■ | ■ | ११ दा | ■ | १२ भ |
| १३ प | र | निं | दा | ■ | १४ इ | ■ | १५ स | मु | द्र |
| ■ | चि | ■ | १६ र | वि | क | र | ■ | ■ | ज |
| १७ ह | त | क | ■ | ■ | ता | ■ | १८ वि | १९ पि | न |
| म | ■ | ■ | २० अं | ग | रा | २१ ज | ■ | शा | ■ |
| २२ ला | भा | न्वि | त | ■ | ■ | २३ न | भ | च | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी की

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है।

उन्होंने बताया कि जैसा पहले बताया गया था, पीएसएलवी-सी60/स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके बाद सैटेलाइट को पहली बार 16 जनवरी 2025 की सुबह 06:20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया और 13 मार्च 2025 की सुबह 09:20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले दो हफ्तों में कुछ नए प्रयोग किए जाने की योजना है। इस साल जनवरी में स्पैडेक्स मिशन के सैटेलाइट की सफल डॉकिंग के साथ भारत स्पेस डॉकिंग टेक्नोलॉजी में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। डॉकिंग टेक्नोलॉजी को लेकर भारत का नाम अमेरिका, रूस और चीन के बाद आता है। डॉकिंग टेक्नोलॉजी को स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

# खेल जगत

## खुशी है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को उनके केंद्रीय अनुबंध वापस मिल गए हैं : रवि शास्त्री



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां) भारत के पूर्व क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को हाल ही में पुरुषों की केंद्रीय अनुबंध सूची में फिर से शामिल किया गया है। अय्यर और किशन दोनों को घरेलू मैच नहीं खेलने के कारण वार्षिक रिटेनर के पिछले संस्करण में बाहर रखा गया था, लेकिन हाल ही में उन्हें 2024/25 सीजन के लिए सूची में वापस लाया गया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो के नवीनतम एपिसोड में कहा, 'श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को फिर से टीम में देखना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी, क्योंकि जो कुछ भी हुआ वह टीम प्रबंधन, बीसीसीआई और इसमें शामिल व्यक्तियों के बीच था। मुझे खुशी है कि संवाद हुआ, चीजें सुलझ गईं और उन्हें अपने अनुबंध वापस मिल गए।

# राजस्थान की कोशिश आरसीबी को हरा कर जीत की राह पर लौटने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। विराट कोहली अपने चिर परिचित अंदाज में फिनिशर की भूमिका निभाते हुए आठ मैचों में चार अर्द्धशतक सहित 322 रन बना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर (आरसीबी) को आठ में से पांच जीत जीत दिला तीसरे नंबर पर पहुंचा चुके हैं। आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को पिछले मैच में उसके घर जयपुर में विराट कोहली और मैन ऑफ द' मैच फिल साल्ट के अर्द्धशतक तथा गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यशस्वी जायसवाल के 75 रन की तेज पारी के बावजूद नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। एक दिलचस्प बात यह है कि आरसीबी अपने घर या कहिए की गढ़ बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने तीनों मैच हार चुकी है। राजस्थान रॉयल्स इसी का लाभ उठा आरसीबी को बेंगलुरू में बृहस्पतिवार को 2025 आईपीएल के रिटर्न क्रिकेट मैच में हरा कर जीत की राह पर वापस लौटने की कोशिश करेगी। आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स से अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं और उसके खिलाफ दबदबे को बरकरार रखते हुए मौजूदा सीजन में अपने घर में पहली जीत दर्ज करने को बेताब होगी। राजस्थान रॉयल्स शुरू के लगातार दो मैच हारने के बाद अगले दो सीएसके से छह रन और पंजाब किंग्स से 50रन से जीतने के बाद अगले लगातार चार सहित आठ में छह मैच हार



चार अंकों के साथ आठवें स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स अपने पिछले लगातार दो लगभग जीते मैच दिल्ली कैपिटल्स से सुपर ओवर और लखनउ सुपर जायंटस से दो रन से हार कर पस्त नजर आ रही है।

आईपीएल 2025

वहीं यशस्वी जायसवाल के आठ मैचों में चार अर्द्धशतक सहित 307 रन बनाने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स बेहद करीबी मैच में अपने घर जयपुर में मिली हार पर कथित अनर्गल मैच फिक्सिंग के आरोप लगाने की ओछी हरकत तक की गई। आरसीबी के लिए उत्साह की बात सह है कि उसके धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली मौजूदा सीजन में अपने सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट के साथ पूरे रंग में मैच के मिजाज के मुताबिक गियर बदल कर खेल रहे हैं। आरसीबी ने अपने घर बेंगलुरू में पंजाब किंग्स से बेहद कम स्कोर वाले



बारिश से प्रभावित 14 -14 ओवर का मैच पांच विकेट से हारने के दो दिन उसे उसके घर मुल्लांपुर में नौ विकेट से हरा हिसाब चुकता कर अपनी लय फिर पाने के साथ उसे अंक तालिका में चौथे स्थान पर धकेल खुद तीसरा स्थान पा लिया। अब मौजूदा आईपीएल के अपना आधा सफर पूरा करने के बाद सबसे अहम बात है कि बराबर मैचों के बाद पिच के घिसने से इसके धीमे होने पर गेंद काफी घूम रही है और बड़ा बदलाव यह दिख रहा है खासतौर पर आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों में कम रन बन रहे हैं। आरसीबी के लिए बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर क्रुणाल पांडया के साथ नौजवान लेग स्पिनर सुयश शर्मा खासे कारगर साबित हो सकते हैं।

आरसीबी के लिए अच्छी बात यह है कि चार अर्द्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली के साथ उसके शीर्ष क्रम में दो दो अर्द्धशतक जड़ने वाले

■ आरसीबी मौजूदा सीजन में घर में पहली जीत को बेताब

■ रंग में है विराट, साल्ट व रजत के रूप में आरसीबी का शीर्ष क्रम

■ राजस्थान को जीतना है तो यशस्वी व वैभव को करनी होगी तेज शुरुआत

कप्तान रजत पाटीदार(कुल 221 रन) और फिल साल्ट (कुल 213 रन), देवदत्त पड्डीकल (7 मैच, एक अर्द्धशतक , 180 रन)एक अर्द्धशतक जड़ने वाले टिम डेविड (कुल 142 रन) रंग में हैं। राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर वनिंदु हसरंगा (6 मच, 9 विकेट), जोफ्रा आर्चर (8मैच, 8 विकेट), तुषार देशपांडे (7 मैच, 6 विकेट) ने विकेट जरूर चटकाए लेकिन इन सभी की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव दिखा है। राजस्थान रॉयल्स को चोट के चलते अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन (7 मैच, एक अर्द्धशतक, 224 रन) अखर रहा है। राजस्थान को जीत की राह पर लौटना है तो बाएं हाथ के चार अर्द्धशतक जडलने वले यशस्वी जासवाल के साथ बल्लेबाजी की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को उसे तेज शुरुआत दिलानी होगी ही साथ अब कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे रेयन पराग (212 रन) , एक अर्द्धशतक जड़ने वाले ध्रुव जुरैल (180 रन)। एक अर्द्धशतक जड़ने वाले शेमदान हेटमार (कुल 176 रन)को मैच को फिनिश करने का कौशल दिखाने की भी जरूरत होगी। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड (8 मैच, 12 विकेट), भुवनेश्वर कुमार (7 मैच, 8 विकेट) यश दयाल (8 मैव 7 विकेट) जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के स्पनिर क्रुणाल पांडया (8 मैच दस विकेट) व लेग स्पनिर सुयश शर्मा (7 मैच ,चार विकेट) ने गेंदबाजी इकाई के रूप में जिस तरह सधा प्रदर्शन किया है उसके चलते राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों के लिए बड़ा स्कोर बनाना खासा मुश्किल होगा।

### 'जरूरत पड़ती तो मैं तेज रन बना सकता हूं'

'हमारे लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ उसके घर में पिछला मैच जीतना बेहद अहम था। जब आप अपने अंकों की संख्या आठ से दस कर लेते हैं तो बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। हमने बढ़िया ढंग से मैच बनाया और देवदत्त पड्डीकल और रजत ने मेरे साथ मिलकर बढ़िया बल्लेबाजी की। हमेशा ही एक ही तेज अंदाज में खेलने का लालच तो रहता ही है। शुरू के दो शुरू के दो मैचों से हमने सबक लिया और इससे पिछला मैच बारिश के कारण 14 -14 ओवरों का कर दिया था। हम जानते हैं कि टी 20 क्रिकेट में रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक भागीदारी ही पर्याप्त होती है। यदि जरूरत पड़ती तो मैं तेज रन बना सकता हूं। हमारे पास वैसी टीम है जैसी हम चाहते थे। आप देख भी सकते हैं कि हमारी टीम कितनी शिद्दत से खेल रही है।

-विराट कोहली, आरसीबी

### 'जीत का पूरा श्रेय गेंदबाजों को है'

जीत का पूरा श्रेय गेंदबाजों को है। देवदत्त पड्डीकल और विराट कोहली के साथ गेंदबाजों ने जिस तरह रणनीति को अमली जामा पहनाया वह शानदार था। गेंदबाजों को सीधा और साफ संदेश था कसी हुई गेंदबाजी करें। जिस तरह टीम में हर किसी ने प्रयास किया वह बढ़िया रहा है। सबसे पहले मुझे अपने बेंगलुरू के घरेलू मैदान पर टॉस जीतना होगा। हमने जो भी गलतियां की,उन्हें सुधारना होगा।

-रजत पाटीदार, आरसीबी कप्तान

### 'मुझे मैच खत्म कर लौटना चाहिए था'

'मुझे नहीं मालूम की हमने क्या गलत किया। हम 18वें और 19 वें ओवर तक मैच में थे। मैं नहीं जानता, मैं खुद को दोषी मानता हूं। मुझे मैच खत्म कर लौटना चाहिए था। हमें मैच को एक टीम के रूप में सामूहिक रूप से खेलना होगा।जहा तक गेंदबाजी की बात है आखिरी ओवर दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मेरा मानना है कि हमे लखनउ को 160-170 तक रोकना चाहिए था। हमने लखनउ के खिलाफ 20 रन ज्यादा दे दिए बावजूद इसके हमें इस लक्ष्य को पार कर जीत हासिल करनी चाहिए थी। पिच को लेकर कोई शिकायत नहीं।

रयन पराग, राजस्थान रॉयल्स,कप्तान

## श्रीलंका ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय शृंखला के लिए अथापथु की अगुआई वाली टीम घोषित की

**कोलंबो,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। श्रीलंका ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे त्रिकोणीय शृंखला के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसकी कप्तानी अनुभवी ऑलराउंडर चामरी अथापथु करेंगी। यह शृंखला 27 अप्रैल से 11 मई तक कोलंबो में खेली जाएगी। श्रीलंका ने आखिरी बार इस साल की शुरुआत में वनडे शृंखला खेली थी - जहां उन्हें न्यूजीलैंड में 2-0 से वनडे शृंखला में हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड में उस दौरे के बाद से, श्रीलंका ने आगामी त्रिकोणीय शृंखला के लिए अपनी टीम में आठ बदलाव किए हैं।

मध्यम गति की गेंदबाज मलकी मदारा को वनडे टीम में पहली बार शामिल किया गया है, जिन्होंने न्यूजीलैंड में टी20 सीरीज में पदार्पण करते हुए श्रीलंका को दौरे पर एकमात्र जीत दिलाने में मदद की थी। उन्होंने 3-14 के आंकड़े के साथ दौरे पर एकमात्र जीत हासिल की थी।

विशमी गुनारत्ने, नीलाक्षी सिल्वा, हसिनी परेरा, पियूमी



वत्सला, देवमी विहंगा, इनोका राणावीरा और हंसिमा करुणारत्ने जैसी खिलाड़ी भी टीम में वापस आ गई हैं। त्रिकोणीय शृंखला में प्रत्येक टीम चार-चार मैच खेलेगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 11 मई को खेला जाएगा। पूरी तरह से आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेली जाने वाली यह त्रिकोणीय शृंखला श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और भारत को 2025 में होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण तैयारी प्रदान करेगी, जिसकी मेजबानी भारत करेगा।

**श्रीलंका टीम:** चामरी अथापथु (कप्तान), विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, निलाक्षी सिल्वा, कविशा दिलहारी, अनुष्का संजीवनी, हसिनी परेरा, पियमी वत्सला, मनुदी नानायक्कारा, देवमी विहंगा, इनोका राणावीरा, इनोशी फर्नांडो, हंसिमा करुणारत्ने, रश्मिका सेववंडी, मलकी मदारा, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलसुरिया

### महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज का शेड्यूलः

**पहला वनडेः** श्रीलंका बनाम भारत - 27 अप्रैल

**दूसरा वनडेः** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका - 29 अप्रैल

**तीसरा वनडेः** श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका - 2 मई

**चौथा वनडेः** श्रीलंका बनाम भारत - 4 मई

**5वां वनडेः** दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत - 7 मई

**छठा वनडेः** श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका - 9 मई

**फ़ाइनल :** फैसला होना है- 11 मई

## डीएसए 'ए' डिवीजन लीगः शापूरजी के चार गोल, फ्रंटियर ने विक्ट्री को रौंदा

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। जाहान शापूरजी की तिकड़ी सहित जमाए चार गोलों की मदद से फ्रंटियर फुटबाल क्लब ने विक्ट्री एफसी को 9- 0 से हरा कर डीएसए 'ए' डिवीजन लीग में दूसरी जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में फ्रंटियर ने स्कूली खिलाड़ियों से सजी विक्ट्री को शुरू से ही दबाव में रखा । फ्रोंटियर की जीत में सनी दहिया ने दो, भूपेंद्र, शोभित भंडारी और अक्षत तनेजा ने एक-एक गोल जमाए। दिन के पहले मुकाबले में पश्चिम हीरोज ने शक्ति एफसी को संजीत के एकमात्र गोल से परास्त किया। सुबह के सत्र में खेले गए रोमांचक मुकाबले में किम के शानदार गोल की मदद से गढ़वाल यूनाइटेड ने हॉप्स एफसी को हराकर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। फ्रंटियर ने विक्ट्री पर जीत के साथ तीन मैचों में सात अंक बना लिए हैं और पश्चिम हीरोज ने शक्ति पर पहली जीत दर्ज कर तीन अंकों से खाता खोला। महिला प्रीमियर लीग में गढ़वाल यूनाइटेड और दिल्ली यूनाइटेड लगातार चार चार मैच जीत कर टॉप पर हैं।

## सीनियर खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बेहतरीन तैयारी : तिलक वर्मा

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस (एमआई) के बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के खिलाफ खेलना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में उनका सामना करने के लिए बेहतरीन तैयारी है। वर्मा ने जियोस्टार पर कहा, 'मैं 2022 में मुंबई इंडियंस में शामिल हुआ, इसलिए यह मेरा चौथा सीजन है। मुझे कई सीनियर



और घरेलू खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। चूंकि आईपीएल में आप कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सामना करते हैं, इसलिए जब आप अंततः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं तो यह वास्तव में मदद करता है।' मुंबई इंडियंस का सामना हैदराबाद में एसआरएच से होगा, जो वर्मा का गृहनगर है, और उन्होंने बुधवार शाम को अपने घरेलू मैदान पर खेलने को लेकर उत्साह व्यक्त किया। 'पिछले साल, जब मैं मुंबई इंडियंस के लिए हैदराबाद में खेला था, तो मैं वार्म-अप के लिए स्टेडियम से बाहर निकल रहा था, और भीड़ ने मेरा नाम चिल्लाना शुरू कर दिया।'

## अक्षर ने आगे बढ़कर अपनी टीम का नेतृत्व किया और प्रभाव छोड़ा : वॉटसन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने कहा कि वह इस बात से बहुत प्रभावित हैं कि अक्षर पटेल ने किस तरह से प्रभावशाली प्रदर्शन किया और अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) पर एक और शानदार जीत दिलाई। बीआरएसएबीवी एकाना स्टेडियम में, अक्षर ने अपने चार ओवर पहले ही फेंके, जिसमें उनके आंकड़े 0/29 थे। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका इकॉनमी रेट कुलदीप यादव से बेहतर था, जो आईपीएल 2025 में पहली बार विकेट से चूके। बल्लेबाजी में, अक्षर ने 20 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाकर फिनिशिंग टच दिया, क्योंकि डीसी ने 17.5 ओवर में 160 रनों का पीछा पूरा किया। इन सबका मतलब यह था कि अक्षर स्पष्ट रूप से अपने एलएसजी समकक्ष ऋषभ पंत की तुलना में बेहतर कप्तान थे, जो सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद शून्य पर आउट हो गए।

## सार संक्षेप

### बजरंग पुनिया ने पहलगाम हमले में निर्दोष लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर मंगलवार को हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि जो लोग शांति की तलाश में यात्रा कर रहे थे, वे दुखद रूप से मूर्खतापूर्ण और क्रूर हिंसा के शिकार हो गए। आतंकवादियों ने श्रीनगर से लगभग 30 मील दक्षिण-पूर्व में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में स्थित एक सुंदर घास के मैदान बैसरन घाटी में पर्यटकों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 26 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। पुनिया ने एक्स पर लिखा, 'कश्मीर घाटी के पहलगाम क्षेत्र में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

### बीसीसीआई ने पहलगाम में हुए भयावह, कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोग मारे गए और कई घायल हो गए, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस जघन्य और कायराना कृत्य की कड़ी निंदा की और साथ ही कहा कि शासी निकाय इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। सैकिया ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'पहलगाम में कल हुए भीषण आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा लगा है और वह दुखी है। बीसीसीआई की ओर से, इस भयावह और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं।

## खालसा, रामजस और किरोड़ी मल कॉलेज पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल में जीते



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, रामजस कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज और खालसा कॉलेज एलुमनी ने जीत दर्ज की। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने दयाल सिंह कॉलेज को 74-59 से हराया और विजयी टीम के साहिल माथुर प्लेयर ऑफ द मैच बने। रामजस कॉलेज ने भीम राव आंबेडकर कॉलेज को 76-59 से हराया और रामजस कॉलेज के आयुष प्लेयर ऑफ द मैच बने। किरोड़ी मल कॉलेज ने भारत अकादमी को 64-48 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच किरोड़ी मल कॉलेज के दक्ष चौधरी बने। एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी ने हंसराज कॉलेज को 66-64 से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच विजयी टीम के देशमुख माथुर को मिला। महिला वर्ग में लेडी श्री राम कॉलेज ने गार्गी कॉलेज को 45-41 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की विपासना को मिला।

## ऐतिहासिक दिल्ली गोल्फ क्लब 40 लाख अमरीकी डॉलर के नए गोल्फ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली**, 23 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक गोल्फिंग मानचित्र पर भारत की उपस्थिति को एक नए 4 मिलियन अमरीकी डॉलर के टूर्नामेंट की घोषणा के साथ एक बड़ा बढ़ावा मिलने वाला है, जो देश में किसी पेशेवर गोल्फ इवेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। प्रतिष्ठित दिल्ली गोल्फ क्लब में 16-19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय टूर और घरेलू पेशेवर गोल्फ सर्किट, डीपी वर्ल्ड टूर द्वारा सह-स्वीकृत है, और 2025 रेस टू दुबई कैलेंडर के अंतिम चरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह नई चैंपियनशिप न केवल एक उभरते हुए गोल्फिंग गंतव्य के रूप में बल्कि एक गंभीर खेल बाजार के रूप में भी भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। यह इस साल के हीरो इंडियन ओपन की सफलता के बाद हुआ है और शीर्ष स्तरीय गोल्फ इवेंट की मेजबानी में क्षेत्र की गति को मजबूत करता है। यह आयोजन वैश्विक दौरे के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब में पुरानी यादों को ताजा करने वाला कार्यक्रम भी है, जहां आखिरी आयोजन 2016 में हुआ था। मूल रूप से 1930 के दशक में स्थापित, ऐतिहासिक लोधी कोर्स, जो 1964 में पहले इंडियन ओपन का घर था, ने उल्लेखनीय रूप से पुनः डिजाइन किया है - सबसे हाल ही में 2019 में - इसे आधुनिक चैंपियनशिप मानकों तक लाने के लिए।

## पंत फिनिशर के रोल में फिट नहीं: पुजारा

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि ऋषभ पंत को ऊपरी क्रम पर आकर बल्लेबाजी करनी चाहिए। आईपीएल 2025 में पंत की फॉर्म बहुत अच्छी नहीं चल रही है। पंत आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर बात करते हुए कहा, मुझे नहीं पता पंत के बैटिंग ऑर्डर को क्या सोच प्रक्रिया रही है। इसमें कोई शक नहीं कि उनको ऊपर आकर बैटिंग करनी चाहिए। वह धोनी की तरह बैटिंग करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों की उम्र में बहुत फर्क है। मुझे अभी भी लगता है कि उन्हें छह से 15 ओवर के बीच में बैटिंग करनी चाहिए। पंत को फिनिशर की भूमिका नहीं अपनानी चाहिए क्योंकि वह इस रोल में फिट नहीं हैं।

वहीं, इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि वह पंत के नंबर सात पर आने के कारण को



समझते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे बडोनी के चार या पांच नंबर पर बल्लेबाजी करने से कोई खास दिक्कत नहीं है। मुझे इसमें कुछ तर्क दिखता है, क्योंकि मुझे लगता है कि वह अच्छा खेल रहा है, और मुझे लगता है कि ऋषभ पंत की तुलना में उसके रन बनाने की संभावना ज्यादा है। यहीं समस्या है। शायद आप समद के बारे में भी यही कह सकते हैं, उसके भी ऋषभ पंत से ज्यादा रन बनाने की संभावना है। डेविड मिलर के बारे में भी आप यही कह सकते हैं। जब आप फैसले लेने के तरीके को देखते हैं, तो शायद तर्क के हिसाब से यह कुछ हद तक सही लगता है। लेकिन मुझे यह सब ठीक नहीं लगा।'

पूर्व बाएं के हाथ के बल्लेबाज नाइट ने आगे कहा, 'आपका कप्तान है, जो बल्लेबाजी क्रम में नीचे जा रहा है, जबकि आपको वास्तव में उससे आगे बढ़ने की जरूरत है। वह वो व्यक्ति है जो आपकी टीम के सामने खड़ा होकर बात करेगा, वह आपको मैदान पर ले जा रहा है। वह आपका लीडर है, और यह अच्छा नहीं लगता जब लीडर पीछे हट रहा हो।' आईपीएल 2025 में, पंत ने नौ पारियों में केवल 106 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 13.25 और स्ट्राइक रेट 96.36 का रहा है। पुजारा ने आगे कहा कि पंत, जो टेस्ट में एक सफल बल्लेबाज हैं, और उनके टी20 में उतने अच्छे प्रदर्शन की तुलना करना मुश्किल है।

### सुडोकू 6892 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |

## अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग से एनसीओई के लिए चयनित 15 खिलाड़ियों में मिजोरम की 5 लड़कियां शामिल

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में शामिल होने के लिए चुनी गई 15 हॉकी खिलाड़ियों में मिजोरम की पांच अंडर-16 लड़कियां शामिल हैं। भारत में महिला हॉकी के निर्माण खंड के रूप में देखी जाने वाली इन लड़कियों को अस्मिता लीग मैचों के 2024-25 सत्र के समापन के बाद चुना गया है। एनसीओई में प्रशिक्षण के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों में हरियाणा की तीन और झारखंड और ओडिशा की दो-दो खिलाड़ी शामिल हैं, इसके अलावा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक

**अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग**

और उत्तर प्रदेश की लड़कियां भी शामिल हैं।

साई और खेलो इंडिया के लिए हॉकी के हाई परफार्मेंस निदेशक पीयूष दुबे ने कहा कि इन लड़कियों को भविष्य के ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए चुना गया है। हमें एक रास्ता सोचना



होगा और इन लड़कियों में सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि सुनीलिता टोप्पो, सुजाता कुजूर और साक्षी राणा जैसे कई खिलाड़ी इस हॉकी लीग से उभरे हैं और अब भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग के अंतिम चरण में 120 अंडर-16 खिलाड़ियों वाली छह टीमों ने हिस्सा लिया। 15.5 लाख रुपए की इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में कुल 17 मैच खेले गए। साई शक्ति ने यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में फाइनल मैच में मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार टीम चैंपियनशिप जीती। महिला हॉकी में मिजोरम का उदय काफी चौंकाने वाला रहा है। अपने इतिहास में पहली बार, अपने फुटबॉल खिलाड़ियों और मुक्केबाजों के लिए प्रसिद्ध इस छोटे से पूर्वोत्तर राज्य ने पंचकूला में सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.472 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 6- | मुंबई इंडियंस | 8 | 4 | 4 | 8 | +0. 483 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.633 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 7.72 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 4.63 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 4.59 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 3.69 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.56 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 1.98 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.80 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.11 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.87 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.68 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,01,510 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,11,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.40 | 89.74 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.52 | 120.08 |
| यूरो | 89.12 | 103.36 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.39 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# भारत के लिए एमएमएफ को आगे बढ़ाना जरूरी : अशोक मल्होत्रा

**दुनिया के शीर्ष टेक्सटाइल निर्यातक देशों में शामिल है भारत**

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में एक मजबूत और टिकाऊ फाइबर इकोसिस्टम की आवश्यकता है। साथ ही, पॉलिएस्टर उत्पादन में चीन के वैश्विक प्रभुत्व को समाप्त करने के लिए मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक दूरदर्शी रणनीति अपनाना होगा, यह बयान एक्सपर्ट की ओर से बुधवार को दिया गया। नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन (एनटीटीएम) के निदेशक अशोक मल्होत्रा के कहा, भारत के लिए एमएमएफ को आगे बढ़ाना जरूरी है। इसका लक्ष्य वैश्विक प्रतिस्पर्धा हासिल करने के लिए बाजार में पहुंच बढ़ाना है। मल्होत्रा ने टेक्निकल टेक्सटाइल में भारत की क्षमता और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और एडवांस एप्लीकेशन की खोज के लिए एनटीटीएम की पहल के बारे में बताया।

पीएचडीसीसीआई टेक्सटाइल कमेटी के अध्यक्ष और फिलाटेक्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी मधु सुधन भगेरिया ने कहा कि देश को एक मजबूत और टिकाऊ फाइबर इकोसिस्टम की आवश्यकता है।



भारत को निर्यात बढ़ाने के लिए मानव निर्मित फाइबर क्षमताओं को बढ़ाना होगा : **विशेषज्ञ**

राजीव गुप्ता ने कहा कि वैश्विक स्तर पर एमएमएफ का बाजार बढ़ रहा है और भारत को महत्वाकांक्षी निर्यात लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एमएमएफ फाइबर आधार को बढ़ाना होगा। साथ ही कहा कि निजी क्षेत्र के इनोवेशन को सरकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इस पीएचडीसीसीआई कॉन्फ्रेंस में 80 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और प्रतिष्ठित वक्ताओं के साथ चर्चा की और ज्ञान साझा किया। यह कॉन्फ्रेंस संवाद और सहयोग के लिए एक जरूरी मंच के रूप में कार्य करेगी, जिससे भारत के एमएमएफ क्षेत्र में रणनीतिक प्रगति और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और वैश्विक वस्त्र क्षेत्र में देश की स्थिति मजबूत होगी। भारत दुनिया के शीर्ष टेक्सटाइल निर्यातक देशों में से एक है और देश की ग्लोबल टेक्सटाइल और अपैरल निर्यात में लगभग 4 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

## भारत में 2030 तक 30 लाख से अधिक हो जाएगी जीसीसी वर्कफोर्स



**नई दिल्ली।** भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) में वर्कफोर्स 2030 तक बढ़कर 30 लाख होने का अनुमान है। इसमें बड़ी संख्या में एंट्री-लेवल नौकरियां होंगी, जिससे देश की आर्थिक वृद्धि को भी रफ्तार मिलेगी। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। फर्स्टमेरिडियन बिजनेस सर्विसेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जीसीसी के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गया है और 2030 तक इस बाजार का मूल्य 110 बिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। वहीं, जीसीसी से 2026 तक लगभग 1.5 लाख नौकरियों के अवसर पैदा हो सकते हैं। फर्स्टमेरिडियन बिजनेस सर्विसेज के सीईओ (आईटी स्टाफिंग) सुनील नेहरा ने कहा कि भारत में जीसीसी सेक्टर एक स्केलेबल इंडस्ट्री से रणनीतिक महत्व वाली इंडस्ट्री के रूप में विकसित हुआ है। देश में मेट्रो शहरों से लेकर टियर 2 शहरों तक बड़े अपस्किलिंग कार्यक्रमों, नीतियों और विकास पहलों द्वारा समर्थित एक संपन्न इकोसिस्टम बन गया है।

## पहलगाम आतंकी हमला को लेकर वित्त मंत्री ने बीच में छोड़ी अमेरिका-पेरू यात्रा



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में मशहूर पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका-पेरू की अपनी आधिकारिक यात्रा बीच में ही छोड़ दी। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी कि वित्त मंत्री इस कठिन और दुखद समय में अपने लोगों के साथ रहने के लिए वापस लौट रही हैं।

भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में भारत की आर्थिक गतिशीलता को दर्शाने के लिए वित्त मंत्री सीतारमण 20 अप्रैल को अमेरिका-पेरू की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुई थीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वित्त मंत्रालय ने लिखा कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका-पेरू की अपनी आधिकारिक यात्रा बीच में ही छोड़ रही हैं।

मंत्रालय ने आगे कहा कि इस कठिन और दुखद समय में अपने लोगों के साथ रहने के लिए वह जल्द से जल्द भारत वापस आ रही हैं।

वित्त मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम से दिल दहला देने वाली खबर। दुख व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं आतंकवादी कृत्य की निंदा करती हूं। उन्होंने आगे लिखा कि सभी पीड़ित परिवारों और मृतकों के दोस्तों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों को दोहराती हूं, इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है।

## भारत के ऑफिस मार्केट ने 2025 की पहली तिमाही में तेज गति बनाए रखी

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के ऑफिस रियल एस्टेट मार्केट ने 2025 की पहली तिमाही में अपनी तेजी की गति को बनाए रखते हुए लगातार सातवीं तिमाही में रिक्तियों में 15.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करवाई।

यह 2023 की दूसरी तिमाही में 18.45 प्रतिशत से 2025 की पहली तिमाही तक 275 आधार अंकों (बीपीएस) की संचयी गिरावट को दिखाता है। यह तेजी मजबूत लीजिंग और नई सप्लाई में कमी की वजह से देखी गई।

कुशमैन एंड वेकफील्ड की 2025 क्वार्टर-1 ऑफिस मार्केट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के टॉप आठ ऑफिस मार्केट में वर्ष की पहली तिमाही में सप्लाई बाधाओं और मजबूत ऑक्यूपायर डिमांड की



वजह से रिक्तियों की दर घटकर 15.7 प्रतिशत रह गई। रिक्तियों में 2024 की चौथी तिमाही से 55 आधार अंकों (बीपीएस) की गिरावट दर्ज की गई।

2025 की पहली तिमाही में कुल नए ऑफिस निर्माण 10.7 मिलियन वर्ग फीट (एमएसएफ) रहे। इसमें बेंगलुरू ने 3.28 एमएसएफ, पुणे ने 3.21 एमएसएफ, दिल्ली-एनसीआर ने 2.71 एमएसएफ के साथ इस नई सप्लाई में संयुक्त रूप से 86 प्रतिशत का योगदान दिया।

## अप्रैल में भारत के विनिर्माण व सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि दर्ज : एचएसबीसी

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। एचएसबीसी के आंकड़ों के अनुसार, मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट और सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी में तेजी के कारण अप्रैल में भारत के कम्पोजिट फ्लैश परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि अप्रैल में यह 60 अंक पर रहा, जो व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बावजूद मार्च के मुकाबले अधिक है।

पीएमआई पर 50 का आंकड़ा विस्तार और संकुचन को अलग करता है। इस महीने के दौरान नए निर्यात ऑर्डर में तेजी से वृद्धि हुई, जो कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर 90-डे ब्रेक



एक बार जब रिस्टॉकिंग डिमांड कम हो जाएगी, तो माल निर्यात में कमी आएगी : **एचएसबीसी**

से जुड़ी थी। जबकि, निर्माताओं के लिए विस्तार की गति थोड़ी तेज थी, सेवाओं के नए निर्यात व्यवसाय में वृद्धि भी उतनी ही प्रभावशाली रही।

समग्र स्तर पर, नए निर्यात ऑर्डर सीरीज की शुरुआत के बाद से सबसे तेज गति से बढ़े। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ पैनलिस्टों ने इसका श्रेय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्यह्रास के कारण बेहतर प्रतिस्पर्धा को दिया। महीने के दौरान मार्जिन में भी सुधार हुआ क्योंकि लागत मुद्रास्फीति मार्च के स्तर के अनुरूप थी, लेकिन कीमतें कुछ तेजी से बढ़ीं।

एचएसबीसी की रिपोर्ट में कहा गया कि विकास के 100 संकेतकों के हमारे फ्रेमवर्क से पता चलता है कि मार्च तिमाही पिछली दो तिमाहियों की तुलना में बेहतर है, लेकिन जून 2024 से काफी नीचे है। फसल कटाई के बाद ग्रामीण मांग और मौद्रिक नीति में ढील से विकास को समर्थन मिलने की संभावना है।

# चीन पर आयात शुल्क में कमी के संकेत से चढ़ा बाजार

■ सेंसेक्स 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,116.49 अंक पर ■ निफ्टी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24328.95 अंक पर रहा

**मुंबई,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किए जाने के संकेत से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार लागातार सातवें कारोबारी सत्र में लंबी छलांग लगाकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 520.90 अंक अर्थात 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ करीब सत्रह सप्ताह के उच्चतम स्तर एवं 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,116.49 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 18 दिसंबर 2024 को यह 80,182.20 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 161.70 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24328.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.94 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,660.36 अंक और स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत चढ़कर 49,272.64 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2078 में लिवाली जबकि 1873 में बिकवाली हुई वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2931 कंपनियों में से 1516 में तेजी जबकि 1340 में गिरावट रही वहीं 75 में टिकाव रहा।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, श्री ट्रम्प ने संकेत दिया कि उनकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष को हटाने की कोई योजना नहीं है, जिससे मौद्रिक नीति की स्थिरता को




लेकर बनी अनिश्चितता कम हुई। इसके साथ ही उन्होंने चीन पर लगाए गए टैरिफ को कम करने की संभावनाएं भी जताईं। इससे वैश्विक आर्थिक तनावों को कम करने की उम्मीद जगी और इससे बाजारों में तेजी देखने को मिली। निवेशकों को उम्मीद है कि अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों में संभावित नरमी से वैश्विक व्यापार और निवेश पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

इससे बीएसई में वित्तीय सेवाएं, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और बैंकिंग में 0.94 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान फोकस्ड आईटी 4.25, आईटी 4.00, टेक 3.10, ऑटो 2.34, कमोडिटीज 0.11, सीडी 1.02, ऊर्जा 0.18, एफएमसीजी 0.47, हेल्थकेयर 0.96, इंडस्ट्रियल्स 0.84, दूरसंचार 0.51, यूटिलिटीज 0.83, कैपिटल गुड्स 1.03, धातु 0.78, तेल एवं गैस 0.10, पावर 0.97, रियल्टी 1.37 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.85 प्रतिशत उछल गए।

इस दौरान सेंसेक्स की 24 कंपनियों में तेजी जबकि अन्य छह में गिरावट रही। एचसीएल टेक 7.72, टेक महिंद्रा 4.63, टाटा मोटर्स 4.59, इंफोसिस 3.69, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.56, टीसीएस 2.84, सन फार्मा 2.38, टाटा स्टील 2.17, भारती एयरटेल 1.60, मारुति 1.42, एलटी 1.22, नेस्ले इंडिया 1.18, बजाज फिनसर्व 1.06, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.96, एनटीपीसी 0.93, एशियन पेंट 0.79, इंडसइंड बैंक 0.79, इटरनल 0.74, पावरग्रिड 0.74, रिलायंस 0.69, आईसीआईसीआई बैंक 0.56, अडानी पोर्ट्स 0.51, प्रतिशत लाभ में रहे। वहीं, एचडीएफसी बैंक 1.98, कोटक बैंक 1.80, एसबीआई 1.11, एक्सिस बैंक 0.87, आईटीसी 0.68 और अल्ट्रासिम्को के शेयरों ने 0.10 प्रतिशत नुकसान उठाया।

## इंडिगो ने श्रीनगर की उड़ानों पर कैंसलेशनव रिशेड्यूलिंग फीस की माफ

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की कम लागत वाली सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि कंपनी पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए श्रीनगर की उड़ानों पर कैंसलेशन और रिशेड्यूलिंग फीस माफ कर रही है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय पहलगाम में मौजूदा स्थिति के कारण हमारे ग्राहकों को होने वाली चिंताओं और कठिनाइयों के कारण लिया गया है। एयरलाइन ने साथ ही कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में जिन लोगों को तत्काल सहायता की जरूरत है, उन्हें सहानुभूतिपूर्ण सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि श्रीनगर से और श्रीनगर के लिए यात्रा करने



वालों की सहायता के लिए, इंडिगो कैंसलेशन और रिशेड्यूलिंग फीस हटा रहा है। इंडिगो ने तत्काल प्रभाव से दिल्ली और मुंबई से श्रीनगर के लिए विशेष उड़ानें शुरू की हैं और भारत के विभिन्न हिस्सों से श्रीनगर से/के लिए 160 साप्ताहिक उड़ानों के नियमित शेड्यूल के अलावा इनका संचालन करेगी। एयरलाइन स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है और ग्राहकों की हरसंभव सहायता करने की कोशिश कर रही है।

इंडिगो ने कहा कि आपातकालीन स्थिति को देखते हुए, हमने किराए को नियंत्रित रखने के लिए कदम उठाए हैं।

# वनस्पति तेल, गुड़-चीनी, चना व दाल चना महंगी

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में वनस्पति तेल, गुड़, चीनी, चना और दाल चना महंगी हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.25 सेंट की बढ़त लेकर 48.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में वनस्पति तेल में 1630 रुपये प्रति क्विंटल की उछाल को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपए और गुड़ 150 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# भारत में औद्योगिक व वेयरहाउसिंग की मांग 2025 की पहली तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ी

**बेंगलुरु,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के टॉप आठ शहरों में 2025 की पहली तिमाही में औद्योगिक और वेयरहाउसिंग की मांग 9 मिलियन वर्ग फीट पर मजबूत बनी रही, जिसमें सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई ने मांग में बढ़त हासिल की, जो मिलाकर पहली तिमाही में कुल लीजिंग का लगभग 57 प्रतिशत था।

कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में ग्रेड ए औद्योगिक और वेयरहाउसिंग स्पेस की मांग में शानदार वृद्धि दर्ज की गई। टॉप आठ शहरों में, इंजीनियरिंग क्षेत्र ने इस तिमाही में मांग को आगे बढ़ाया, जिसने कुल औद्योगिक और वेयरहाउसिंग स्पेस में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान दिया, इसके बाद ई-कॉमर्स ने 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। इन दोनों क्षेत्रों ने हमेशा सबसे आगे



■ दिल्ली-एनसीआर व चेन्नई ने की मांग में बढ़त हासिल

रहने वाले थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) प्लेयर्स की मांग को भी पीछे छोड़ दिया।

रिपोर्ट में बताया गया है कि चेन्नई और बेंगलुरु में इंजीनियरिंग क्षेत्र में रहने वालों की ओर से मजबूत रुझान देखा गया, जबकि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में ई-कॉमर्स कंपनियों की ओर से मांग दर्ज की गई।

विजय गणेश ने कहा कि ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भी 1.3 मिलियन वर्ग फीट में ग्रेड ए औद्योगिक और वेयरहाउसिंग स्पेस खरीदा है। ये समग्र विकास के स्वस्थ संकेत हैं, जो बड़े स्तर पर मांग को दर्शाते हैं।

तिमाही के दौरान इंजीनियरिंग और ई-कॉमर्स कंपनियों ने लीजिंग के बड़े हिस्से में अपना योगदान दिया, जो कुल मांग का लगभग 46 प्रतिशत था। 2025 की पहली तिमाही में लगभग 2.2 मिलियन वर्ग फीट लीजिंग के साथ, इंजीनियरिंग फर्मों ने ग्रेड ए औद्योगिक और वेयरहाउसिंग मांग का लगभग एक-चौथाई हिस्सा लिया। चेन्नई और बेंगलुरु में मजबूत मांग के कारण इस क्षेत्र में वार्षिक आधार पर लीजिंग एक्टिविटी में 2 गुना से अधिक वृद्धि देखी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स में भी करीब 2 मिलियन वर्ग फीट लीजिंग देखी गई, जिसमें दिल्ली-एनसीआर और मुंबई का सबसे बड़ा योगदान रहा। 2025 की पहली तिमाही के दौरान 2,00,000 वर्ग फीट से ऊपर के बड़े सौदे 4.3 मिलियन वर्ग फीट की मांग के साथ 48 प्रतिशत के बराबर थे।

## सार संक्षेप

### प्योर की 400 करोड़ रुपए के निवेश की योजना

**नई दिल्ली।** ऊर्जा भंडारण उत्पाद और दुपहिया इलेक्ट्रिक वहन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, प्योर ने बुधवार को घोषणा की कि वह डेढ़ से तीस साल में ऊर्जा भंडारण उत्पादों के विकास और निर्माण के क्षेत्र में 400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस निवेश का उद्देश्य बैटरी और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और इन-हाउस फ़र्मवेयर क्षमताओं का विस्तार करना है। इसके बाद उसकी क्षमता मौजूदा 250 मेगावाट/घंटा (मेवा/घंटा) से बढ़कर 2.5 हजार मेगावाट/घंटा हो जाएगी। कंपनी ने इस अवसर पर बैटरी आधारित पांच मेगावाट प्रति घंटा (एमडब्ल्यूएच) ग्रिड स्टोरेज उत्पाद, प्योरपावर ग्रिड बाजार में प्रस्तुत करने की घोषणा की। कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा कि हमने बैटरी प्रौद्योगिकी और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में अपनी गहन विशेषज्ञता का उपयोग ग्रिड के स्तर के उत्पाद के निर्माण के लिए किया है जो शक्तिशाली, इंटेलीजेंट और किफायती है।

### स्विगी को लिस्टिंग के बाद से पहली बार सेल रेटिंग मिली

**नई दिल्ली।** स्विगी लिमिटेड को नवंबर 2024 में लिस्टिंग के बाद से पहली बार सेल रेटिंग मिली है। विश्लेषकों ने फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स दोनों ही सर्विस में स्विगी की खराब होती स्थिति को लेकर चिंता जताई है। एम्बिट कैपिटल की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, स्विगी ने इन सेक्टर में अपनी शुरुआती बढ़त खो दी है और अब यह फूड डिलीवरी में दूसरे और क्विक कॉमर्स में तीसरे स्थान पर है। एम्बिट कैपिटल ने स्विगी के कवरेज की शुरुआत सतर्क दृष्टिकोण के साथ की और प्रति शेयर 310 रुपए का टारगेट प्राइस निर्धारित किया। इससे कंपनी के आखिरी कारोबार मूल्य से 20 प्रतिशत से ज्यादा की संभावित गिरावट का संकेत मिलता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फूड डिलीवरी सेगमेंट में स्विगी अब अपने प्रतिस्पर्धी जोमैटो से पीछे है। जोमैटो की एक बड़ी पहुंच है, ज्यादा यूजर्स हैं और ऑर्डर वॉल्यूम भी ज्यादा है। स्विगी की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट की गति धीमी हो गई है।

### मिल्की मिस्ट और मिल्कलेन की साझेदारी

**नई दिल्ली।** इनोटेरा के डेयरी और पशु आहार व्यवसाय मिल्कलेन ने भारत के अग्रणी और नवोन्मेषी डेयरी ब्रांडों में से एक मिल्की मिस्ट के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि इस गठजोड़ का उद्देश्य मिल्की मिस्ट के बढ़ते मूल्य-वर्द्धित उत्पादों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला, पूरी तरह से ट्रेसेबल दूध सुनिश्चित करना है। मिल्कलेन प्रीमियम दूध की आपूर्ति के लिए अपने किसानों के मजबूत नेटवर्क और कठोर गुणवत्ता नियंत्रण से काम लेगी, जबकि मिल्की मिस्ट उन्नत डेयरी उत्पादों की आपूर्ति के लिये अपनी एडवांस्ड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी और बाजार की पहुंच का इस्तेमाल करेगी। इस साझेदारी के तहत मिल्कलेन तीन वर्षों से अधिक समय तक प्रतिदिन 100 किलोलीटर प्रीमियम दूध की आपूर्ति करेगा।

# जिला मुख्यालय में शव परीक्षण के लिए नहीं है स्वीपर

**कोण्डागांव, 23 अप्रैल (देशबन्धु)।** जिला मुख्यालय कोण्डागांव में षव परीक्षण के लिए विगत कई माह से स्वीपर नहीं होने से मृतक के परिजनों को षव परीक्षण के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहे होने का मामला सामने आया है।

23 अप्रैल को सूचना मिली कि जिला मुख्यालय कोण्डागांव में संचालित जिला अस्पताल के समीप षव परीक्षण हेतु बने भवन के सामने पेड़ की छांव में कई ग्रामीणजन एवं कुछ पुलिस कर्मी बैठे हुए नजर आ रहे है जो स्वीपर के आने का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उक्त जानकारी पर जब प्रेस प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तो दो ग्रामों के ग्रामीणजनों से ज्ञात हुआ कि दो मामलों में हुई मौतों पर 23 अप्रैल को दो षवों का षव परीक्षण किया जाना है और वे विगत कुछ घण्टे से अपने मृतकों के षवों का परीक्षण किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। पहले तो उन्हें लगा कि षव परीक्षण हेतु डॉक्टर का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि षव परीक्षण के लिए डॉक्टर तो उपलब्ध है, लेकिन डॉक्टर के सहयोग के लिए स्वीपर विगत कई माह से जिला मुख्यालय में नहीं है, जब कभी षव परीक्षण करना होता है तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी में पदस्थ स्वीपर को बुलाया जाता है, जिस कारण मुतक के परिजनों को षव परीक्षण के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।


## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHWETA SANNAD D/O YOGESH SANNAD resident of FLAT NO 23 A BLOCK HOUSE NO. 255, GALI NUMBER G-39, NEAR SHIV VATIKA, ANMOL SUPER MARKET, MAHAVIR NAGAR RAIPUR (C.G.) PIN 492001 have changed my old name SHWETA SANNAD D/O YOGESH SANNAD so in future I should be recognized by my new name that is SHWETA SANNAD MANGTANI W/O VISHAL KUMAR MANGTANI in all Government and other documents.

**SHWETA SANNAD MANGTANI**
FLAT NO 23 A BLOCK HOUSE NO. 255, GALI NUMBER G-39, NEAR SHIV VATIKA, ANMOL SUPER MARKET, MAHAVIR NAGAR RAIPUR (C.G.) PIN 492001

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VIKARANT SAHU S/O KHOOBIRAM SAHU resident of HOUSE NO. 492, SAHU PARA TATIBANDH RAIPUR TAHSIL & DISTT RAIPUR (C.G.) have changed my old name VIKARANT SAHU S/O KHOOBIRAM SAHU so in future I should be recognized by my new name that is VIKRANT SAHU S/O KHOOBIRAM SAHU in all Government and other documents.

**VIKRANT SAHU**
HOUSE NO. 492, SAHU PARA TATIBANDH RAIPUR TAHSIL & DISTT RAIPUR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PRASANTA KARA S/O DEVRAJ KARA resident of B-70, RAJDHANI VIHAR SADDU RAIPUR. DISRTICT- RAIPUR, 492014 (C.G.) have changed my old name PRASANTA KARA S/O DEVRAJ KARA so in future I should be recognized by my new name that is PRASANTA KUMAR KARA S/O DEVRAJ KARA in all Government and other documents.

**PRASANTA KUMAR KARA**
B-70, RAJDHANI VIHAR SADDU RAIPUR. DISRTICT- RAIPUR, 492014 (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NARSING PATEL S/O BHAGIRATHI PATEL resident of HOUSE NO. 74/2, MUKHYA BASTI SOUTH EAST, REGDA, VILLAGE REGADA DISTT RAIGARH PO. SAMBALPURI (C.G.) 496001 have changed my old name NARSING PATEL S/O BHAGIRATHI PATEL so in future I should be recognized by my new name that is NARSINGH PATEL S/O BHAGIRATHI PATEL in all Government and other documents.

**NARSINGH PATEL**
HOUSE NO. 74/2, MUKHYA BASTI SOUTH EAST, REGDA, VILLAGE REGADA DISTT RAIGARH PO. SAMBALPURI (C.G) 496001

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, HEENA NAGRANI D/O PRAMOD KUMAR RELWANI resident of H NO 21 CAPITAL CITY PHASE 1 NEAR AMBUJA MALL VIDHAN SABHA ROAD SARDHOO (SADHU) SADDU RAIPUR (C.G) 492014 have changed my old name HEENA NAGRANI D/O PRAMOD KUMAR RELWANI so in future I should be recognized by my new name that is HEENA RELWANI W/O DEEPAK NAGRANI in all Government and other documents.

**HEENA RELWANI**
H NO 21 CAPITAL CITY PHASE 1 NEAR AMBUJA MALL VIDHAN SABHA ROAD SARDHOO (SADHU) SADDU RAIPUR (C.G) 492014

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KHADIJA MUSTAFA MIYAJIWALA D/O MUSTAFA MIYAJIWALA resident of JOHAR MANSION INFRONT OF POPULAR PAINT FACTORY AMANAKA RAIPUR 492010 (C.G.) have changed my old name KHADIJA MUSTAFA MIYAJIWALA D/O MUSTAFA MIYAJIWALA so in future I should be recognized by my new name that is KHADIJA MAIMUN W/O ALI ASGAR MAIMUN in all Government and other documents.

**KHADIJA MAIMUN**
JOHAR MANSION INFRONT OF POPULAR PAINT FACTORY AMANAKA RAIPUR 492010 (C.G.)


### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202504110200075/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-रायपुरखास, प.ह.नं. 62
रायपुर, दिनांक 15.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 01. श्रीमती जंवतीन जंघेल पति स्व. श्री पंचूराम जंघेल, 02. भुनेश्वर जंघेल, 03. श्रवण जंघेल, 04. हरिनारायण जंघेल पिता पुसऊ लोधी सभी निवासी लोधी पारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के अंतर्गत पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुर खास प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 20, प्लाट नंबर 37 रकबा 1720 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के ससुर, दादा एवं परदादा रामप्रसाद पिता चैनू जंघेल के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार रामप्रसाद पिता चैनू जंघेल की मृत्यु दिनांक 20.04.2009, श्रीमती तुलसी जंघेल पति स्व. रामप्रसाद की मृत्यु दिनांक 02.02.1965 को, धनसाय लोधी की मृत्यु दिनांक 28.12.1999, पंचू राम जंघेल की मृत्यु 11.01.2022, को पुसउ लोधी की मृत्यु दिनांक 15.12.2011 को तथा श्रीमती अमरौतीन बाई की मृत्यु दिनांक 31.12.2011 को हो चुका है। उनके मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान आवेदकगण ही है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदित भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.अ/-6/वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रमेश्वरी जौजे गोवर्धन केंवट निवासी ग्राम खुड़मुड़ी तहसील भिंभौरी जिला-बेमेतरा द्वारा, ग्राम खुड़मुड़ी प.ह.नं. 10 तहसील भिंभौरी जिला-बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 31 रकबा 0.50 हे. जो राजस्व अभिलेख में वर्तमान में सुशील पिता बसंत वगैरह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदिका द्वारा पंजीकृत बैनामा के माध्यम से दिनांक 17.02.1992 के माध्यम से विक्रेता घनश्याम पिता रघुवरदयाल वगैरह से क्रय कर शांतिपूर्वक काश्त काबिज है। आवेदिका द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 25.04.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202504110200077/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-शंकर नगर, प.ह.नं. 110/63
ग्राम-शंकर नगर, प.ह.नं.-110/63
रायपुर, दिनांक 22.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मीत मानसाता पिता आर.डी. मानसाता निवासी फ्लैट नंबर बी 503, प्रेरणा अंगम, अहमदाबाद गुजरात द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक सी-02, रकबा 0.014 हे. अर्थात 1500 वर्गफुट भूमि को आवेदक के पिता आर.डी. मानसाता पिता श्री देवकरण मानसाता द्वारा विक्रेता गायत्री गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.05.1999 के माध्यम से क्रय किया गया था। उक्त भूमि के क्रेता आवेदक के पिता आर.डी. मानसाता की मृत्यु दिनांक 14.12.1996 को हो चुका है, उनके मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में पत्नी श्रीमती स्मिता मानसाता, पुत्र मीत मानसाता एवं पुत्री वडेरा भुमिका है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। अतएव उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदित भूमि को वारिसान हक में मृतक क्रेता के विधिक वारिसानो को नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202504110800067/अ-6/2024-25
ग्राम-गोंदवारा प.ह.नं. 37
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण 01. पद्मा देशकर पति स्व. अरूण देशकर, 02. विशाल देशकर, 03. प्रशांत देशकर, 04. सुवर्णा देशकर पति सौरभ देशकर पिसरान स्व. अरूण देशकर सभी निवासी ए-40, सेक्टर-01, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदिकागण के पति/पिता स्व. अरूण देशकर पिता पी.जी. देशकर के नाम पर ग्राम गोंदवारा, प.ह.नं. 37, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 134/2 रकबा 0.1050हे. अर्थात 11325 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार स्व. अरूण देशकर पिता पी.जी. देशकर की मृत्यु दिनांक 30.11.2024 को हो गयी है। मृतक खातेदार स्व. अरूण देशकर पिता पी.जी. देशकर के विधिक वारिसानगण 01. पद्मा देशकर पति स्व. अरूण देशकर, 02. विशाल देशकर, 03. प्रशांत देशकर, 04. सुवर्णा देशकर पिसरान स्व. अरूण देशकर है, अन्य कोई नहीं। अतः आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार स्व. अरूण देशकर पिता पी.जी. देशकर का नाम विलोपित्त कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अतः आवेदिकागण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.05.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202504110800073/अ-6/2024-25
ग्राम-तेलीबांधा, प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.04.2025

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202504120600001/अ/27 वर्ष 2024-25
ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42
तहसील व जिला महासमुंद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत पिता नारायण लाल जाति तेली निवासी ग्राम महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद के द्वारा खाता विााजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद में भूमि खसरा नंबर 2024/16, 2089/9, 2089/11, 2089/12, 2089/13, 2089/14 रकबा 0.016, 0.090, 0.040, 0.060, 0.004, 0.050 हे. कुल खसरा नंबर 06 कुल रकबा 0.260 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में भागवत उमाशंकर पिता नारायण लाल के नाम से संयुक्त खाते पर दर्ज चला आ रहा है। उक्त कृषि भूमि पैतृक काश्तकारी भूमि है। वर्तमान में उक्त भूमि का सभी खातेदार आपसी सहमति से खाता विभाजन करना चाहते है, शासन की मूलभूत सुविधा का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु उक्त भूमि का खाता विभाजन किया जाना आवश्यक है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमिस्वामी हक की शामिलात खाते की पैतृक हक की भूमि को खाता विभाजन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत:उक्त संबंध में जिस किसी को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 24.04.2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार महासमुंद**

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर ( छ.ग. )**

**फार्म अ**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री हर्षल वर्मा पिता श्री दुष्यंत वर्मा निवासी 4/1130 होम्योपैथिक कालेज के सामने रामकुण्ड जिला रायपुर एवं कु. निधि सुकदेवे पिता श्री दिनेश सुकदेवे निवासी वार्ड नं. 14 आमापारा जिला बालोद ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 17 मई, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 17 अप्रैल, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी रायपुर**

**आम सूचना**

(ग्राम अमावस पटवारी हल्का नंबर 54, तहसील व जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ स्थित भूमि के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. श्रीमती ठकुराईन पति स्व. श्री अनंद राम 2. पुरईन 3. रूखमणी 4. निलमणि उर्फ निर्मला पिसरान स्व. श्री अनंद राम निवासी वार्ड नंबर 10, तुमगांव, महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नंबर 551 रकबा 0.200 हेक्टेयर वाके ग्राम अमावस पटवारी हल्का नंबर 54, राजस्व निरीक्षक मंडल तुमगांव, तहसील व जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ में स्थित है, को क्रय करने का मौखिक पक्का सौदा किया गया है। स्वत्व एवं भार मुक्ता जांच पश्चात् बैनामा पंजीयन की कार्यवाही की जावेगी।

अत: उक्त भूमि के सौदे विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, आम सूचना का खण्डन मात्र आपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगा। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष मे करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक 22.04.2025
स्थान रायपुर छ.ग.

**भवदीय**
**नितीन खाखरिया, अधिवक्ता**
**पता एस.एफ.-62, द्वितीय तल समवेत शिखर काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़**
**मो. नं. 8962222586**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग**
**रायपुर मण्डल क्रमांक 2 ( छत्तीसगढ़ )**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना** दिनांक 17.04.2025

निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। एनआईटी क्रं. 02 से 10. (प्रथम आमंत्रण) तक निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 06.05.2025 है, एवं एनआईटी क्र. 11 (प्रथम आमंत्रण) हेतु निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि 28.04.2025 तक है।

| एन.आई.टी. क्रं/ निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में ) |
|---|---|---|
| 1 NIT NO. 02 Tender No. 167108 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अतर्गत व्यव्हार न्यायालय भटगांव के न्यायिक अधिकारी के लिये 01 नग एफ-टाईप शासकीय आवासगृह का निर्माण कार्य। | रू. 35.28 लाख |
| NIT NO. 03 Tender No. 167109 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत व्यव्हार न्यायालय बिलाईगढ़ के नग एफ-टाईप शासकीयन्यायिक अधिकारी के लिये 01 आवासगृह का निर्माण कार्य। | रू. 35.28 लाख |
| NIT NO. 04 Tender No. 167110 | जिला जेल धमतरी परिसर में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य। | रु. 52.28 लाख |
| NIT NO. 05 Tender No. 167111 | जिला धमतरी के शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में 03 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | रू. 49.88 लाख |
| NIT NO. 06 Tender No. 167113 | जिला महासमुंद के विकासखंड महासमुंद ग्राम पासिद में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। | रु. 67.47 लाख |
| NIT NO. 07 Tender No 167115 | जिला महासमुंद के विकासखंड बागबाहरा में शासकीय हाईस्कूल भवन छुईया का निर्माण कार्य। | रु. 67.47 लाख |
| NIT NO. 08 Tender No. 167116 | जिला महासमुंद के विकासखंड बसना में शासकीय हाईस्कूल भवन बसना का निर्माण कार्य। | रु. 67.47 लाख |
| NIT NO. 09 Tender No. 167117 | जिला गरियाबंद के विकासखंड फिंगेश्वर के तर्रीघाट हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। | रू. 119.99 लाख |
| NIT NO. 10 Tender No. 167118 | जिला महासमुंद के विकासखंड बसना ग्राम देवरी में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। | रू. 67.47 लाख |
| NIT NO. 11 Tender No. 167119 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग क्रं.-1 महासमुन्द अन्तर्गत शासकीय हाईस्कूल भवन सोरिद का निर्माण कार्य। | रु. 67.44 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल दस्तावेजों के लिफाफे में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई डी का अनिवार्य रूप से उल्लेख करें।

**आपकी थी चाह, हमने बनाई राह**

**अधीक्षण अभियंता, लो.नि.वि.,रायपुर मण्डल क्रं.02 ( छ.ग. )**

**जी-252600386**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**राजस्व मामले की नोटिस**

**रा.प्र.क्रं. 202408210200007**
**अ-27 वर्ष 2023-24**
**ग्राम पैसर प.ह.नं. 48 तहसील लवन,**
**पक्षकार ओमप्रकाश पिता भानुप्रताप विरूद्ध शांति बाई पिता स्व. विशेसर वगैरह**

प्रति, श्रीमती शांति बाई पिता स्व. विशेसर पति शोभनाथ जाति केवट निवासी ग्राम देवरघटा तहसील पामगढ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग., श्रीमती पीला बाई पिता स्व. विशेसर जाति केवट निवासी ग्राम भुईगांव तहसील पामगढ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग., गौरीशंकर पिता छविलाल जाति केवट निवासी ग्राम पैसर तहसील लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग., श्रीमती रूखमणी पिता छविलाल पति विष्णु प्रसाद केवट निवासी मिरचीत तहसील बिलाईगढ जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग., श्रीमती राधिका पिता छविलाल पति पूनम केवट निवासी ग्राम सुडहेला तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग., श्रीमती गीता पिता छविलाल पति अजय जाति केवट निवासी ग्राम पोरथा तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

एतद द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी ओमप्रकाश पिता भानुप्रताप जाति केंवट निवासी ग्राम पैसर तहसील लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. एवं अन्य 04 द्वारा अपने अधिवक्ता श्री अच्छेराम साहू के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार लवन के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202004211500003/अ-27 वर्ष 2019-20 पक्षकार गौरीशंकर वगैरह विरूद्ध भानूप्रताप में पारित आदेश दिनांक 14.06.2024 के विरूद्ध छ.ग. भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें आप लोग उत्तरवादी के रूप में संयोजित होकर हितबद्ध पक्षकार है। उक्त प्रकरण आप लोगों की उपस्थिति हेतु दिनांक 16.05.2025 को नियत हैं अत: आप लोग प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 16.05.2025 को न्यायालय में प्रात: 11 बजे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने पर आप लोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**अ-2/2024-25**
**ग्राम लिमाही प.ह.नं. 17 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेश कुमार ध्रुव पिता बालाराम निवासी ग्राम लिमाही तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम लिमाही प.ह.न. 17 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नं. 324/1 रकबा 0.5000 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि में से रकबा 0.0400 हे. को आवेदक द्वारा व्यावसायिक प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 14.05.2025 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**अ-2/2024-25**
**ग्राम लिमाही प.ह.नं. 17 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश कुमार पिता बालाराम ध्रुव निवासी ग्राम लिमाही तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम लिमाही प.ह.नं 17 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नं. 324/2 रकबा 0.5000 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि मे से रकबा 0.0400 हे. को आवेदक द्वारा व्यावसायिक प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 14.05.2025 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**अ-2/2024-25**
**ग्राम लिमाही प.ह.नं. 17 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश ध्रुव पिता बालाराम ध्रुव निवासी ग्राम लिमाही तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम लिमाही प.ह.नं. 17 तहसल बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नं. 324/3 रकबा 0.4900 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि में से रकबा 0.0400हे. को आवेदक द्वारा व्यावसायिक प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 14.05.2025 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार**

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प.क्र....अ/6 वर्ष 2024-25**
**ग्राम- भाटापारा प.ह.न. 11 तह. भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक मनीष झंवर पिता भीखमचंद निवासी संजय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा के व्दारा मातादेवालय वार्ड भाटापारा के नाम पर ग्राम भाटापारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटापारा में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 8/60 रकबा 0.0180 हे (1926 वर्ग फुट) भूमि भूमि को विक्रेता / अनावेदक राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता बिसाहू प्रसाद अग्रवाल निवासी श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा से पंजीकृत बैनामा व्दारा दिनांक 20/08/2019 को बाजार बैनामा कीमति राशि 8,16,000/-अक्षरी आठ लाख सोलह हजार रूपये में कय किये जाने से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र मय पंजीकृत विकय-पत्र विलेख की छाया प्रति के साथ आवेदन पेश किया है। तत्ससबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, तथा सुनवाई हेतु दिनांक 07/05/25 को नियत है।

उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 07/05/25 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/04/25 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया ।

सील **तहसीलदार भाटापारा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र..... अ/2, वर्ष, 2024-25**
**वाद भूमि ग्राम संकरी प.ह.नं. 06**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम संकरी. प.ह.नं. 06 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक रुपनारायण साहू पिता प्रभूराम साहू निवासी ग्राम तरेंगा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम संकरी प.ह.नं. 06 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 338/3 रकबा 0.2000 हे. भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नंबर 338/3 रकबा 0.2000 हे. में से रकबा 0. 0464 हे.. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 30/04/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 16/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा संहित जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा**

# आतंकी हमले के दौरान छत्तीसगढ़ के चार दोस्त परिवार के साथ पहलगाम में थे मौजूद

## भाजपा पार्षद ने पति और बच्चों के साथ लॉज में छिपकर बचाई जान




चिरमिरी, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों ने अपनी जान गंवा दी. हमले के दौरान मौके पर मौजूद रहीं चिरमिरी की पार्षद पूर्वा स्थापक अपने पति, बच्चों और मित्र मंडली के साथ लॉज में छिपकर जान बचाने में कामयाब रहीं. अब सभी सुरक्षित श्रीनगर पहुंच गए हैं.

चिरमिरी के रहने वाले शिवांश जैन की मां ने बताया कि उनका बेटा अपने मित्र मंडली - कुलदीप स्थापक, अरविंद अग्रवाल, हैप्पी बधावान, उनकी पत्नी और बच्चों के साथ घूमने के लिए पहलगाम गए थे. इनमें से कुलदीप स्थापक की पत्नी पूर्वा स्थापक चिरमिरी नगर निगम में भाजपा से वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद हैं.

शिवांश की मां ने बताया कि आतंकवादी हमले के समय सब वहीं मौजूद थे. हमला होते ही सब लॉज की ओर भागकर अपनी जान बचाई. अब वहां से इन सबको सुरक्षित लाया जा रहा है. शिवांश की मां ने बताया कि घटना की सूचना साढ़े तीन बजे मिली. बात हुई है कि सब सुरक्षित होटल में हैं. वहीं इनके दोस्त से फोन में बात हुई. 9 बजे फोन किए तो बताया कि महिला-पुरुष को अलग-अलग सुरक्षित श्रीनगर पहुंचाया गया है

## बिलासपुर निगम के मुख्य अभियंता और मैनेजर भी परिवार के साथ थे मौजूद



बिलासपुर। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के दौरान बिलासपुर के दो परिवार भी मौजूद थे. आतंकी हमले से बचा परिवार अब वापस लौटने की तैयारी कर रहा है. परिवार की एक सदस्य ने पूरा वाकया बयान किया.

बिलासपुर नगर निगम के मुख्य अभियंता राजकुमार मिश्रा और मैनेजर चन्द्रशेखर साहू श्रीनगर में ट्रेनिंग के बाद 21 अप्रैल की रात परिवार के साथ पहलगाम पहुंचे थे. 22 अप्रैल को बैसरन जाने की योजना थी, लेकिन हमले की खबर के बाद प्लान बदल दिया. मुख्य अभियंता ने बताया कि जहां आतंकियों ने हमला किया, वहां जाना मुश्किल था. घटना के बाद अब दोनों परिवार वापस लौटने की तैयारी कर रहे हैं.

# छत्तीसगढ़ को मिलेंगे दो जेब्रा

- अंबानी ग्रुप के वन तारा जू पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप,
- जानवरों की अदला-बदली पर हुई चर्चा




**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। गुजरात के जामनगर स्थित अंबानी समूह के वन तारा जू सेंटर से दो जेब्रा छत्तीसगढ़ लाए जाएंगे. चर्चा है कि इसके बदले छत्तीसगढ़ से भी कुछ जानवर वन तारा जू के लिए भेजा जाएगा. वन तारा जू प्रबंधन के आमंत्रण पर राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप आज जामनगर पहुंचे हैं. उनके साथ एपीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) प्रेम कुमार समेत दूसरे अधिकारी भी दौरे पर हैं. वन मंत्री केदार कश्यप ने इस दौरान वन तारा जू का जायजा लिया और वहां के विशेषज्ञों से बातचीत भी की है. खबर है कि राज्य का वन विभाग वन तारा जू से कुछ तकनीकी सहयोग पर भी बातचीत कर रहा है.

गौरतलब है कि राजधानी रायपुर के जंगल सफारी से जानवरों को वन तारा ले जाने संबंधी एक पत्र पूर्व में राज्य को भेजा गया था. तब इस पर सहमति नहीं बन पाई थी. मगर बाद में खबर आई कि जानवरों की अदला-बदली को लेकर सहमति बन गई है और छत्तीसगढ़ वन विभाग दुर्लभ सफेद भालू समेत अन्य जानवरों को वन तारा जू के लिए देने पर राजी हो गया है. वन तारा जू का जायजा लेने के पहले राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप ने गुजरात के वन एवं पर्यावरण मंत्री मुलुभाई बेरा से मुलाकात की है.

रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी काम्पलेक्स के ग्रीन बेल्ट में वन तारा जू के लिए 3000 एकड़ जमीन दी गई है. इस इलाके को हरे-भरे जंगल की तरह विकसित किया गया है. दावा किया जाता है कि इस जू द्वारा 200 से ज्यादा हाथियों समेत अन्य कई जानवरों को बचाया गया है. इनमें हर तरह के पशु, पक्षी और सरिसृप शामिल हैं. गेंडे, चीते, मगरमच्छ समेत कई तरह की प्रजातियों का पुनर्वास किया गया है. वन तारा में हाथियों के लिए विशेष शेल्टर बनाया गया है. यहां हाथियों के जकूजी तथा मसाज जैसी सुविधाएं हैं. इसके अलावा वन तारा में एक्सरे मशीन, हाइड्रोलिक पुली और क्रेन, हाइड्रोलिक सर्जिकल टेबल और हाइपरबेरिक ऑक्सीजन चेंबर और हाथियों के उपचार के लिए अन्य सुविधाएं मौजूद हैं. यह करीब 25 हजार वर्गफीट में फैला है. अन्य जानवरों के लिए भी 650 एकड़ में पुर्नवास केंद्र और एक लाख वर्गफीट का अस्पताल भी बनाया गया है. वन तारा के रेस्क्यू सेंटर और रिहैब सेंटर के लिए करीब 2100 लोगों का स्टाफ है. वन तारा जू में दो हजार से ज्यादा जानवरों का पुनर्वास किया गया है

# खल्लारी-ओंकारबन्द के जंगल में तेंदुआ एवं गौर का शिकार करने वाले दो आरोपी रंगेहाथ गिरफ्तार



**बागबाहरा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। बागबाहरा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 182 खल्लारी - ओंकारबन्द के जंगल में तेंदुआ एवं गौर का शिकार करने वाले दो आरोपियों को वन विभाग ने दो दिनों के भीतर रंगेहाथ पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में एक खल्लारी एवं एक ओंकारबन्द का युवक शामिल है। जो कई महीनो से जंगली जानवरो का शिकार करने में लगे रहते थे। दोनों आरोपी 11 केवी हाईटेंशन पोल से अवैध हुकिंग कर बिजली तार को जंगल में फैला कर वन्य प्राणियों का शिकार करते थे। पकड़े गए आरोपियों में मुकेश रावत (33 वर्ष) पिता चोवाराम रावत ग्राम खल्लारी थाना खल्लारी एवं मनोहर यादव (50 वर्ष) पिता फगुवा यादव ग्राम ओंकारबन्द थाना खल्लारी निवासी बताया गया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से जीआई तार 2.400 किग्रा, जंगली सूअर खीसा (अस्थता) एक नग लम्बाई 7 सेमी गोलाई 7 सेमी, कांच का शीशी 25 नग, लकड़ी की खूंटी 43 नग लम्बाई 75 सेमी गोलाई 5 सेमी, जंगली सूअर का ऊपरी जबड़ा एक नग, लोहे की कुल्हाड़ी जिसमे फाल की चौड़ाई 4 सेमी लम्बाई 13 सेमी, लकड़ी के बेट की लम्बाई 79 सेमी, जंगली सूअर का मांस पका हुआ गिलास सहित 430 ग्राम, जीआई तार 700 ग्राम, खरगोश का फंदा, 6 नग तार का 300 ग्राम, शाही जानवर का पंख कटा 25 नग लम्बाई 38 सेमी एवं पक्षी फंदा 1 नग तांत सफेद रंग को जप्त किया गया है। वन्य प्राणियों का शिकार करने वाले दोनों आरोपियों को दो दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिए जाने पर वन विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की जमकर प्रशंसा की जा रही है। आरोपियों को पकड़ने वन अमला दो दिनों से भीषण गर्मी में दिन-रात जुटे हुए थे। तभी मुखबीर के माध्यम से आरोपियों को पकड़ने में वन अमला को सफलता मिली है। जिसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

बागबाहरा के वरिष्ठ वन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार 21 अप्रैल को खल्लारी सर्किल के खल्लारी बीट के कक्ष क्रमांक 182 संरक्षित वन के भरत बंधिया के पास में एक नग नर गौर एवं एक नग नर तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया था। जिसकी प्रथम सूचना ग्राम खल्लारी के किशन चंद्राकर द्वारा सुबह सवा 8 बजे वनरक्षक दक्षिण खल्लारी को दिया गया। सूचना मिलते ही उक्त वनरक्षक द्वारा घटना स्थल में पहुंच कर एक घंटे तक तलाशी करने के बाद सुबह सवा 9 बजे के दौरान एक नग गौर एवं 10 मिनट बाद साढ़े 9 बजे 30 मीटर की दूरी में क नग नर तेंदुआ मृत अवस्था में मिला। तलाशी के दौरान वन अमला को एक तार मिला। जो पास की करंट प्रभावित लाइन से खिंचा गया था। यह तार जमीन से लगभग 30 सेमी ऊपर बिछाया गया था। और इसे जमीन में गड़े हुए खूंटी से बंधा गया था। जिसकी सूचना मुझे रेंजर को वनरक्षक खल्लारी द्वारा दी गई। मेरे द्वारा उप वनमंडलाधिकारी एवं वनमंडलाधिकारी महासमुंद को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग के उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंच कर बारीकी से जाँच पड़ताल कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित करने के बाद वनरक्षक खल्लारी द्वारा तैयार किया गया।



उसके बाद वन विभाग द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध प्रकरण 19942/01 दिनांक 21/04/2025 को जारी कर प्रकरण विवेचना में लेते हुए सम्बंधित व्यक्तियों के बयान लिए गए। उक्त नर तेंदुआ की उम्र लगभग 6 वर्ष जिसकी लम्बाई 190 सेमी, ऊंचाई 70 सेमी, मध्य गोलाई 80 सेमी, गर्दन की गोलाई 55 सेमी, दांत ऊपर 13 नग, दांत नीचे 11 नग, आगे पैर का नाखून दांया 5, बांया 5, पीछे पैर का नाखून दांया 4, बांया 4, तथा नर गौर की उम्र लगभग 7 वर्ष, जिसकी लम्बाई 275 सेमी, ऊंचाई 160 सेमी, मध्य गोलाई 240 सेमी, गर्दन की गोलाई 85 सेमी, पूंछ की लम्बाई 65 सेमी, दोनो सींग की लम्बाई 60 -60 सेंटीमीटर है। साक्ष्यों को नष्ट होने से बचाने के लिए घटना स्थल को घेर लिया गया था। तथा अन्य सबूत जुटाने के लिए तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कांच की बोतल और तार को बांधने के लिए उपयोग की गई खूंटी भी मिली। वन कर्मचारियों द्वारा उस तार का रास्ता पता लगाया गया। जो करंट प्रभावित लाइन से लेकर घटना स्थल तक बिछाया गया। आगे तलाशी के दौरान वनकर्मचारियों को एक स्थान ऐसा भी मिला जहाँ हाल ही में किसी व्यक्ति द्वारा खाना पकाया था। यह स्थान घटना स्थल से लगभग 700 मीटर की दूरी पर है जहाँ पर तार बिछाया गया था। जाँच के दौरान वह व्यक्ति जिसने हाल ही में खाना पकाया था स्वयं मौके पर आ गया। जाँच टीम को उसकी गति विधिया संदिग्ध लगी। जिसके चलते उससे आगे की पूछताछ जारी है। जाँच के दौरान आरोपियों को पकड़ने पुलिस विभाग की भी सहायता ली गई। पुलिस अधीक्षक महासमुंद द्वारा तत्काल पुलिस बल फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को उपलब्ध कराया गया। फॉरेंसिक टीम ने गौर और तेंदुआ के घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक तौर पर पुष्टि की गई। दोनों वन्य प्राणियों की मृत्यु का कारण विद्युत करंट लगने से हुई है। डॉग स्क्वाड ने भी मौके पर पहुंच कर जाँच किया गया। और जाँच प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसी दौरान सूचना प्राप्त होने पर मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव रायपुर भी घटना स्थल खल्लारी जंगल में पहुंचे। पोस्टमार्टम के लिए पशुचिकित्सकों की एक टीम को बुलाया गया। जिसमे 3 पशुचिकित्सक शामिल थे। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव रायपुर वनमंडलाधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा के अलावा वन कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। शव परीक्षण के दौरान पशु चिकित्सक द्वारा दोनों मृत वन्य प्राणियों के प्रमुख अंगो का नमूने लिए और महत्वपूर्ण टिप्पणियां दर्ज की। सभी नमूनों को सुरक्षित रूप से संरक्षित किया गया। शव परिक्षण उपरांत मृत नर गौर एवं नर तेंदुआ का शवदाह संस्कार मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव रायपुर वनमंडलाधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा के अलावा वन कर्मचारियों की उपस्थिति में घटना स्थल पर ही जला दिया गया। बहरहाल इस मामले के दोनों आरोपी खल्लारी निवासी मुकेश रावत एवं ग्राम ओंकारबन्द निवासी मनोहर यादव को गिरफ्तार कर और बारीकी से पूछताछ की जा रही है। ताकि अन्य मामले का भी खुलासा हो सके।

# विद्यार्थियों की समस्याओं से रूबरू हुए राज्यपाल



**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के विद्यार्थियों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। डेका ने उनकी सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधितों को निर्देश दिए।

- राज्यपाल डेका से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने की मुलाकात

राज्यपाल डेका को विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के अध्ययन शाला में पढ़ाई की समस्या, नियमित शिक्षकों की समस्या के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी, भ्रष्टाचार तथा विद्यार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी के संबंध में अवगत कराया गया और इस संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। डेका ने इस संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर कार्रवाई करने की बात कही। डेका ने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय में नियमित कक्षाओं की जानकारी ली और कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कक्षाएं संचालित करने तथा विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को निर्देश दिया जायेगा।

डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों से असहयोग या उन्हें धमकाने से संबंधित कोई भी बातें आती है तो उनकी जानकारी में लाया जाए। डेका ने विद्यार्थियों से संबंधित सभी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके उचित समाधान के निर्देश राजभवन सचिवालय के अधिकारी को दिए। डेका ने कहा कि जिन महान हस्ती के नाम पर यह विश्वविद्यालय है, यह ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के बेहतर संचालन हेतु विश्वविद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए।

# पीएसयूएस से परे खरीद को देखें, निजी भागीदारी को सक्षम करें : आर्मी

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। आर्मी ने रक्षा खरीद नियमावली (डीएमपी) में संशोधनों का सुझाव दिया है, जिस पर 2021 से रक्षा मंत्रालय द्वारा समीक्षा की जा रही है, ताकि इसे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयूएस) की ओर झुकाव को सुधारने और निजी उद्योग के लिए एक समान स्तर का मैदान सुनिश्चित करने के लिए सच्चे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा सके।



- लेवल प्लानिंग फिल्ड में कुछ ऐसे बदलाव जल्द ही होंगे जो उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप हों

उन्होंने कुछ प्रकार की निविदाओं में 'आवंटन' का विचार लाने की भी सिफारिश की ताकि समान गुणवत्ता के उत्पाद पेश करने वाले निविदाकर्ता भी काम प्राप्त कर सकें, यदि संख्या अधिक है और कम क्षमता वाला सबसे कम बोलीदाता है, लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह आउजिला, मास्टर जनरल सस्टेनेन्स, जो आर्मी की राजस्व खरीद की देखरेख करते हैं, ने सोमवार को पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कार्यक्रम में कहा।

लेफ्टिनेंट जनरल ने भारतीय सेना की राजस्व आवश्यकताओं पर पीएचडीष्टष्टढ्ढ के उद्योग संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ष्ठक्करूको पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। हम पिछले दो वर्षों से इस पर काम कर रहे हैं। हम नीति निर्माताओं को इस में संशोधन के लिए प्रेरित कर रहे हैं ताकि यह तेजी से अंतिम रूप में आए।

उन्होने कहा कि का अनुच्छेद 2.4.8 जो कि आग्नेयास्त्र फैक्ट्रियों और से खरीद से संबंधित है, सेना को मूल उपकरण निर्माताओं से दूर जाने से रोकता है।

हमारे लिए 80 फीसदी हमारे सामान द्वारा आपूर्ति किए जाते हैं उन्होंने सेना की राजस्व खरीद का संदर्भ देते हुए कहा। शाखा का वार्षिक खर्च 25,000 करोड़ से 30,000 करोड़ रुपये के बीच है, लेफ्टिनेंट जनरल ने बताया।

हम एक समान स्तर चाहते हैं हम प्रतिस्पर्धियों को चाहते हैं। हम दूर जाना चाहते हैं। भागीदारी और प्रतिस्पर्धी निविदा करने की प्रक्रिया में। जबकि प्रयास चल रहे हैं, प्रणाली ऐसी हैं कि इसमें समय लगता है। इसलिए हम उस परिवर्तन की अवधि में हैं। लेकिन बहुत जल्द आप लोगों को कुछ बदलाव, कुछ ऐसा माहौल दिखाई देगा जो आपकी आवश्यकताओं के अनुकूल हो उद्योग प्रतिनिधियों को सत्र में आशा देते हुए। लेफ्टिनेंट जनरल आउजिला ने कहा

इस संदर्भ में, उन्होंने यह भी कहा कि यह एक उपयोगकर्ता संचालित बाजार होना चाहिए, न कि विक्रेता संचालित बाजार।

# छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद आयोग के अध्यक्ष गौतम चौरड़िया को अशोका अवार्ड से किया गया सम्मानित

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति एवं वर्तमान में उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष गौतम चौरड़िया को न्यायपालिका में उनकी अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए अशोका अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें चार्ल्स वाल्टर्स कौंसिल फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च द्वारा प्रदान किया गया है, जो कि एसोसिएशन ऑफ इंडियन ब्यूरोक्रेट्स के सहयोग से आयोजित इंडिया इंटेलेक्चुअल कॉन्क्लेव 2025 के अवसर पर प्रदान किया गया।




बता दें कि यह भव्य कार्यक्रम 20 अप्रैल 2025 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जिसमें न्यायमूर्ति चौरड़िया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत 2047 विषय पर अपना सारगर्भित उद्बोधन भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में देश-विदेश से कई गणमान्य अतिथि और विशिष्ट हस्तियां मौजूद थीं, जिनमें शामिल थे-

न्यायमूर्ति एम. एल. मेहता (पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय) न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह (सेवानिवृत्त न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय) लीजा एनकोसिनाथी मंगकू (पूर्व परिवहन उप मंत्री, दक्षिण अफ्रीका) डॉ. अभिषेक वर्मा (उद्योगपति एवं राजनीतिक समन्वयक) लालाटियाना एकौचे (सेशेल्स के उच्चायुक्त) मोहम्मद मलीकी (राजदूत, मोरक्को) सामिया इसरत रोनी (राजनीतिक मंत्री, बांग्लादेश उच्चायोग) डॉ. आलोक गुप्ता (उप निदेशक, एनआईओएस) डॉ. विक गैफनी (लॉ स्कॉलर, ऑस्ट्रेलिया) डॉ. पीके राजपूत (पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कैडिला फार्मा) एडवोकेट आस्था मिश्रा (वकील, भारत का सर्वोच्च न्यायालय)

गौरतलब है कि इस सम्मान के जरिए न्यायमूर्ति चौरड़िया को न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता, जनहित और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए सराहा गया है। यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है और राज्य की न्यायिक सेवा की प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय मंच पर उजागर करता है।

# अवैध शराब पकड़ने पहुंची पुलिस टीम को ग्रामीणों ने घेरा

**कोरबा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों का जमकर गुस्सा फूटा है। दरअसल, अवैध शराब निर्माण और बिक्री की सूचना पर पुलिस की टीम बेचुल भाटा गांव पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। ग्रामीणों का आरोप है कि उरगा पुलिस टीम शराब मिलने पर मात्रा बढ़ाकर जप्त करने की धमकी देती है और कार्रवाई से बचाने के नाम पर बड़ी रकम वसूलती है।

- मोटी रकम वसूलने के लगाए आरोप

पुलिस की टीम ने जैसे ही गांव में छापेमारी शुरू की, ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। मौके पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने काफी मशक्कत बाद विवाद को शांत करवाया। यह घटना पुलिस और ग्रामीणों के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करती है।

बता दें कि पुलिस ने हाल ही में कोरबा जिले में अवैध शराब के खिलाफ कई कार्रवाई की हैं। 19 मई 2024 को आबकारी विभाग ने 66 लीटर कच्ची शराब और 600 किलो महुआ जब्त किया था। इसके अलावा, 625 लीटर महुआ और 135 पाव देशी शराब सहित भारी मात्रा में लहान जब्त किया गया था।

# गिरी कच्ची दीवार गिरने से नाबालिग मजदूर की मौत, दूसरा घायल

**सरगुजा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां कच्चे मकान की दीवार गिरने से एक नाबालिग मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करजी में एक मकान मालिक अपने पुराने कच्चे मकान को तोड़कर नया मकान बनवा रहा था, जिसके लिए मैनपाट क्षेत्र के कदनई गांव से कुछ मजदूर काम करने के लिए लाए गए थे. काम के दौरान अचानक मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर पड़ी।

**NECC**

| 24.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 405 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 95 | 180 |

डिलीवरी 420 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

संता ने पूछा बंता से- बंता भईया जिसको सुनाई नहीं देता, उसको क्या कहते हैं ?
बंता बोला- कुछ भी कह लो भईया, जब उसे सुनाई ही नहीं देता।

## संपादकीय

## गर्मी से बचकर रहें

छत्तीसगढ़ सरकार ने शुक्रवार से सभी शालाओं (शासकीय व निजी दोनों) में ग्रीष्मकालीन अवकाश करने का आदेश जारी किया है जो छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों, स्कूल स्टाफ और बच्चों के पालकों-अभिभावकों के स्वास्थ्य के लिये उचित है। पहले शालाएं 30 अप्रैल तक चलनी थीं लेकिन राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनज़र यह फैसला लिया गया है। छुट्टी 15 मई तक रहेगी। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में सूरज आग बरसा रहा है। इस साल औसत से अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है।

छुट्टी घोषित होने के बाद अब परीक्षा परिणाम बच्चे या उनके अभिभावक इस माह के अंतिम दिन स्कूल आकर ले सकते हैं। वैसे भी अप्रैल के बचे दिनों में बच्चों की अध्ययन में बहुत दिलचस्पी नहीं रह जाती, न ही अध्यापन हेतु कुछ विशेष होता है। इस दौरान शादी-ब्याह भी होते हैं जिनमें लोगों को सपरिवार शामिल होना रहता है। इससे स्कूलों में हाजिरी बहुत कम रहती है। स्कूल बन्द होने से बच्चों को अनावश्यक रोज आना-जाना नहीं पड़ेगा। विद्यार्थी एवं पालक-अभिभावक समझ लें कि स्कूलों में जल्दी छुट्टी देने का उद्देश्य उन्हें लू से बचाना है। यदि छुट्टी करने के बाद भी बच्चे धूप में घूमेंगे तो छुट्टी का प्रयोजन बेकार हो जायेगा। इस फैसले का उद्देश्य पालकों एवं अभिभावकों को भी धूप से बचाना है जिन्हें अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने तथा वापस लाने के लिये धूप में जाना पड़ता है। बच्चों को यदि पारिवारिक कार्यक्रमों में ले जाया भी जाता है तो उन्हें वहां भी धूप से बचाकर रखा जाना चाहिये। अक्सर समारोहों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होतीं जिसके कारण बच्चों को लू का खतरा बना रहता है।

मंगलवार को तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया जबकि अभी गर्मी की शुरुआत है। निश्चित ही आगामी दिनों में गर्मी और भी बढ़ेगी। इसलिये सभी के लिये आवश्यक है कि धूप से बचकर रहा जाये। घरों के बाहर निकलना आवश्यक हो तो लोगों को चाहिये कि वे सुबह धूप तेज होने के पहले बाहर के काम कर लें। जिन्हें कार्यालय जाना होता है, उनके लिये तो बड़ी समस्या नहीं है क्योंकि उन्हें पूरे दिन वहीं रहना होता है। जिन्हें व्यक्तिगत या काम के सिलसिले में घरों-दफ्तरों से बाहर जाना होता है, वे बचाव उपायों के साथ निकलें।

बच्चों के साथ ही बुजुर्गों, बीमारों, गर्भवती या हाल ही में मां बनने वाली महिलाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिये। कोशिश की जाये कि दोपहर लगभग 12 बजे से लेकर अपरान्ह 4 बजे तक जब तक बहुत ज़रूरी न हो, छाया वाली जगहों पर ही रहा जाये। जाना भी हो तो धूप से शरीर को बचाकर रखा जाये- खासकर सिर और चेहरे को। सम्भव हो तो काला चश्मा व कैप पहनें। शरीर में पानी की कमी न हो।

# समस्याओं को लेकर शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी मिले जेडी से



**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एक साथ मिलकर शिक्षक समस्या को लेकर आवाज़ उठाई है। सभी प्रमुख शिक्षक संगठनो ने एक साथ मिलकर सर्व शैक्षिक संगठन बनाकर एक मंच से शिक्षकों समस्याओ को लेकर अधिकारियो में मिलकर समाधान करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्व शैक्षिक संगठन के द्वारा शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डाइरेक्टर (जेडी) संजीव श्रीवास्तव से मिलकर चर्चा की है। जिसमे प्रमुख रूप से बस्तर संभाग में प्रमोशन के लिये सहायक शिक्षक से शिक्षक, शिक्षक से प्रधान पाठक के पदों पर समय सारिणी बनाकर किया जाना, वरिष्ठता सूची को त्रुटि रहित तैयार किया जाना, शिक्षकों की जीपीएफ पासबुक और सेवा पुस्तिका को दुरुस्थ किया जाना, शिक्षकों को निर्वाचन कार्य के अलावा अन्य समस्त प्रकार के गैर शिक्षकीय कार्यों से मुक्त करने, बस्तर संभाग में कई जिलों में शिक्षकों को तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य में चौकीदारी ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसे आदेशों को तत्काल निरस्त कर जिम्मेदार अधिकारियो पर कार्यवाही करने, सेवा पुस्तिका का सत्यापन कार्य डीडीओ के माध्यम से कराने आदेशित करने, पदोन्नति के लिये अविलम्ब जानकारी उच्च कार्यालय को प्रेषित करने, बस्तर संभाग के समस्त शिक्षकों को 2020 से ग्रीष्मवकाश में मुख्ययालय नहीं छोड़ने के आदेश के तहत नियमानुसार अर्जित अवकाश को सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने, सीजी स्कूल पोर्टल में सात दिन का विशेष अर्जित अवकाश को दर्ज करने हेतु डीडीओ को आदेशित करने, समस्त प्रमोशन के रिक्त पदों व स्कूलों की जानकारी सार्वजनिक करने, स्कूल समय सारिणी में राज्य और जिला कार्यालय के आदेशों में एकरूपता लाने सम्बंधित मांगे रखी गई।

उक्त समस्त मांगों पर विचार कर समस्या का निराकरण करने की जेडी संजीव श्रीवास्तव के द्वारा सहमति दी गई।

इस दौरान प्रवीण श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, शिवसिंह चंदेल, राजेश गुप्ता, गजेंद्र श्रीवास्तव, आर डी तिवारी, देवराज खूंटे, मनीष ठाकुर, नीलमणी साहू सहित संगठन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों के निर्मम हत्या को लेकर जगह-जगह हो रहा विरोध-प्रदर्शन



**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम कश्मीर में आतंकवादियों के द्वारा लगभग 28 पर्यटकों की गोली मारकर जघन्य हत्या की गई है ,जिसमें अन्य कई लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पहलगाम कश्मीर में मारे गए पर्यटकों की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु विभिन्न सामाजिक संगठन और संस्थाओं के द्वारा आक्रोश व्यक्त कर अमृत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा गोल बाजार में आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। वही अधिवक्ता संघ जगदलपुर एवं न्यायिक कर्मचारी संघ जगदलपुर के द्वारा आज दिनांक 23. 4.2025 को दोपहर 2ः00 बजे अधिवक्ता संघ के कार्यालय में आयोजित कर दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों के प्रति सवेदना व्यक्त की गई जिसमे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सहित अधिवक्ता एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**45 हजार से अधिक आवेदनों पर कलेक्टर की सख्ती, शीघ्र समाधान और आवेदकों को सूचना देना अनिवार्य**

**सुकमा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्राप्त जनआवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण हेतु आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में सभी विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने सबसे पहले नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की तथा उसके पश्चात विभागवार आवेदनों की संख्या, प्रकार एवं अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का विषय संबंधित विभाग से नहीं है, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाधान होने के पश्चात आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि आम जनता को शासन-प्रशासन की तत्परता का अनुभव हो। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में (8 से 11 अप्रैल 2025) जिले में 45 हजार 288 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें, मांग और सुझाव से संबंधित हैं। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप व उनके निर्देश के तहत हम >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# सुशासन तिहार: लाइसेंस बनाने के लिए 28 अप्रैल से 6 मई तक परिवहन कार्यालय में शिविर

**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तहत जनसाधारण से लाइसेंस बनाने के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जगदलपुर में 28 अप्रैल से 06 मई तक विकासखण्ड के अनुसार शिविर का आयोजन किया गया है।

उक्त शिविर में विकासखण्डवार प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर लर्निंग लायसेंस बनाए जाएंगे। जिसके तहत जगदलपुर ब्लॉक के लिए 28 अप्रैल, बस्तर विकासखण्ड हेतु 29 अप्रैल, बकावंड एवं तोकापाल के लिए 01 मई, दरभा हेतु 05 मई और लोहंडीगुड़ा एवं बास्तानार के आवेदकों के लिए 06 मई 2025 को लर्निंग लायसेंस बनाए जाएंगे। परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि सुशासन तिहार में परिवहन विभाग जगदलपुर को कुल 1420 लर्निंग लायसेंस बनाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं। परिवहन विभाग के वेबसाइट parivahan.gov.in में आवेदन करना आवश्यक है। चूंकि सभी कार्यवाही ऑनलाईन किया जाना है, जिसमें आवेदक को एक पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड या पेन कार्ड अथवा मतदाता पहचान पत्र सहित जन्म के संबंध में पेन कार्ड या 5 वीं, 8 वीं अथवा 10 वीं का मार्कशीट तथा शासन द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करना अनिवार्य होता है। साथ ही एक छोटी सी परीक्षा ऑनलाईन देना होता है। इन सभी आवेदकों को नियत तिथि के अनुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय आड़ावाल जगदलपुर में उपस्थित होकर लायसेंस बनाने का आग्रह किया गया है।

# ग्राम पंचायत लेन्ड्रा के चौपाल में सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीणों से रूबरू होकर सुनी समस्या



**दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में अधिकारियों के दलों ने मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा**

**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित जनसमस्याओं के निराकरण के लिए 23 अप्रैल से 02 मई तक ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायतों में बुधवार को जनचौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित विकासखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों के दलों द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में सड़क, पेयजल, बिजली, स्कूल,आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता, स्वास्थ्य जांच इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम पेंशन भुगतान, पशु टीकाकरण स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने दरभा ब्लॉक के अंदरूनी ग्राम पंचायत लेन्ड्रा के जनचौपाल में ग्रामीणों से रूबरू होकर चर्चाकर उनकी समस्या-शिकायतें सुनी और निराकरण के लिए भरोसा दिलाया। जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने दरभा ब्लॉक के सघन भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत कामानार में दरभा ब्लॉक के सभी दलों के द्वारा चौपाल में की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर ग्रामीणों के मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं सुशासन तिहार के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण प्रगति की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीरेन्द्र बहादुर सहित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी होगी 4 मई को

**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत सरकार के राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिले में तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त निर्देशानुसार बस्तर जिले में नीट (यूजी) 2025 की परीक्षा 04 मई 2025 को जगदलपुर शहर के 04 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल जगदलपुर, जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जगदलपुर और जवाहर नवोदय विद्यालय धरमपुरा नम्बर-02 जगदलपुर परीक्षा केन्द्रों में उक्त परीक्षा होगी।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम करावास

**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नाबालिग को बहला फुसला कर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने वाले अभियुक्त को 20 साल कठोर कारावास और ?5000 अर्थ दंड की सजा हुई। एफटीएससी न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश संगीता नवीन तिवारी ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 (पास्को एक्ट) के अभियुक्त को 20 वर्ष का कठोर कारावास और ?5000 अर्थदंड का सजा सुनाया । अर्थदंड का पैसा नहीं पटाने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम करवास का सजा भुगतना होगा है। विदित हो कि अभियुक्त ऐसमन बघेल सन 2020 में माडपाल के ईटा भट्टी मैं काम करने के दौरान 16 वर्ष से कम आयु की नाबालिग पीड़िता के साथ बातचीत और संबंध बढ़ाते हुए उससे प्यार करने की बात कहकर अपने निवास में बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया। इसी तरह अनेक इटाभट्टी में काम करने के दौरान अभियुक्त ऐसमन ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया जिसके परिणाम स्वरूप पीड़िता 8 ङ्क 9 महीने के गर्भ से हो गई । उक्त घटना के संबंध में पीड़िता की लिखित शिकायत पर थाना भानपुरी में दिनांक 10 अगस्त 2022 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। अभियुक्त ऐसमन बघेल के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 323 ,376 भादवि और पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के पश्चात पुलिस द्वारा अंतिम प्रतिवेदन एफटीएससी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश के द्वारा मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को पास्को एक्ट के धारा 6 के अंतर्गत 20 वर्ष का कठोर कारावास और ?5000 जुर्माना की सजा सुनाई गई। जुर्माना की राशि नहीं पटने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम करावास की सजा भुगतना होगा। इसके साथ ही पीड़िता को क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने का आदेश भी न्यायालय के द्वारा पारित किया गया है। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक वरुणा मिश्रा ने पैरवी की।

# सूचना का अधिकार पर संभाग स्तरीय जनसूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों की कार्यशाला



**सूचना प्रदाय हेतु जनसूचना अधिकारियों की जिम्मेदारी के साथ प्रथम अपीलीय अधिकारियों का भी महत्वपूर्ण दायित्व : कमिश्नर**

**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। सूचना का अधिकार अधिनियम ने प्रत्येक नागरिक को सरकारी संस्थाओं के निर्णयों और कामकाज की जानकारी तक पहुंच प्रदान कर शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित किया है। इस अधिनियम का उद्देश्य शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने सहित शासन को जवाबदेह बनाना है। इस दिशा में सूचना प्रदान करने के लिए जनसूचना अधिकारियों की जिम्मेदारी के साथ ही प्रथम अपीलीय अधिकारियों का महत्वपूर्ण दायित्व है। जनसूचना अधिकारी जहां आवेदकों के आवेदन पर नियत समय-सीमा में उपलब्ध जानकारी प्रदान करने की कार्यवाही कर सकते हैं, वहीं अपीलीय अधिकारी अपीलार्थी और जनसूचना अधिकारी को सुनवाई का अवसर देकर सूचना प्रदाय में सहयोग प्रदान करते हैं। सूचना प्रदान करने के लिए निरंतर सजगता जरूरी है, ताकि आवेदक को निर्धारित समय-सीमा के भीतर जानकारी उपलब्ध करवाया जा सके। कमिश्नर श्री सिंह बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित सूचना का अधिकार के तहत संभाग स्तरीय जनसूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों की कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

कमिश्नर ने कार्यशाला में कहा कि जनसूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों का कार्यशाला और प्रशिक्षण स्वयं को जानकारी से अपडेट करने का अवसर है। जिसमें सूचना का अधिकार अधिनियम के नए एवं संशोधित प्रावधानों को जानने और समझने का मौका मिलता है। साथ ही शंकाओं का भी समाधान होता है। उन्होंने अधिकारियों को अभिलेखों तथा नस्तियों का समुचित संधारण करने सहित सूचना प्रदाय के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का सतत रूप से मार्गदर्शन भी प्राप्त करने की समझाइश दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के मास्टर्स ट्रेनर्स अतुल वर्मा ने कम्प्यूटर पॉवर पाइंट प्रस्तुति के माध्यम से सूचना का अधिकार अधिनियम के संशोधित प्रावधानों सहित ऑनलाइन सूचना प्रदाय, जानकारी उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान सहित जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के दायित्व >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# अवैध टुल्लु पंपों के विरूद्ध नगर निगम की कार्यवाही , अब तक 32 टुल्लू पंप जप्त

**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और पेयजल को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा अवैध रूप से संचालित टुल्लु पंपों के विरूद्ध सक्त कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक 17 एवं बुधवार को गुरूघासीदास वार्ड से 3. प्रतापदेव वार्ड से 6, रमैया वार्ड से 6 इस प्रकार कुल 32 अवैध टुल्लु पंप जब्त किया गया है। यह कार्यवाही जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने और आम नागरिकों को जल संकट से निजात दिलाने के लिए की जा रही है। नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने बताया कि यह अभियान आगे निरंतर जारी रहेगा। और किसी भी प्रकार के अवैध जल दोहन गतिविधियों को बर्दाशत नहीं किया जावेगा। आम जनता से भी अपील की जाती है कि जल संरक्षण में सहयोग करें और किसी भी अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल नगर निगम को दें। भविष्य में इस कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए और भी कड़े निर्णय लिये जावेंगें, जिसमें टुल्लु पंपों की जब्ती के साथ-साथ अर्थदण्ड/जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।

# उप अभियंता भर्ती परीक्षा 27 अप्रैल को

**व्यापमं द्वारा शहर के 4 परीक्षा केन्द्रों में होगी आयोजित**

**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 27 अप्रैल 2025 को उप अभियंता सिविल तथा उप अभियंता विद्युत एवं यांत्रिकी भर्ती परीक्षा प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक जगदलपुर के 04 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी, जिसके तहत केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 03 जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर जगदलपुर और केन्द्र क्रमांक 1704 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक जगदलपुर परीक्षा केन्द्रों पर उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। उपरोक्त परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा मोबाइल नंबर 99267-59295 को नोडल अधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर सत्येन्द्र कुमार बंजारे मोबाइल नंबर 78984-78891 को सहायक नोडल अधिकारी और प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अनिल श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 98274-91253 को समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर मोबाइल नंबर 70009-74126 को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर कुणाल ने जताया पारदर्शी प्रशासन का संकल्प

**दंतेवाड़ा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा के नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा है कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पारदर्शी प्रशासन के संकल्प के साथ कार्य किया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और सड़क जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए समग्र सोच के साथ काम होगा।

जिले में जारी नवाचार पूर्ववत रहेंगे, बल्कि उनकी समीक्षा कर उन्हें और बेहतर बनाया जाएगा। इसके साथ ही ठेकेदारों के भुगतान को लेकर एक नियत समय सीमा तय होगी ताकि परेशानी न हो। अपनी ज्वाइनिंग के बाद कलेक्टर श्री दुदावत पत्रकारों से पहली बार रूबरू हो रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतार कर लोगों को फायदा पहुंचाया जाएगा। कौशल विकास की दिशा में और मजबूती के साथ काम होगा। ठेकेदारों के लंबित भुगतान के सवाल पर उनका कहना था कि कार्य पूर्ण होने के बाद एमबी में रिकार्ड होगा और एक नियत समय के बाद भुगतान कर दिया जाएगा, इसमें लापरवाही हुई तो सीधी कार्रवाई होगी। दंतेवाड़ा में नियद नेल्लानार को और गति दी जाएगी। पहले इसके अंतर्गत सुरक्षा कैंपों के 5 किलो मीटर की सीमा वाले ही गांव थे, अब इसका दायरा बढ़ाते हुए 10 किमी. कर दिया गया है। स्वास्थ्य के मामले में कटेकल्याण की बदहाली की बात पत्रकारों ने उन्हें बतायी तो उनका जवाब था कि कटेकल्याण ही नहीं बल्कि सभी ब्लाक मुख्यालय और जिला अस्पताल में सुविधाएं बढ़ायी जायेंगी, ताकि मरीजों का बेहतर ईलाज हो सके। दंतेश्वरी मंदिर के साथ ही जिले के अन्य पर्यटन केन्द्रों का और विकास होगा, ताकि यहां पर्यटक आएं और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले।



- पहली पत्रकार वार्ता में साझा की समग्र विकास की सोच
- ठेकेदारों के भुगतान में नहीं होगी देरी
- ब्लाक मुख्यालयों में बेहतर होगी स्वास्थ्य सेवा

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्राथमिकता बताते कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि स्कूलों में दर्ज संख्या बढ़ायी जाएगी और बोर्ड परीक्षा के परिणाम हर वर्ष तुलनात्मक रूप से बेहतर हों, इस दिशा में कार्य किया जाएगा। बांगाबाड़ी-बालूद-बालपेट बाईपास सड़क के अधूरे होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि समय सीमा के भीतर इसकी बाधाएं दूर होंगी। पीडब्ल्यूडी, सिंचाई और राजस्व तीनों ही विभागों को समन्वय के साथ काम करने निर्देशित किया जाएगा। दंतेवाड़ा जैविक जिला है। यहां किसानों को उनके जैविक उत्पादों का उचित दाम मिल सके इसके लिए बाजार विकसित किये जायेंगे। उत्पादों की ब्रांडिंग कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार होगा ताकि किसानों को फायदा हो सके। इस मामले में कृषि विभाग, मार्केफेड, सहकारिता और कृषि विज्ञान केन्द्र इन सभी को आपस में समन्वय बनाकर काम करने कहा जाएगा। केविके में अभी वैज्ञानिकों की कमी है, इसके लिए मांग की गई है।

कलेक्टर श्री दुदावत ने पलायन रोकने के लिए भी अपनी कार्य योजना बतायी और कहा कि पंचायतों में सचिवों को अलर्ट किया जाएगा। पलायन पंजी का संधारण भी होगा। बेहतर अवसर के लिए अगर लोग बाहर जाते हैं तो यह अलग बात है लेकिन काम के अभाव में पलायन रोकना प्रशासन की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के समग्र विकास के लिए मीडिया का भी सहयोग अपेक्षित है। प्रशासन की ओर से सूचना और संवाद में कमी नहीं होगी। हम सभी को मिलकर एक बेहतर दंतेवाड़ा का सपना और संकल्प साकार करना है। पत्रवार्ता के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सर्व सेन समाज कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने कामदेव

## जिला सचिव रेखालाल श्रीवास कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास बनाए गए



**पलारी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांत सेन (नाई) समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन एवं समस्त कार्यकारिणी के निर्देशानुर एवं प्रांत कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सहमति से दिनांक 21.04.2025 को बलोदा बाजार भाठापारा जिला कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ट के पदाधिकारियो का निर्वाचन सर्व सम्मति से किया गया। कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ट प्रांत सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष लोकनाथ सेन के उपस्थिति मे प्रकोष्ट के संभाग प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष मुलेश्वर श्रीवास द्वारा प्रकोष्ट के गठन आवश्यकता और कर्मचारियों के संगठित करने के बिषय मे अपना विचार रखा गया जिसके पश्चात जिला पदाधिकारियो के रूप मे अध्यक्ष कामदेव सेन (हथबंद, सिमगा), जिला उपाध्यक्ष मुकेश चौहान (पलारी) भींगेश्वर सेन (बलोदा बाजार), जिला सचिव रेखालाल श्रीवास (पलारी), जिला कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास (कसडोल) का निर्वाचन सर्व सम्मती से किया गया। निर्वाचन उपरांत नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष द्वारा अपने जिले मे कर्मचारी अधिकारियो को एक दूसरे से जोड़ना जिला स्तर पर सूचिबद्ध करना और आगामी समय मे प्रकोष्ट के माध्यम से रचनात्मक कार्यो को बढ़ावा देने कि बात कही गयी। साथ हि आने वाले समय मे पूरे जिले मे कार्यकारिणी का विस्तार करना जो साथी किसी कारण से आज के बैठक मे नही आ पाये उन्हे भी कार्यकारिणी मे जल्द स्थान देने का प्रयास करने हेतु पहल करने कि बात कही गयी। उपस्थिति अतिथियों और समाजिक गणमान्य जनों के द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियो का फुल माला और तिलक लगाकर अभिनन्दन किया गया। जिला सेन समाज अध्यक्ष बसंत श्रीवास द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र जारी कर बधाई दिया गया।

# घुमंतू पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था



**नगरी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के युवाओं ने घुमंतू पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था की है जो मुख जानवरों के लिए वरदान से कम नहीं है। मंगलवार की रात्रि में नगर के युवाओं ने पुनीत कार्य अंजाम दिया है, दिल दहलादेने गर्मी में पानी की जरूरत किसे नहीं है पेड़ पौधे, इंसान हो या जानवर सभी को प्यास बुझने के लिए पानी की जरूरत है। मुख जानवरों की फिक्र में कुछ नगर के युवक सामने आए है जिन्होंने जानवरों के आने जाने के स्थान को चिन्हांकित कर उन जगहों पर पानी रखने के लिए टंकी की व्यवस्था कि हुई है जिसे आसान भाषा में कोटना भी कहा जाता है। नगर के ये युवक समय-समय पर ऐसे कार्य करते रहते हैं कुछ दिन पहले गौ वंश के गले में रेडियम युक्त पट्ट लगाया गया था, जिससे इनकी दुर्घटना से बचाया जा सके। पानी के साथ ही रोटी की भी व्यवस्था इनके द्वारा की जाती है। इस कार्यों के लिए के लिए इन युवाओं की चर्चा नगर में है। इस कार्य मेंयश जैन ,वीरम नाहटा, दर्शन ढेलाडिया, मुकेश संचेती, अनुराग सोनी, विकाश सोनी, मयंक डागा शामिल है।

# डीएमएफ जिला होने के बावजूद पलायन शर्मनाक : तुलिका

**दंतेवाड़ा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में पलायन रोकने व मनरेगा को मजदूरी बढ़ाने आज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त कलेक्टर कुणाल दुदावत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के अति संवेदनशील ब्लॉक कटेकल्याण व कुआकोंडा में मनरेगा की मजदूरी दर कम होने के कारण लगभग 20 हजार ग्रामीण पलायन कर चुके हैं। इस मामले में जानकारी देते हुए तुलिका कर्मा ने कहा कि हमारा जिला डीएमएफ जिला है और यहीं के ग्रामीण पलायन कर रहे हैं, यह बड़े शर्म की बात है। ग्रामीणों को जिले में मजदूरी इतनी कम दी जाती है, जिससे उनका गुजारा तक नहीं चल पाता जिससे वह ज्यादा मजदूरी की लालच में अन्य राज्य की ओर पलायन करते हैं। वहीं तुलिका ने कहा कि अभी तक हमारे जिले में तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान हो रहा है, जिसे जल्द शुरू कराना बेहद आवश्यक है। ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधारने डीएमएफ से विकास कार्यों की शुरुआत होने चाहिए ताकि गांव में ही ग्रामीणों को काम मिले, जिससे वह अपना जीवन यापन करें।



- कलेक्टर से मुलाकात कर मनरेगा मजदूरी बढ़ाने की मांग
- तेंदूपत्ता तोड़ाई में देरी भी पलायन की वजह
- सुलोचना व प्रवीण ने भी जताई नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी

इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि जिले में पूरी तरह अराजकता का माहौल है। ग्रामीणों को काम मिल रहा है, तो समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है। साथ ही गीदम व दंतेवाड़ा के अंदरूनी इलाकों में ग्रामीणों का जीवन स्तर काफी नीचे गिर चुका है। सुलोचना ने कहा कि पलायन दंतेवाड़ा जिले की आज सबसे बड़ी समस्या है। तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य क्यों शुरू नहीं हो रहा है, इसका जवाब देने वाला भी कोई नहीं है। जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा ने इस मुद्दे पर कहा कि शुरुआत से ही सरकार ग्रामीणों को बेवकूफ बनाने का कार्य कर रही है। डीएमएफ जिला होने के बावजूद ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। मनरेगा के माध्यम से होने वाले कार्यों की मजदूरी के लिए ग्रामीण आज भी भटक रहे हैं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व विभिन्न गांवों के सरपंचों ने कलेक्टर से मांग रखी कि अगर 10 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान जिला महामंत्री विमल सलाम, जनपद उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी,ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, जनपद सदस्य पुष्पांजलि नाग,सरपंच विरो नाग, हिड़मा कवासी, हड़मा कवासी, राजेंद्र मंडावी, श्यामा पोडियामी, अविनाश सरकार, राजेश वट्टी, जनपद सदस्य राकेश, लखमू राम बघेल एवं अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क दुर्घटना पर त्वरित एंबुलेंस सेवा हेतु संपर्क नंबर जारी

**कोण्डागांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की तुरंत अस्पताल पहुंचाने हेतु नेशनल हाईवे विभाग द्वारा संचालित एम्बुलेंस जिसका मोबाइल नंबर 7582902264 है, पर संपर्क किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता के लिए इस नंबर पर संपर्क कर तत्काल एम्बुलेंस की सुविधा मिलेगी।

# मुस्लिम जमात करेगा कल आतंकवाद का पुतला दहन

**जगदलपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। 22 अप्रैल को हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ जगदलपुर की मुस्लिम जमात अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के जेरे निगरानी में आतंकवाद का पुतला दहन कर आतंकवादियों की पनाहगाह बने मुल्क पाकिस्तान और आतंकियों की जमकर विरोध करेगी। जगदलपुर अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के चेयरमैन डॉ जहिरुद्दीन शेख ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मानवता को कलंकित करने वाले आतंकवादियों का जगदलपुर की मुस्लिम जमात पुरजोर विरोध करती है। इन शैतानी ताकतों के खिलाफ जगदलपुर की मुस्लिम जमात सरकार और देश के साथ खड़ी है और इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है, इसलिए अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी की जेरे निगरानी में जगदलपुर की मुस्लिम जमात के द्वारा 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को बाद नमाजे जुमा मिताली चौक में दहशतगर्दी और आतंकवाद का पुतला दहन करते हुए पुरजोर तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगी। डॉ जहिरुद्दीन शेख ने इस विरोध प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम जमात के लोगों को शामिल होने की अपील की है।

# दतान प में सीखना सिखाना कैंप मस्ती की पाठशाला का समापन



**पलारी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु) शासकीय प्राथमिक शाला दतान प में स्वैच्छिक सीखना सिखाना कैंप च्मस्ती की पाठशालाज्ञ का समापन दिनांक 21/04/2025 को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत दतान (प) के सरपंच श्रीमती अंजलि पुरुषोत्तम फेकर,जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, उप सरपंच नरोत्तम यादव,सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम फेकर, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर,शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद कृष्ण कुमार वर्मा,सीखना सिखाना कैंप के मास्टर ट्रेनर श्रीमती टेनीषा साहू एवं शासकीय प्राथमिक शाला दतान प एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दतान प के समस्त स्टाफ उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे, यह कैंप 7 अप्रैल 2025 से 21 अप्रैल 2025 तक चला, जिसमें बच्चों ने हिंदी एवं गणित विषय के अंतर्गत 10 दिवस में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां एवं रचनात्मक गतिविधि को सीखे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस कैंप में कई प्रकार के खेल, कहानी, कविता, चित्रचार्ट, मुखौटा निर्माण, मिट्टी के खिलोने, पेपर से कई प्रकार की आकृति,झूमर, हस्त पुस्तिका निर्माण, भाषायी कौशल, एवं गणितीय कौशल का आयोजन किया गया.श्रीमती किरण ठाकुर मैडम जी द्वारा सभी बच्चों को न्योता भोजन कराया गया,अंत में बच्चों को उपस्थित अतिथियों द्वारा कॉपी पेन प्रदान किया गया।

# अंजू पाण्डेय सम्मानित



**खरोरा,** 23 अप्रैल। प्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा 20 अप्रैल को राजधानी के वृन्दावन सभागृह में आयोजित रचनाकार सम्मान समारोह में अंचल की शिक्षिका कवयित्री, को उनके लेखन क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट योगदान के लिए अक्षर शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में सौ से अधिक साहित्यिक प्रतिभाओं के सम्मान के साथ साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेश पराते मंच को संबोधित करते हुए कहा किभारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उस दौर के लेखकों ने अपनी लेखनी से आम जनता में राष्ट्रीयता की भावना का संचार किया था। मुंशी प्रेमचंद ने उस वक्त कहा था कि साहित्य राजनीति के आगे चलनेवाली मशाल है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने स्पष्ट लिखा है - मुर्दा है वह देश जहां साहित्य नहीं है। वक्ता मंच द्वारा विगत 31 वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित की जानेवाली इस सम्मान श्रृंखला के तहत अब तक प्रदेश के 5000 से अधिक रचनाकारों को प्रोत्साहित किया जा चुका है। आज के आयोजन में यतीश श्रीवास्तव, एम राजीव, खेमेश्वर पुरी गोस्वामी, शिव शंकर सोनपिपरे, शुभा शुक्ला च्निशाज्ञ एवं पी के त्रिपाठी अतिथि की आसंदी पर सुशोभित थे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते एवं बेहतरीन संयोजन मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा किया गया।

# पहलगाम आतंकी हमला दुखद व निंदनीय : संतोष

**दंतेवाड़ा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले को अत्यंत दुखद, पीड़ादायक, दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस हृदय विदारक घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।



श्री गुप्ता ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुआ कायराना आतंकी हमला देश को चुनौती देने वाला है। यह अत्यंत दुखद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आतंकियों ने पर्यटको से राज्य पूछा, ना भाषा पूछी, ना जाति पूछी और धर्म पूछकर निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्याएँ कर इंसानियत की हत्या की है। देश में चाहे जम्मू कश्मीर हो या बंगाल हो केवल हिन्दुओं को ही निशाना बनाया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश की एक ही मांग और भावना है कि इस कायराना हमले में शामिल आतंकियों को उनके किए की सजा दी जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बहुत मजबूत सरकार है और लगातार अलगाववाद, नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ लड़ते हुए उनके पुरे खात्मे के लिए कार्य कर रही है। 2014 से जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से जब-जब ऐसी कोई आतंकी घटना होती है तो सरकार उसका मुहंतोड़ जवाब देती है। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक एवं पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक कर आतंकियों के लॉन्चिंग पेड पर हमले कर आतंकियों को मौत के घाट उतारकर बदला लिया गया। श्री गुप्ता ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए इस हमले में मारे गए निर्दोष हिन्दूओं के प्रति शोक संवेदनाए व्यक्त करते हुए उनके साथ होने की बात कही है।

- जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा- यह इंसानियत पर आक्रमण
- आतंकियों को मुहंतोड़ जवाब देगी केन्द्र सरकार

# नहर मरम्मत में गुणवत्ताविहीन कार्य नहीं होना चाहिए : कलेक्टर

## कलेक्टर ने जल संसाधन अधिकारियों के साथ बैठक किया



**बिलाईगढ़,** 23 अप्रैल(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टर कक्ष में जल संसाधन विभाग के तीनों ब्लॉक के अधिकारियों के साथ बैठक किया। कलेक्टर ने जिले के जल संसाधन विभाग के डिवीजन, अंतर्जिला बैराज (साराडीह, मिरौनी, कलमा), जिले के जलाशय केडार, किंकारी और पुटका की स्थिति, आगामी कार्ययोजना, बजट, सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए। उन्होंने अधिकारियों को नहर मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदार के हर स्टेज के कार्य का निरीक्षण करें, कोई दरार नहीं हो, कोई गुणवत्ताविहीन कार्य नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने महानदी और ओडिशा राज्य के समीप बसे गांव सांकरा के उद्वहन सिंचाई परियोजना के प्रक्रिया, टेंडर के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग से जुड़े सभी भू अर्जन के स्थिति, कोर्ट केस, जवाब आदि के संबंध में अधिकारी और कर्मचारी को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीओ रतिराम, आराधना पटेल सहित इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

# भीमराव अंबेडकर नि:शुल्क पुस्तकालय बना मिसाल



**पिथौरा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सांकरा जैसे एक छोटी सी जगह पर 20 अप्रैल 2025 को डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया है। जो इस अंचल में कौतूहल तथा उत्सुकता का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि इस छोटे से कस्बे में जगन्नाथ हॉस्पिटल के डॉ. हरे कृष्ण प्रधान तथा नागपुर और बिलासपुर से उनकी डॉक्टर की टीम ने यह नि: शुल्क पुस्तकालय का सपना सच कर दिखाया है। जिसमें नागपुर से डॉ तपन बोडले, डॉ रूकेश रामटेके, रायपुर से डॉ प्रांजल प्रधान, बिलासपुर से डॉ अजय पांडे तथा दुर्ग से विजय पांडेय शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि इस पुस्तकालय का उद्घाटन जनपद सदस्य कंवलजीत सिंह छाबड़ा, पुरुषोत्तम धृतलहरे तथा ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस कार्यक्रम में बिसासहे कुल कोलता समाज के संरक्षक हरिचरण प्रधान, शाखा सभा पिपरौद के सभापति रसिक प्रधान, पिथौरा अंचल के अध्यक्ष षडानन भोई,संभागीय सचिव रंकमणि प्रधान तथा कोलता समाज के अन्य पदाधिकारीगण के अलावा सांकरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष आशीष प्रधान,नरेंद्र कुमार बोरे, जनपद सदस्य मथामणी प्रधान, साहू समाज के अध्यक्ष कलप राम साहू, डॉ देवेंद्र प्रधान तथा बहुत अधिक संख्या में ग्राम सांकरा के गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। अपने संक्षिप्त उद्बोधन में सभी अतिथियों ने इस नेक कार्य की भूरि - भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में हर संभव सहयोग करने का विश्वास दिलाया। इस कार्यक्रम का संचालन द्रोण साहू(शिक्षक) तथा आभार प्रदर्शन अविनाश चंद्र साहू ( लक्ष्मी मेडिकल सांकरा ) ने किया।

# प्रादेशिकी का शेष...

## प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण...

सबको सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान तेजी से करना है। प्रत्येक आवेदन हमारे लिए एक जिम्मेदारी है।अधिकारियों को चाहिए कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। बता दें यह तिहार शासन की च्जनहित में त्वरित कार्यवाहीज्ञ की नीति को मूर्त रूप प्रदान करता है।

## सूचना का अधिकार पर संभाग...

इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अधिनियम के मुख्य प्रावधानों की बारीकीयों से अवगत कराया। वहीं जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार एवं आरती वासनिक और विभिन्न विभागों के संभाग स्तरीय जनसूचना अधिकारियों सहित प्रथम अपीलीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम दण्डवन में सामुदायिक सहभागिता से जल प्रबंधन

**कोण्डागांव**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोंडागांव से लगभग 33 किलोमीटर दूर स्थित छोटे से ग्राम दण्डवन जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुका है। कभी जहां गांव की महिलाएं पानी के लिए सुबह 4 बजे उठकर दूर तालाब और कुओं तक जाती थीं, वहीं आज हर घर में नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों ने इस गांव की तस्वीर बदल दी है। ग्राम दण्डवन में अब पूरी तरह जल आपूर्ति व्यवस्था क्रियाशील है और इसकी संचालन एवं रखरखाव की ज़िम्मेदारी स्वयं ग्रामीणों ने अपने हाथों में ले ली है। यह सामुदायिक सहभागिता ग्राम विकास की एक मिसाल पेश कर रही है।

ग्राम दण्डवन की महिलाएं बताती हैं, 'पहले के समय में हम सुबह अंधेरे में उठकर दूर तक चलकर पानी लाने जाते थे। छोटे बच्चे भी साथ जाते थे। गर्मी में कुएं और हैंडपंप सूख जाते थे। तब पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ता थाष। उन दिनों अधिकांश जलस्रोत या तो गांव से दूर थे या गर्मी में सूख जाते थे। महिलाओं को घरेलू कामों के साथ-साथ पानी की व्यवस्था करना एक चुनौती थी। इससे बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं की दिनचर्या और बुजुर्गों का स्वास्थ्य प्रभावित होता था।

वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू हुई जल जीवन मिशन के तहत ग्राम दण्डवन को भी इस योजना से जोड़ा गया। योजना के अंतर्गत गांव के प्रत्येक घर को पाइप लाइन से जोड़ते हुए 132 घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान किए गए। अब हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध जल की आपूर्ति हो रही है।

इस योजना से न केवल महिलाओं को राहत मिली है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के जीवन



## जल जीवन मिशन से हर घर पहुंचा शुद्ध पेयजल

में भी सकारात्मक परिवर्तन आया है। गर्भवती महिलाएं जो पहले पानी भरने के लिए संघर्ष करती थीं, अब घर में ही पेयजल की सुविधा का लाभ उठा रही हैं। बच्चे समय पर स्कूल जा पा रहे हैं और बुजुर्गों को लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं रही।

ग्राम दण्डवन में खासाबती, नीलबती, रामबती, भगवती और घसनी जैसी महिलाएं अब 'जल वाहिनी' के रूप में काम कर रही हैं। ये महिलाएं पानी की गुणवता की जांच करती हैं और गांव के अन्य लोगों को स्वच्छ जल, जल संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती हैं। इस योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाया है। वे अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं. बल्कि समाज के कल्याण में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

दण्डवन की एक और खास बात यह है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी जलापूर्ति प्रणाली का संचालन और रखरखाव स्वयं ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। इससे न केवल सिस्टम की स्थायित्वता सुनिश्चित हुई है, बल्कि ग्रामीणों की भागीदारी और जिम्मेदारी की भावना भी प्रबल हुई है।

ग्राम के सरपंच कृष्ण आधार नाग बताते हैं कि 'पहले पानी के लिए हैंड पंपों पर लंबी लाइनें लगती थी। महिलाएं सुबह से ही पानी भरने में लग जाती थीं, जिससे उन्हें घर का बाकी काम करने और बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी होती थी। गर्मी में जलस्तर गिर जाता था और पानी की भारी किल्लत हो जाती थी। लेकिन अब हर घर में नल से जल मिलने से गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी खुश और संतुष्ट हैं। ग्राम दण्डवन, न सिर्फ 'हर घर जल' योजना के सफल क्रियान्वयन का उदाहरण है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और महिलाओं की नेतृत्व क्षमता का भी प्रतीक है। इस बदलाव ने साबित कर दिया है कि जब सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर पहुंचती हैं और समुदाय उसमें सक्रियता से भाग लेता है तभी विकास साकार हो सकता है।

# कोंडागांव पहुंचे कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह

## संगठन की मजबूती और जनकल्याण योजनाओं को लेकर किया चर्चा

**कोण्डागांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह द्वारा जिला मुख्यालय कोंडागांव में पहुंचकर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती और जनकल्याण की योजनाओं को लेकर चर्चा करने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह का 23 अप्रैल को कोंडागांव में आगमन हुआ और वे दोपहर 2 बजे अटल सदन भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।



इस दौरान अपने संबोधन में राम प्रताप सिंह ने पार्टी संगठन की मजबूती, केंद्र और राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं तथा विशेषकर श्रमिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं की ज़मीनी स्थिति पर विस्तृत चर्चा किया। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार श्रमिकों, गरीबों और वंचित वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के साथ ही गरीब व श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिये शासन ने अनेक योजनाएं संचालित की है। राम प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे घर-घर तक सरकार की योजनाओं और भाजपा की विचारधारा को लेकर जाएं और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास के लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, नरपति पटेल, जसकेतु उसेंडी, कुलवंत चहल, जितेंद्र सुराना, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, ईना श्रीवास्तव, बसंती ठाकुर, अनीता नेताम सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ कलेक्टर ने किया ग्रंथालय का प्रथम निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नवपदस्थ कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 22 अप्रैल की शाम को जिला मुख्यालय स्थित ग्रंथालय का प्रथम निरीक्षण करने के दौरान वहां की व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से पंजीयन प्रक्रिया, पुस्तकों की उपलब्धता एवं ग्रंथालय के रखरखाव से संबंधित जानकारी प्राप्त की और पाठकों की समस्याएं जानी। कलेक्टर ने ग्रन्थालय को स्वयं सक्षम बनाने के लिए नोडल अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। ग्रन्थालय में पढ़ाई के लिए आए युवाओं ने कलेक्टर को पावर कट से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को ग्रंथालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही लाइब्रेरी में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के उपयोग के लिए सौर पैनल के लिए भी कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं लाइब्रेरी के स्टाफ उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने मक्का प्रसंस्करण प्लांट व केन्द्रीय विद्यालय भवन का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 23 अप्रैल को कोण्डागांव जिले में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई दुरूस्त रखने और आगामी शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक फर्नीचर, शिक्षण सामग्री एवं अन्य व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।



इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम कोकोड़ी में निर्मित मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण किया और उन्होंने सीपीयू, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, बॉयलर प्लांट सहित सभी यूनिट्स की कार्यप्रणाली और प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लेने के साथ ही मक्का खरीदी की व्यवस्था से भी अवगत हुए। प्लांट संचालन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए प्लांट संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरा करें। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने बड़े कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया और बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को नियमित सफाई एवं आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट और स्वीमिंग पूल का भी अवलोकन किया। बिहान योजना के अंतर्गत संचालित 'उड़ान' का भी निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने वहां तैयार किए जा रहे उत्पादों की जानकारी ली तथा इसे और अधिक सुव्यवस्थित करने एवं आवश्यक मरम्मत हेतु निर्देश दिए, जिससे इस इकाई में संचालित आजीविका संबंधी गतिविधियों से अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई तथा एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# कराटे संघ ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

## खिलाड़ियों को मिलेगी हर संभव मदद



**दंतेवाड़ा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत से आज जिला कराटे संघ एवं जिला जूडो संघ के प्रशिक्षक और पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट करके नव पदस्थापना की बधाई दी। उन्हें संस्था द्वारा जिले में चलायी जा रही खेल गतिविधियों से अवगत कराया। कलेक्टर श्री दुदावत ने इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ियों की हर संभव मदद जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर जिला कराटे संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष सरजीत सिंह बख्शी सहित प्रशिक्षक ज्वाला सिंह ठाकुर, भाग्य कुमार दगड़ामाझी, निकेत भगत, हर्षवर्धन झाड़ी आदि उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। उप संचालक कृषि जिला कोण्डागांव में नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल-ऑयल सीड (एनएमईओ एण्ड ओएस) योजना अंतर्गत प्रमाणित बीज वितरण, स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत मृदा परीक्षण कार्य, कृषक प्रशिक्षण, कृषक खेत पाठशाला, कृषि मैपर में पंजीयन का क्रियान्वयन कराने हेतु मूल्य श्रृंखला भागीदार (व्हीसीपी) के चयन हेतु प्रतिष्ठित एजेंसी या संस्था आदि से 30 अप्रैल 2025 अपरान्ह 05 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन आमंत्रित की जाती है। आवेदन की विस्तृत जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि जिला कोण्डागांव के सूचना पटल पर या कोण्डागांव जिले की वेबसाइट में उपलब्ध है।

# जिला मुख्यालय में शव परीक्षण के लिए नहीं है स्वीपर

## मृतक के परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, शव परीक्षण के लिए

**कोण्डागांव**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में षव परीक्षण के लिए विगत कई माह से स्वीपर नहीं होने से मृतक के परिजनों को षव परीक्षण के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहे होने का मामला सामने आया है।



23 अप्रैल को सूचना मिली कि जिला मुख्यालय कोण्डागांव में संचालित जिला अस्पताल के समीप षव परीक्षण हेतु बने भवन के सामने पेड़ की छांव में कई ग्रामीणजन एवं कुछ पुलिस कर्मी बैठे हुए नजर आ रहे हैं जो स्वीपर के आने का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उक्त जानकारी पर जब प्रेस प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तो दो ग्रामों के ग्रामीणजनों से ज्ञात हुआ कि दो मामलों में हुई मौतों पर 23 अप्रैल को दो षवों का षव परीक्षण किया जाना है और वे विगत कुछ घण्टे से अपने मृतकों के षवों का परीक्षण किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। पहले तो उन्हें लगा कि षव परीक्षण हेतु डॉक्टर का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि षव परीक्षण के लिए डॉक्टर तो उपलब्ध है, लेकिन डॉक्टर के सहयोग के लिए स्वीपर विगत कई माह से जिला मुख्यालय में नहीं है, जब कभी षव परीक्षण करना होता है तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी में पदस्थ स्वीपर को बुलाया जाता है, जिस कारण मुतक के परिजनों को षव परीक्षण के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

ज्ञात हो कि जिला अस्पताल कोण्डागांव में जिले के सभी तहसील मुख्यालयों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंदों से मरीज रीफर होकर आते हैं, ऐसे मरीजों में विभिन्न तरह के दुर्घटनाओं से पीड़ित मरीज भी होते हैं जिनकी मौत होने पर षव परीक्षण की अक्सर आवष्यकता जिला अस्पताल कोण्डागांव में अधिक पड़ती है और वहीं कई माह से बिना स्वीपर के अन्य अस्पताल में पदस्थ स्वीपर के भरोसे षव परीक्षण का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। जोकि हैरानी में डालने वाला होने के साथ ही अस्पताल प्रबन्धन के साथ ही जिला प्रषासन की लापरवाही को प्रदर्शित करता है। अब देखने वाली बात यह होगी किनव पदस्थ कलेक्टर इस मामले को संज्ञान में लेकर कब तक स्वीपर नियुक्त करने की कार्यवाही करते हैं।

# सुशासन के आवेदनों का तत्काल करें निराकरण : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। बैठक में एजेंडा अनुसार विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। स्कूली छात्र, छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित स्कूली शिक्षा विभाग, तथा राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग, को आपसी समन्वय और कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। आंगनबाड़ी स्तर से ही छः वर्ष से ऊपर के बालक बालिकाओं का सर्वे करके इसकी प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। सर्वे की सूची अनुसार प्राइमरी, मिडिल, एवं हाई स्कूल स्तर में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरण के संतृप्तिकरण में किसी भी प्रकार की कठिनाइयां आने पर संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ हल कर सकते है और इस कार्य को पूरी प्राथमिकता से करें।



- समय सीमा बैठक में विभागवार समीक्षा
- स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण बनाने समन्वय पर जोर

कलेक्टर श्री दुदावत ने शामिलान खाता बटांकन के संबंध में कहा कि इसके लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी चल रहे राजस्व पखवाड़ा अन्तर्गत सभी पटवारियों को प्रकरण दर्ज कराने लक्ष्य निर्धारण कर इसकी प्रगति की स्वयं निगरानी करें। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, अपूर्ण टंकियों का निर्माण एवं एफएचटीसी की प्रगति के संबंध में, कलेक्टर ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि इस संबंध में पूरे आकलन के साथ पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों को सूचीबद्ध करके प्रस्तुत करें। साथ ही समय सीमा के अंदर अपूर्ण कार्य को पूरा न किए जाने का औचित्यपूर्ण कारण दर्षाए।

आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिया कि इस अभियान हेतु तय लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए मैदानी कर्मचारियों को विशेष रूप से आवेशित करे ताकि समय सीमा में आयुष्मान कार्ड पात्र हितग्राहियों को दिया जा सकें। इसके अलावा उन्होंने सिकल सेल मरीजों की काउंसलिंग तथा एनसीडी स्क्रीनिंग की जानकारी स्वास्थ्य विभाग से चाही उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दिवस में पृथक रूप से स्वास्थ्य विभाग के विभागीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु बैठक ली जाएगी इसके साथ ही कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अन्तर्गत विभागों द्वारा प्रकरणों के निराकरण की भी गहन समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का निराकरण मिशन मोड में करें। क्योंकि इसके लिए अधिक समय शेष नहीं है और 5 मई के बाद निराकरण शिविर प्रारंभ हो जाएगें। इसमें विभागों को निराकृत आवेदनों का ब्यौरा आवेदकों के समक्ष देना होगा। इसी क्रम में कलेक्टर ने अन्य प्रकरणों पर भी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# समर्पित नक्सलियों व पीड़ितों को आवास शीघ्र

## पीएम आवास योजना की समीक्षा



**दंतेवाड़ा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें चारों विकासखंड के जनपद सीईओ, उप संचालक पंचायत, विकासखंड समन्वयक एवं संबंधित टीम उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत विस्तृत समीक्षा की गई। जिसमें आवास प्लस 2024 सर्वे को 30 अप्रैल 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया'। आवास पूर्णता की प्रगति एवं आवास स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा, आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीडि़ति परिवारों को शत प्रतिशत आवास स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए गए। स्वीकृत किए आवास को शत प्रतिशत प्रथम किस्त की राशि जारी करने तथा प्रथम किस्त प्राप्त सभी हितग्राहियों को 'प्लिंथ स्तर' तक निर्माण पूर्ण करने के लिए कहा गया। आवश्यक निर्माण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए गए।

# अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**कोण्डागांव**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को जिला पंचायत के सभा गार में श्रम विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोण्डागांव जिले में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित श्रमिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं समस्त योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवन के निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह ने श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे का कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उनके लिए श्रमिक एवं उनके परिवार का हित सर्वोपरि है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित शासन की समस्त योजनओं का लाभ उन्हें मिले।




बैठक में अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिनमें जिला कोण्डागांव में निर्माण श्रमिकों के कार्य स्थल में कार्यरत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन शिविर आयोजित कर पंजीयन कार्य शतप्रतिशत किया जाए। इसके साथ ही जिले में पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्हें मंडल गठन से अब तक किसी भी योजना का लाभ नही मिला है ऐसे श्रमिकों को चिन्हांकित कर मण्डल में संचालित योजनाओं की जानकारी विकास खंडवार संचालित मुख्य मंत्री श्रम संशाधन केन्द्र के माध्यम से योजना आवेदन कराने की कार्यवाही करें। कोण्डागांव जिले में पंजीयन के नवीनीकरण व संशोधन संबंधी लंबित आवेदनों को 07 दिवस के भीतर पंजीयन एवं नवकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिले में निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में से लंबित आवेदन को 07 दिवस के भीतर जांच कर लाभांवित किये जाने हेतु डी.बी.टी.में ऑनलाईन इन्द्राज करना सुनिश्चित करें। जिले में शासकीय एवं अशासकीय निर्माण कार्यों पर 01 प्रतिशत उपकर की राशि अनिवार्य रूप से जमा कराये के संबंध में निर्देश प्रसारित कर उपकर संग्रहण संबंधित कार्यवाही करना सुनिश्चित एवं किसी भी निर्माण श्रमिकों को पंजीयन एवं योजनाओं में निःशुल्क लाभप्रदाय करने की कार्यवाही करने एवं किसी भी प्रकार का अनुचित लाभ नहीं लेने के निर्देश दिए। बैठक में कोण्डागांव तथा नारायणपुर जिले के श्रम अधिकारी, श्रम निरीक्षक, कल्याण अधिकारी, कल्याण निरीक्षक एवं श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# तेज आंधी-तूफान से नवजात की मौत

## जिपं अध्यक्ष नंदलाल ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**दंतेवाड़ा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के कुआकोंडा और कटेकल्याण ब्लॉक के कई ग्राम पंचायतों में आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। तूफान की चपेट में आने से कई घरों की छतें उड़ गईं, बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मरों पर पेड़ गिर गए, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। इस प्राकृतिक आपदा में एक बेहद हृदय विदारक घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत मोखपाल में एक आठ माह की नवजात बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बच्चे को झूले में सुलाकर मां घरेलू कार्यों में व्यस्त थी, तभी तेज आंधी-तूफान से पूरा घर हिल उठा और छत उड़ गई। झूले में सो रही नवजात को तूफान ने छत सहित उड़ा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। श्री मुड़ामी ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए शासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल राहत पहुंचाने, आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने और मुआवजा प्रकरण बनाकर पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा की इस मारक त्रासदी ने ग्रामीणों को भयभीत कर दिया है, जिला प्रशासन द्वारा राहत कार्य जारी है।

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

### गर्मी से बचकर रहें

*छत्तीसगढ़ सरकार ने शुक्रवार से सभी शालाओं (शासकीय व निजी दोनों) में ग्रीष्मकालीन अवकाश करने का आदेश जारी किया है जो छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों, स्कूल स्टाफ और बच्चों के पालकों-अभिभावकों के स्वास्थ्य के लिये उचित है। पहले शालाएं 30 अप्रैल तक चलनी थीं लेकिन राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनज़र यह फैसला लिया गया है। छुट्टी 15 मई तक रहेगी। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में सूरज आग बरसा रहा है। इस साल औसत से अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है।*

*छुट्टी घोषित होने के बाद अब परीक्षा परिणाम बच्चे या उनके अभिभावक इस माह के अंतिम दिन स्कूल आकर ले सकते हैं। वैसे भी अप्रैल के बचे दिनों में बच्चों की अध्ययन में बहुत दिलचस्पी नहीं रह जाती, न ही अध्यापन हेतु कुछ विशेष होता है। इस दौरान शादी-ब्याह भी होते हैं जिनमें लोगों को सपरिवार शामिल होना रहता है। इससे स्कूलों में हाजिरी बहुत कम रहती है। स्कूल बन्द होने से बच्चों को अनावश्यक रोज आना-जाना नहीं पड़ेगा। विद्यार्थी एवं पालक-अभिभावक समझ लें कि स्कूलों में जल्दी छुट्टी देने का उद्देश्य उन्हें लू से बचाना है। यदि छुट्टी करने के बाद भी बच्चे धूप में घूमेंगे तो छुट्टी का प्रयोजन बेकार हो जायेगा। इस फैसले का उद्देश्य पालकों एवं अभिभावकों को भी धूप से बचाना है जिन्हें अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने तथा वापस लाने के लिये धूप में जाना पड़ता है। बच्चों को यदि पारिवारिक कार्यक्रमों में ले जाया भी जाता है तो उन्हें वहां भी धूप से बचाकर रखा जाना चाहिये। अक्सर समारोहों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होतीं जिसके कारण बच्चों को लू का खतरा बना रहता है।*

*मंगलवार को तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया जबकि अभी गर्मी की शुरुआत है। निश्चित ही आगामी दिनों में गर्मी और भी बढ़ेगी। इसलिये सभी के लिये आवश्यक है कि धूप से बचकर रहा जाये। घरों के बाहर निकलना आवश्यक हो तो लोगों को चाहिये कि वे सुबह धूप तेज होने के पहले बाहर के काम कर लें। जिन्हें कार्यालय जाना होता है, उनके लिये तो बड़ी समस्या नहीं है क्योंकि उन्हें पूरे दिन वहीं रहना होता है। जिन्हें व्यक्तिगत या काम के सिलसिले में घरों-दफ्तरों से बाहर जाना होता है, वे बचाव उपायों के साथ निकलें।*

*बच्चों के साथ ही बुजुर्गों, बीमारों, गर्भवती या हाल ही में मां बनने वाली महिलाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिये। कोशिश की जाये कि दोपहर लगभग 12 बजे से लेकर अपरान्ह 4 बजे तक जब तक बहुत ज़रूरी न हो, छाया वाली जगहों पर ही रहा जाये। जाना भी हो तो धूप से शरीर को बचाकर रखा जाये- खासकर सिर और चेहरे को। सम्भव हो तो काला चश्मा व कैप पहनें। शरीर में पानी की कमी न हो।*

**उल्टा पुल्टा**

पड़ोसन- फोन बहुत अच्छा है तुम्हारा।
श्रीमति- भाई ने लेकर दिया है। 40 हजार का पड़ा।
पड़ोसन- नेकलेस भी अच्छा है तुम्हारा
श्रीमति- उन्होंने लेकर दिया, डेढ़ लाख का पड़ा।
पड़ोसन- पति भी अच्छे हैं तुम्हारे।
श्रीमति- पिताजी ने लेकर दिया। 40 लाख में पड़े।

# आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी दिनेश मिरानिया का शव पहुंचा रायपुर, श्रद्धांजलि देने उमड़ी भीड़







**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के समता कॉलोनी निवासी कारोबारी दिनेश मिरानिया का पार्थिव शरीर आज देर शाम रायपुर पहुंचा एयरपोर्ट पर कारोबारी दिनेश को श्रद्धांजलि देने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी है जिसमें उनके परिजन रिश्तेदार नेता और शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

दिनेश मिरानिया की पत्नी नेहा मिरानिया, पुत्र शौर्य और पुत्री लक्षिता भी एयरपोर्ट पर मौजूद थे। वहीं परिवार के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री ओपी चौधरी, महापौर मीनल चौबे, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, संजय श्रीवास्तव डा वर्णिका शर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी एयरपोर्ट पर पहुंचे।

डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री ओपी चौधरी, महापौर मीनल चौबे ने कारोबारी दिनेश मिरानिया को श्रद्धांजलि दी।

समता कॉलोनी रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया (45 वर्ष) को आतंकियों ने कश्मीर बैसरन घाटी में उसी दिन गोली मारी जिस दिन उनकी शादी की सालगिरह थी दिनेश पत्नी नेहा बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ शादी की सालगिरह सेलीब्रेट कर रहे थे तभी आतंकियों ने दिनेश को गोलियों से भून डाला।

कार में दिनेश की पत्नी नेहा मिरानिया बेटा शौर्य मिरानिया और बेटी लक्षिता मिरानिया मौजूद थे। घटना के बाद पहलगाम में दिनेश मिरानिया की पत्नी और बच्चों से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज मुलाकात की। शाह ने कहा कि हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतक दिनेश की पत्नी नेहा से फोन पर बात कर ढांढस बंधाया सीएम ने कहा दुख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े ह अधिकारियों को हर संभव सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सीएम साय का मुंबई में निर्धारित कार्यक्रम रद्द

- कारोबारी दिनेश मिरानिया के अंत्येष्टि में हो सकते है शामिल

आतंकी हमले के बाद सीएम साय का मुंबई में निर्धारित कार्यक्रम रद्द हो गया है। वे गुरुवार सुबह 8.40 बजे रायपुर लौटेंगे। सीएम साय कल रात 10 बजे आने वाले थे लेकिन अब सुबह आएंगे। मुंबई में वे स्टील समिट में शामिल नहीं हो सकेंगे। वे मंगलवार को कारोबारी दिनेश मिरानिया के अंत्येष्टि में शामिल हो सकते हैं। वहीं हमले में प्राण गंवाने वाले नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए बीजेपी रायपुर द्वारा जयस्तंभ चौक पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। शाम 7 बजे सभा का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि, मृतक कारोबारी दिनेश मिरानिया अपने परिवार के साथ कश्मीर घूमने गया था और हमले का शिकार हो गया। वे अपनी एनिवर्सरी सेलिब्रेट करने परिवार के साथ पहलगाम गए थे।



दिनेश मिरानिया का पार्थिव शरीर उनके निवास समता कालोनी पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह 9 बजे समता कॉलोनी स्थित निवास से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकाली जाएगी।

## सफाई ठेकेदार को व्यवस्था दुरस्त करने दिया एक माह का समय

**रायपुर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नन्दकुमार साहू ने आज डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना बोरियाखुर्द के सफाई ठेकेदार विकास शर्मा के प्रतिनिधि पवन बघेल को सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के लिए एक माह का समय दिया है। उन्होंने कहा कि यदि एक माह में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होती है तो प्राधिकरण व्दारा सफाई का ठेका कार्य निरस्त कर दूसरी व्यवस्था की जाएगी।

श्री साहू प्राधिकरण के अध्यक्ष बनने के बाद आज पहली बार प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी लेने बोरियाखुर्द और इन्द्रप्रस्थ रायपुरा गए थे। अधिकारियों के साथ गए आरडीए



अध्यक्ष साहू ने बोरियाखुर्द योजना के डॉण् श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना पहुंचने पर निवासियों व्दारा सफाई ठेकेदार की शिकायत की और कहा कि सफाई ठेकेदार व्दारा पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों नहीं भेजने के कारण फ्लैट्स के आसपास कचरा जमा हो गया है।

**तेंदूपत्ता बोनस घोटाला**

## निलंबित अशोक पटेल 3 दिन की रिमांड पर

**रायपुर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। तेंदूपत्ता बोनस घोटाले मामले में एसीबी ईओडब्लू की संयुक्त कार्रवाई जारी है इस मामले में गिरफ्तार किए गए निलंबित डीएफओ अशोक पटेल को आज विशेष कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट ने अशोक पटेल को 26 अप्रैल तक तीन दिन की रिमांड पर सौंप दिया है एसीबी ईओडब्ल्यू ीम ने निलंबित अशोक पटेल को 17 अप्रैल को गिरफ्तार किया था अब पूछताछ के लिएईओडब्लू ने कोर्ट से 30 अप्रैल तक की रिमांड की मांग की थी लेकिन कोर्ट ने फिलहाल 26 अप्रैल तक की रिमांड मंजूर की है आरोप है कि वर्ष 2021.22 में वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता बोनस वितरण के दौरान लगभग 7 करोड़ रुपये की आर्थिक अनियमितता हुई यह राशि तेंदूपत्ता संग्राहकों को अप्रैल.मई 2022 में वितरित की जानी थी लेकिन राशि के आहरण के बावजूद आदिवासी संग्राहकों को भुगतान नहीं किया गया जब इस मामले की जानकारी पूर्व विधायक मनीष कुंजाम को हुई तो उन्होंने जनवरी 2025 में कलेक्टर सुकमा और सीसीएफको पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग की शिकायत के बाद कलेक्टर और वन विभाग ने अलग.अलग जांच समितियां गठित की नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्राहकों के बयान दर्ज किए गए जिनमें तत्कालीन डीएफओ सुकमा अशोक पटेल की भूमिका सामने आई प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया इसके बाद से एसीबी और ईडब्ल्यू की संयुक्त टीम सुकमा और कोंटा क्षेत्र में तेंदूपत्ता प्रबंधकों पर निगरानी बनाए हुए है।

## बोरे-बासी खिलाने के नाम पर 8 करोड़ खर्च

- कांग्रेस ने दी स्वीकृति की सफाई,
- बीजेपी ने भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में बोरे-बासी खिलाने पर 8 करोड़ से अधिक खर्च करने का मामला सामने आया है. यह खुलासा सूचना के अधिकार (ऋझ्ठ्ठ) के तहत मिली जानकारी से हुआ है. दस्तावेजों के अनुसार, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 1 मई यानी श्रमिक दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ी खान-पान को बढ़ावा देने बोरे-बासी खिलाने का प्रावधान किया गया. इसके लिए सरकार की ओर से प्रदेश भर में बोरे-बासी और श्रमिक दिवस के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसमें यह राशि खर्च की गई।

इसी को लेकर आरटीआई से मिली जानकारी से यह खुलासा हुआ है कि सिर्फ राजधानी रायपुर में बोरे-बासी खिलाने पर 8 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई थी. वह भी बिना किसी सरकारी निविदा के खर्च की गई। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के मुताबिक वर्ष 2020 में बैगर निविदा के 3 करोड़ का कार्य मेसर्स शुभम किराया भंडार से कराया गया। वर्ष 2023 में बैगर निविदा 8 करोड़ 32 लाख का कार्य मेसर्स व्यापक इंटरप्राईजेस से कराया गया। वर्ष 2024 में पुन: बैगर निविदा के लगभग 3 करोड़ का कार्य मेसर्स व्यापक इंडरप्राईजेस से कराया गया।

**आरटीआई कार्यकर्ता ने उठाया भ्रष्टाचार का आरोप**-आरटीआई कार्यकर्ता आशीष सोनी ने इस मामले में आरोप लगाया कि इसमें बड़े पैमाने पर मिलीभगत हुई है. उन्होंने कहा कि 1 मई को श्रमिक दिवस के मौके पर एक बार फिर वही चहेती इवेंट कंपनी को बिना निविदा कार्य दिया जा रहा है। इस मामले में कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बोरे-बासी छत्तीसगढ़ी अस्मिता का प्रतीक है। कांग्रेस सरकार में इसे बढ़ावा देने का काम किया गया था।

# कश्मीर में आतंकी घटना से शहरभर में आक्रोश, विरोध प्रदर्शन



**शहर कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि**

**रायपुर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश रोष में है। शहर जिला कांग्रेस ने आज आतंकवादी हमले में मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला।कांग्रेस भवन गांधी मैदान से हाथों में कैंडल लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता कोतवाली चौक पहुंचे। जहां 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि आतंकवादी हमले से आज पूरा देश एकजुट होकर इस आतंकवादी हमले की निंदा कर रहा है कांग्रेस पार्टी मृतको के परिवार जनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है हमें पूरा विश्वास है कि देश की जन भावनाओं के अनुसार आतंकवादी हमले का बदला लिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे छाया वर्मा उधोराम वर्मा मदन तालेड़ा सुरेश ठाकुर आकाश शर्मा श्री कुमार मेनन दिनेश ठाकुर दिलीप चौहान प्रशांत ठेंगड़ी दीपा बग्गा देव कुमार साहू सारिक रईस खान श्रीनिवास बंशी कन्नौजे सोनू शर्मा कामरान अंसारी ओम श्रीवास राजू सोनी राहुल तिवारी आदि उपस्थित थे।

**प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र ने जलाया पाकिस्तान का नक्शा**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल एवं प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के संयुक्त नेतृत्व में पहलगाम के अत्यंत दुखदायी घटना के खिलाफ पाकिस्तान ,आतंकवाद और आतंकवादियों का चित्र के साथ पाकिस्तान का नक्शा जयस्तंभ चौक पर जलाया गया ।प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि जिस तरह पहलगाम में पर्यटकों की चुन चुन कर हत्या की गई उससे पूरा देश स्तब्ध है, देश की जनता पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहती है । प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि यह समय पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों और उनके पनाहगारों को समाप्त करने का है ।अब प प्रधानमंत्री देश की जन-जन की भावना के अनुरूप घर घुसकर आतंकियों और उनके पनाहगारों का समूल नाश करें ।पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ आपके साथ है ।श्री अग्रवाल ने रायपुर के युवा व्यवसाय स्वर्गीय दिनेश मीरानिया की जघन्य हत्या को शहादत बताते हुए कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी ।कांग्रेस परिवार ने एक मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राजेश केडिया, नरेंद्र शुक्ला, नागेन्द्र वोरा, राहुल तिवारी, राजेश त्रिवेदी,शेख इमरान, शरद गुप्ता, मनोज यादव, मनोज सोनकर ,नरेश गढ़पाल,अमर परचानी, आनंद पंचाल, मुनेश गौतम,रवि शर्मा आदि शामिल थे ।

## युकां ने पाकिस्तान का झंडा लगाकर किया आतंकवाद का पुतला दहन




प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा आज राजधानी रायपुर में कल कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जो निर्दोषों को आतंकवादियों द्वारा मर गया है ।उसके खिलाफ आज प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की अगवाई में राजीव गांधी चौक पर आतंकवादी का पुतला दहन किया गया। पुतले में पाकिस्तान का झंडा लिपट कर पुतले को जलाया गया एवं सैकड़ो को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए और सरकार को पाकिस्तान पर हमला करने को कहा इस हमले में छत्तीसगढ़ रायपुर के निवासी की भी जान चली गई उसे आकर्षित होकर युवा कांग्रेस ने पुतला दहन किया।।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिस प्रकार कल कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष मासूमों को मारा गया है। हम केंद्र की मोदी सरकार से यह चाहते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ तुरंत आक्रमण किया जाए और मासूमों के जान का बदला उन्हीं की भाषा में लिया जाए।

रायपुर निवासी व्यापारी दिनेश मिरनिया की भी हत्या इस आतंकी हमले में हुई उनके प्रति और पूरे परिवार के प्रति आज देश का हर एक व्यक्ति एक जुटता के साथ खड़ा है ।हम यह मांग करते हैं कि सरकार इस पर जल्द से जल्द आतंकियों को खत्म करें।।

# तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया विशेष जोर

**बेमेतरा**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों और थाना/चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में तीन नए आपराधिक कानून ङ्क नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ङ्क के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।



एसएसपी ने कहा कि इन नए कानूनों का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी, त्वरित और तकनीकी रूप से उन्नत बनाना है। साथ ही समयबद्ध मामलों का शीघ्र निपटारा कर 60 और 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही, उन्होंने तलाशी और जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी को अनिवार्य बताते हुए, मामलों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते समय सावधानी बरतने, घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार करने, साक्ष्य जुटाने और साक्षियों की सूची व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। आमजन से सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में कर्मयोगी ऐप और द्वत्वह्ज्ञ कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के उपयोग पर भी जोर दिया गया, जो सरकारी कर्मचारियों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास में सहायक है। एसएसपी ने सभी थाना/चौकी प्रभारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनता से संवाद करने, उनकी समस्याओं को समझने और त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करने को कहा। थानों में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर शीघ्र निराकरण करने और महिलाओं एवं बुजुर्गों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं और अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। धोखाधड़ी, ढ्ढञ्ज एक्ट, महिला एवं बाल अपराधों से जुड़े मामलों में शीघ्र विवेचना पूर्ण कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की बात कही गई। ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर क्राइम और सोशल मीडिया अपराधों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने तथा म्यूल अकाउंट धारकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

### समय बाधित अपराधिक प्रकरणों का शीघ्र निकाल करने के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के निराकरण हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाने के निर्देश दिए गए। संपत्ति संबंधी अपराधों के आदतन अपराधियों पर निगरानी और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी, अधिकारियों का मनोबल बनाए रखने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सायबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप और सशक्त एप के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही हमर पुलिस हमर बाजार एवं हमर पुलिस हमर गांव जैसे अभियानों के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने, रात में गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग ऑपरेशन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, तथा गोवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, एसएसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे सहित जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी शामिल रहे।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस और बेमेतरा जिले की पंचायती व्यवस्था

### बेमेतरा जिले में 48 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू होंगे

**बेमेतरा**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। हर वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में ग्राम स्वराज की भावना को सशक्त करने और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। इसकी शुरुआत 24 अप्रैल 1993 को हुई, जब 73वें संविधान संशोधन अधिनियम को लागू किया गया। इस संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया और देश में त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था ङ्क ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत (ब्लॉक स्तर) और जिला पंचायत ङ्क को सशक्त रूप से लागू किया।

छत्तीसगढ़ का बेमेतरा ज़िला, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक सशक्त उदाहरण है। बेमेतरा ज़िले में 425 ग्राम पंचायतें हैं, जो स्थानीय शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करती हैं। इन पंचायतों का संचालन ग्रामीणों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से होता है। पंचायतें न केवल विकास कार्यों का संचालन करती हैं बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान भी करती हैं। कल 24 अप्रैल को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में एक साथ 1474 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला बेमेतरा में 48 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू किया जा रहा है। मुख्य कार्यकम विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम टेमरी में सुबह 10 बजे से होगा । हाल ही में, फरवरी 2025 में, बेमेतरा ज़िले में पंचायती चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। यह चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र की असली परीक्षा होती है क्योंकि इसमें आम नागरिक सीधे रूप से भाग लेते हैं। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला पंचायत तक, सभी स्तरों पर प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। इनमें पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, और जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे पद शामिल हैं। इस बार चुनाव में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जो सामाजिक समरसता और लैंगिक समानता की ओर एक सकारात्मक संकेत है। पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ होती हैं। ये संस्थाएं न केवल सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करती हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और कृषि जैसे क्षेत्रों में भी अहम भूमिका निभाती हैं। बेमेतरा ज़िले की पंचायतें भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। जिले में कई पंचायतों ने डिजिटल सेवाओं को अपनाकर पारदर्शिता और कार्यकुशलता में वृद्धि की है। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का उद्देश्य पंचायतों की भूमिका को पहचान देना, उन्हें और सशक्त करना तथा आम नागरिकों में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें जनता की भागीदारी अनिवार्य है।

अंततः, बेमेतरा ज़िले की पंचायतें राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मूल संदेश च्गांव की सरकार, गांव के द्वार को साकार कर रही हैं। आने वाले समय में भी ये संस्थाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ ग्रामीण विकास को मजबूती प्रदान करती रहेंगी।

# छात्र बरुण यादव ने साउथ एशियन डब्लूएफएस के ओ कराटे चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल



**डोंगरगढ़**, 23 अप्रैल। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च मा विद्यालय डोंगरगढ़ का छात्र बरुण यादव पिता खेमचंद यादव ने साउथ एशियन डब्लू एफ एस के ओ कराटे चैंपियनशिप 2025 ट्ठ26जो झारखंड में आयोजित था सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ जिनके प्रशिक्षक श्री युगांत मेश्राम (ब्लैक बेल्ट) है उनको विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार ,बोधन भारद्वाज शुशील यादव ,ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा,अमित शुक्ला, विशेष साहू , प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले , डीगेश साहू,गणेश वर्मा, श्रीमती सुषमा शांडिलकर,कीर्ति दफेदार,एस राव,स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल ,पल्लवी दीदी, कौशल्या वर्मा, ,प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन ,चंद्रिका यादव ,माया वशिष्ठ ,ज्योति शर्मा ,प्रिया भारती, लता सोनकर ,योगिता नागोते ,निशा नागमोते ,ममता सोनवानी हिमांशु इंदुलकर ,मोनिका वाकलेआदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए है।

# नपं गंडई में अज्ञात चोरों ने बोला धावा

**गंडईपंडरिया,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत गंडई में रविवार - सोमवार की मध्य रात्रि में अज्ञात चोर ने धावा बोल दीया। जहां से केबल वायर सहित अन्य समान को पार कर दिया है। निकाय कर्मचारियों को चोरी की घटना बीते सोमवार को ऑफिस खोलने पर हुआ। जिसकी गंडई थाने में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।



अज्ञात चोर ने कार्यालय भवन में लगे पंप की केबल वायर लगभग 72 मीटर लंबी और जलप्रदाय शाखा की ताला दरवाजा तोड़कर 35 मीटर कुल 107 मीटर केबल वायर एवं 01 नग नया स्टाटर की चोरी की गई है। जिसकी अनुमानित राशि लगभग 24130 रु आंकी गई है। कार्यालय में चोरी होने की सूचना रात्रिकालीन चौकीदार विजय कश्यप ने विभाग को दी है।जहां विभाग ने गंडई थाने में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराया है। निकाय में रात्रिकालीन देख रेख के लिए चौकीदार नियुक्त किया गया है। उसके बाद भी निकाय में चोरी होना समझ से परे है।

### केबल वायर सहित अन्य समान ले उड़े चोर

**पुलिस गस्त अपने में मस्त**

नगर पंचायत कार्यालय और थाना की दूरी लगभग 30 से 40 मीटर है। उसके बाद भी एक शासकीय कार्यालय में अज्ञात चोर द्वारा चोरी करना गंडई पुलिस और उनकी गस्त दलों पर सवालिया निशान खड़ी करता है। ये पहला मामला नही है आये दिन चोरी की वारदात नगर में होती ही रहती है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन, मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**डोंगरगढ़**, 23 अप्रैल। देश के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मानवता को शर्मशार करते हुए आतकंवादी हमलें के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और हमलें में मारें गये नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तरुण हत्थेल, पार्षद सुमित ताम्रकार संजय श्रीवास्तव ,रेखा राघवते , मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना ,वीरेंद्र अग्रवाल विजेंद्र सिंह ठाकुर महेंद्र अग्रवाल प्राचार्य प्रकाश यादव , महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़ उपाध्यक्ष अंचला सिंह ठाकुर, लक्ष्मी यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा अनीता इंदुरकर ज्योति बड़वाईक नीरज यादव सरफराज नवाज श्याम तिवारी अमन नामदेव टिंकू कक्कड़ लोकेश इंदुरकर गिरीश साहू रामकुमार दड़सेना सभी शक्ती केंद्र के प्रभारी संयोजक सह संयोजक गण,सभी बुथ अध्यक्ष गण,एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### आवास मित्र के द्वारा सर्वे के नाम से कर रहा है वसुली

**परपोड़ी,** 23 अप्रैल। जनपद पंचायत साजा का नाम एक बार फिर हुआ तारतार ।ताजा मामला है गाड़ाडीह पंचायत का जहाँ आवास मित्र द्वारा हितग्रहियो से दो हज़ार से लेकर दस हज़ार तक वसूली करने की बाते सामने आ रही है। एक ओर जहां प्रदेश की सरकार सुशासन तिहार मना रही है वही दूसरी ओर उक्त आवास मित्र जिसका नाम राजेंद्र सिंह बताया जा रहा है के द्वारा हितग्राहियो को चमकाकर पैसे ऐठा जा रहा है। अवैध पैसा कमाने के चक्कर में अपने साथ पेंटर लेकर घूमने एवं पेंटर को 500 से लेकर 700 रुपए तक चार्ज देने के लिए मजबूर किया जाता है। चुकी हितग्राही अपनी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधि से कर रहे है जिस पर उक्त आवास मित्र से बात करने पर पैसे लेने की बात को भी कबूला गया है ।इस मामले में अब हितग्राही जनदर्शन में अपनी शिकायत दर्ज करवाने कलेक्टर के पास पहुचेंगे।

## निधन

### रोशन कोटडिया



**रायपुर**, 23 अप्रैल। शैलेन्द्र नगर/ कोंडागांव निवासी जैन श्री संघ के सुश्रावक विजयलाल जी कोटडिया के सुपुत्र रोशन कोटडिया का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कर 23 अप्रैल को कोंडागांव में किया गया। वे गौत्तम एवं ललित कोटडिया के छोटे भाई एवं मोहन लाल, प्रेमराज के भतीजे थे।

# देश सेवा के लिए जा रहे जवान का किए सम्मान : संजय बैस

**कुसुमकसा/डौण्डी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। देश सेवा को अपना लक्ष्य बनाकर प्रारंभ से इच्छा रखने वाले राहुल सिन्हा का भारतीय थल सेना के लिए चयन हुआ राहुल के थल सेना में ज्वाइनिंग करने जाने से पहले पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने अपने साथियों के साथ रेलवे स्टेशन में फूल माला और मिठाई खिलाकर देश सेवा के लिए प्रस्थान किए राहुल सिन्हा आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद अपनी लगन शक्ति को कमजोर होने नहीं दिया। पढ़ाई के साथ राहुल कबाड़ी और टेंट हाउस में काम करते रहे और अपनी आर्मी भर्ती की तैयारी भी करते रहे।राहुल ने बताया कि पूर्व जनपद सदस्य जो कि पुलिस और आर्मी की भर्ती के लिए हमारे गांव में नि:शुल्क कैंप लगा कर युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण दिलवाते हैं। जिसका मुझे भी फायदा हुआ हमारे गांव में सैकड़ों सैनिकों का सम्मान का कार्यक्रम हुआ जिसमें मेरी इच्छा शक्ति और प्रबल हुआ जिसका परिणाम आज में थल सेना में मेरा चयन हुआ है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा कि राहुल हमारे गांव का गोदड़ी का लाल है और आने वाले युवा पीढ़ी के लिए सीख भी है।उन्होने कहा की अगर आप अपना लक्ष्य निर्धारण कर किसी भी विषय में प्रयत्न करते है तो मंजिल जरूर मिलेगी हम हमेशा से इस क्षेत्र के बच्चों के लिए कैरियर काउंसिलिंग पुलिस और आर्मी भर्ती के लिए कैंप कराते रहते है। हमारे क्षेत्र के होनहार बच्चों की प्रतिभा में और निखार आए इसके लिए में हमेशा में इनके साथ खड़े रहूंगा।हमारा क्षेत्र वनांचल का क्षेत्र है हमारे बच्चे अभाव में भी प्रभाव दिखाते है इस क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में देश सेवा में कार्यरत आर्मी के लोग है जो हमें और हमारे क्षेत्र को गौरवान्ति करते है इस अवसर पर पूर्व सरपंच शिव राम सिंदरामे दीपक यादव नितिन जैन संतोष जैन मंडलेश्वर कमलेश्वर सिन्हा पुष्पजीत बैंस गौतम साहू कमलकांत साहू पोषण धनकर राजू सिन्हा लोकेश सिन्हा गोल्डी धनकर सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रह कर राहुल को बधाई दिये।



# विलुप्त हो रहे महापाषाण स्थल को पंचायत द्वारा किया जाएगा संरक्षित

**गुरुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 930 में स्थित ग्राम धनोरा में महापाषाण स्थल अब विलुप्त की कगार पर है। महापाषाण स्थल को चिन्हित करने के बाद संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे यह स्थल अपना अस्तित्व खो रही है। लेकिन ग्राम धनोरा के अलावा छत्तीसगढ़ की इस धरोहर को सुरक्षित करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा अब संरक्षित किया जाएगा इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा रूपरेखा तैयार की जाएगी। यहां मुख्य मार्ग किनारे 1956-57 में डॉ. एमजी दीक्षित द्वारा तीन प्रकार के महापाषाण को चिन्हाकित कर छोटे स्तर पर खुदाई की गई थी, यहाँ उत्खनन कार्य के दौरान लगभग 500 महापाषाणीय स्मारक चिन्हाकित किए गए थे।



**खुदाई मे मिले थे मानव कंकाल के अवशेष**

महापाषाण स्मारकों को 4 वर्गों में बांटा गया था जिनमें अधिकतर छोटे और बड़े आकार मे मेनहीर हैं, बड़े आकार वाले बोल्डर को कोटा के नीचे लगाए गए हैं। वही उत्खनन के दौरान मानव कंकाल के अवशेष गुरिया एवं चूड़ियां भी प्राप्त हुई है। उत्खनन के दौरान एक कक्ष में खंडित ताम्रकाश भी मिला था। लेकिन दुर्भावनावश यह विरासत ठेकेदारों द्वारा पत्थर खुदाई के कारण विलुप्त की कगार पर है।खुदाई के दौरान यह ग्राम धनोरा, पहले दुर्ग जिला के अधीन था। 2012 मे बालोद को जिला बनाया गया तब उक्त गांव को बालोद जिला में शामिल किया गया।

# आतंकियों को मार गिराने वाले भारतीय सेवा को सलाम- राजधानी में कैंडल मार्च श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई : विजय झा




**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर पूरे भारत में पहलगाम की घटना के विरोध में आज श्रद्धांजलि सभा, कैंडल मार्च कर विरोध प्रकट किया गया। इस घटना की प्रदेश प्रभारी डॉ संदीप पाठक, एवं प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने निंदा की है। आम आदमी पार्टी ने आतंकियों को मार गिराने वाली सेना को सलाम करते हुए रायपुर राजधानी में संध्या 7 बजे अंबेडकर चौक में श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया। आप नेता विजय कुमार झा ने बताया है की बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारीयों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर इस घटना की घोर निंदा करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगन भेदी नारे लगाते हुए पहलगाम में शहीद अमर रहे के नारे गुंजायमान किये। इस अवसर पर आप नेता एम एम हैदरी, अजीम खान, परमानंद जांगड़े, विजय कुमार झा, उत्तम जायसवाल, अनुषा जोसेफ, आर एस ठाकुर, प्रद्युमन शर्मा, शिव दुबे, जिला अध्यक्ष पुनारद निषाद, मिथलेश साहू, लक्ष्मण सेन, नवनीत नंदे, सुरेन्द्र बिसेन, रघुनाथ यादव, विकास दास मानिकपुरी, इमरान खान सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर की प्रतिमा पर कैंडल जलाकर 2 मिनट मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मांग की गई है की सुरक्षा व्यवस्था तेज कर पहलगाम में पर्यटकों वह अमरनाथ यात्राओं की सुरक्षा कड़ी की जावे।

### राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस विशेष

# पंचायतीराज व्यवस्था-प्रचीनकाल से अमृतकाल तक

भारत में पंचायतो का अस्तित्व आजादी के इस अमृत काल से लगभग 4000 ई. पूर्व भारत के वेदों, ग्रन्थों एवं काव्यों में मिलता है।

मध्य काल के दौरान राज्य की सबसे छोटी ईकाई गांव थी। मुगल काल में गांव प्रशासन की सबसे छोटी इकाई थी। परगनों को गांवों में विभाजित किया गया, पंचायतों द्वारा गांवो का प्रबंध होता रहा। इस दौरान ग्राम में चार महत्वपूर्ण अधिकारी थें मुकद्दम, पटवारी, चौधरी और चौकीदार। दसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में दक्षिण में पंचायतें पूर्ण अस्तित्व में थीं।

दक्षिण में उत्तरीमेरुर से पल्लव तक चोलकाल में पंचायतो की व्यवस्था के लगभग दो सौ अभिलेख है, पल्लव एवं चोल शासन के अंतर्गत ग्राम अधिकतम स्वायत्ता का उपभोग करते थे। दसवी शताब्दी का एक लेख आज भी एक मंदिर की दिवार खुदा है, आधुनिक पंचायतों की चोल कालीन स्थानीय प्रशासन से तुलना करना सार्थक और रुचिकार है।

चोल राज्य के अंतर्गत दसवी शताब्दी के पश्चात् अनेक शिलालेख स्थानीय राजनीति पर प्रकाश डालते है। पंचायत/ग्राम 30 भागों में विभाजित था, जिनमें से प्रत्येक भाग का प्रतिनिधि लाटरी द्वारा चुनी गयी वार्षिक परिषद में उपस्थित होता था। परिषद पॉच उप-समितियों में विभाजित थी, जिनमें से तीन क्रमश: उद्यानों तथा विटिकाओं, तालाब तथा सिंचाई और झगड़े के निपटारे के लिये उत्तरदायी थी, जबकि अंतिम दो कार्य अनिश्चित थी। सदस्य अवैतनिक होते थे। परिषद में सम्मिलित होने का अधिकार सम्पत्ति योग्यता के द्वारा सीमित था, जिनमें मकान तथा छोटा भू-भाग सम्मिलित था। सदस्यता 35 से 70 वर्ष की आयु के मध्य वर्ग के लिये सीमित थी, जो एक वर्ष तक कार्यभार संभालतें थे।

चोल वंश में पंचायत के ग्राम सभा अध्यक्ष के निर्वाचन के लिये पात्रतायें निर्धारित थी। प्रत्येक उम्मीदवार के पास एक चौथाई कृषि भूमि होना आवश्यक, अनिवार्यत: उसके पास स्वयं का घर हो, आयु 35 वर्ष या उससे अधिक परन्तु 70 वर्ष से कम, मूलभूत शिक्षा प्राप्त की हो और वेदों का ज्ञाता हो, पिछले तीन वर्ष में उस पद पर ना रहा हो, भ्रष्ट आचरण का दोषी ना हो, जिसने अपना समस्त कर चुकाया हो, गृहस्थ रहकर पर स्त्री का गमन का दोषी ना हो, मद्यपान का दोषी ना हो, और अतिक्रमण ना किया हो। पंचायतो में ग्राम सभा का कार्यकाल केवल 360 दिन का ही रहता था वास्तविक रुप में पंचायतो में ग्राम सभा पूर्णत: विकसित एवं संगठित शासन प्रणाली थी, जो पूर्ण आंतरिक स्वतंत्रता का अधिकार रखती थी।

1882 लॉर्ड रिपन ने ग्राम पंचायत को न्याय पंचायत के रूप में पुन: निर्माण किया। लाल, बाल, पाल, सुभासचन्द्र बोस, दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी ने पंचायतों के गठन एवं ग्राम विकास के लिए विभिन्न आंदोलन किये। रविन्द्रनाथ टैगोर ने 1920 ई. में शांति निकेतन में ग्रामीण सुधार की दिशा में ग्रामीण विकास एवं बाल शिक्षा प्रारंभ की, महात्मा गांधी ने 1932 में सेवा ग्राम से ग्रामीणों के स्वालंबन के लिए योजनाओं का सूत्रपात किया।

संविधान का अनुच्छेद 40 राज्य पंचायतों के स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठायेगा और उन्हें ऐसी शक्तियां एवं अधिकार प्रदान करेगा, जो उन्हें स्वायत शासन की इकाई के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक है। फलस्वरूप देश में पंचायतों का गठन कर शक्तियां एवं अधिकार दिये गये। परन्तु अलग-अलग राज्यों में इसका स्वरूप अलग-अलग था।

भारत में आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की स्थापना तथा स्थानीय प्रशासन को उत्कृष्ट बनायें रखने के लिए 1957 में बलवंतराय मेहता समिति गठित की गई। वर्ष 1989 में भारत सरकार ने संविधान के भाग-09 में पंचायतों को शामिल करने के लिए लोकसभा में 64वें संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया, जो पारित नहीं किया गया। 1991 में 72वें संशोधन को पेश किया, जिसे 22 दिसंबर 1992 को स्वीकृति दी गयी, 23 दिसंबर 1992 को राज्य सभा ने इस संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की तत्पश्चात 17 राज्यों की विधानसभाओं ने इस विधेयक का समर्थन किया।

पंचायतीराज आधुनिक भारत में 24 अप्रैल 1993 को लागू हुआ 73वाँ संविधान संशोधन आधुनिक भारत के इतिहास में मिल का पत्थर है, 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायतों में निर्वाचन के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रारंभ हुई, जिसका सीधा प्रभाव स्थानीय स्व-शासन द्वारा सामाजिक-आर्थिक विकास पर पड़ा जिसकी परिकल्पना महात्मा गांधी द्वारा ग्राम स्वराज के रूप में की गई थी। 73वें संविधान संशोधन के 03 वर्ष पश्चात अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतों का विस्तार अधिनियम 1996 लागू किया गया, जिससे अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की शक्तियों का विस्तार हुआ और ग्राम सभायें अधिक सशक्त हुई। जल, जंगल, और जमीन पर ग्राम सभा को मालिकाना हक प्राप्त हुआ है। पंचायतें 11वीं अनुसूची के 29 विषयों से संबंधित गतिविधियों पर कार्य योजना का निर्माण कर सतत् विकास के 17 वैश्विक लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर 09 थीम में विभाजित कर कार्य योजना का निर्माण कर रही है।

आजादी के इस अमृतकाल से पूर्व तक ऐसा कोई पैमाना नहीं था जिससे पंचायतो की प्रगति का आकलन किया जा सके, पंचायतीराज मंत्रालय ने पहली बार पंचायत एडवांसमेंट इनडेक्स (उन्नति सुचकांक) जारी किया है। इससे पंचायतो की सही स्थिति सामने आई, पहली रिपोर्ट में दक्षिण भारत के राज्यों की स्थिति अच्छी आंकी गई लेकिन तय मानको के अनुसार 'ए प्लस' श्रेणी में कोई राज्य अपना स्थान नहीं बना पाया। देश की 2.55 लाख ग्राम पंचायतो में से 2.16 लाख ग्राम पंचायतो का मूल्यांकन किया गया जिसमें 699 ग्राम पंचायत 'ए' श्रेणी, 77298 ग्राम पंचायत 'बी' श्रेणी, 132392 ग्राम पंचायत 'सी' श्रेणी, तथा 5896 ग्राम पंचायत को 'डी' श्रेणी, प्राप्त हुआ।

छत्तीसगढ़ प्रदेश की 11643 ग्राम पंचायतो में 1239 ग्राम पंचायते 'बी' श्रेणी, 8955 ग्राम पंचायते 'सी' श्रेणी, तथा 1449 ग्राम पंचायतें 'डी' श्रेणी, प्राप्त की इस कडी में सरगुजा जिले की बतौली जनपद पंचायत की शिवपुर ग्राम पंचायत 73.15 अंक हासिल कर 'बी' श्रेणी, प्राप्त की। पंचायत उन्नति सूचकांक 17 सतत विकास लक्ष्यो को 9 थीम में विभक्त कर 794 आंकडे बिन्दु चिन्हित कर किया गया जिसमें 435 यूनिक स्थानीय सूचकांको का उपयोग किया गया है।

**डॉ. अशोक कुमार जायसवाल**

# रायपुर में गर्मी ने 10 साल का तोड़ा रिकॉर्ड

## छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का कहर, लू की चेतावनी

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे लोगों का दिनचर्या प्रभावित हो रही है. मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक राहत मिलने की संभावना न के बराबर जताई है. मंगलवार को रायपुर का तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो पिछले 10 सालों का सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया है. प्रदेश के अधिकांश इलाकों में तेज धूप के कारण लोग घरों में कैद होकर रहने को मजबूर हैं.



### ग्रीष्म लहर की चेतावनी

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे के लिए प्रदेश के कई जिलों में ग्रीष्म लहर (हीट वेव) चलने की संभावना जताई है. खासकर गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायपुर, बलौदा बाज़ार, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलों में एक या दो स्थानों पर लू की स्थिति बन सकती है.

अगले 48 घंटों के लिए छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती, कोरबा, जांजगीर चांपा, रायपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के एक दो हिस्सों में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है.

### रायपुर का तापमान सबसे अधिक

मौसम विभाग के अनुसार, रायपुर में तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक है. बिलासपुर, दुर्ग और अन्य प्रमुख शहरों में भी तापमान 43 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है.

### लू से बचने करें ये उपाय

- पानी और उपयुक्त तरल पदार्थ का सेवन करते रहें.
- अनावश्यक रूप से धूप में न निकलें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से 04ः00 बजे के बीच.
- हल्के रंग के कॉटन कपडे पहनें व पूरे शरीर को ढककर रखें.
- यदि कोई व्यक्ति लू से प्रभावित है, तो उस व्यक्ति को छाया के नीचे ठंडी जगह पर लिटाएं. उसे गीले कपड़े से पोंछें/शरीर को बार-बार धोएं. सामान्य तापमान का पानी सिर पर डालें.

# 1245 करोड़ की लागत से इस्पात संयंत्र लगाएगा ग्रीनटेक सोल्युशंस



**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज मुंबई में ग्रीनटेक सोल्युशंस के निदेशक एम. प्रसाद रेड्डी ने मुलाकात की। इस दौरान रेड्डी ने राज्य में 1245 करोड़ रुपये की लागत से एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने की योजना प्रस्तुत की, जिससे 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है।

**500 से अधिक रोजगार सृजित होंगे**

ग्रीनटेक सोल्युशंस हरित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से लागत-प्रभावी और टिकाऊ औद्योगिक समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री रेड्डी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति 2024ङ्क30 ने कंपनी को प्रदेश में निवेश के लिए प्रेरित किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य में निवेशकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं—जैसे सिंगल विंडो क्लीयरेंस, उद्योग अनुकूल अधोसंरचना, और हरित औद्योगिक प्रोत्साहनों—की जानकारी दी और ग्रीनटेक सोल्युशंस के प्रस्ताव का स्वागत किया।

# 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश




- **मामा की शादी में आई थी नाबालिग**
- **हिन्दू संगठन ने किया थाने का घेराव**

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची अपने मामा की शादी में आई थी। पड़ोस में किराए के मकान में रहने वाला युवक ने रेप की बच्ची से रेप की कोशिश की है। परिवार वालों ने इस बात की जानकारी बजरंग दल और हिन्दू संगठन को दी जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग टिकरापारा थाना पहुंचे। आरोपी के खिलाफ्कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव कर दिया। इस मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर की जा रही है।

# अवैध वेंडरों पर रेलवे प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)।रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों के माध्यम से गाड़ियों तथा स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है स्टेशनों एवं गाड़ियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है इसी संदर्भ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने खुद ट्रेनों और स्टेशनों में औचक अनधिकृत वेंडरों की जांच की इस जांच अभियान में 04 अनधिकृत वेंडर पकड़े गए 03 पर लगेज जुर्माने की कार्रवाई की गई प्लेटफॉर्म पर ट्रॉली चलते हुए पाए जाने पर 5000 का जुर्माना किया गया जबकि उन्हें केवल जनरल कोच के सामने ही सामान बेचने की अनुमति है अन्य कई गतिविधियां जो नियमों के अनुसार नहीं थीं उन पर भी फाइन किया गया ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करते पैसेंजर किन्नर पाए गए अनधिकृत रूप से दृष्टिबाधित व्यक्ति पान, गुटखा, मसाला, तंबाकू-सिगरेट बेचने वाले व्यक्ति पकड़े गए 7.8 स्टालों पर जाकर जनता खाना पूछा बेबी फूड भी पूछाए जो कि स्टालों पर उपलब्ध नहीं था ट्रेनों में उचित कूलिंग सिस्टम नहीं पाया गया स्टेशन पर उपलब्ध तापमान को कम करने के लिए लगाए गए मिस्टिंग सिस्टम को दुरुस्त कराया गया पानी स्प्रे करने वाले नोज़ल्स काम नहीं कर रहे थे स्टेशनों में उपलब्ध ठंडा पानी महंगा बेचा जा रहा था उस पर कार्रवाई की गई वेटिंग हॉल प्लेटफॉर्म यात्रियों के बैठने के स्थान पर तापमानमापी उपकरणों से तापमान की भी जांच की गई यात्रियों को शीतलता प्रदान हो इस हेतु आवश्यक प्लानिंग की जाएगी 22619 बिलासपुर.तिरुनेलवेली एवं 12549 दुर्ग.उधमपुर ट्रेन में निरीक्षण किया गया एक ही ट्रे में वेज एवं नॉनवेज खाना बेचने पर फूड प्लाजा पर 5000 की कार्रवाई की गई रायपुर स्टेशन पर खानपान की विभिन्न अनियमितताओं में लगभग 37000 एवं दुर्ग स्टेशन पर 64000 का जुर्माना किया गयाण् वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 101000 का जुर्माना किया गया अवधेश कुमार त्रिवेदी द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों एवं निरीक्षकों वेंडरों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में ऐसी अनियमितताएं नहीं पाई जाएं रेलवे नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी सभी कैटरिंग संचालकों को बिना प्लेटफॉर्म परमिट के प्लेटफॉर्म एवं गाड़ियों में खाद्य सामग्री नहीं बेचने की सख्त हिदायत दी गईण् मंडल रेल प्रशासन अनधिकृत वेंडिंग को पूर्णत: बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी



- **रायपुर-दुर्ग स्टेशन और ट्रेनों में हुई जांच में 4 पकड़ाए**
- **1 लाख से अधिक का वसूला गया जुर्माना**

# रायपुर में 5 गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में राजस्व आसूचना निदेशालय डीआरआई द्वारा गांजा तस्करी करते हुए पकड़े गए जयप्रकाश रवि और केशव को 20.20 साल कैद 10 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है। वहीं अर्थदंड की राशि नहीं देने पर 1.1 साल अतिरिक्त सजा सुनाई गई है। तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर राजसात करने का आदेश दिया गया है।

**20-20 साल की कैद 10 लाख जुर्माना:** विशेष लोक अभियोजक विनोद भारत ने बताया कि डीआरआई की टीम को सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक यूपी 77 एएन. 5484 में गांजा का परिवहन किया जा रहा है। डीआरआई की टीम ने 28 अप्रैल 2023 की शाम 5.30 बजे मंदिर हसौद स्थित रिंग रोड के पास नाकेबंदी कर ट्रक को रोका। तलाशी में 525ण329 किलो गांजा बरामद किया गया।इसे यूपी के फ्तेहपुर निवासी जयप्रकाश सिंह 33वर्ष रवि यादव ;25वर्ष केशव कुमार ;33 वर्ष ओडिशा से लेकर रायपुर होते हुए यूपी जा रहे थे। तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था।

**कोर्ट ने सुनाई 20-20 साल की कैद की सजा और 10 लाख जुर्माना भी**

प्रकरण की जांच करने के बाद 25 अक्टूबर 2023 को कोर्ट में चालान पेश किया। जहां विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत ने प्रकरण की गंभीरता और पेश किए गए साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर फैसला सुनाया।

**10 किलो गांजा के साथ दो आरोपी पकड़ाए:** रायपुर राजधानी के टिकरापारा क्षेत्र में पुलिस ने 10 किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नया बस स्टैंड भाठागांव के पीछे सार्वजनिक शौचालय के पास दो अनजान व्यक्ति बैग के साथ मिले। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों से शक के आधार पर पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम जैद कुरैशी ;27द्ध और शेख रिजवान ;21 बताया। पूछताछ के दौरान सही जवाब नहीं दे पाने पर दोनों की तलाशी ली गई। तलाशी में बैग में मादक पदार्थ गांजा मिला।

आरोपियों के कब्जे से करीब 10 किलो गांजा पुलिस ने बरामद कियाए जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 10 हजार बताई गई है। टिकरापारा थाना ने मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर नारकोटिक्स के तहत अपराध दर्ज किया है।

# सात सितारा हॉस्पिटैलिटी परियोजनाओं में औरिया ग्रुप की रुचि



**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज मुंबई में औरिया ग्रुप के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अक्षय कुलकर्णी ने मुलाकात कर राज्य में पांच सितारा और सात सितारा स्तर की हॉस्पिटैलिटी परियोजनाओं में निवेश की इच्छा जताई।

**मुख्यमंत्री से की निवेश पर चर्चा**

श्री कुलकर्णी ने बताया कि औरिया ग्रुप हिमाचल प्रदेश में एक प्रतिष्ठित प्रीमियम होटल का संचालन कर रहा है और अब छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता को वैश्विक लक्जरी हॉस्पिटैलिटी से जोड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि समूह राज्य में लक्जरी पर्यटन और परिवहन के क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश की योजना पर विचार कर रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने उन्हें छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की जानकारी दी, जिसमें पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार निवेशकों को नीति समर्थन, भूमि की उपलब्धता, एकल खिड़की स्वीकृति, और अनुकूल वातावरण जैसी सुविधाएं दे रही है।

# नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया हैं। बताया गया कि प्रार्थी हीरालाल राजवाड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि विवेक कुमार यादव उर्फविवेक के द्वारा अपनी चारपहिया वाहन में पी डब्ल्यू डी छ ग शासन लिखवाकर स्वयं को पीडब्लयुडी का एसडीओ बताकर ब्लाक पोड़ी कोरबा मे एक स्कुल के निरीक्षण हेतु पहुंचा था। निरीक्षण पश्चात लोक निर्माण विभाग प ब्लाक मे सब इंजीनियर वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के आदिवासी व पिछडा वर्ग का सीट खाली है कहकर नौकरी लगाने की बात किया। जिस पर प्रार्थी उसकी बातों में आकर अलग अलग किश्तों में घड़ी चौक रायपुर के पास 4 लाख रूपये दे दिया परन्तु आरोपी द्वारा प्रार्थी को अपने झांसे में लेने एवं अन्य लोगो को भी नौकरी लगाने की बात कहकर अपने मित्र एनोस दास के माध्यम से फर्जी नियुक्ति प्रमाण देकर नौकरी न लगाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में धारा 318;4 336 ;3 340;1 340;2 बी एन एस दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी विजय कुमार यादव उर्फविवेक यादव से पूछताछ करने पर अपने साथी एनोस दास के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किये। जिस पर आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही किया गया है।

# पहलगाम हमले के शोक में भाजपा के सभी संगठनात्मक कार्यक्रम स्थगित

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकी हमले में धर्म पूछकर किए गए भीषण नरसंहार 28 पर्यटकों की हृदय विदारक मृत्यु पर गहन शोक-संवेदना व्यक्त की है। भाजपा ने इस हमले के शोक में अपने सभी संगठनात्मक कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं।



भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को आहूत डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा और विचार गोष्ठी के साथ ही आगामी 25 अप्रैल को वक्फ बोर्ड सुधार कानून जनजागरण अभियान के निमित्त होने वाली कार्यशाला स्थगित को गई है. सभा में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता थे. 25 अप्रैल को एक कार्यशाला में मार्गदर्शन करने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम आने वाले थे उसे भी स्थगित किया गया है.

**दिनेश मीरानिया के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे भाजपा पदाधिकारी**

श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित सभी पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यक्रम व प्रवास स्थगित कर दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष देव व भाजपा पदाधिकारी 24 अप्रैल को राजधानी में समता कॉलोनी निवासी कारोबारी दिनेश मीरानिया के अंतिम संस्कार में शिरकत कर स्व. मीरानिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. स्व. मीरानिया की पहलगाम आतंकी हमले में मृत्यु हुई है.

## छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल सेक्टर को मिलेगी नई ऊर्जा

# श्रीलंका के ललन ग्रुप ने धागे-कपड़े की फैक्ट्री लगाने में दिखाई रुचि

**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। मुंबई में आज श्रीलंका के प्रमुख औद्योगिक समूह ललन ग्रुप के प्रतिनिधि दिलीप पारिक ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। पारिक ने बताया कि ललन ग्रुप श्रीलंका के सबसे बड़े विविधीकृत औद्योगिक समूहों में शामिल है. बागान, रबर उत्पाद निर्माण, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग इंजीनियरिंग और आतिथ्य सेवाओं के क्षेत्रों में सक्रिय है. समूह की विशेषज्ञता और बहुक्षेत्रीय क्षमताएं छत्तीसगढ़ के संसाधन-समृद्ध वातावरण और उद्योग-प्रोत्साहक नीतियों से मेल खाती हैं.

मुलाकात के दौरान पारिक ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की सराहना करते हुए राज्य में धागा और कपड़ा निर्माण इकाई स्थापित करने में रुचि दिखाई। उन्होंने बताया कि राज्य द्वारा श्रमिकों के लिए 24 घंटे की पाली व्यवस्था, ऑनलाइन क्लियरेंस और समयबद्ध सेवाओं जैसी सुविधाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने समूह की पहल का स्वागत किया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया, जिससे छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी।

आधुनिक फैशन के अनुरूप होते हैं SizeUp कंपनी के कपड़ेमुंबई में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से SizeUp कंपनी के प्रमुख ने भी मुलाकात की। SizeUp एक तेजी से उभरती ऑनलाइन फैशन ब्रांड है, जो खासतौर पर पुरुषों और महिलाओं के लिए प्लस-साइज कपड़े बनाती है।

इस ब्रांड के कपड़े न सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि आधुनिक फैशन के अनुरूप भी होते हैं। कंपनी की खासियत है कि यह कॉटन, लिनन और निटेड फैब्रिक से बने स्टाइलिश गारमेंट्स जैसे ड्रेस, पोलो टीशर्ट और शर्ट्स पेश करती है।

### SizeUp कंपनी प्रमुख ने छत्तीसगढ़ में निवेश करने का दिया प्रस्ताव

इस मुलाकात में स्द्ब5द्गश्च कंपनी प्रमुख ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ में निवेश करने का प्रस्ताव दिया और बताया कि वे राज्य में प्लस-साइज परिधान निर्माण की यूनिट स्थापित करना चाहते हैं। इससे राज्य को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और स्थानीय युवाओं को टेक्सटाइल सेक्टर में कौशल विकास का लाभ भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव में दिलचस्पी दिखाई और सभी संभावित सहयोग का भरोसा दिलाया।

# पंडरी मार्केट की कपड़ा दुकान में लगी आग




**रायपुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)।राजधानी रायपुर के पंडरी कपड़ा मार्केट की एक दुकान में आग लग गई। आग बिल्डिंग के चौथी मंजिल में लगी है। आग की लपटें देख आस.पास के दुकानदार भी अपनी दुकान बंद कर बाहर आ गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक जैन हैंडलूम में आग लगी है। आग की खबर सुनते ही बाजार में हड़कंप मच गया। मार्केट के कपड़ा कारोबारी इकट्ठा हो गए हैं। लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को इसकी सूचना दी है। आग की सूचना पर और पुलिस को इसकी सूचना दी है। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम भी बड़ी संख्या में पहुंची है। आग बुझाई जा रही है। फिलहाल आग किस वजह से लगी है। इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है।

**पंडरी के जैन हैंडलूम में लगी आग**

मिली जानकारी के मुताबिक दुकान के तीसरे चौथे फ्लोर पर उनका गोदाम है। वहीं रखे कपड़ों के गट्टे में आग लगी है। मिली जानकारी के अनुसार आग जिस समय लगी उस दौरान बिल्डिंग में लोग मौजूद थे। चौथे फ्लोर से धुआं और आग की लपटें उठते देख सभी बाहर निकले।

## संपादकीय

### गर्मी से बचकर रहें

*छत्तीसगढ़ सरकार ने शुक्रवार से सभी शालाओं (शासकीय व निजी दोनों) में ग्रीष्मकालीन अवकाश करने का आदेश जारी किया है जो छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों, स्कूल स्टाफ और बच्चों के पालकों-अभिभावकों के स्वास्थ्य के लिये उचित है। पहले शालाएं 30 अप्रैल तक चलनी थीं लेकिन राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनज़र यह फैसला लिया गया है। छुट्टी 15 मई तक रहेगी। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में सूरज आग बरसा रहा है। इस साल औसत से अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है।*

*छुट्टी घोषित होने के बाद अब परीक्षा परिणाम बच्चे या उनके अभिभावक इस माह के अंतिम दिन स्कूल आकर ले सकते हैं। वैसे भी अप्रैल के बचे दिनों में बच्चों की अध्ययन में बहुत दिलचस्पी नहीं रह जाती, न ही अध्यापन हेतु कुछ विशेष होता है। इस दौरान शादी-ब्याह भी होते हैं जिनमें लोगों को सपरिवार शामिल होना रहता है। इससे स्कूलों में हाजिरी बहुत कम रहती है। स्कूल बन्द होने से बच्चों को अनावश्यक रोज आना-जाना नहीं पड़ेगा। विद्यार्थी एवं पालक-अभिभावक समझ लें कि स्कूलों में जल्दी छुट्टी देने का उद्देश्य उन्हें लू से बचाना है। यदि छुट्टी करने के बाद भी बच्चे धूप में घूमेंगे तो छुट्टी का प्रयोजन बेकार हो जायेगा। इस फैसले का उद्देश्य पालकों एवं अभिभावकों को भी धूप से बचाना है जिन्हें अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने तथा वापस लाने के लिये धूप में जाना पड़ता है। बच्चों को यदि पारिवारिक कार्यक्रमों में ले जाया भी जाता है तो उन्हें वहां भी धूप से बचाकर रखा जाना चाहिये। अक्सर समारोहों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होतीं जिसके कारण बच्चों को लू का खतरा बना रहता है।*

*मंगलवार को तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया जबकि अभी गर्मी की शुरुआत है। निश्चित ही आगामी दिनों में गर्मी और भी बढ़ेगी। इसलिये सभी के लिये आवश्यक है कि धूप से बचकर रहा जाये। घरों के बाहर निकलना आवश्यक हो तो लोगों को चाहिये कि वे सुबह धूप तेज होने के पहले बाहर के काम कर लें। जिन्हें कार्यालय जाना होता है, उनके लिये तो बड़ी समस्या नहीं है क्योंकि उन्हें पूरे दिन वहीं रहना होता है। जिन्हें व्यक्तिगत या काम के सिलसिले में घरों-दफ्तरों से बाहर जाना होता है, वे बचाव उपायों के साथ निकलें।*

*बच्चों के साथ ही बुजुर्गों, बीमारों, गर्भवती या हाल ही में मां बनने वाली महिलाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिये। कोशिश की जाये कि दोपहर लगभग 12 बजे से लेकर अपरान्ह 4 बजे तक जब तक बहुत ज़रूरी न हो, छाया वाली जगहों पर ही रहा जाये। जाना भी हो तो धूप से शरीर को बचाकर रखा जाये- खासकर सिर और चेहरे को। सम्भव हो तो काला चश्मा व कैप पहनें। शरीर में पानी की कमी न हो।*

**उल्टा पुल्टा**

पड़ोसन- फोन बहुत अच्छा है तुम्हारा।
श्रीमति- भाई ने लेकर दिया है। 40 हजार का पड़ा।
पड़ोसन- नेकलेस भी अच्छा है तुम्हारा
श्रीमति- उन्होंने लेकर दिया, डेढ़ लाख का पड़ा।
पड़ोसन- पति भी अच्छे हैं तुम्हारे।
श्रीमति- पिताजी ने लेकर दिया। 40 लाख में पड़े।

# इंदिरा मार्केट में संचालित मछली-मटन मार्केट को एक सप्ताह के अंदर नए आधुनिकतम मछली मार्केट में शीफ्ट किया जाए : महापौर

**दुर्ग,** 23 अप्रेल (देशबन्धु)। आज फिर एक बार महापौर अलका बाघमार ने इंदिरा मार्केट में संचालित मछली मटन मार्केट को एक सप्ताह के भीतर नवीन आधुनिकतम मछली मार्केट गौरवपथ में शिफ्ट करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। आज महापौर श्रीमती बाघमार ने एमआईसी के प्रभारियों व निगम अधिकारियों के साथ नए मछली मार्केट का निरीक्षण किया और यहां पर साफ सफाई, पौधरोपण, पार्किंग स्थल की व्यवस्था के निर्देश दिये।

ज्ञातव्य है कि इंदिरा मार्केट में विगत कई वर्षो से मछली, मटन व मुर्गा की 72 दूकानें संचालित की जा रही है। इन्हें हटाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस बाजार के शिफ्ट करने शासन द्वारा लाखों रूपयों की लागत से गौरव पथ पर शीतला सब्जी बाजार के पास ही कुक्कुट पालन केन्द्र से लगी जमीन पर मटन मछली विक्रय हेतु अत्याधुनिक मार्केट का निर्माण किया जा चुका है।



विगत 3-4 वर्षो से निर्मित इस मार्केट में इंदिरा मार्केट के मटन मछली मार्केट को स्थानांतरित करने का प्रयास शासन एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा कई बार किया गया मगर इसमें सफलता नहीं मिली है। इंदिरा मार्केट से मटन मछली मार्केट स्थानांतरित कर नए मार्केट में ले जाने से जहां लोगों को खुले वातावरण में ताजा मटन एवं मछली उपलब्ध होगी वहीं इंदिरा मार्केट में जर्जर हो रहे मटन मार्केट की गंदगी बदबू से लोगों को काफी राहत मिलेगी। पार्किंग के लिये भी एक बड़ी मिलेगी।

इसी परिप्रेक्ष्य में आज महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी के प्रभारियों एवं निगम अधिकारियों की टीम के साथ नए मछली मार्केट का निरीक्षण किया। उन्होंने इस निरीक्षण में पाया कि एक भव्य पक्के भवन का उपयोग नहीं किया जा रहा है। खाली पड़े पड़े यह भवन दुर्दशा का शिकार हो सकता है। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती बाघमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक सप्ताह के भीतर इंदिरा मार्केट के मटन मछली व्यवसाइयों को इस हाईजैनिक मार्केट में शिफ्ट करायें।

नया मछली मार्केट शहर से मात्र एक किलोमीटर दूर खुले वातावरण में स्थित है। यहां पार्किंग की भी पर्याप्त सुविधा है। परिसर में बर्फ संयंत्र सहशीत गृह है। इससे मछली प्रेमियों को ताजी मछली मिलेगी। महापौर श्रीमती बाघमार के साथ इस निरीक्षण कार्य में के दौरान लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, महिला एवं बाल विकास प्रभारी शशि साहू, कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वमी, बाजार अधिकारी शुभम गोईर, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव भी थे।

# पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले की दुर्ग में भी तीखी भर्त्सना, शहीदों को दी श्रद्धांजलि





**दुर्ग,** 23 अप्रेल (देशबन्धु)। पहलगाम में पर्यटकों पर किये गये कायराना हमले से पूरे देश के साथ ही दुर्ग में भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इस घटना को लेकर जगह जगह युवाओं सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों द्वारा रोष व्यक्त किया जा रहा है। जगह जगह श्रद्धांजलि सभाएं पहलगाम के मृत शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए सरकार से भी दोषी लोगों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**मानवता के विरूद्ध जघन्य अपराध :बाघमार**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने नगर निगम परिसर के प्रार्थना स्थल पर शोकसभा आयोजित की गई। महापौर अलका बाघमार ने इस घटना को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है।

इस मौके पर सभापति श्याम शर्मा सहित एमआईसी प्रभारीगण, पार्षदों के अलावा निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस घटना में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

**शहर जिला कांग्रेस :** दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हुए गांधी प्रतिमा के पास शोकसभा कर घटना में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी है। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व विधायक अरूण वोरा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा, धीरज बाकलीवाल, दीपक दुबे, राजेश यादव, अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, राजकुमार साहू, पार्षद दीपक साहू, संजय कोहले, राजकुमार नारायणी, भोला महोबिया, संदीप वोरा, रत्ना नारमदेव, निखिल खिचारिया, शबाना निशा, आनंद ताम्रकार, विकास यादव, आयुष शर्मा सहित अनेक लोग शामिल थे।

**एसयूसीआई :** एसयूसीआई के महासचिव प्रभाष घोष ने पहलगाम पर उक्त घटना को कायराना पूर्ण आतंकवादी घटना बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। उन्होंने इसे लेकर कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में भारी सैन्य जमावड़े और सुरक्षा उपायों का दावा करने के बाद नागरिकों की सुरक्षा में विफलता को भी साबित करता है। उन्होंने शोकाकुल परिजनों, घायलों को पर्याप्त मुआवजा राशि देने की मांग की है।

# 6 लाख की हेरोईन बेचते पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार



**दुर्ग,** 23 अप्रेल (देशबन्धु)। नशा मुक्ति अभियान के तहत् दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से चिट्टा (हेरोईन) की ब्रिकी करने वाले 03 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 74.34 ग्राम चिट्टा (हेरोईन) कीमती 6 लाख 14 हजार 240 रूपये नगदी बिक्री रकम 1 हजार 230 रू.एवं 3 नग मोबाईल जप्त किए गए हैं। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत् की जा रही है। ये आरोपी विशाल सिंग (36) पिता प्रदीप सिंग रिसाली, मैत्रीकुंज थाना नेवई, वीरेन्द्र पारधी उर्फ वीरा पिता स्व. जगदीश पारधी छावनी थाना छावनी, अतुल कुमार (25) छोटेलाल संतोषी पारा केम्प 2 भिलाई थाना छावनी है।

डीएसपी क्राइम अजय कुमार सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 3 व्यक्ति शिवनाथ नदी महमरा रोड, नगर पालिक निगम कमरा के पास दुर्ग में नशीला चिट्टा (हेरोईन) जैसा मादक पदार्थ को बेच रहे है, सूचना पर टीम के द्वारा घेरा बंदी कर उक्त व्यक्तियों को पकड़ा गया एवं कड़ाई से पूछताछ की गई। आरोपियों में विशाल सिंह, बिरेन्द्र पारधी एवं अतुल कुमार के कब्जे से नशीला चिट्टा (हेरोईन) जैसा मादक पदार्थ कुल बजनी 74.34 ग्राम कीमती करीब 6 लाख 14 हजार 240 रूपये एवं बिक्री से प्राप्त नगदी रकम 1 हजार 230 रूपये ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज में भारी रोष कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

## अनुराग कश्यप के खिलाफ समाज के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर थाने में लिखाई रिपोर्ट





**दुर्ग,** 23 अप्रेल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा मुंबई के फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के लिए आपत्ति जनक टिप्पणी को लेकर आज ब्राह्मण समाज के विभिन्न सदस्यों ने राष्ट्रीय महासचिव शशि कांत तिवारी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करं एडिशनल कलेक्टर एस थॉमस को एक ज्ञापन देश के गृहमंत्री अमित शाह के नाम का सौंपा और कड़ी कार्रवाई की मांग की गई एवं सिटी कोतवाली दुर्ग नगर निरीक्षक को भी ज्ञापन सौंपा और एफआई आर दर्ज भी कराया गया। इस अवसर पर सरयू पारीण ब्राम्हण समाज, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज, गौड़ ब्राह्मण समाज, राजस्थानी ब्राह्मण समाज, पंजाबी ब्राह्मण समाज, मैथिल ब्राह्मण समाज, सनाढ्य ब्राह्मण समाज, ओड़िया ब्राह्मण समाज, बंगाली ब्राह्मण समाज सहित समस्त ब्राह्मण समाज के सदस्य गण विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शशि कांत तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा जो ब्राह्मण समाज के प्रति आपत्तिजनक बात कही उससे पूरे देश के ब्राह्मण समाज की भावना को लेकर काफी आहत हैं। निम्न स्तरीय बयान संपूर्ण सनातनी और ब्राह्मण समाज की भावना को ठेस पहुंचाने वाला है। फिल्म निर्माता को ऐसी टिप्पणी करना शोभा नहीं देता, ऐसी टिप्पणी करने वाले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग ब्राह्मण समाज की तरफ से करता हूं। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राकेश शुक्ला प्रदेश सचिव, संभागीय महासचिव दीपक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# महमरा घाट के पास वृद्ध की लाशः आधार कार्ड से हुई शिनाख्त

**दुर्ग**, 23 अप्रेल (देशबन्धु)। महमरा एनिकेट के तट पर आज सुबह सुबह पाई गई एक वृद्ध की लाश की शिनाख्त मृतक के आधार कार्ड से कर ली गई है। इसके अनुसार मृतक का नाम गोविंद तिवारी पिता एस.एल. तिवारी है। मृतक की उम्र 73 वर्ष के आसपास है। मृतक के पुत्र-पत्नि दिल्ली में तथा एक विवाहिता पुत्री रायपुर में रहती है। कल 24 अप्रेल तक सभी के दुर्ग पहुंच जाने पर मृतक का पोस्टमार्टम व आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल शव मरच्यूरी में रखा गया है। चौकी प्रभारी अंजोरा से संपर्क करने पर पता चला कि मृतक गोविंद तिवारी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# स्पैरो कंपनी की धांधली का खुलासा करदाताओं के 2 लाख 82 हजार की राशि की गई वापस व समायोजित

**दुर्ग**, 23 अप्रेल (देशबन्धु)। निगम शहर क्षेत्र में पूर्व में स्पैरो कंपनी के माध्यम से टैक्स वसूली का कार्य किया गया था, जिसमें 26 से अधिक करदाता ने अपना टैक्स जमा किया गया था और उन्हें स्पैरो द्वारा रसीद भी प्रदान की गई थी। जांच में यह पाया गया कि उन हितग्राहियों से वसूली की रकम नगर निगम में जमा नहीं की गई थी। स्पैरो कंपनी द्वारा कई करदाताओं की टैक्स की राशि निगम के खाते में जमा ही नही किया गया।

महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पैरो के टैक्स संबंधी शिकायतों के लिए 15 से 21 अप्रैल तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। निगम प्रशासन की सख्ती से स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी के माध्यम से शिविर का आयोजन कराया। इस मामले की कार्यवाही के लिए करदाताओं से रसीद साथ लेकर शिविर में आने में आने लगे नगर निगम द्वारा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी की टैक्स वसूली से जुड़ी शिकायतों के समाधान शिविर में किसी ने रसीद दिखाया तो किसी ने फोने पे एवं चेक के माध्यम से टैक्स देना बताया गया।

पीड़ित करदाता को उनकी राशि वापस की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्पैरो कंपनी और इस पूरे प्रकरण में जुड़े लोगों के विरुद्ध जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर मुताबिक शिविर में 30 लोगो का पैसा टोटल 2,82,543 रुपये वापस किया गया। और 1, 05, 435 रुपये निगम में स्पेरो से नगद जमा कराया गया है। इस अवसर वित्त व लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजार, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, उत्तम सहित आदि उपस्थित रहे।

# पंचायती राज दिवस पर जिले की 31 पंचायतों में आज शुरू होंगे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

**दुर्ग,** 23 अप्रेल (देशबन्धु)। 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक स्तर पर आयोजन किए जा रहे हैं। इस दिन जिले की 31 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया जाएगा। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, जीवन बीमा, पेंशन ट्रांजेक्शन जैसी वित्तीय समावेशन सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जहां ग्रामीण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण देख और सुन सकेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर देशभर की ग्राम पंचायतों को संबोधित करेंगे। राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों का प्रसारण भी ग्राम पंचायतों में सुनने की व्यवस्था की गई है।

जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि यह पहल पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन अटल डिजिटल केंद्रों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा भी रहेगी, जिससे जनप्रतिनिधि सीधे ग्रामीणों से संवाद कर सकें। उन्होंने कहा पंचायतों को सशक्त बनाकर लोकतंत्र की जड़ों को और गहरा किया जा रहा है।

# नगपुरा तीर्थ आगम पर साध्वियों की भव्य अगवानी



१ 23 अप्रेल (देशबन्धु)। तीर्थ प्रतिष्ठाचार्य गुरूदेव विजय राजयश सूरीश्वर श्री के 81 वें जन्मदिवस पर आज श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ में तपस्विनी लक्ष्ययशा श्री जी लब्धियशा श्रीजी, आज्ञायशा श्री जी का आगमन हुआ। उनका तीर्थ के प्रवेश द्वार पर तीर्थ के मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुग्गड़ ट्रस्टी सुरेश बागमार, ज्ञानचंद बैद, सतीश नाहर, अशोक सुराना, फणेन्द्र बैद पुष्पा पारख आदि ने अगवानी की। ये साध्वीगण यहां पर चातुर्मास करेगीं। सभी तीर्थभक्त उनके दर्शन एवं स्वागत के लिये काफी उत्साहित थे। आज तीनों साध्वीरत्नों के तीर्थ प्रवेश करने पर आरोग्यम नगपुरा, वर्धमान गुरूकुल नगपुरा, एवं श्री महावीर प्राकृतिक योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वाद्ययंत्रों एवं उद्घोषण के साथ स्वागत किया।

विहार सेवा ग्रुप दुर्ग के राजेश कोचर, गौरव गोलछा, मौलिक बराडिया, गौरव मरोठी, गुणधर, संतोष सिड़गतिया ने विहार सेवा का सुंदर लाभ लिया।

# भरदा सड़क हादसे के बाद हुआ पोस्टमार्टम, जांच में जुटी पुलिस

**गुरूर,** 23 अप्रेल (देशबन्धु)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भरदा में मंगलवार को सड़क हादसे में 55 वर्षीय एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई।मंगलवार को शाम होने की वजह से शव का पीएम नहीं हो पाया था। बुधवार को 11:30 गुरूर स्थित मर्च्युरी में पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया गया।

परिजनों के मुताबिक ग्राम परसतराई निवासी कौशल साहू उम्र 55 वर्ष एवं ग्राम अरमरीकला निवासी 60 वर्षीय इतवारी राम दोनों घटना दिनांक को सुपर एक्सेल से ग्राम भरदा में शोक कार्यक्रम मे आए थे, जो तालाब की तरफ से आने के बाद ग्राम भरदा निवासी युवराज साहू की घर की तरफ जा रहे थे तभी नेशनल हाईवे 930 में पहुंचे थे कि बालोद की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सुपर एक्सेल को टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से सुपर एक्सेल में सवार कौशल साहू एवं इतवारी राम दोनों मुख्य मार्ग में गिर गए, जिसके चलते कौशल साहू के सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ में रहे इतवारी राम को मामूली चोट आई है।

# ज्येष्ठ नागरिक संघ का स्थापना दिवस समारोह का समापन, वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मानित

**दुर्ग,** 23 अप्रेल (देशबन्धु)। जेष्ठ नागरिक संघ का 33 वां स्थापना दिवस मंगलवार को आशीर्वाद भवन पद्मनाभपुर में वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुधीर शर्मा हिन्दी विभागाध्यक्ष कल्याण कालेज भिलाई एवं विशेष अतिथि नरेन्द्र कुमार राठौड़ स्व चिमन भाई राठौड़ सेवा संस्थान के प्रमुख एवं मंचस्थ जेष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डॉ देव मांडरिक, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक फैडरेशन एवं वार्ड पार्षद संजय अग्रवाल उपस्थित थे।

सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर माता सरस्वती की फ़ोटो में माल्यार्पण किया गया तथा सरस्वती वंदना गायन नीरा सिंह एवं हारमोनियम पर संगत जी एस पदमवार ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ सुधीर शर्मा का पुष्प गुच्छ से स्वागत संघ के वरिष्ठ संरक्षक राधेश्याम अग्रवाल द्वारा किया गया। संघ के अध्यक्ष डॉ मांडरिक ने विशेष अतिथि नरेन्द्र कुमार राठौड़ का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। पार्षद संजय अग्रवाल को पुष्प गुच्छ देकर सचिव सी एस पांडे ने स्वागत किया।इस अवसर पर डॉ मांडरिक ने बताया कि आज से 33 वर्ष पूर्व संघ की नींव स्व.एम एस डांगे एवं स्व दिनकर डांगे ने रखी थी। हमारे पूर्व वरिष्ठ सदस्यों के अथक





प्रयासों के चलते तत्कालीन महापौर सुश्री सरोज पांडे ने पद्मनाभपुर स्थित पूर्ण सुविधा यह आशीर्वाद भवन वर्ष 2008 में जेष्ठ नागरिक संघ को सौंपा। इस भवन में बहुत कम दरों पर सभी नागरिकों के लिए पूर्ण सुविधा युक्त वातानुकूलित फिजियोथेरेपी सेन्टर स्थापित किया गया है। इसके अलावा संघ द्वारा समय-समय पर सुदूर ग्रामीण अंचल के स्कूली बच्चों को पौष्टिक आहार, यूनिफॉर्म वितरण किया जाता है संघ के प्रयासों से अंचल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा जेष्ठ नागरिकों को रियायती फीस लेकर जांच की जाती है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुधीर शर्मा ने अपन उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों एवं विचारों का उपयोग किया जाना चाहिए ना कि उन्हें रिटायरमेंट देकर घर पर बैठा देना चाहिए। इस अवसर पार्षद संजय अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में संस्था को पार्षद निधि से 2 लाख रुपए के कार्य स्वीकृत कराने की घोषणा की।

कार्यक्रम में विवाह के 60 वर्ष पूर्ण करने वाले दंपत्ति अजय आनंद एवं ललिता रानी का सम्मान शाल एवं श्रीफल भेंट मुख्य अतिथि ने किया। शादी के 50 वर्ष पूरे करने वाले दंपत्ति रत्न जैन पाटनी एवं मुन्नी बाई पाटनी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संघ के कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश योगेश, सुधीर पाटणकर, राजेश बिसेन, टी एल मेश्राम, प्रवीण उजवने, अजय जाधव शोभा अरोरा नीरा सिंग जयश्री मांडरिक, शांति सिन्हा, सरला शर्मा, वैशाली जोशी, तन्द्रा जोशी और बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे

# संकल्प शक्ति हमारी अमूल्य शक्ति है, इन्हें व्यर्थ न गंवाए



**भिलाईनगर,** 23 अप्रैल ( देशबन्धु)। इस बेहद सृष्टि रूपी नाटक में हम खुद भी एक्ट कर रहे हैं और दूसरों को भी एक्ट करते देख रहे है, लेकिन परमात्मा के साथ साक्षी होकर देखेंगे तो इस बेहद सृष्टि नाटक का आनंद आएगा। यह बातें पुना से आई वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में व्यक्त की। उन्होनें बताया कि संकल्प शक्ति हमारी बहुत अमूल्य प्रॉपर्टी है, श्रेष्ठ संकल्पों से ही नई सृष्टि का निर्माण होगा। श्रेष्ठ संकल्पों का अभ्यास कर पानी पीए, पेड़ पौधों को भी पानी दे, क्योंकि प्रकृति और जल हमारे श्रेष्ठ संकल्पों को जल्दी ग्रहण करते है। इसलिए मन बुद्धि को श्रेष्ठ संकल्पों में लगाए। जिस प्रकार प्रसाद का एक कण भी व्यर्थ न जाए और सबको प्रसाद की प्राप्ति हो इसका विशेष ध्यान रहता है वैसे ही हमारा एक भी संकल्प व्यर्थ न जाए तब सभी को सुख शांति की अनुभूति करा सकते है। विधि का विधान है कि हर कार्य विधि पूर्वक मर्यादा में रहकर करो। मन बुद्धि को मर्यादा की लगाम से बांधे। कर्म करते परमात्मा की याद न भूले और परमात्मा को याद करते कर्म न भूले ये है राजयोग मेडिटेशन की बैलेंस लाईफ। आशा दीदी ने सीमा दीदी, श्यामल दीदी, अपूर्वा दीदी का आत्मिक तिलक और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

# चौक का होगा चौड़ीकरण-सौंदर्यीकरण : आयुक्त



**भिलाईनगर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन-1 अंतर्गत स्थित शिवाजी चौंक मॉडल टाउन 19 कैफे के पास, कोहका अंवती बाई चौंक पेट्रोल पम्प के पास एवं स्मृति नगर जनुवानी पेट्रोल पम्प के पास पूर्व से निर्मित चौंक पर ट्रैफिक्र का दबाव ज्यादा रहता है। अक्सर उस रास्ते से स्कूल बस, कार एवं अन्य छोटी बड़ी गाड़ियां आते-जाते रहता है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों की मांग है कि उस चौंक को यातायात के नियमो के अनुसार व्यवस्थित किया जाए। निर्मित डिवाइडर का चौंहद्दी बहुत ज्यादा होने के कारण चौंक का अनावश्यक जगह घेर लिया है। जिससे गाड़ियो के मुड़ने में बहुत समस्या होती है और दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। सड़क दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से व लोगों को सुगम यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज बुधवार को नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन-1 नेहरुनगर के आयुक्त अजय सिंह राजपूत, अभियंताओ को लेकर मौके पर निरीक्षण करने गए। उसी समय पुराने शिव मंदिर मॉडल टाउन के सदस्यो ने सुझाव दिया कि मॉडल टाउन शिवाजी चौंक स्थित नाली के उपर स्लैब डालकर और चौंड़ा कर दिया जाये। जिससे यातायात सुगम हो जायेगा। बड़ी गाड़ियो को मुड़ने में तकलीफ होता है। अक्सर मोड़ते समय नाली में लोग गिर जाते है। जिससे वे चोटिल हो जाते है, तथा गाड़ी को भी नुकसान होता है। इसलिए हम लोग उसमें सीमेंट का पोल लगा दिए है। उन्होने कहा कि आने-जाने वाली गाड़ियां कभी-कभी वहां लगी प्रतिमा स्थल को क्षतिग्रस्त भी कर देते है। हम सब आपसी सहमति से साइड में करवा लेगें, जो सबके लिए अच्छा होगा। इसी प्रकार अंवती बाई चौंक का डिवाइडर बहुत लम्बा हो गया है, उसे भी छोटे रूप में व्यवस्थित किया जा सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया इस इस मार्ग से स्कूल व कालेज आने-जाने वाले बच्चों के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। यहां मार्ग सकरा होने से आये दिन सड़क दुर्घटना होती है। मार्ग चौड़ा होने से आवागमन सुगम हो। जुनवानी पेट्रोल पम्प के पास भी ट्रेंगल सेप में डिवाइडर लम्बा हो गया है, उसे भी व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। इस चौक से पास से शंकराचार्य अस्पताल सहित कालेज व स्कूली वच्चों का आना-जाना रहता है। नगर पालिक निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने यातायात विभाग से संपर्क करके यातायात नियमो के अनुसार उसे और सुगम सुविधा जनक बनाने के लिए प्रस्ताव हेतु निर्देशित किए है। इसे शीध्र अतिशीध्र करवा लिया जावे। यह सबके लिए बहुत ही उपयोगी होगा। वहां पर रूककर कुछ देर तक ट्रैफिक्र व्यवस्था का सब लोगो ने अवलोकन किया, कि किस प्रकार से मोड़ते समय आवागमन बाधित हो रहा है। क्या बेहतर विकल्प रहेगा। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता बसंत साहू, चंदन निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

# एकाउन्ट में ज्यादा रकम अरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर ।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर परमाल सिंह सिंगोदिय 40 वर्ष साकिन कैनरा बैंक वैशाली नगर ने थाना में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी को ज्ञात हुआ कि शाखा में लगभग 111 खते है, जिसमें कुल अधिकतम खातो में साईबर फ्रॉड एवं अन्य फ्रॉड की रकम आई है। जिसे खातो में डेबिट मेमो लगा है। जिसमें लगभग 22,05,173.53 रूपये होल्ड लगा हुआ है। इन खातो में साईबर फ्रॉड एवं अन्य फ्रॉड के पैसे कई बार जमा हुये है तथा अपराधिक षड़यंत्र कर साईबर फ्रॉड तथा अन्य फ्रॉड कर अवैध धन अर्जित किया गया है। प्रार्थी के केनरा बैंक के म्युल खाता धारको के विरूद्ध कार्यवाही करने की रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 317(2), 317(4), 318(4) 61(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले पुलिस ने उमा का पता तलाश के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# सब-जूनियर-जूनियर राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी चयनित



**भिलाईनगर,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2025 हेतु छत्तीसगढ़ टीम की चयनित सूची जारी कर दी गई है। इन खिलाड़ियों का चयन 20 से 25 मई तक कोल्हापुर महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है। जिसमें बालक वर्ग सब-जूनियर-53 किलोग्राम मो. रेहान खान राजनांदगांव, लिएंडर जूड सिम बिलासपुर 59 किग्रा, मनमीत सिंह लालवानी बीएसपी 66 किग्रा, कृष जोसेफ कवर्धा, 74 किग्रा, हरीश कुमार कौशिक बिलासपुर 83, किग्रा उत्सव सेन बालोद 93 किग्रा, एअरमान गेंड्रे बिलासपुर 105 कि.ग्रा, अर्पित पटेल बेमेतरा 120 किग्रा, अक्षत सलूजा बिलासपुर, जूनियर 53 किग्रा, रूपम देवांगन पंडरिया कवर्धा 59 किग्रा, हेमचंद कोर्राम कांकेर 66 किग्रा, अवि जायसवाल बिलासपुर, नासिर हुसैन रायपुर 74 किग्रा, शुभम साहू रायपुर 74 किग्रा, टेक सिंह कवर्धा 83 किग्रा, कुलदीप वर्मा बीएसपी, योगेन्द्र सिंह ठाकुर केसीजी 93 किग्रा, अंकित राजपूत बिलासपुर, एकलव्य उपाध्याय बीएसपी 105 किग्रा, अभिनीत यदु रायपुर, आकाश शर्मा बिलासपुर .120 किग्रा, आयुष कुमार सिंह बीएसपी, बालिका वर्ग सब जूनियर 43 किलोग्राम, समृद्धि मिश्रा बिलासपुर 47 किलोग्राम, आभा चंद्राकर महासमुंद .84 किलोग्राम, अन्नपूर्णा नायक बीएसपी जूनियर, 57 किलोग्राम, प्रेरणा नाथवानी बीएसपी, स्नेहा साह रायपुर, टीम के कोच, मैनेजर मयंक सिंह मनेंद्रगढ़ होंगे। समस्त खिलाड़ी 20 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ टीम 20 मई को कुल्हापुर के लिए रवाना होगी। यह जानकारी कृष्णा साहू महासचिव छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन ने दी है।

# समय पर वेतन मिले संघ ने सीएम से लगाई गुहार

**भिलाईनगर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ओर मिशन संचालक स्वास्थ्य सेवाएं से प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदस्थ एन एच एम के अधिकारी कर्मचारी का मार्च महीने का वेतन का भुगतान अभी तक नहीं होने पर शीघ्र बजट आबंटन कर वेतन भुगतान कर राहत दिलाने की मांग किया है। प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि यघपि मार्च माह का वेतन सभी विभागों को नया बजट स्वीकृत उपरांत थोड़ा विलंब से मिलता है। उसके बावजूद सभी विभागों में नियमित, रेगुलर, संविदा, डी एम एफ ओर मिशन कर्मचारियों को वेतन भुगतान हो चुका है। मगर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी को जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक के अधिनस्थ कर्मचारी चिकित्सक, स्टाफनर्स, एएनएम सहित विभिन्न कार्यक्रम के समन्वयक को वेतन भुगतान नहीं हुआ है। सैय्यद असलम ने बताया कि अब कुछ दिन में अप्रैल माह की भी वेतन आ जाएगा। ऐसे में दो महीने की आर्थिक स्थिति का बजट गड़बड़ा जाता है। लोगों को अपने लोन की किश्त, स्कूल के बच्चों को फीस, वैवाहिक सत्र चल रहा समाजिक मामलों में लेन देन महाना राशन ओर रोजमर्रा की चीज़ की लेना देन बकाया है। सैय्यद असलम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं ओर सरकार संवेदनशील है, हालांकि केंद्र सरकार ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन भत्ते का बजट जारी किया है। प्रतिमाह 1से 5 तारीव को वेतन दिलाए। वेतन दिलाने की मांग करने वालों में संरक्षक ओ पी शर्मा, प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा, महामंत्री सैय्यद असलम, आर डी दीवान, एस पी देवांगन, अश्वनी गुर्देकर, प्रमेश पाल, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता, खिलावन चंद्राकर, महामंत्री लक्ष्मी कांत धोटे, राघवेन्द्र साहू, श्रीमती मंजू राय, स्वणलता तुरकाने, सुशीला सिंह, दीपक गायकवाड़, मुकेश शर्मा, भोज साहू सहित समस्त पदाधिकारी ने किया है।

# कुपोषित बच्चों को दी गई सुपोषण किट



**भिलाईनगर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग भिलाई-1 परियोजना के खुर्सीपार जोन-3 सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्र घासीदास नगर.2 में पोषण पखवाड़ा के समापन दिवस का आयोजन किया गया। पोषण पखवाड़ा में सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जी ई) फाउंडेशन टीम ने एकीकृत बाल विकास योजना के साथ मिलकर विविध गतिविधियां संचालित की। भिलाई परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा, पर्यवेक्षक कंचन महतो और जीई फाउंडेशन की ओर से प्रदीप पिल्लै ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व नवजात शिशु का अन्नप्राशन करवाया। पखवाड़े भर की गतिविधियों के अंतर्गत जीई फाउंडेशन की ओर से कुल 28 गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को प्रोटीन पाउडर वितरित किया गया साथ ही सोया, चना, गुड़, तिल, दाल, साबुत मूंग दाल, फल से भरी पोषण खजानी वाली सुपोषण टोकनी बांटी गई। परियोजना अधिकारी श्रीमती सिन्हा ने उपस्थित हितग्राहियों को पोषण पखवाड़ा के महत्व से परिचित कराया। साथ ही कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकलने हेतु उपाय के संबंध में विस्तृत चर्चा की। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जीई फाउंडेशन द्वारा गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों के लिए सुपोषण किट और प्रोटीन पाउडर का वितरण किया गया साथ ही 6 आँगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इन आयोजनों में जीई फाउंडेशन से मृदुला शुक्ला, प्रकाश देशमुख, विशाखा मांगूडे, सोनम सागर, अजीत और घासीदास नगर, फौजी नगर, हाउसिंग बोर्ड, कुरूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में आशा पाठक, उमेश्वरी रात्रे, पिंगला बंजारे, जीतू मनहर, सिंधु पगारे, भगवती, सहायिका, चंचल निषाद, किरण सिंह, विमला कामले अन्य का विशिष्ट सहयोग रहा।

# विरासत को सहेजने विषय पर एक विचार गोष्ठी



**भिलाईनगर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर 10 भिलाई में महापुरुषों के विचारों को आगे बढ़ाने एवं उनके विरासत को सहेजने विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आज हमारे सामने संविधान को बचाने की एक बड़ी जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने कहा कि डॉ अंबेडकर का मानना था कि जब तक हमारे पास संवैधानिक रास्ते खुले हैं तब तक सविनय अवज्ञा, असहयोग,और सत्याग्रह जैसे तरीकों की जगह नहीं होनी चाहिए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि आरक्षण एक सामाजिक व्यवस्था है जिसके ताने बाने पर कुठाराघात किया जा रहा है । निजीकरण के माध्यम से भी आरक्षण को खत्म कर रही है । आजादी के 77 साल और संविधान लागू होने के 75 साल बाद भी जातीय भेद भाव,असमानता और उत्पीड़न खत्म नहीं हुआ है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि शहीद भगत सिह ने वर्ग संघर्ष को पहचान लिया था इसीलिए वो देश का वास्तविक दुश्मन पूंजीवाद और साम्राज्यवाद को मानते थे। डॉ आंबेडकर और भगत सिंह दोनों ही सामाजिक असमानता के खिलाफ थे। सभी वक्ताओं ने शिक्षा पर विशेष जोर दिए । अन्नदाता को भिक्षु और श्रमिकों को बंधुआ मजदूर बना दिया गया है । वक्ताओं में एस सी गौरकर, राजेन्द्र परगनिहा, देवेन्द्र सोनी, बी आर बंसल, चंद्र कला तारम, कनकलता नाग, ममता वर्मा, निर्मला चतुर्वेदी, दिलीप राउत, आर के डोंगर, पांडव साहू आदि ने अपने विचार व्यक्त किए । गोष्ठी का संचालन मुक्तानंद साहू ने किया ।

# पहलगाम घटना के लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार : भूपेश



**भिलाईनगर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। एआईसीसी के निर्देशानुसार प्रदेश में भी 25 अप्रैल से 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान शुरू किया जायेगा। 25 अप्रैल को भिलाई से संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। तैयारी को लेकर निर्धारित सभा स्थल बुद्ध भूमि कोसा नगर भिलाई पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि जब.जब कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई लड़ति है तब तब भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई एवं केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष को दबाने की कोशिश करते हैं। इसीलिए 21 अप्रैल को देशभर में पार्टी के पदाधिकारी ने प्रत्येक राज्य में जाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की । 22 अप्रैल से प्रत्येक प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई और निर्णय लिया कि 25 से 30 अप्रैल के बीच प्रत्येक राज्य में राज्य स्तरीय सम्मेलन किया जाएगा। इसी संदर्भ में भिलाई में राज्य स्तरीय सम्मेलन होगा। इसको लेकर दुर्ग संभाग के सभी 10 विधायकों के साथ पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, महापौर और जिला अध्यक्षों, सभी नेताओं ब्लॉक अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में 2 घंटे तक बैठक चली। लोगों में बहुत उत्साह देखा गया है। प्रदेश भर से इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए हजारों की संख्या में लोग आएंगे। भिलाई में सभा होनी है इसलिए भिलाई, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, पाटन, अहिवारा, बेमेतरा, साजा, वैशाली नगर की ज्यादा जिम्मेदारी बनती है। भूपेश बघेल ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को केवल कांग्रेस पार्टी ने ही सम्मान दिया। पहलगाम हमले पर श्री बघेल ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। केंद्र सरकार ने कहा था नोटबंदी होगी आतंकियों की कमर टूट जाएगी 5 साल बीत गए कुछ नहीं हुआ। आतंकी हमला बड़ा हमला जारी है। पहले जवान मारे जाते थे। अब नागरिक भी मारे जा रहे हैं। भाजपा राज में हिंदू सुरक्षित नहीं है किस बात का शासन चला रहे हैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। होटल ताज में हुए हमले के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी थे। गुजरात से मुंबई जाकर उनके द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस ली गई और एक.एक गलती बताई गई और अब पहलगाम घटना को लेकर कह रहे हैं राजनीति नहीं करनी चाहिए। 26 लोगों की मौत के लिए अमित शाह भाजपा की केंद्र सरकार जिम्मेदार है। इस अवसर पर मो. अकबर, ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, अरुण वोरा, धर्मेन्द्र यादव, नीरज पाल,सीजू एंथोनी, मुकेश चन्द्राकर, प्रमोद प्रभाकर सहित अनेक उपस्थित थे।

# जगतगुरु शंकराचार्य प्राकट्य दिवस समारोह 4 को

**भिलाईनगर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। गोस्वामी समाज द्वारा आद्य जगतगुरु शंकराचार्य प्राकट्य दिवस समारोह का आयोजन 4 मई रविवार को 10 बजे से मनाया जायेगा। मुख्य आयोजन शहीद स्मारक भवन रजबंधा मैदान, जय स्तंभ चौक के पास रायपुर में किया जायेगे। इस समारोह में मुख्य अतिथि अरुण साव उप मुख्यमंत्री, श्रीमती मिनल चौबे महापौर नगर पालिक निगम रायपुर होगी। महामंडलेश्वर डॉ श्री राम सुंदर दास, दूधाधारी मठ रायपुर, महंत विवेक गिरी थानापति गौर कांपा आश्रम कवर्धा, महंत सच्चिदानंद गिरि, वीरेंद्र अयोध्या पुरी गोस्वामी भिलाई राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली रहेंगे। जिसमे मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना, भव्य शोभा यात्रा, भोजन प्रसादी, आद्य जगतगुरु शंकराचार्य पर केंद्रित व्याख्यान, अतिथि स्वागत, और प्रतिभा सम्मान होगा का आयोजन भी किया जावेगा। इस अवसर पर समस्त महंत जनों, संस्थापक, संरक्षक सदस्यों, सहित पूर्व पदाधिकारियों और जन सामान्य की सादर उपस्थिति से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है। इस महासम्मेलन को सफल बनाने हेतु प्रदेशाध्यक्ष मोहन पुरी, महासचिव डॉ संजय गिरि, कोषाध्यक्ष सुधीर बन, कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर कृष्ण बन सहित दुर्ग जिलाध्यक्ष दीपक बनए सचिव भागवत गिरि, कोषाध्यक्ष खिलावन गिरि, लवकेश्वर पुरी, शंभू पुरी, वेद पुरी इत्यादि की अहम भूमिका रहेगी। यह जानकारी प्रचार गोस्वानी समाज सचिव चंदन पुरी गोस्वामी बीरू ने दी है

# विश्व में संस्कृति को सर्वोच्चता दिलाने प्रयास : डॉ.शर्मा



**भिलाईनगर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय ज्ञान परम्परा के सन्दर्भ में संस्कृति संस्कृत विशेषज्ञ एवं लेखक आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने हाल ही में भोपाल का दौरा किया। यहां मध्यप्रदेश शासन के महर्षि पतंजलि संस्कृत विद्या मंडल, संस्कृत भवनम् द्वारा संचालित शासकीय आदर्श रेजिडेंशियल गर्ल्स इंस्टीट्यूट फॉर संस्कृतम् अर्थात् गार्गी विद्यालय भोपाल में उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती स्नेहा सालोडकर एवं युवा शिक्षक अनुपम शुक्ल ने उनका सम्मान किया। डॉ. शर्मा ने इस दौरान सशस्त्र बल की सलामी गारद का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया में गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को द्वारा मेमोरी आफ वर्ल्ड बनाये जाने की धूम है, तब यहां के तपस्वी शिक्षकों और छात्राओं जैसे संस्कृत के प्रति समर्पित असंख्य व्यक्तियों और संस्थाओं की ओर हमारा ध्यान जाता है। नारी शक्ति का सम्मान और पंच कन्याओं के प्रति पूज्य भावना भी शायद ऐसी ही मातृशक्ति की देन है। डॉ. शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश के 42 जिलों की 333 बच्चियां यहां संस्कृत माध्यम पढ़ाई कर रही हैं रही हैं और संस्कृत और संस्कृति को अपने आचरण में ढाल रहीं हैं। कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत इन बच्चियों को न केवल भोजनावास नि:शुल्क है, साथ ही स्मार्ट क्लास, पुस्तकें, पुस्तकालय, स्टीम लैब, एन.सी.सी, रायफल शूटिंग और रेंज आदि की भी नि:शुल्क सुविधाएं हैं। बालिकाओं की चौमुखी उन्नति हो रही है। सुदूर ग्रामीण, जनजाति और पिछड़े क्षेत्र की कन्याओं को सुसंस्कृत और सुशिक्षित किया जा रहा है। संस्कृत में आधुनिक विषय भी पढ़ाये जाते हैं। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के बाद मेरिट लिस्ट के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। ऐसी अनेक संस्थाओं के कारण आज गीता और नाट्यशास्त्र के माध्यम से हमारा प्रिय भारत राष्ट्र विश्व स्तर पर सम्मानित है। इस दौरान उन्होंने संस्कृत संस्था की सराहना की और प्रवीणता प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिये।

# नारी जागरूकता से शिशु रहते स्वस्थ एवं सुपोषित : प्रीति



**भिलाईनगर**, 23 अप्रैल (देशबन्धु) । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाये जा रहे पोषण अभियान अंतर्गत पखवाड़ा के अंतिम दिन वार्ड-22 कुरुद में संचालित तीनों आंगन बाड़ी केन्द्रों का उपरोक्त संयुक्त कार्यक्रम आंगनबाड़ी क्रमांक-3 में जुनवानी स्थित महिला एवं बाल विकास विभागीय परर्यविक्षक श्रीमती प्रीति देवांगन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिसमें नन्हें शिशुओं का अन्न प्रासन एवं गर्भवती महिला गोदभराई रश्म कराया गया। प्रारंभ में पर्यवेक्षक प्रीति देवांगन ने कहा कि नारी जागरुकता से शिश स्वस्थ एवं सुपोषित रहते है। कार्यक्रम में उपस्थित नन्हें शिशुओं को खीर खिलाकर पर्यविक्षक प्रीति देवांगन, विशिष्ट अतिथि जन विकास संगठन अभियान संरक्षक समाजसेवी एम,चन्द्रशेखर रेड्डी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता श्रीमती राम कुमारी देवांगन, श्रीमती प्रीति चौबे श्रीमती ललिता साहू द्वारा अन्न प्रासन कराये जाने के उपरान्त पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं को सुहागन श्रृंगार सामाग्री के साथ सुपोषित आहार खीर, दलिया, चना, सोयाबीन, मूंगफल्ली, दाल, कोदो, कुटकी, रागी, सूजी लड्डू, अनार, पपीता, बीट, रवीरा, गोभी, आलू, प्याज, टमाटर इत्यादि भेंट कर गोदभराई औपचारिकता निभाये।

# सोयायटी ने रिटायर कर्मियों को दी बिदाई



**भिलाईनगर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। इस्पात कर्मचारी को ऑपरेटिव सोसाइटी सेक्टर.6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह मार्च या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल, श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्ति के इस भावुकता से भरे अवसर पर हम अपने वरिष्ठ कर्मियों का सम्मान ही नहीं कर रहे हैं बल्कि एक आत्मीय रिश्ते को और मजबूत भी कर रहे हैं। उन्होंने सभी रिटायर कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों की ओर से सुरेश कुमार यादव व वी के सिंह ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की और सम्मान के लिए आभार जताया। इन रिटायर कर्मियों ने अपना सेवाकाल याद करते हुए बताया कि जब भी विपरीत परिस्थिति आई तो सोसाइटी ने तत्काल लोन मंजूर करने पहल की। इससे सोसाइटी के माध्यम से हमेशा हमें संबल मिला। रिटायर होने वाले बीएसपी के इन सदस्य कर्मियों में बंसी टुड्डू, श्रीमती मंजू शुक्ला, रविंद्र कुमार, सच्चिदानंद सिंह, सुरेश कुमार, विजय कुमार, रमेश कनौजिया, टोमन लाल, कृष्णा, आशीष कुमार, सहदेव बंजारे, दाऊ कांति नेगी, विशाखा राम ठाकुर, अरुण कुमार, ओमप्रकाश, रमेश देवांगन, लक्ष्मीचंद, सुरेश कुमार यादव, पूजन प्रसाद, के.श्रीनिवास, शिवकांत शामिल हैं। इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्रजीत कौर, अमिताभ वर्मा, हरिराम यादव, कुलेश्वर चंद्राकर, श्रीमती नीरजा शर्मा, विनोद वासनिक और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और धन्यवाद ज्ञापन जे के गहिने संचालक ने किया।

# तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया विशेष जोर

**बेमेतरा**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों और थाना/चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में तीन नए आपराधिक कानून ङ्क नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ङ्क के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।



एसएसपी ने कहा कि इन नए कानूनों का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी, त्वरित और तकनीकी रूप से उन्नत बनाना है। साथ ही समयबद्ध मामलों का शीघ्र निपटारा कर 60 और 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही, उन्होंने तलाशी और जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी को अनिवार्य बताते हुए, मामलों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते समय सावधानी बरतने, घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार करने, साक्ष्य जुटाने और साक्षियों की सूची व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। आमजन से सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में कर्मयोगी ऐप और द्बत्नह्ल्ल कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के उपयोग पर भी जोर दिया गया, जो सरकारी कर्मचारियों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास में सहायक है। एसएसपी ने सभी थाना/चौकी प्रभारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनता से संवाद करने, उनकी समस्याओं को समझने और त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करने को कहा। थानों में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर शीघ्र निराकरण करने और महिलाओं एवं बुजुर्गों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं और अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। धोखाधड़ी, ढ्ढञ्ज एक्ट, महिला एवं बाल अपराधों से जुड़े मामलों में शीघ्र विवेचना पूर्ण कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की बात कही गई। ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर क्राइम और सोशल मीडिया अपराधों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने तथा म्यूल अकाउंट धारकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

### समय बाधित अपराधिक प्रकरणों का शीघ्र निकाल करने के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के निराकरण हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाने के निर्देश दिए गए। संपत्ति संबंधी अपराधों के आदतन अपराधियों पर निगरानी और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी, अधिकारियों का मनोबल बनाए रखने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सायबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप और सशक्त एप के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही हमर पुलिस हमर बाजार एवं हमर पुलिस हमर गांव जैसे अभियानों के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने, रात में गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग ऑपरेशन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, तथा गोवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, एसएसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे सहित जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी शामिल रहे।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस और बेमेतरा जिले की पंचायती व्यवस्था

### बेमेतरा जिले में 48 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू होंगे

**बेमेतरा**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। हर वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में ग्राम स्वराज की भावना को सशक्त करने और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। इसकी शुरुआत 24 अप्रैल 1993 को हुई, जब 73वें संविधान संशोधन अधिनियम को लागू किया गया। इस संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया और देश में त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था ङ्क ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत (ब्लॉक स्तर) और जिला पंचायत ङ्क को सशक्त रूप से लागू किया।

छत्तीसगढ़ का बेमेतरा ज़िला, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक सशक्त उदाहरण है। बेमेतरा ज़िले में 425 ग्राम पंचायतें हैं, जो स्थानीय शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करती हैं। इन पंचायतों का संचालन ग्रामीणों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से होता है। पंचायतें न केवल विकास कार्यों का संचालन करती हैं बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान भी करती हैं। कल 24 अप्रैल को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में एक साथ 1474 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला बेमेतरा में 48 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू किया जा रहा है। मुख्य कार्यकम विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम टेमरी में सुबह 10 बजे से होगा। हाल ही में, फरवरी 2025 में, बेमेतरा ज़िले में पंचायती चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। यह चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र की असली परीक्षा होती है क्योंकि इसमें आम नागरिक सीधे रूप से भाग लेते हैं। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला पंचायत तक, सभी स्तरों पर प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। इनमें पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, और जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे पद शामिल हैं। इस बार चुनाव में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जो सामाजिक समरसता और लैंगिक समानता की ओर एक सकारात्मक संकेत है। पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ होती हैं। ये संस्थाएं न केवल सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करती हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और कृषि जैसे क्षेत्रों में भी अहम भूमिका निभाती हैं। बेमेतरा ज़िले की पंचायतें भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। जिले में कई पंचायतों ने डिजिटल सेवाओं को अपनाकर पारदर्शिता और कार्यकुशलता में वृद्धि की है। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का उद्देश्य पंचायतों की भूमिका को पहचान देना, उन्हें और सशक्त करना तथा आम नागरिकों में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें जनता की भागीदारी अनिवार्य है।

अंततः, बेमेतरा ज़िले की पंचायतें राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मूल संदेश च्गांव की सरकार, गांव के द्वार को साकार कर रही हैं। आने वाले समय में भी ये संस्थाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ ग्रामीण विकास को मजबूती प्रदान करती रहेंगी।

# छात्र बरुण यादव ने साउथ एशियन डब्लूएफएस के ओ कराटे चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल



**डोंगरगढ़**, 23 अप्रैल। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च मा विद्यालय डोंगरगढ़ का छात्र बरुण यादव पिता खेमचंद यादव ने साउथ एशियन डब्लू एफ एस के ओ कराटे चैंपियनशिप 2025 ट्ठ26जो झारखंड में आयोजित था सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ जिनके प्रशिक्षक श्री युगांत मेश्राम (ब्लैक बेल्ट) है उनको विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार ,बोधन भारद्वाज शुशील यादव ,ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा,अमित शुक्ला, विशेष साहू , प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले , डीगेश साहू,गणेश वर्मा, श्रीमती सुषमा शांडिलकर,कीर्ति दफेदार,एस राव,स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल ,पल्लवी दीदी, कौशल्या वर्मा, ,प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन ,चंद्रिका यादव ,माया वशिष्ठ ,ज्योति शर्मा ,प्रिया भारती, लता सोनकर ,योगिता नागोते ,निशा नागमोते ,ममता सोनवानी हिमांशु इंदुलकर ,मोनिका वाकलेआदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए है।

# नपं गंडई में अज्ञात चोरों ने बोला धावा



**गंडईपंडरिया,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत गंडई में रविवार - सोमवार की मध्य रात्रि में अज्ञात चोर ने धावा बोल दीया। जहां से केबल वायर सहित अन्य समान को पार कर दिया है। निकाय कर्मचारियों को चोरी की घटना बीते सोमवार को ऑफिस खोलने पर हुआ। जिसकी गंडई थाने में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

अज्ञात चोर ने कार्यालय भवन में लगे पंप की केबल वायर लगभग 72 मीटर लंबी और जलप्रदाय शाखा की ताला दरवाजा तोड़कर 35 मीटर कुल 107 मीटर केबल वायर एवं 01 नग नया स्टाटर की चोरी की गई है। जिसकी अनुमानित राशि लगभग 24130 रु आंकी गई है। कार्यालय में चोरी होने की सूचना रात्रिकालीन चौकीदार विजय कश्यप ने विभाग को दी है।जहां विभाग ने गंडई थाने में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराया है। निकाय में रात्रिकालीन देख रेख के लिए चौकीदार नियुक्त किया गया है। उसके बाद भी निकाय में चोरी होना समझ से परे है।

### केबल वायर सहित अन्य समान ले उड़े चोर

**पुलिस गस्त अपने में मस्त**

नगर पंचायत कार्यालय और थाना की दूरी लगभग 30 से 40 मीटर है। उसके बाद भी एक शासकीय कार्यालय में अज्ञात चोर द्वारा चोरी करना गंडई पुलिस और उनकी गस्त दलों पर सवालिया निशान खड़ी करता है। ये पहला मामला नही है आये दिन चोरी की वारदात नगर में होती ही रहती है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन, मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**डोंगरगढ़**, 23 अप्रैल। देश के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मानवता को शर्मशार करते हुए आतकंवादी हमलें के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और हमलें में मारें गये नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तरुण हत्थेल, पार्षद सुमित ताम्रकार संजय श्रीवास्तव ,रेखा राघवते , मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना ,वीरेंद्र अग्रवाल विजेंद्र सिंह ठाकुर महेंद्र अग्रवाल प्राचार्य प्रकाश यादव , महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़ उपाध्यक्ष अंचला सिंह ठाकुर, लक्ष्मी यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा अनीता इंदुरकर ज्योति बड़वाईक नीरज यादव सरफराज नवाज श्याम तिवारी अमन नामदेव टिंकू कक्कड़ लोकेश इंदुरकर गिरीश साहू रामकुमार दड़सेना सभी शक्ती केंद्र के प्रभारी संयोजक सह संयोजक गण,सभी बुथ अध्यक्ष गण,एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थित थे।

# आवास मित्र के द्वारा सर्वे के नाम से कर रहा है वसुली

**परपोड़ी**, 23 अप्रैल। जनपद पंचायत साजा का नाम एक बार फिर हुआ तारतार ।ताजा मामला है गाड़ाडीह पंचायत का जहाँ आवास मित्र द्वारा हितग्रहियो से दो हज़ार से लेकर दस हज़ार तक वसूली करने की बाते सामने आ रही है। एक ओर जहां प्रदेश की सरकार सुशासन तिहार मना रही है वही दूसरी ओर उक्त आवास मित्र जिसका नाम राजेंद्र सिंह बताया जा रहा है के द्वारा हितग्राहियो को चमकाकर पैसे ऐठा जा रहा है। अवैध पैसा कमाने के चक्कर में अपने साथ पेंटर लेकर घूमने एवं पेंटर को 500 से लेकर 700 रुपए तक चार्ज देने के लिए मजबूर किया जाता है। चुकी हितग्राही अपनी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधि से कर रहे है जिस पर उक्त आवास मित्र से बात करने पर पैसे लेने की बात को भी कबूला गया है ।इस मामले में अब हितग्राही जनदर्शन में अपनी शिकायत दर्ज करवाने कलेक्टर के पास पहुचेंगे।

# महिला बाल विकास विभाग की संध्या साहू बनी सभापति



**गुरुर,** 23 अप्रैल। जनपद पंचायत गुरुर सदस्य संध्या अजेंद्र साहू को महिला एवं बाल विकास विभाग में सभापति की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा शिक्षा स्थाई समिति, सामान्य प्रशासन, वन विभाग जैसे अन्य विभागों में भी सभापति की नियुक्ति की गई है ।जनपद सदस्य को महिला एवं बाल विकास विभाग में सभापति बनाए जाने पर क्षेत्र वासियों ने उन्हें बधाई दी है।

# नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान जायसवाल समाज ने किया

**दल्लीराजहरा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जायसवाल समाज द्वारा 22 अप्रैल को शाम 6 बजे जायसवाल भवन वार्ड क्रमांक 19 में नव निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , क्चछ्वष्ट सदस्यों का सम्मान समारोह किया गया। जायसवाल समाज की ओर से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्यअतिथि तोरण साहू अध्यक्षता सुरेश जायसवाल विशेष अतिथि मनोज दुबे (उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद रामेश्वर साहू ( अध्यक्ष भाजपा मंडल,नगर पालिका परिषद के पीआईसी सदस्य विशाल मोटवानी, शिवांगी ध्रुव,संजीव सिंह भूपेंद्र श्रीवास,अरुणा रामटेके,आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत जायसवाल समाज के कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के छाया चित्र पर कुमकुम लगा दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना से शुरू किया गया। इसके पश्चात समस्त अतिथियों का समाज के सदस्यों द्वारा गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। स्वागत के बाद जायसवाल समाज के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने समाज की ओर से स्वागत भाषण दिया गया व नवनिर्वाचित अतिथियों से वर्तमान भवन में किचन की ढलाई कराने, भवन में टाइल्स लगाने व भवन के रंग रोगन की मांग किया। इसके बाद संगठन मंत्री श्याम जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दल्लीराजहरा के विकास के साथ नगर में राज्य व केन्द्र शासन की जनकल्याण योजनाओं का धराताल में फलिभूत करना है ।जिससे यहां से लोग पलायन करने के बजाय यहां आके बसे साथ ही उन्होंने कहा की जायसवाल समाज के लिए अब नगरपालिका या बीएसपी द्वारा जायसवाल समाज के भवन के लिए कोई जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे समाज के लोगों को सामाजिक कार्यक्रम में काफी परेशानी होती है। उन्होने उपस्थित अतिथियों से जायसवाल समाज के भवन के लिए बीएसपी या राजस्व की जमीन पर समाज हेतु आबंटन कराने की मांग की है। इस अवसर पर मुख्यअतिथि नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू द्वारा समाज के लोगों को आश्वासन दिया गया है। की उनकी सभी मांगों को पूर्ण करेंगे। नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने भी शीघ्र जायसवाल समाज को जमीन दिलाने की बात कही साथ ही सभी क्चछ्वष्ट सदस्यों द्वारा समाज को आश्वस्त किया गया कि उनके मांगो पर सार्थक पहल किया जायेगा। संबोधन के बाद सभी जन प्रतिनिधियों का साल श्री फल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमर जायसवाल व आभार प्रदर्शन सीमा जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जायसवाल समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम जायसवाल, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, कोषाध्यक्ष बेनी माधव जायसवाल, सुनील जायसवाल ,राकेश जायसवाल, अमित जायसवाल, अंकित जायसवाल, सुभाष जायसवाल, पन्ने जायसवाल, गंगेश जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, प्रकाश जायसवाल, सहित काफी संख्या में महिलाएं व युवा शामिल रहे।



### बीएसपी, राजस्व विभाग से समाज भवन के लिए जमीन आबंटन की मांग : श्याम जायसवाल

# विलुप्त हो रहे महापाषाण स्थल को पंचायत द्वारा किया जाएगा संरक्षित



**गुरुर,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 930 में स्थित ग्राम धनोरा में महापाषाण स्थल अब विलुप्त की कगार पर है। महापाषाण स्थल को चिन्हित करने के बाद संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे यह स्थल अपना अस्तित्व खो रही है। लेकिन ग्राम धनोरा के अलावा छत्तीसगढ़ की इस धरोहर को सुरक्षित करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा अब संरक्षित किया जाएगा इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा रूपरेखा तैयार की जाएगी। यहां मुख्य मार्ग किनारे 1956-57 में डॉ. एमजी दीक्षित द्वारा तीन प्रकार के महापाषाण को चिन्हाकित कर छोटे स्तर पर खुदाई की गई थी, यहाँ उत्खनन कार्य के दौरान लगभग 500 महापाषाणीय स्मारक चिन्हाकित किए गए थे।

**खुदाई मे मिले थे मानव कंकाल के अवशेष**

महापाषाण स्मारकों को 4 वर्गों में बांटा गया था जिनमें अधिकतर छोटे और बड़े आकार मे मेनहीर हैं, बड़े आकार वाले बोल्डर को कोटा के नीचे लगाए गए हैं। वही उत्खनन के दौरान मानव कंकाल के अवशेष गुरिया एवं चूड़ियां भी प्राप्त हुई है। उत्खनन के दौरान एक कक्ष में खंडित ताम्रकाश भी मिला था। लेकिन दुर्भावनावश यह विरासत ठेकेदारों द्वारा पत्थर खुदाई के कारण विलुप्त की कगार पर है ।खुदाई के दौरान यह ग्राम धनोरा, पहले दुर्ग जिला के अधीन था। 2012 मे बालोद को जिला बनाया गया तब उक्त गांव को बालोद जिला में शामिल किया गया।

## निधन

### रोशन कोटडिया

**रायपुर**, 23 अप्रैल। शैलेन्द्र नगर/कोंडागांव निवासी जैन श्री संघ के सुश्रावक विजयलाल जी कोटडिया के सुपुत्र रोशन कोटडिया का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कर 23 अप्रैल को कोंडागांव में किया गया। वे गौत्तम एवं ललित कोटडिया के छोटे भाई एवं मोहन लाल, प्रेमराज के भतीजे थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### 6 लाख की हेरोईन बेचते...

व 3 नग मोबाईल को जप्त कर कब्जा में लिया गया । आरोपियों का कृत्य धारा 21(क), 27(क) एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अपराध घटित करना पाये जाने पर विधिवत् गिरफ्तार कर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध क्रमांक 171/2025, धारा 21 (क), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया । आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया जाता है। उक्त कार्यवाही में थाना दुर्ग से सउनि कि रेन्द सिंहए प्रआर योगेश चंद्राकर, आर.सुरेश जायसवाल, डोमन साहू, सीसीयू टीम से सउनि गुप्तेश्वर यादव, प्र.आर प्रदीप सिंह, आर. तिलेश्वर राठौर, खुर्रम बक्या, नरेन्द्र कुमार, कोमल कुमार, बाल मुकुन्द, जी. रवि, फरूख खान एवं सनत भारती का विशेष योगदान रहा ।

### राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज में ...

मिश्रा, अजय शर्मा, सचिव राजस्थानी ब्राह्मण समाज, भिलाई अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी, विजय शर्माए अध्यक्ष गौड़ ब्राह्मण समाज, विनोद शारदा अध्यक्ष पंजाबी ब्राह्मण समाज, पीयूष मिश्रा पार्षद भिलाई नगर निगम, बृज मोहन तिवारी, राजेश शर्मा, मृदुला शुक्ला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, दिनेश मिश्र, सुभाष चंद्र तिवारी, चंद्र शेखर पांडे, रामफ्ल शर्मा, ज्योति शर्मा, श्याम कुमार तिवारी, सुमित शर्मा, नरेश चौरे, प्रीति राहुल दुबे, रामविलास मिश्र, योगेश ठाकुर, शुभम ओझा, श्रवण शुक्ला, अनिल शुक्ला, मोहन शुक्ला, मयंक शर्मा, अजय महाराज, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, प्रदीप भट्टाचार्य, राकेश शर्मा, रवि शर्मा, लोकेश शुक्ला, अभिषेक अवस्थी, सुनील मिश्र, लक्ष्मी नारायण दुबे, तुलेश्वर तिवारी, राकेश दुबे, हेमंत तिवारी, संजय बाजपेई, आलोक शुक्ला, शैलकिरण शुक्ला, रूपेश शर्मा, दौलत जोशी, वीणा दुबे, संतोष पांडे, सहित अन्य ब्राह्मण समाज के सदस्य गण एवं राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग के सदस्य शामिल थे । इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राकेश शुक्ला, पार्षद पीयूष मिश्रा, ज्योति शर्मा ने भी संबोधित किया ।

### महमरा घाट के पास ...

अपने परिवार से विगत काफी समय से अलग रह रहे थे। पुरोहिती व भिक्षा मांग कर गुजारा करते थे। आज सुबह सुबह उनका शव महमरा एनिकेट के पास देखा गया। मृतक पीले रंग की धोती कुर्ता पहने था। गत संध्या तक उसे नदी के आसपास देखा गया था। वह पांच कंडील चौक स्थित राम मंदिर में रहते थे। इससे पहले वह विगत लंबे समय तक वृद्धाश्रम में भी रहें।

# राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस आज कबीरधाम जिले के 42 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्र का होगा शुभारंभ

**कवर्धा,** 23 अप्रैल। पंचायत राज संस्थाओं को 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से संवैधानिक दर्जा प्राप्त होने लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण एवं सहभागी स्थानीय शासन के उपलक्ष में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना जाएगा। पंचायत राज दिवस के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिले के 42 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्र की नींव रखी जा रही है। जिले के सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ साथ विशेष रूप से जल संरक्षण एवं जल संचय के महत्व से अवगत कराया जाएगा। इस संबंध में पिछले 3 वर्षों में ग्राम के जल स्तर के बारे में जानकारी दिया जाएगा। जल संचयन के लिए विशेष प्रयास करने एवं लोंगो को प्रेरित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शपथ भी दिलाया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की महत्वपूर्ण जानकारियां सहित स्थानीय विषय पर चर्चा की जाएगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत राज दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के 42 ग्राम पंचायतो में अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ होगा। जिसमें जनपद पंचायत बोड़ला के 10, जनपद पंचायत कवर्धा के 12, जनपद पंचायत पंडरिया के 10 एवं जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के 10 एवं जनपद पंचायतो में यह सुविधा प्रारंभ होगी। शुभारंभ के अवसर पर जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत भोंदा के अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्र से ऑनलाइन वर्चुअल द्वारा मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीणों से चर्चा करेंगे तथा इस दौरान ग्राम पंचायतों में शासकीय योजनाओं की डिजिटल सेवाए प्रारंभ की जाएगी। ग्रामीणों को कैश लेन देन की सुविधा भी इन केन्द्रों से मिलेगी।

पंचायती राज

# देश सेवा के लिए जा रहे जवान का किये सम्मान : संजय बैस

**कुसुमकसा/डौण्डी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। देश सेवा को अपना लक्ष्य बनाकर प्रारंभ से इच्छा रखने वाले राहुल सिन्हा का भारतीय थल सेना के लिए चयन हुआ राहुल के थल सेना में ज्वाइनिंग करने जाने से पहले पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने अपने साथियों के साथ रेलवे स्टेशन में फूल माला और मिठाई खिलाकर देश सेवा के लिए प्रस्थान किए राहुल सिन्हा आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद अपनी लगन शक्ति को कमजोर होने नहीं दिया। पढ़ाई के साथ राहुल कबाड़ी और टेंट हाउस में काम करते रहे और अपनी आर्मी भर्ती की तैयारी भी करते रहे ।राहुल ने बताया कि पूर्व जनपद सदस्य जो कि पुलिस और आर्मी की भर्ती के लिए हमारे गांव में निःशुल्क कैंप लगा कर युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण दिलवाते हैं। जिसका मुझे भी फायदा हुआ हमारे गांव में सैकड़ों सैनिकों का सम्मान का कार्यक्रम हुआ जिसमें मेरी इच्छा शक्ति और प्रबल हुआ जिसका परिणाम आज में थल सेना में मेरा चयन हुआ है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा कि राहुल हमारे गांव का गोदड़ी का लाल है और आने वाले युवा पीढ़ी के लिए सीख भी है ।उन्होने कहा की अगर आप अपना लक्ष्य निर्धारण कर किसी भी विषय में प्रयत्न करते है तो मंजिल जरूर मिलेगी हम हमेशा से इस क्षेत्र के बच्चों के लिए कैरियर काउंसिलिंग पुलिस और आर्मी भर्ती के लिए कैंप कराते रहते है। हमारे क्षेत्र के होनहार बच्चों की प्रतिभा में और निखार आए इसके लिए में हमेशा में इनके साथ खड़ रहूंगा ।हमारा क्षेत्र वनांचल का क्षेत्र है हमारे बच्चे अभाव में भी प्रभाव दिखाते है इस क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में देश सेवा में कार्यरत आर्मी के लोग है जो हमें और हमारे क्षेत्र को गौरवान्ति करते है इस अवसर पर पूर्व सरपंच शिव राम सिंदरामे दीपक यादव नितिन जैन संतोष जैन मंडलेश्वर कमलेश्वर सिन्हा पुष्पजीत बैंस गौतम साहू कमलकांत साहू पोषण धनकर राजू सिन्हा लोकेश सिन्हा गोल्डी धनकर सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रह कर राहुल को बधाई दिये।



### युवा आर्थिक रूप से बने मजबूत देश विकास में योगदान दे, हमेशा उनके साथ रहूंगा खड़ा : संजय

# अनुराग कश्यप के बयान से आक्रोशित ब्राह्मण समाज में मचा बवाल, पुलिस में कराने पहुंचे एफआईआर

■ ब्राह्मण समाज ने सामूहिक रूप से आंदोलन की दी चेतावनी



**बेमेतरा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष लेखमणि पाण्डेय प्रदेश प्रचार सचिव दीपक पाण्डेय महेश शर्मा सचिव जिला बेमेतरा के साथ थाना पहुंचे,जहां थाना प्रभारी को अनुराग कश्यप के खिलाफ लिखित आवेदन दिया।

ज्ञात हो कि फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप ने ब्राह्मण समुदाय के प्रति अभद्र टिप्पणी किया है ऐसा बयान दिया जिसमें पूरे ब्राह्मण समाज बहुत उद्वेलित है इसलिए अनुराग कश्यप के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई की मांग को लेकर थाना प्रभारी दुलेश्वर चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंपे है!

जिला अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला द्वारा बताया जा रहा है कि! फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप अपने एक विवादित बयान को लेकर घिरते नज़र आ रहे हैं, ब्राह्मण समाज ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और मांग की है कि उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो।कश्यप ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान ऐसा बयान दे दिया जिसने पूरे ब्राह्मण समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है,समाज ने इसे 'घृणास्पद' और 'अमर्यादित' करार देते हुए पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवा दी है।

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने साफ साफ निर्देश दिया है कि हर ब्लॉक स्तर जिला स्तर पर थाने में लिखित शिकायत दर्ज करा कलेक्टर को कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित करें।ललित मिश्रा ने पदाधिकारियों से साफ कहा गया है की अनुराग कश्यप जैसे सार्वजनिक व्यक्ति को समाज में ज़हर फैलाने की इजाज़त नहीं दी जा सकती। कानून को अब अपना काम करना चाहिए।उचित कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में समाज उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के निर्देशानुसार ही प्रत्येक जिले में अनुराग कश्यप के खिलाफ स्न्ढक्रदर्ज कराई जा रही है।

इस पर जीतेन्द्र कुमार शुक्ला सर्व ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष ने कहा यह अशोभनीय वक्तव्य देकर अनुराग कश्यप ने पूरे देश जातीय विशेष में वैमनस्यता फैलाने का काम किया है इसका विरोध हम जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक करेंगे।हमारी सहनशीलता को कमजोरी ना समझे।

प्रदेश उपाध्यक्ष लेखमणि पाण्डेय ने कहा ऐसे व्यक्ति जो समाज को दिशा देने की स्थान में बैठकर जातीय सूचक टिप्पणी कर रहा यह कतई बर्दाश्त के काबिल नहीं है। हम चाहते है शासन प्रशासन इस पर गंभीरता से विचार कर अनुराग कश्यप के खिलाफ कार्रवाई करें।इस पर भी ब्राह्मण समाज खामोश रहे तो यह गंभीर रूप धारण करेगा। दीपक पाण्डेय प्रदेश प्रचार सचिव ने कहा जब देश जाति धर्म समुदाय से ऊपर उठकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो अनुराग कश्यप जैसे लोग भारतीय फिजाओं में जहरीली बातें कर जहर घोल रहे हैं।ऐसे लोग के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई कर सरकार को समानता का संदेश देना चाहिए।

आज अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने महेश शर्मा जिला सचिव बेमेतरा मनोज दुबे अनिल मिश्रा विवेक शर्मा मनोज शर्मा थानेश्वर दीवान राजू पांडे योगेश मिश्रा रवि पाण्डेय राजेश दुबे गिरीश मिश्रा लोकेश्वर शुक्ला सहित समाज के विप्र बंधु साथ रहे।

# बेमेतरा को मिला अत्याधुनिक फोम टेंडर फायर वाहन



■ आपातकालीन सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती
■ विधायक दीपेश साहू ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर वाहन को किया रवाना

**बेमेतरा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आज एक बड़ी सौगात मिली, जब अत्याधुनिक फोम टेंडर फायर वाहन का लोकार्पण किया गया। यह वाहन जिले की अग्निशमन क्षमताओं को और मजबूत करेगा और आगजनी की घटनाओं पर शीघ्र नियंत्रण में सहायता करेगा। जिले के पुराने रेस्ट हाउस परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात विधायक दीपेश साहू द्वारा फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर वाहन को सेवा में रवाना किया गया।

विधायक दीपेश साहू ने इस अवसर पर कहा यह सुशासन की सरकार है जो हर वर्ग की चिंता कर रही है। जिले में लंबे समय से फायर वाहन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। यह वाहन आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाएगा, जिससे नागरिकों की सुरक्षा को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकेगा।ञ्ज उन्होंने कहा की यह फायर वाहन जिले के नागरिकों की सुरक्षा में एक मील का पत्थर साबित होगा, विशेषकर शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में तेज प्रतिक्रिया समय सुनिश्चित करने में। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद विकाश तम्बोली ,पार्षद चांदनी रोशनदत्ता ,पार्षद गौरव साहू, पार्षद आकिब मलकानी ,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू ,निशा चौबे,राजीव तम्बोली, धर्मेंद्र साहू योगेश वर्मा, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता सहित डिप्टी कमांडेंट होमगार्ड पुष्पराज सिंह, एसआई नगर सेना अखिलेश पराशर, एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# कबीर संत समागम समेत कई कार्यक्रमों में शामिल हुए योगेश तिवारी



■ देवी मां से मांगा जनता के लिए आशीर्वाद

**बेमेतरा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बसनी में दो दिवसीय सदगुरु कबीर संत समागम समारोह एवं कबीर कुटी आश्रम निशान पूजा और लोकार्पण कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने सुलछना देवी माता जी के कथा प्रवचन में भाग लेकर क्षेत्र की जनता के लिए आशीर्वाद मांगा। माता जी के प्रवचनों में संत कबीर के जीवन, विचारधारा और समाज में समरसता के संदेशों को अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर योगेश तिवारी ने कहा संत कबीर जी का जीवन समाज में प्रेम, समानता और सत्य का मार्ग दिखाता है। उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस युग में थे। ऐसे आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है। इस आयोजन में अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें बेमेतरा विधायक मा दीपेश साहू, रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, ग्राम सरपंच प्रीति जितेन्द्र यदु, मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, रवि भाई, दीपक साहू, पूर्व सरपंच पुनाराम पाठक, कोषाध्यक्ष संतराम साहू, अध्यक्ष वेदराम साहू, सचिव संजू साहू, देवेंद्र साहू, प्रहलाद निषाद, अर्जुन निषाद, मनोज यदु, महेंद्र यदु, तुलसी साहू, भारत साहू, अश्वनी साहू एवं जितेंद्र यदु प्रमुख रहे। इस धार्मिक समागम ने ग्राम बसनी में भक्तिभाव और सामाजिक सौहार्द का माहौल उत्पन्न किया। योगेश तिवारी की उपस्थिति से श्रद्धालुओं में उत्साह और श्रद्धा का संचार हुआ और यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत थानखमरिया में लगा स्वास्थ्य शिविर

## 90 नागरिकों ने कराया निःशुल्क उपचार




**थानखमरिया,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पंचायत थानखमरिया में बुधवार को सब्जी मंडी क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 90 से अधिक नागरिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा का लाभ उठाया।

गौरतलब है कि यह योजना शहरी स्लम क्षेत्रों में निवासरत गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु संचालित की जा रही है। थानखमरिया में यह सुविधा प्रत्येक सप्ताह बुधवार और शनिवार को सुबह 8ञ्00 बजे से दोपहर 3ञ्00 बजे तक विभिन्न वार्डों में शिविर लगाकर प्रदान की जाती है।

स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्टाफ में डॉ. संदीप कुमार, फार्मासिस्ट भुवन साहू, लैब टेक्नीशियन विजय साहू, नर्स चंद्रकिरण, तथा ड्राइवर जीतेंद्र जायसवाल शामिल रहे। शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई एवं मरीजों को आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं।

इसके अतिरिक्त नगर के सफाईकर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान हो सके।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित यह पहल न केवल प्राथमिक उपचार उपलब्ध करा रही है, बल्कि आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी कर रही है।

# बारात में डीजे पर नाचते समय बिगड़ी तबीयत, सूरज वैष्णव की मौत



**थानखमरिया,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 निवासी सूरज वैष्णव (उम्र 27 वर्ष), पिता श्री सुखनंदन वैष्णव, की एक शादी समारोह में दुखद मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, सूरज यादव समाज की एक बारात में पथरिया गया हुआ था, जहाँ डीजे पर नाचते समय अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई।

सूत्रों की मानें तो सूरज ने समारोह में मादक पदार्थों का सेवन किया था, जिसके बाद डांस करते-करते वह अचानक बेहोश हो गया। परिजन और साथीजन उसे एक कमरे में आराम करने के लिए सुला दिए।

बारात की वापसी के समय जब सूरज को जगाया गया, तो वह कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। पहले तो परिजनों को लगा कि वह गहरी नींद में है, लेकिन जब शक गहराया तो उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानखमरिया लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले की पुष्टि करते हुए डॉक्टर ओमप्रकाश साहू द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी मिली है कि सूरज का विवाह एक वर्ष पूर्व ही हुआ था और उसकी एक नन्ही बेटी भी है।

इस हृदयविदारक घटना से पूरा वैष्णव परिवार शोक में डूबा हुआ है। मोहल्ले और समाज में भी शोक की लहर फैल गई है। सूरज वैष्णव का अंतिम संस्कार वार्ड क्रमांक 14 के मुक्तिधाम में किया गया। उपरोक्त जानकारी थाना से प्राप्त की गई

# कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा



**बालोद,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 24 अप्रैल को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। श्रीमती मिश्रा ने अधिकारियों को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के सफ्ल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को वर्तमान में गिरते भूजल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने तथा तालाब के किनारे एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर पौधरोपण के कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राज्य में 24 अप्रैल को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम सभा के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का लाईव प्रसारण हेतु उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र हेतु ग्राम पंचायतों में स्थान का चिन्हांकन, फर्नीचर, इंटरनेट, बिजली, फ्लैक्स आदि की संपूर्ण व्यवस्था के अलावा ग्रामीणों को इसकी जानकारी प्रदान करने हेतु इसका समुचित प्रचार.प्रसार करने के निर्देश भी दिए। पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के तहत ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार की डिजिटल सुविधा प्राप्त हो सकेंगी। इसके साथ ही उन्हें नगद आहरण की सहुलियत भी मिलेगी। इसके अंतर्गत 24 अप्रैल 2025 से जिले में प्रथम चरण के तहत 50 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र की शुरूआत की जाएगी। जिसमें जिले के प्रत्येक जनपद पंचायतों से 10-10 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इस सुविधा को प्रदान करने के लिए पंचायत स्तर पर ही ग्राम पंचायत के सरपंच और सर्विस प्रदाता वीएलई के माध्यम से एमओयू किया गया है। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले में कुल पंजीकृत जाबकार्डधारी परिवारों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु जरूरी उपाय करने के निर्देश भी दिए।

# कलेक्ट्रेट के सामने एक्सपायरी खाद्य सामग्री का स्टॉल, विक्रेता ने मानी गलती

## विभागीय उप संचालक ने कही जांच की बात



**बालोद,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बालोद में कलेक्टर कार्यलय के सामने वन विभाग ने संजीवनी विक्रय केंद्र का स्टॉल लगाया। इस स्टॉल पर लगभग 1 साल पुरानी एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाई गई। विक्रेता ने सफाई देते हुए कहा कि ये पैकेट्स केवल दिखाने के लिए रखे गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय उप संचालक ने जांच की बात कही है। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर कार्यालय से सटे जनदर्शन स्थल के सामने लगे वन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल संजीवनी विक्रय केंद्र में काजू, रागी, आंवला लच्छ और अन्य खाद्य सामग्री स्टॉल में बेचे जा रहे। यहां पैकेट्स एक्पायर हो चुके थे। कुछ 1 साल ही एक्सपायर हो गए जबकि कुछ पैकेट्स उससे भी ज्यादा समय से एक्सपायर थे। लेकिन वन विभाग बिना किसी डर के लोगों को यह बेच रहे थे। बड़ी संख्या में आम नागरिकों के साथ.साथ प्रशासनिक अधिकारी भी इस स्टॉल से गुजरे लेकिन किसी ने भी इन एक्सपायरी उत्पादों पर ध्यान नहीं दिया। विक्रय केंद्र पर मौजूद कर्मचारी वीरेंद्र कुमार यादव ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि एक्सपायरी काजू के पैकेट केवल दिखाने के लिए लाए गए थे और मांग पर नई सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। गलती हो गई है।

# कलेक्टर ने 6 स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट किया प्रदान



**कवर्धा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 22 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले की 06 स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल चालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने उक्त संस्थाओं के प्रभारी और कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल चालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त करने की दिशा में और भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इन संस्थाओं के प्रभारी और कर्मचारियों को राष्ट्रीय मानकों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अन्य 26 स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल चालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए आवश्यक तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा ताकि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार हो सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, जिला आर.एम.एन.सी.एच.ए. सलाहकार डॉ. मुकुंद राव, सैयद असलम एवं संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने बताया कि नेशनल चालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट उन स्वास्थ्य संस्थाओं को दिया जाता है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों। इस वर्ष जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट सेवा के परिणामस्वरूप 43 स्वास्थ्य संस्थाओं को नामांकित किया गया, जबकि केवल 42 संस्थाओं को नामांकित किया जाना था। इससे पूर्व, 15 स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल चालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से जिला चिकित्सालय कवर्धा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डातराई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली, उप स्वास्थ्य केन्द्र कुसुमघटा, उप स्वास्थ्य केन्द्र बारदी शामिल हैं।

# पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला कायरता की पराकाष्ठा है, आतंकियों को बक्शा नहीं जाएगा : भावना बोहरा



**कवर्धा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में हुई जानमाल की क्षति पर हर कोई शोक व्यक्त कर रहा है वहीं देशवासियों में आक्रोश भी स्पष्ट दिख रहा है। वहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहलगाम में घटना स्थल पर पहुंचे और वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं सेना ने आतंकवादियों की तलाश के लिए ऑपरेशन भी शुरू कर दिया है। इसी बीच अमित शाह ने इस दुखद घटना में दिवंगत हुए 26 मासूमों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवारजनों से भी मुलकात की और संवेदना व्यक्त की।

इस दुखद घटना पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी का धर्म पूछकर उनकी हत्या करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हमें पूरा विश्वास है की माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी एवं हमारे भारतीय सेना के जवान, उन सभी आतंकवादियों को उनकी सही जगह जरुर पहुंचाएंगे। इस दर्दनाक घटना में जिन परिवारों ने अपने सगे-संबंधियों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी संवेदनाएं प्रकट करती हूँ। इस कठिन समय में राष्ट्र एकजुट है, और आतंक के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता अडिग बनी रहेगी। इस हादसे में हमारे रायपुर के दिनेश मिरानिया का भी निधन हुआ है और हम पूरे परिवार के साथ इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।

यह अत्यंत ही संवेदनशील घटना है और आतंकवाद के खिलाफ हम सभी देशवासी एक जुट होकर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए साथ हैं। घटना की जानकारी मिलते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह घटना स्थल पर पहुंचकर वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही तत्काल सेना द्वारा उन आतंकवादियों के खात्मे हेतु ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है हमें पूरा विश्वास है कि उन सभी आतंवादियों को बक्शा नहीं जाएगा। इस घटना ने न केवल जम्मू-कश्मीर को, बल्कि पूरे भारत को झकझोर कर रख दिया है। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन च्द रेजिस्टेंस फ्रंटज् ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है, इससे स्पष्ट है कि इस हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता है। आतंकियों ने नकली वर्दी पहनकर और धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को निशाना बनाया, जिसमें नवविवाहित जोड़े, परिवार और बच्चे शामिल थे इसके साथ ही एक वायु सेना के कर्मचारी और हमारे छत्तीसगढ़ के एक व्यवसायी सहित लगभग 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि विगत वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के विकास और वहां की जनता हेतु लिए गए निर्णायक फैसलों से जम्मू-कश्मीर में शांति व अमन कायम हुआ है जो हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और आतंकवादियों को रास नहीं आ रहा है, इसलिए इस प्रकार के कायराना हरकत उनके द्वारा कर निर्दोश लोगों की हत्या की जा रही है। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन वहां की अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और वहां इस प्रकार की घटना करके शांति भंग करने व जम्मू-कश्मीर में खौफ का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है लेकिन माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और हमारे भारतीय सेना के जवान, धर्म के नाम पर हिंसा करने वाले और आतंक फ़ैलाने वाले लोगों को जन्नत जरुर पहुंचाएंगे। पहले पत्थरबाजी करके हमारे सेना के जवानों पर हमला और जम्मू-कश्मीर में आए दिन दंगा फैलाकर वहां डर का माहौल फ़ैलाने वाले लोगों पर जबसे नकेल कसी गई हैं तब से पाकिस्तान और उनके पोषित आतंकी संगठन बौखलाए हुए हैं और ऐसे कुकृत्य कर रहें हैं लेकिन जम्मू कश्मीर भारत का हमेशा से अभिन्न हिस्सा रहा है वहां के निवासियों की सुरक्षा के लिए हमारे सेना के जवान और केंद्र सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हमें पूरा विश्वास है की इस कायरतापूर्ण हमले करने वाले आतंकवादी बचकर नहीं रह सकते और इस हादसे में पीड़ितों को न्याय जरुर मिलेगा।

CMYK

# महिला सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**राजनाँदगांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। रेलवे सुरक्षा बल, राजनांदगांव (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल) द्वारा च्यात्रियों की सुरक्षा हेतु सदैव तत्परज्ञ अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा सप्ताह का प्रभावशाली आयोजन किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम रेल सुरक्षा बल थाना प्रभारी, सब इंस्पेक्टर श्रीमती तरुणा साहू के कुशल निर्देशन एवं सुपरविजन में आयोजित किया गया।



इस अवसर पर कॉन्फ्रेंस कॉलेज का हायर सेकेंडरी स्कूल राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) के छात्र-छात्राओं ने महिला सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण रही नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का संदेश अत्यंत प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। साथ ही, पंपलेट वितरण एवं रैली मार्च द्वारा आम नागरिकों को जागरूक किया गया। उपस्थित यात्रियों एवं जनसामान्य ने इस आयोजन की सराहना करते हुए ह्रस् के बच्चों को खूब प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर राजनांदगांव के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, स्टेशन मास्टर श्री आर. बर्मन तथा अन्य गणमान्य अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात, कलेक्टर डॉ. भूरे वंदे भारत एक्सप्रेस से राजनांदगांव से रायपुर जाते समय रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर रहे ह्रस् के बच्चों से स्वयं मिले, उनसे संवाद किया और उनके साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाया। बच्चों के लिए यह क्षण अत्यंत प्रेरणादायक रहा और वे अत्यधिक उत्साहित नजर आए।

यह आयोजन न केवल महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रबल करने वाला सिद्ध हुआ। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम की संकल्पना, समन्वय एवं निगरानी सब इंस्पेक्टर श्रीमती तरुणा साहू द्वारा की गई, जिनके अथक प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। और रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 139 का भी प्रचार प्रसार किया गया।

# राष्ट्रीय स्तरीय कौशल विकास कार्यशाला में शामिल होने के लिए जिले के 4 शिक्षकों का हुआ चयन

**राजनाँदगांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्था पूणे (महाराष्ट्र) में 27 अप्रैल से 2 मई 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय 5 दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला में शामिल होने के लिए जिले के 4 शिक्षकों का चयन हुआ है। जिसमें पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव के व्याख्याता श्री संदीप कुमार वर्मा, पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ की श्रीमती पूजा भार्गव, पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया के श्री निखिलेश जामुलकर, पीएमश्री सर्वेश्वरदास आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव से सुश्री लेखा साहू शामिल है। पीएमश्री के राज्य सहायक नोडल अधिकारी श्री आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल 2025 को कार्यशाला में शामिल होने पूर्ण रवाना होंगे। कार्यशाला में भागीदारी के लिए न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह विद्यालय, जिले एवं प्रदेश के लिए भी सम्मान की बात है। जिले के व्याख्याता राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा एवं समर्पण के बल पर शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। पीएमश्री के राज्य सहायक नोडल अधिकारी श्री आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल 2025 को पूणे में आयोजित कार्यशाला के लिए रवाना होगी।



उल्लेखनीय है कि कार्यशाला देशभर के चुने हुए विज्ञान शिक्षकों के लिए आयोजित की गई है। जिसका उद्देश्य शिक्षकों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और अधिक सशक्त बनाना, शिक्षण विधियों में नवाचार लाना, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों से अवगत कराना है। कार्यशाला के दौरान देश के प्रख्यात वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विषय विशेषज्ञों द्वारा विज्ञान की विविध शाखाओं भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, गणित एवं भू विज्ञान पर गहन संवाद विशेषज्ञ व्याख्यान प्रायोगिक गतिविधियां और समूह कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागियों को न केवल विज्ञान विषयों की जटिल अवधारणाओं को सरल रूप में समझने की रणनीतियां सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें अनुसंधान कार्यों की आधुनिक प्रविधियों से भी रूबरू कराया जाएगा।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी की प्रथम बैठक महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली मे

**राजनाँदगांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता उप समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने की बैठक शुरुआत प्रभु श्रीराम और महाराणा प्रताप के तैल चित्रों में तिलक लगाकर पूजा अर्चना कर महाराणा प्रताप एवं श्रीराम के जय घोष के साथ बैठक की शुरूआत किया गया तथा बैठक का संचालन सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया बैठक में महत्वपूर्ण बिंदु एवं आगामी होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया. बैठक में उप समिति उपाध्यक्ष संतोष सिंह चंदेल कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बैस, उपसचिव आदर्श सिहं ठाकुर, के. निर्णायक सदस्य लालेन्द्र सिहं, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सिखरवार, घनश्याम सिंह चंदेल, प्रदीप सिंह, बजरंग सिंह, अजीत सिहं, महिला अध्यक्ष श्रीमती शशि चौहान युवा सचिव मोनू ठाकुर आदि कार्यकारिणी सदस्य पदाधिकारी उपस्थित थे जानकारी के. मीडिया प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर ने दी



# आतंकियों के विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सौंपा प्रधानमंत्री के नाम खत



**राजनाँदगांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स राजनांदगांव द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति 1 मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात राजनांदगांव कलेक्टर को देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ख़त लिखकर आतंकवादीऔ के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाही करने की मांग की गयी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल चैम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी वाधवा राजा माखीजा राजेश डागा राजकुमार बाफना सूरज खंडेलवाल भागचंद गिड़िया राजेश अग्रवाल योगेश खत्री जितेश पटेल हर्ष पटेल अमित खंडेलवालअरुण खंडेलवाल प्रकाश वाधवानी उपस्थित थे।

# आज होगा ग्राम मारुटोला में डॉ आंबेडकर की जयंती एवं मूर्ति लोकार्पण समारोह

**खैरागढ़,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम मारुटोला में संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मूर्ति लोकार्पण का कार्यक्रम गुरुवार 24 अप्रैल को रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़ होंगी वहीं अध्यक्षता संतोष कामडे जिलाध्यक्ष बौध्द समाज केसीजी करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खुमान देशलहरे जिलाध्यक्ष सतनामी समाज, उमेश कोठले जिला अध्यक्ष भीम रेजिमेंट, संतराम छैदैया जिलाध्यक्ष आदिवासी समाज, सतीश टांडेकर जिलाध्यक्ष अहिरवार समाज, दिनेश वर्मा जिला पंचायत सदस्य, तेजराम वर्मा सेक्टर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, समाजसेवी विप्लव साहू, शेखु राम वर्मा, खेमीन नेताम जनपद सदस्य, महेश्वरी वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत कटंगी, रामेश्वर रामटेके जिला उपाध्यक्ष बौध्द समाज, मंसाराम सिमकर महासचिव बौध्द समाज, देवी मेश्राम, क्षेत्रीय अध्यक्ष बौध्द समाज, दिलीप गणवीर क्षेत्रीय सचिव बौध्द समाज, राधेलाल उके अध्यक्ष ग्रामीण क्षेत्रीय बौध्द समाज, सुमेर केलकर सचिव ग्रामीण क्षेत्रीय बौध्द समाज, उत्तम बागड़े ब्लाक अध्यक्ष खैरागढ़ बौध्द समाज, उमेंद राम उके समाजसेवी, सुरेश चौरे उपस्थित होंगे। 24 अप्रैल की दोपहर 12 बजे आंबेडकर चौक से रैली निकलेगी, शाम 4 बजे बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण, शाम 06 बजे भोजन का कार्यक्रम होगा।



# राजस्व विभाग की समीक्षा में महापौर ने राजस्व वसूली एवं दुकान किराए की ली जानकारी

- वसूली बढ़ाने डिमाण्ड दुरूस्त करने के दिए निर्देश
- महापौर ने कहा शासन द्वारा दिए गए छुट का लाभ लेने कर दाताओं को दे समझाईस



**राजनांदगांव** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। गत वित्तीय वर्ष में शासन के लक्ष्य के विरूद्ध कम वसूली प्राप्त हुई है। स्थानीय निर्वाचन एवं निर्वाचन प्रक्रिया में कर्मचारियों की ड्यूटी लगने के कारण राजस्व वसूली प्रभावित हुई, जिसे ध्यान में रखकर शासन ने गत वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर वसूली हेतु एक माह की वृद्धि दी है, जिससे वसूली तो प्राप्त हुई लेकिन संतोषप्रद वसूली नही हुई। उक्त बाते महापौर मधुसूदन यादव ने आज निगम सभागृह में आहूत राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कर्मचारियों से कही। उन्होने कहा कि, अप्रैल माह समाप्त होने में लगभग एक सप्ताह है, इस सप्ताह मेहनत कर शासन द्वारा दिए गए छुट का लाभ लेने एवं नये वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर भुगतान करने पर सवा छै प्रतिशत छुट का लाभ लेने घर-घर जाकर करदाताओं को समझाईस दे एवं वसूली करें।

महापौर श्री यादव ने कहा कि, इस वित्तीय वर्ष में वसूली हेतु प्लान तैयार कर कार्य करें और डिमाण्ड बढ़ाकर नये डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करना सुनिश्चित करें। साथ ही नल कनेक्शन की जानकारी लेकर सभी से जलकर ले। उन्होने दुकान किराए की समीक्षा कर कहा कि, सभी दुकान प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के निगम स्वामित्व की दुकान, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों के अनुमोदन पश्चात् प्रिमियम राशि की स्थिति, अनुबंध एवं किराया की स्थिति की क्षेत्रवार जानकारी रखे और दुकानदारों को नोटिस जारी कर टीम के साथ वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि, निगम द्वारा अस्थाई दखल शुल्क नही लिया जा रहा है, जबकि शहर में ठेला एवं पसरा का अंबार लगा है। सभी कर्मचारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझ कार्य करें, जिससे सही वसूली प्राप्त हो सकें। उन्होने कार्य योजना बनाकर वसूली करने कहा और अगली बैठक में प्रगति लाने कहा।

आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कहा कि, वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करे। व्यवसायिक एवं बड़ी संस्थानों में जाकर वसूली करें। उन्होने कम वसूली पर कहा कि, बार-बार मिटिंग लेने का उद्देश्य प्रगति लाने के साथ-साथ कमी का निराकरण करना है। पर कुछ वसूलीकर्ता ठीक से कार्य नही कर रहे है, जिससे वसूली बहुत कम है। कुछ लोगो के द्वारा अच्छी वसूली की गई है। उनसे दिशा निर्देश लेकर कार्य करें। शासन द्वारा दिए गए छुट का लाभ लेने करदाताओं को प्रोत्साहित करे।

राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखिजा ने कहा कि, वार्डवार वसूली की जानकारी संबंधित पार्षद को देवे, उनके साथ जाकर राजस्व कर वसूले, क्योकि, अपने वार्ड से संबंधित लोगो से उनका सीधा संपर्क रहता है, जिसका लाभ जरूर मिलेगा। उन्होने बड़े बकायादारों एवं दुकानदारों की सूची बनाकर वसूली हेतु साथ चलने कहा। बैठक के पूर्व में उपायुक्त श्री मोबिन अली ने गत वर्ष का डिमाण्ड एवं वसूली की जानकारी देकर कहा कि, गर्मी को देखते हुए सुबह एवं शाम घर-घर जाकर वसूली करे तथा दोपहर को डिमाण्ड दुरूस्त करें। बैठक में प्र.सहायक राजस्व अधिकारी श्री अशोक चौबे सहित राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# महापौर ने नए टॉवर लोडर का पूजा कर चालक को सौंपी चाबी

**राजनांदगांव** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम में सुविधा विस्तार की कडी में 15 वें वित्त आयोग योजनान्तर्गत नया टॉवर लोडर क्रय किया गया, जिसका वार्डो में लगे उंचे-उंचे विद्युत खंभो की लाईट मरम्मत करने तथा नया लाईट लगाने उपयोग किया जायेगा। उक्त नये टॉवर लोडर का महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैंकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखिजा, पार्षद श्री संजय रजक, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा व श्री गगन आईच तथा कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर चालक को चाबी सौंपी।



इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि, निगम के दो टॉवर लोडर लगभग 10 वर्ष पुरानी होने के कारण खराब हो जाती है, जिससे विद्युत कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। जिसे दुर करने नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत टॉवर लोडर क्रय करने शासन को प्रस्ताव भेजा, शासन स्वीकृति पश्चात् विधिवत प्रक्रिया कर नया टॉवर लोडर क्रय किया गया। उक्त टॉवर लोडर से अब शहर के उंचे-उंचे विद्युत पोलो में नया लाईट लगाने तथा लाईट मरम्मत करने में आसानी होगी। उन्होने प्रभारी अधिकारी से कहा कि, इसका उचित रख रखाव किया जाए एवं पुराने टॉवर लोडर को भी दुरूस्त रखा जाए और इसके माध्यम से बारिश के पूर्व सभी विद्युत पोलो की लाईटे मरम्मत कर दुरूस्त किया जाए।

# बीएसपी नगर प्रशासन व संपदा विभाग अधिकारी,ठेकेदार के भ्रष्टाचार की चढ़ा भेंट

## सुरक्षा गार्डो के टेंडर में खुल कर हो रहे भ्रष्टाचार,जनमुक्ति मोर्चा ने की शिकायत

**दल्लीराजहरा,**23अप्रैल (देशबन्धु)। गार्डों की भर्ती में भ्रष्टाचार के बाद अब ठेकेदार और मैनेजमेंट ने काम पर लगे श्रमिकों का रोजगार छीन लिया है। प्राप्त खबरों अनुसार नगर प्रशासन विभाग से संचालित औद्योगिक क्षेत्र सुरक्षा गार्डों के निविदा में फर्स्ट् चॉइस कंपनी को 39 गार्डों की भर्ती करने के प्रावधान के बावजूद अधिकारी, ठेकेदार, एक सुपरवाइजर और मैनेजमेंट की मिलीभगत से 41 गार्डों की भर्ती कर ली गई, जिनसे पैसे की मांग किए जाने की रिकॉर्डिंग वायरल हो रही है।अब इन 2 अवैध गार्डों से खासा लेन देन के कारण वैध रूप से ठेका कंपनी द्वारा भर्ती नगर के निवासी 2 युवकों को बेरोजगार करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इन कर्मचारियों की भर्ती के बाद से यह 1 वर्ष से अधिक वक्त से कार्यरत हैं, जहां नियमों के विरुद्ध जा कर फर्स्ट् चॉइस कंपनी के ठेकेदार द्वारा यूनियन के दबाव में पहले तो इनसे 26 दिन कार्य करवा कर सीपीएफ नहीं डाला, और अब कार्य करवा कर वेतन नहीं देने के बाद दोनों गार्ड रोहित और धर्म को ठेकेदार द्वारा यूनियनों के दबाव में कार्य से बिठा दिया गया है। यह सारा मामला नगर प्रशासन विभाग के मुख्य अधिकारी मंजेश शेल्कर के समक्ष ही हो रहा है, पर नगर के युवाओं के हक के साथ इतना बड़ा खिलवाड़ और उसपर अधिकारियों की चुप्पी तथा वायरल रिकॉर्डिंग साफ साफ भ्रष्टाचार का बखान करती है।

लगातार मनमानी और पक्षपाती रवैया के लिए बदनाम नगर प्रशासन विभाग मस्त है। गौरतलब है कि नगर प्रशासन विभाग में बीते दिनों सुरक्षा गार्डों के टेंडर में चिट निकाल कर ठेकेदार और मैनेजमेंट के रजामंदी से गार्डों को ड्यूटी पोस्ट अलॉट किया गया था, जहां से मैनेजमेंट द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए अपने उसी चहीते सुपरवाइजर और अधिकारियों की मांग पर ठेकेदार के द्वारा कुछ गार्डों को पूर्व के भांति ड्यूटी पोस्ट पर वापिस बुला लिया गया है।इससे बाकी सभी गार्डों में रोष व्याप्त है, जिसके विरुद्ध समस्त गार्डों ने जन मुक्ति मोर्चा संगठन प्रमुखों के समक्ष अपनी व्यथा बताई, जहां प्रबंधन से ले कर अमित तिवारी नामक ठेका संचालक द्वारा लगातार पक्षपात किया जाने की शिकायत की गई है।जनमुक्ति मोर्चा द्वारा लिखित शिकायत कर एक बैठक आयोजित कर के इन मामलों में हो रहे भ्रष्टाचार व अनियमितता को बेहतर करने की मांग की है,

ऐसा न करने पर संगठन ने कड़ा रुख अपनाने की ठान ली है ताकि इस भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया जा सके, साथ ही इस संबंध में कड़े आंदोलन की तैयारी कर ली गई है।

# पूरे प्रदेश में कल से 15 जून तक स्कूल में अवकाश घोषित

**बालोद,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तपती धूप को देखते हुए प्रदेश भर में छात्र.छात्राओं की सेहत का ध्यान रखते हुए 25 अप्रैल से 15 जून तक स्कूल बंद का ऐलान किया। सभी शासकीय गैर शासकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की गई। सभी बच्चों से धूप में न निकलने ना खेलने की बात कही घर पर रहे सुरक्षित रहे। बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष व महामंत्री ने इस फैसले का स्वागत किया। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरे प्रदेश में तपती धूप, भीषण गर्मी और लू को देखते हुए छात्रों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए 25 अप्रैल से 15 जून तक प्रदेश के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है बच्चों के सेहत का ध्यान रखते हुए यह निर्णायक कदम उठाया गया है। इतनी धूप में स्कूल लगने से बच्चों की बीमार पड़ने लू लगने की संभावना बढ़ जाती है और कई प्रकार से पेरेंट्स को तकलीफों का सामना करना पड़ता है। यह सभी तकलीफों को देखते हुए निर्णायक कदम उठाया गया। व सभी बच्चों से आग्रह किए की तेज धूप से बचें भरपूर पानी पिए और घर पर रहकर रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हुए छुट्टियों का आनंद लें। सरकार के फैसले से भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व महामंत्री राकेश छोटू यादव फैसले का स्वागत किया।

# आज से पारीं नाला जलाल बाग में चार दिनी सालाना उर्स

**राजनांदगांव,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के पारी नाला समीप स्थित हजरत जलालुद्दीन शाह मजार जलाल बाग में आज 24 अप्रैल गुरुवार से चार दिनों तक सालाना उर्स का जलवा बिखरने जा रहा है।

संस्कारधानी ही नहीं समुचे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध हजरत सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह दरगाह का 48 वा उर्स पाक गुरुवार जुम्मे रात 24 अप्रैल से प्रारंभ होगा। रविवार 27 अप्रैल तक चलने वाले सालाना उर्स को लेकर इंतजामिया कमेटी द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि इस उर्स के खास आकर्षण महफिले शिमा, अजीमुश्शान तकरीर प्रोग्राम और अजीम नाजा का बेहतरीन कव्वाली का कार्यक्रम है। पत्रकारवार्ता में जलाल बाग दरगाह मदरसा पारीनाला के सदर मोहम्मद इरफान ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है साथ ही कहा कि पारीनाला दरगाह के विस्तार विकास के लिए कमेटी जुटा हुआ है




प्रेस वार्ता में उपस्थित उर्स कमेटी के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव नरेश रामटेके, इमरान बीबी, जहीर अब्बास, हैरी जोसेफ आदि ने समवेत तौर से बताया कि उर्स के पहले दिन 24 अप्रैल को रात 2:00 गुस्ल की फातेहा परचम कुशाई बाद नमाज फज़्र कुरआन ख्वानी बाद नमाज फेज़्र शाही संदल बाद नमाज मगरिव जामा मस्जिद पठान पारा से निकलेगी। 25 अप्रैल बरोज जुमा बवक्त रात 10 बजे से महफिले शिमा जिसमें हज़रत बाबा सैय्यद यासीन अली शाह (र.ह) पामगढ़ शरीफ के साहिबे सज्जादा सैय्यद हामीद अली यासीनी चिश्ती सहाब किबला की मौजूदगी में महफीले शिमा का प्रोग्राम रखा गया हैं जिसमें हिन्दुस्तान के मशहूर व मारूफ कव्वाल क़मर अली वारसी देवा शरीफ, (लखनाऊ)।

26 अप्रैल 2025, शनिचर बवक्त रात 9 बजे से अजीमुश्शान तकरीरी प्रोग्राम आले नबी औलादे अली फाज़ीले यमन हुजुर रईसुल उलमा हज़रत अल्लामा मौलाना अल्हाज सैय्यद जामी अशरफ अशरफी उल जिलानी, मिरानी, किछौछा मुकद्दसा, युपी. जेरे निजामत शायर ए ईस्लाम सैय्यद शोहेल कादरी फातिमी राजकोट, गुजरात सरजमीने छ.ग. में पहली मर्तबा आमद साहिबे सज्जादा आस्तान ए आलिया सैय्यद मखदुम अशरफ जहांगीर सिमनानी हुजुर मोईनुल मशाईख हजरत मौलाना सैय्यद मुहम्मद मोईनुद्दीन अशरफ अशरफी उल जिलानी, किछौछा मुकद्द ?मा, युपी. (मदर ऑल इंडिया मुन्नी उलमा बोर्ड, मुंबई) खतीब ए लाजवाब औलादे अबु तुराब हजरत मौलाना सैय्यद सैय्यद शागील ईमाम कादरी (साज़ उर्फी) हैदराबाद, तेलंगाना खतिब-ए-हिन्दुस्तान हुजुर शान-ए-डक्कन हजरत अल्लामा मुहम्मद अहमद नक्सबन्दी जुनैदी साहब किवला, कामील उल हदीस जामीया निजामिया, हैदराबाद, तेलंगाना नात खां मददाहे रसुल बुलबुले बागे मदीना, मददाहे रसुल बुलबुले बागे मदीना, सुल्तान रज़ा कावरी ईमरान बरकाती जयपुरी जयपुर राजस्थान, नागपुर महाराष्ट्र, नांदगांव शहर व अतराफ़ के तमाम उलमा-ए-ईकराम रौनके स्टेज रहेंगे।

27 अप्रैल को ईतवार रात 10:00 बजे से मुख्य अतिथि जनाब डॉ. रमन सिंह जी पूर्व मुख्यमंत्री (छ.ग.) एवं विधायक राजनांदगांव, अध्यक्षता जनाब डॉ. सलीम राज जी अध्यक्ष छ.ग. वक्फ बोर्ड, विशिष्ट अतिथि जनाब संतोष पांडे जी, जनाब मधुसूदन यादव जी महापौर, जनाब नीलू शर्मा जी अध्यक्ष पर्यटन मंडल, जनाब कोमल सिंह राजपूत जिला भाजपाध्यक्ष जनाब अभिषेक सिंह पूर्व सांसद, जनाब बहादूर अली संस्थापक आई की ग्रुप एवं समाजसेवी, जनाब खूबचंद पारख जी वरिष्ठ भा.ज.पा.नेता, जनाब संतोष अग्रवाल जनाब रमेश पटेल सचिन बघेल जी चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक, जनाब नवाज खान जी पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जनाब शाहीद यासिनी प्रदेश महामंत्री छ.ग. कांग्रेस कमेटी, जनाब कुलबीर सिंह छाबड़ा अध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस कमेटी की मौजुदगी में यह प्रोग्राम मुकम्मल होने जा रहा है।कमेटी के सदर मु0 इरफान शेख, इमरान बीबा, मनोज अग्रवाल सहित सभी लोगों ने पार्टी नाला जलाल बाग में आयोजित उक्त चार दिवसीय उर्स पाक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने व कार्यक्रम का आनंद उठाने अधिकाधिक संख्या में लोगों को उपस्थित की अपील की गई है।

उल्टा पुल्टा

संता ने पूछा बंता से- बंता भईया जिसको सुनाई नहीं देता, उसको क्या कहते हैं ?
बंता बोला- कुछ भी कह लो भईया, जब उसे सुनाई ही नहीं देता।

संपादकीय

## गर्मी से बचकर रहें

छत्तीसगढ़ सरकार ने शुक्रवार से सभी शालाओं (शासकीय व निजी दोनों) में ग्रीष्मकालीन अवकाश करने का आदेश जारी किया है जो छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों, स्कूल स्टाफ और बच्चों के पालकों-अभिभावकों के स्वास्थ्य के लिये उचित है। पहले शालाएं 30 अप्रैल तक चलनी थीं लेकिन राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनज़र यह फैसला लिया गया है। छुट्टी 15 मई तक रहेगी। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में सूरज आग बरसा रहा है। इस साल औसत से अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है।

छुट्टी घोषित होने के बाद अब परीक्षा परिणाम बच्चे या उनके अभिभावक इस माह के अंतिम दिन स्कूल आकर ले सकते हैं। वैसे भी अप्रैल के बचे दिनों में बच्चों की अध्ययन में बहुत दिलचस्पी नहीं रह जाती, न ही अध्यापन हेतु कुछ विशेष होता है। इस दौरान शादी-ब्याह भी होते हैं जिनमें लोगों को सपरिवार शामिल होना रहता है। इससे स्कूलों में हाजिरी बहुत कम रहती है। स्कूल बन्द होने से बच्चों को अनावश्यक रोज आना-जाना नहीं पड़ेगा। विद्यार्थी एवं पालक-अभिभावक समझ लें कि स्कूलों में जल्दी छुट्टी देने का उद्देश्य उन्हें लू से बचाना है। यदि छुट्टी करने के बाद भी बच्चे धूप में घूमेंगे तो छुट्टी का प्रयोजन बेकार हो जायेगा। इस फैसले का उद्देश्य पालकों एवं अभिभावकों को भी धूप से बचाना है जिन्हें अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने तथा वापस लाने के लिये धूप में जाना पड़ता है। बच्चों को यदि पारिवारिक कार्यक्रमों में ले जाया भी जाता है तो उन्हें वहां भी धूप से बचाकर रखा जाना चाहिये। अक्सर समारोहों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होतीं जिसके कारण बच्चों को लू का खतरा बना रहता है।

मंगलवार को तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया जबकि अभी गर्मी की शुरुआत है। निश्चित ही आगामी दिनों में गर्मी और भी बढ़ेगी। इसलिये सभी के लिये आवश्यक है कि धूप से बचकर रहा जाये। घरों के बाहर निकलना आवश्यक हो तो लोगों को चाहिये कि वे सुबह धूप तेज होने के पहले बाहर के काम कर लें। जिन्हें कार्यालय जाना होता है, उनके लिये तो बड़ी समस्या नहीं है क्योंकि उन्हें पूरे दिन वहीं रहना होता है। जिन्हें व्यक्तिगत या काम के सिलसिले में घरों-दफ्तरों से बाहर जाना होता है, वे बचाव उपायों के साथ निकलें।

बच्चों के साथ ही बुजुर्गों, बीमारों, गर्भवती या हाल ही में मां बनने वाली महिलाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिये। कोशिश की जाये कि दोपहर लगभग 12 बजे से लेकर अपरान्ह 4 बजे तक जब तक बहुत ज़रूरी न हो, छाया वाली जगहों पर ही रहा जाये। जाना भी हो तो धूप से शरीर को बचाकर रखा जाये- खासकर सिर और चेहरे को। सम्भव हो तो काला चश्मा व कैप पहनें। शरीर में पानी की कमी न हो।

# नपाध्यक्ष अशोक जैन व साहू समाज अध्यक्ष सुनील सहित पार्षदों ने किया भूमिपूजन

**साहू छात्रावास भवन के आंतरिक भाग में होगा मंच का निर्माण**

**बलौदाबाजार**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए स्थानीय साहू समाज छात्रावास भवन में अधो संरचना मद से कार्य कराए जाने नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित पार्षद एवं साहू समाज के पदाधिकारीयों के द्वारा भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया जाने पूजा अर्चना की गई। वार्ड क्रमांक 21 स्थित साहू छात्रावास की आंतरिक भाग में समतलीकरण मंच निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाया जाना प्रस्तावित है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद अमितेश नेताम, कन्हैया सेन, लोकेश कुमार चेलक, सतीश पटेल, मनोज कांत पुरैना, गौतम सिंह चौहान, आदित्य गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, रविन्द्र नामदेव, रवि फेकर, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, साहू समाज अध्यक्ष सुनील साहू, संरक्षक रेवाराम साहू छात्रावास समिति अध्यक्ष जीवनलाल साहू, परेटन साहू, देवेंद्र कुमार साहू (डंडी) के द्वारा विधिवत माता कर्मा की तस्वीर की पूजा अर्चना कर श्री फल तोड़ा गया। इसके पश्चात मंच निर्माण स्थल पर कुदाल चलकर पूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया।



विभागीय मंत्री अरुण साव के घोषणा अनुरूप अधोसंरचना मद से कार्य स्वीकृति उपरांत 24.93 लाख की लागत से उक्त निर्माण कार्य कराए जाने भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, उप अभियंता मुगल किशोर साहू, सामाजिक जन गनपत लाल साहू, हिरावन साहू, अर्जुन साहू, अधिवक्ता धनंजय साहू, प्रेम नारायण साहू, सुरेंद्र साहू (मोहतरा) पारस साहू, रवि साहू राजाराम साहू श्रीमती बुधीयारीन बाई साहू, दिनेश साहू, पुनीत राम साहू, जुगल किशोर साहू, सुरेंद्र साहू (कसडोल), ताराचंद साहू, ईश्वर साहू, पुनीत राम साहू, पारसमणी साहू, कांट्रेक्टर महेश गुप्ता, जितेंद्र साहू, ध्यानु गुप्ता सुधीर जैन, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक से मिलकर गांव के विकास के लिए दिए मांग पत्र



**राजिम**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पाण्डुका के समीप ग्राम पंचायत तौरेंगा के सरपंच भूपेंद्र ध्रुव एवं उपसरपंच नागेश तिवारी ने विधायक रोहित साहू से मिलकर गांव के विकास के लिए मांग पत्र दिए। बता दे की ग्राम पंचायत सांकरा में विधायक श्रीसाहू गंधर्व समाज के नव निर्मित भवन लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे थे जहां ग्राम पंचायत तौरेंगा के जनप्रतिनिधि ने गांव के विकास कार्य के लिए शीतला तालाब सौंदरिए करण, टीना शेड निर्माण, सीसी रोड, सामुदायिक भवन जैसे अन्य विकास कार्य के लिए विधायक को मांग पत्र दिए। जिस पर विधायक रोहित साहू ने इन जन जनप्रतिनिधि को पूर्ण तरीका से गांव सहित पूरे क्षेत्र के विकाश के लिए प्रतिबद्ध होने की बात कही और हरसंभव सहायता के प्रति आश्वस्त किए,, ग्राम पंचायत सांकरा के अंतर्गत भवन लोकार्पण कार्यक्रम में गंधर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों में अंचल के जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी,, जनपद सदस्य युवराज साहू,,सरपंच गाड़ाघाट, सरपंच सांकरा सचिव, संहित आसपास के जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में लोकार्पण कार्यक्रम में आसपास के ग्राम के ग्रामीण गंधर्व समाज के लोग एवं जन प्रतिनिधि पहुंचे थे।

# ग्राम पंचायत सांकरा में अनुदान राशि में गड़बड़ी

**राजिम/छुरा**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छुरा जनपद की ग्राम पंचायत सांकरा में कोरोना काल के दौरान ग्राम विकास कार्यों के लिए दी गई अनुदान राशि में भ्रष्टाचार और फर्जी बिलों के माध्यम से गड़बड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। ई ग्राम स्वराज पोर्टल के तहत प्रस्तुत किए गए बिलों के आधार पर यह जानकारी मिली है कि सरपंच और सचिव ने मिलकर लाखों रुपए का गबन किया।



| Voucher Date | Amount (in Rupees) | Vendor |
|---|---|---|
| 27/06/2020 | 28860.00 | Gruudev Traders and hardware-Agency |
| 27/06/2020 | 7280.00 | Gruudev Traders and hardware-Agency |
| 27/06/2020 | 9665.00 | Gruudev Traders and hardware-Agency |
| 27/06/2020 | 8044.00 | Sohan motar woinding-Agency |
| 27/06/2020 | 15062.00 | Mahamaya construction panduka-Agency |

| Voucher Number | Voucher Date | Amount (in Rupees) | Vendor |
|---|---|---|---|
| FFC/2020-21/P/66 | 20/09/2020 | 720.00 | HEMA DJ AWM VASHU KIRANA STORS-Agency |
| FFC/2020-21/P/67 | 20/09/2020 | 2815.00 | HEMA DJ AWM VASHU KIRANA STORS-Agency |
| FFC/2020-21/P/68 | 20/09/2020 | 2816.00 | HEMA DJ AWM VASHU KIRANA STORS-Agency |
| FFC/2020-21/P/69 | 20/09/2020 | 775.00 | HEMA DJ AWM VASHU KIRANA |

**फर्जी बिलों के जरिए लाखों का गबन, कोरोना काल में भ्रष्टाचार का मामला आया सामने**

**ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए गए विकास कार्यों के बिलों में कई ऐसे कार्यों का उल्लेख जिसका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं:** ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए गए विकास कार्यों के बिलों में कई ऐसे कार्यों का उल्लेख है जिनका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं है। इसके बावजूद इन बिलों को मंजूरी दी गई और सरकारी अनुदान राशि का दुरुपयोग किया गया। इस पोर्टल पर दर्ज फर्जी विकास कार्यों के रिकॉर्ड यह दर्शाते हैं कि सरपंच और सचिव ने मिलीभगत कर भारी गबन किया है।

**पंचायत कर्मचारी का पक्ष:** जब इस संबंध में पंचायत कर्मी खेमन साहू से बात की गई, तो उन्होंने कहा, मैं आपके सवालों का जवाब देने का अधिकृत नहीं हूं। इस विषय पर सरपंच ही जानकारी दे सकते हैं। वैसे भी आप जो पूछ रहे हैं, वह पिछले कार्यकाल का मामला है। हमने अपने कार्यकाल में हर योजना को पूरी ईमानदारी से निभाया है।

**प्रशासनिक चुप्पी और सवाल:** हालांकि ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर मौजूद रिकॉर्ड में यह मामला स्पष्ट है, फिर भी स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक कोर्ड ठोस कार्रवार्ड नहीं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पत्रकारों के साथ नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक की औपचारिक परिचयात्मक बैठक



**धमतरी**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नव पदस्थ पुलिस अधीक्षकसूरज सिंह परिहार द्वारा सर्वे प्रथम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों के साथ औपचारिक परिचयात्मक बैठक सम्पन्न हुई।

पत्रकारों से वार्ता के दौरान शहर की समस्याओं से अवगत होते हुए शहर में अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पूर्व पदस्थ पुलिस अधीक्षक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे कार्य को भी आगे बढ़ाने के लिये आश्वस्त किये। साथ ही वरिष्ठ कार्यालयों के निर्देशन में बेसिक पुलिसिंग लॉ एंड ऑर्डर एवं नक्सल अभियानों पर ज्यादा फोकस रहेगा। प्रेस के सदस्यों से चर्चा कर समय पर पुख्ता जानकारी को पुलिस से साझा करने एवं पुलिस को सहयोग करने के लिए अपील भी किया गया।

# विवेक शर्मा ने पहलगाम आतंकी हमले की घोर भर्त्सना की



**राजिम**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि बहुत दु:खद समाचार है कि पहलगाम, (कश्मीर) में कायर आतंकवादियों ने निहत्थे पर्यटकों पर नाम पूछ-पूछ कर बेरहमी से हमला किया। यह कायराना हरकत अत्यंत ही दु:खद, निंदनीय और हृदय विदारक है। इसकी घोर भर्त्सना जितनी की जाय कम है। अभी तक ज्ञात सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 28 से अधिक पर्यटकों की निर्मम हत्या की सूचना है। यह एक घोर अमानवीय और कायराना हरकत है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हम सभी निर्दोष मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और ईश्वर से सादर प्रार्थना करते हैं कि उनके परिजनों को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें, व घटना में घायल लोगों का स्वास्थ्य जल्दी से जल्दी ठीक हो।

देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह से निवेदन करते हैं कि इसके लिए लश्करे ए तैयबा के संगठन (टी आर एफ) एवं ऐसे अन्य आतंकवादी संगठनों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करें। अब समय आ गया है कि पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ़ निर्णायक कदम उठाए।

**आतंकियों में नापाक मंसूबे कभी भी सफल नहीं होंगे :जीत सिंह**



पूर्व नपा उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीत सिंह ने घाटी में पर्यटकों पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले की बहुत ही कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। बेकसूर पर्यटकों की निर्मम हत्या आतंकियों को कायराना करतूत है। आतंकियों में नापाक मंसूबे कभी भी सफल नहीं होंगे। सुरक्षाबल एवं जवान इस कायराना हरकत का जवाब अवश्य देंगे। आतंकी हमले में जिन लोगों ने अपने परिवार के सदस्य को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। शांति, सुरक्षा एवं देशहित के मुद्दे पर सभी एकजुट है। देश के लिए खराब मंसूबे रखने वालों को कभी बक्शा नहीं जाएगा।

**पहलगाम हमला कायरतापूर्ण एवं निंदनीय, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष व निहत्थे 27 हिन्दू सैलानियों की मुस्लिम आतंकवादियों के द्वारा कायरता पूर्वक हमला कर हत्या किए जाने का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के रायपुर संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा एवं सचिव ओंकार प्रसाद वर्मा ने कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही मृतकों को आत्मीय भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीढ़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से शीघ्रातिशीघ्र जवाबी कार्रवाई करते हुए पीढ़ित परिवारों को उचित न्याय एवं उपचारात्मक सहयोग प्रदान करने हेतु अपील की है।



# शहर विकास को रफ्तार देने नपाध्यक्ष ने पेश की बजट

**सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्तावों पर बनी सहमति, नगर में होंगे करोड़ों के विकास कार्य**

**महासमुंद**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद की प्रथम बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट बुधवार को पेश किया गया। नए वित्त वर्ष में 22 नए कार्यों के लिए 14423,74 लाख रुपए का व्यय प्रस्तावित किया गया है। यह राशि नगर पालिका निधि और शासकीय अनुदान से जुटाई जाएगी। प्रथम बैठक प्रस्तावित बजट को सभी ने नगर विकास की बजट बताते हुए बजट का स्वागत किया। परिषद की बैठक बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे शुरू हुई। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समस्त सभापतियों, समस्त पार्षदों की उपस्थिति में सर्वप्रथम नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अपील पर परिषद की बैठक शुरू करने के पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए बेकसूरों को 2 मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान श्री साहू ने आतंकवादियों के कायराना हरकत की कड़ी निंदा की। सभी ने राष्ट्रगान गाकर बैठक का शुभारंभ किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने नगर विकास की संकल्प लेकर सभी को साथ लेकर कार्य करने की बात कही। बैठक में अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति सूरज नायक, जयकुमार देवांगन, गुलशन कुमार साहू, जितेंद्र ध्रुव, श्रीमती ईश्वरी भोई, श्रीमती ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद नानू भाई, विजय साव, श्रीमती सुनैना पप्पू ठाकुर, राहुल आवड़े, श्रीमती सीता डोन्डेकर, श्रीमती जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, श्रीमती ओमीन कागजी, श्रीमति कल्पना सूर्यवंशी, धनेन्द्र विक्की चन्द्राकर, नीरज चन्द्राकर, श्रीमती माधुरी धनीराम यदु, बड़े मुन्ना देवार, चन्द्रशेखर बेलदार, श्रीमती भारती राजेन्द्र चन्द्राकर, पवन पटेल, भाउराम साहू, पीयूष अमृत साहू, श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, सुश्री धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे सहित समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



**प्रमुख एजेंडों पर चर्चा:** सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य पेंशन योजना हेतु प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता के प्राप्त नवीन आवेदनों पर विचार कर निर्णय। निकाय द्वारा वित्त वर्ष 2021 में किए गए शेष दुकानों की नीलामी कार्रवाई, जिसका दर अनुमोदन हेतु जिला कार्यालय को प्रेषित किए किए गए नस्ती स्वीकृति के संबंध में विचार कर निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु संपत्तिकर निर्धारण के लिए तैयार किए गए दर अनुमोदन के संबंध में चर्चा। जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने प्राप्त आवेदनों के संबंध में प्रस्ताव बनाने चर्चा। वर्ष 2025-26 का अनुमानित आयदृव्यय बजट के संबंध में चर्चा कर प्रस्ताव पाजीरित की गई। निम्न कार्यों के लिए बजट में 14423 लाख का प्रावधान पिटियाझर से मौहारी भाटा तक मृत नहर नाली में लिंक रोड निर्माण कार्य, खसरा नं 1970 रकबा 0.8200 हे लभरा खुर्द में नवीन बस स्टैण्ड निर्माण कार्य, वार्ड 18 में दर्री तालाब का जिर्णोद्वार एवं सौन्दीर्यकरण कार्य, वार्ड15 एवं 16 के मध्य शितला तालाब का जिर्णोद्वार एवं सौन्दीर्यकरण कार्य,नवीन नगर पालिका भवन हेतू खसरा के 1646 में रकबा 0.405 हे में सर्व सुविधायुक्त निर्माण कार्य,नगर में तीन स्थानों में अनुपारित जल शुद्धीकरण सयंत्र एसटीपी निर्माण कार्य,अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत कोडार डेम से नगर सीमा में नवीन फिल्टर प्लांट स्थापना कार्य,श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति नगर वर्तमान नवीकरण एवं मरम्मत कार्य,भलेशर रोड महासमुन्द स्थित मुक्तिधाम का उन्नयन व जिर्णोद्वार एवं मरम्मत कार्य, वार्ड 02 ईमली भाठा महासमुन्द स्थित मुक्तिधाम का उन्नयन व जिर्णोद्वार एवं मरम्मत कार्य, दलदली रोड स्थित महासमुन्द स्थित मुक्तिधाम का उन्नयन व जिर्णोद्वार एवं मरम्मत कार्य,पिटियाझर पानी टंकी से नयापारा मुक्तिधाम तक बीटी रोड चौडीकरण कार्य, शास्त्री चौक से जयहिन्द कालेज नगर सीमा तक बीटी रोड चौड़ीकरण कार्य, लोहिया चौक से पिटियाडार होते हुये मगर माडा नगर सीमा तक बीटी रोड चौड़ीकरण कार्य, नगर पालिका सीमा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में जर्जर व पुराने बीटी रोडों का गरम्मत कार्य, नगर के पानी निकासी हेतु विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाला निर्माण कार्य,जिला अस्पताल खरोरा से सीतली नाला तक रोड के दोनो साईड आरसीसी नाला निर्माण कार्य,अम्बेडकर चौंक से गधुलिका लाज होते हुये लोहानी बिल्डिंग के सामने आंगनबाड़ी होते हुये नहर तक आरसीसी,शहर सीमा के मुख्य मार्गों व गलीयों में पोल सहित प्रकाश व्यवस्था स्थापना कार्य,काग्रेस भवन के बाजु में पुराने पानी टंकी के पासव्यावसायिक काम्लेक्स निर्माण कार्य,संजय कानन के सामने व्यावसायिक काग्लेक्स निर्माण कार्य,डॉ भीमराव अम्बेक्डर सामुदायिक भवन के सामने व्यावसायिक काम्लेक्स निर्माण कार्य, एसबीएम 2.0 योजना अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गिला कचरा एवं सुखा कचरा संग्रहण कार्य, बेलसोण्डा स्थित फिल्टर प्लांट एवं इंटकवेल का सुदृड़ीकरण कार्य,तुमाडबरी डबरी एसएलआरएम कम्पोस्ट सेंटर ध् एफएसटीपी गौठान परिसर की भूमि पर अहाता निर्माण, नगर के चार स्थानों में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अवैध रेत उत्खनन करते एक हाईवा और दो चैन माउंटेन वाहन जब्त



**महासमुंद**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम पंचायत गरढ़सिवनी महानदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एक हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 09 श्रत् 2999 जिसे युवराज ठाकुर द्वारा चला रहा था को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं दो चैन माउंटेन मशीन को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जप्त किया गया। तीनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज ;विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिले की नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता का किया गया अभिनन्दन



**बलौदाबाजार**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन व चेम्बर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर व व्यापारी गणो ने जिला बलौदाबाजार भाटापारा में नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया, व उनके सफल और प्रभावशाली कार्यकाल की कामना की गई।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं चेंबर ऑफकॉमर्स अध्यक्ष जुगल भट्टर ने इस दौरान निवर्तमान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट करते हुए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन भी किया गया, व कार्यकाल की सराहना करते हुए नगर में शांति व्यवस्था व नगर वासियों सहित व्यापारियों को मिले भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ व किए गए कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। इस स्वागत अभिनंदन के दौरान नगर के अनाज व्यापारी राज नारायण केशरवानी, आनंद अग्रवाल, युवा व्यवसायी उमेश अग्रवाल, लक्ष्मी साहू, श्रद्धानंद अग्रवाल, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य व्यापरीगण उपस्थित थे।

# आंबा कार्यकर्त्ता सहायिका कल्याण संघ बागबाहरा ब्लॉक से अध्यक्ष चुनी गई अनंता, सचिव बनी राजकुमारी

**महासमुंद** 23 अप्रैल (देशबंधु)। बागबाहरा ब्लॉक में मंगलवार को जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकता सहायिका कल्याण संघ की बैठक जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज चंद्राकर की अध्यक्षता में कर्मचारी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें सभी सेक्टर से कार्यकर्ता सहायिका बहने शामिल हुई। बैठक के साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव जिला अध्यक्षा श्रीमती सरोज चंद्राकर के नेतृत्व में किया गया। बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से अनंता पाण्डेय चुनी गई। वहीं राजकुमारी दीवान को सचिव बनाया गया। रविना साहू कोषाध्यक्ष, कृष्णा महानंद को उपाध्यक्ष चुना गया। सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर जिला अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने सभी पदाधिकारियों को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई। और उन्होंने कहा सभी एक साथ मिलकर संगठन के लिए पूरी निष्ठा से काम करें, किसी पर कभी कोई समस्या आए तो उसका समाधान करने की दिशा में कदम उठाए। उन्होंने कहा कि संगठन को हमेशा मजबूती देना चाहिए ताकि समय समय पर अपनी मांगों को शासन . प्रशासन तक पहुंचा सकें। बैठक में कार्यकर्ता, साहिकाओं की नियमितीकरण, पेंशन तथा विभिन्न समस्याओं को केंद्रित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर कार्यकारणी सदस्य नेहरू लाल साहू, रेखा ठाकुर, रेखा साहू, नंदनी साहू, रूखमणी साहू, कमला साहू, दुर्गावती, गीता चक्रधारी, देवकुमारी, फुलकुंवर, धनेश्वरी साहू, प्रेमलता रात्रे, सरस्वती दीवान, अंबिका साहू, चुन्नी साहू, चंद्रिका धृतलहरे, चंद्रिका यादव, मीना साहू, राधिका यादव, मानकी पटेल, जागेश्वरी ध्रुव, ईमला साहू, रामेश्वरी साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सहायिका मौजूद रहे।



# धरमपुर सम्हर का सरकारी स्कूल जहां पौधें खुद बताते है अपनी बात



**बागबाहरा**, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। सरकारी स्कूलों में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। पृथ्वी के संरक्षण, जीव व वनस्पतियों के जागरुकता दिवस के रूप में उसे मनाया जाएगा। बच्चे अपने आसपास, विद्यालय परिसर या नजदीकी पार्क में जाकर पेड़-पौधे और वनस्पतियों के क्यूआर कोड बनाएंगे। हर पेड़-पौधे और वनस्पतियों के अलग क्यूआर कोड होंगे। यही इस बार का थीम है। विद्यालयों को 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक क्यूआर कोड बनाकर लगाने से संबंधित गतिविधि की जानकारी ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के वेब पोर्टल पर दर्ज करानी होगी। बुधवार को ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के वेब पोर्टल की शुरुआत हुई। सरकारी स्कूलों में ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ को अनिवार्य किया गया है। क्यूआर कोड बनाने के बाद संबंधित पेड़-पौधे और वनस्पतियों के समीप उस क्यूआर कोड को लगाया जाएगा, ताकि अन्य बच्चों को भी संबंधित पेड़-पौधे और वनस्पतियों की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाए। बच्चों को समूहों में विभाजित कर यह कार्य किया जाएगा। हर समूह के बच्चे पेड़-पौधे और वनस्पतियों की जानकारी एकत्रित करेंगे। एक सरकारी स्कूल ऐसा भी है जो इस कार्य को पहले से ही कर चुका है। बागबाहरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला धरमपुर सम्हर में जहां पेड़ पौधे खुद अपनी बात बताते है। पौधों में लगा क्यूआर कोड को जैसे ही आप गूगल लेंस से स्कैन करेंगे तो एक लिंक ओपन होगा। उस लिंक में पौधे का सामान्य नाम, वनस्पतिक नाम, पौधों में कब फल लगेगा, पौधों के लिए मिट्टी, खाद, पौधों में फैलने वाले रोगों, उपयोग की जाने वाली रासायनिक दवाइयां,फल के लाभ, फल में मिलने वाले विटामिन के नाम आदि जानकारी मिलेगी। प्रभारी प्रधान पाठक रिंकल बग्गा ने बताया कि हमने बच्चों के साथ मिलकर शाला के प्रमुख अलग-अलग किस्म के 15 पौधों में क्यूआर कोड लगाया है।

# सर्व सेन समाज कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष बने कामदेव

## जिला सचिव रेखालाल श्रीवास कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास बनाए गए



**पलारी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांत सेन (नाई) समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन एवं समस्त कार्यकारिणी के निर्देशानुर एवं प्रांत कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सहमति से दिनांक 21.04.2025 को बलोदा बाजार भाठापारा जिला कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ट के पदाधिकारियो का निर्वाचन सर्व सम्मति से किया गया। कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ट प्रांत सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष लोकनाथ सेन के उपस्थिति मे प्रकोष्ट के संभाग प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष मुलेश्वर श्रीवास द्वारा प्रकोष्ट के गठन आवश्यकता और कर्मचारियों के संगठित करने के बिषय मे अपना विचार रखा गया जिसके पश्चात जिला पदाधिकारियो के रूप मे अध्यक्ष कामदेव सेन (हथबंद, सिमगा), जिला उपाध्यक्ष मुकेश चौहान (पलारी) भींगेश्वर सेन (बलोदा बाजार), जिला सचिव रेखालाल श्रीवास (पलारी), जिला कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास (कसडोल) का निर्वाचन सर्व सम्मती से किया गया। निर्वाचन उपरांत नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष द्वारा अपने जिले मे कर्मचारी अधिकारियो को एक दूसरे से जोड़ना जिला स्तर पर सूचिबद्ध करना और आगामी समय मे प्रकोष्ट के माध्यम से रचनात्मक कार्यो को बढ़ावा देने कि बात कही गयी। साथ हि आने वाले समय मे पूरे जिले मे कार्यकारिणी का विस्तार करना जो साथी किसी कारण से आज के बैठक मे नही आ पाये उन्हे भी कार्यकारिणी मे जल्द स्थान देने का प्रयास करने हेतु पहल करने कि बात कही गयी। उपस्थिति अतिथियों और समाजिक गणमान्य जनों के द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियो का फुल माला और तिलक लगाकर अभिनन्दन किया गया। जिला सेन समाज अध्यक्ष बसंत श्रीवास द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र जारी कर बधाई दिया गया।

# घुमंतू पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था



**नगरी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के युवाओं ने घुमंतू पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था की है जो मुख जानवरों के लिए वरदान से कम नहीं है। मंगलवार की रात्रि में नगर के युवाओं ने पुनीत कार्य अंजाम दिया है, दिल दहलादेने गर्मी में पानी की जरूरत किसे नहीं है पेड़ पौधे, इंसान हो या जानवर सभी को प्यास बुझने के लिए पानी की जरूरत है। मुख जानवरों की फिक्र में कुछ नगर के युवक सामने आए है जिन्होंने जानवरों के आने जाने के स्थान को चिन्हांकित कर उन जगहों पर पानी रखने के लिए टंकी की व्यवस्था कि हुई है जिसे आसान भाषा में कोटना भी कहा जाता है। नगर के ये युवक समय-समय पर ऐसे कार्य करते रहते हैं कुछ दिन पहले गौ वंश के गले में रेडियम युक्त पट्ट लगाया गया था, जिससे इनकी दुर्घटना से बचाया जा सके। पानी के साथ ही रोटी की भी व्यवस्था इनके द्वारा की जाती है। इस कार्यों के लिए के लिए इन युवाओं की चर्चा नगर में है। इस कार्य मेंयश जैन ,वीरम नाहटा, दर्शन ढेलाडिया, मुकेश संचेती, अनुराग सोनी, विकाश सोनी, मयंक डागा शामिल है।

# नहर मरम्मत में गुणवत्ताविहीन कार्य नहीं होना चाहिए : कलेक्टर

## कलेक्टर ने जल संसाधन अधिकारियों के साथ बैठक किया



**बिलाईगढ़,** 23 अप्रैल(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टर कक्ष में जल संसाधन विभाग के तीनों ब्लॉक के अधिकारियों के साथ बैठक किया। कलेक्टर ने जिले के जल संसाधन विभाग के डिवीजन, अंतर्जिला बैराज (साराडीह, मिरौनी, कलमा), जिले के जलाशय केडार, किंकारी और पुटका की स्थिति, आगामी कार्ययोजना, बजट, सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए। उन्होंने अधिकारियों को नहर मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदार के हर स्टेज के कार्य का निरीक्षण करें, कोई दरार नहीं हो, कोई गुणवत्ताविहीन कार्य नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने महानदी और ओडिशा राज्य के समीप बसे गांव सांकरा के उद्वहन सिंचाई परियोजना के प्रक्रिया, टेंडर के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग से जुड़े सभी भू अर्जन के स्थिति, कोर्ट केस, जवाब आदि के संबंध में अधिकारी और कर्मचारी को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीओ रतिराम, आराधना पटेल सहित इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

# अंजू पाण्डेय सम्मानित



**खरोरा**, 23 अप्रैल। प्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा 20 अप्रैल को राजधानी के वृन्दावन सभागृह में आयोजित रचनाकार सम्मान समारोह में अंचल की शिक्षिका कवयित्री, को उनके लेखन क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट योगदान के लिए अक्षर शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में सौ से अधिक साहित्यिक प्रतिभाओं के सम्मान के साथ साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेश पराते मंच को संबोधित करते हुए कहा किभारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उस दौर के लेखकों ने अपनी लेखनी से आम जनता में राष्ट्रीयता की भावना का संचार किया था। मुंशी प्रेमचंद ने उस वक्त कहा था कि साहित्य राजनीति के आगे चलनेवाली मशाल है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने स्पष्ट लिखा है - मुर्दा है वह देश जहां साहित्य नहीं है। वक्ता मंच द्वारा विगत 31 वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित की जानेवाली इस सम्मान श्रृंखला के तहत अब तक प्रदेश के 5000 से अधिक रचनाकारों को प्रोत्साहित किया जा चुका है। आज के आयोजन में यतीश श्रीवास्तव, एम राजीव, खेमेश्वर पुरी गोस्वामी, शिव शंकर सोनपिपरे, शुभा शुक्ला चनिशाज्एवं पी के त्रिपाठी अतिथि की आसंदी पर सुशोभित थे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते एवं बेहतरीन संयोजन मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा किया गया।

# अग्निशमन विभाग द्वारा 16 सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**नगरी,** 23 अप्रैल। जिला मुख्यालय धमतरी स्थित अग्निशमन कार्यालय में मोबाइल क्रैचेस की टीम ने अग्निशमन यंत्र के प्रभावी उपयोग हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला अग्निशमन एवं नगर सेना की कमांडेंट श्रीमती शोभा ठाकुर के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में मोबाईल कैचेस संस्था नगरी की 16 सदस्य टीम ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग से सितेश पवार, देवेंद्र साहू, भरत ठाकुर एवं टीम ने जानकारी दी कि इलेक्ट्रिक आग के नियंत्रण के लिए पानी का इस्तेमाल नहीं किया जाता, वहीं बड़ा स्तर पर आग लगने पर पानी का प्रयोग फायर ब्रिगेड सिस्टम, यंत्र के माध्यम से किया जाता है। जंगल की आग बुझाने के लिए कैनवास सिस्टम का भी इस्तेमाल किया जाता है। आग बुझाने के लिए हाइड्रेन रेड और लाइन डिस्कनेक्ट करने के लिए फायर एक्स यंत्र का इस्तेमाल किया जाता है। अग्निशमन विभाग के माध्यम से चार प्रकार की आपदाओं के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाता है जिसके तहत लकड़ी, कोयला, गद्दा, रुई प्लास्टिक से लगे आग के लिए वाटर यंत्र का इस्तेमाल किया जाता है।

## निधन

### रोशन कोटडिया



**रायपुर**, 23 अप्रैल। शैलेन्द्र नगर/कोंडागांव निवासी जैन श्री संघ के सुश्रावक विजयलाल जी कोटडिया के सुपुत्र रोशन कोटडिया का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कर 23 अप्रैल को कोंडागांव में किया गया। वे गौत्तम एवं ललित कोटडिया के छोटे भाई एवं मोहन लाल, प्रेमराज के भतीजे थे।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई




**सरायपाली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई स्थानीय मील पत्थर तिराहा पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारी महासंघ सरायपाली,विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आतंकियों का पुतला दहन किया गया आतंकवादियों एवं जिहादी मानसिकता के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाज़ी किया कार्यक्रम में चेंबर के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल भोज अग्रवाल त्रिलोचन पटेल,विपिन उपोवेज़ा सुशील जैनमदन अग्रवाल उपेन्द्र चौधरी प्रखर अग्रवालविनोद जैन नीरज अग्रवालदिलीप गुप्ता रिंकु आहूजा स्वर्ण सिंह सलूजा प्रकाश पटेल चंद्रकुमार पटेलकाले शर्मा सौरभ गोयल तुषार सेनमहेंद्र पारख युवराज गोस्वामी प्रदीप साहू आशीष दास राजा बग्गा मयंक पाणिग्रही भूपेश सलूजा अंकुर मित्तल मुक्कू अग्रवाल राजकुमार बरसागड़े धर्मेंद्र चौधरी अंकुर यदु प्रखर शर्मा अमन ठाकुर,विजय नाग,आयुष साहू,अभिनय शाह गुड्डू जायसवाल साथ ही बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित थे।

# चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का एक दिवसीय अधिवेश संपन्न



**बागबाहरा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज उप क्षेत्र घुचापाली बागबाहरा का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को चन्द्रनाहू कुर्मी भवन सुनसुनिया बागबाहरा में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्रीमती अलका नरेश चन्द्राकर अध्यक्षता हरि चन्द्राकर ने किया। अधिवेशन पूर्व श्रीरामचंद्र जी के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमति अलका नरेश चंद्राकर के द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में समाज के 5 लाख के निर्माण कार्य का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि कर कमलों के द्वारा किया गया।मंच संचालन उप क्षेत्र घुचापाली के सचिव बालेश्वर चन्द्राकर ने किया। उक्त अधिवेशन में विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का निराकरण, सामाजिक आय -व्यय तथा शिक्षण हेतु सामाजिक संस्थान की शिक्षण की शाखा बागबाहरा में सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जोर दिया गया इस कार्यक्रम में अंचल के सामाजिक प्रतिभावान छात्र- छात्राओं जिसमे अभिषेक चन्द्राकर,नेहा चन्द्राकर,विवेक चन्द्राकर,अंशिका चन्द्राकर, प्रकाश चन्द्राकर,हिना चन्द्राकर , जलज चन्द्राकर,आभा चन्द्राकर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया । इस अवसर पर भैय्या राम चन्द्राकर बालेश्वर चन्द्राकर, बंशी चन्द्राकर,रमेश चन्द्राकर,भीमसेन चन्द्राकर,अवध चन्द्राकर,नरेश चन्द्राकर,पुष्पेंद्र चन्द्राकर,इंद्रजीत चन्द्राकर ,लोकेश्वर चन्द्राकर आदि सामाजिक पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दतान प में सीखना सिखाना कैंप मस्ती की पाठशाला का समापन



**पलारी,** 23 अप्रैल (देशबन्धु) शासकीय प्राथमिक शाला दतान प में स्वैच्छिक सीखना सिखाना कैंप च्मस्ती की पाठशालाज्ञ का समापन दिनांक 21/04/2025 को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत दतान (प) के सरपंच श्रीमती अंजलि पुरुषोत्तम फेकर,जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, उप सरपंच नरोत्तम यादव,सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम फेकर, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर,शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद कृष्ण कुमार वर्मा,सीखना सिखाना कैंप के मास्टर ट्रेनर श्रीमती टेनीषा साहू एवं शासकीय प्राथमिक शाला दतान प एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दतान प के समस्त स्टाफ उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे, यह कैंप 7 अप्रैल 2025 से 21 अप्रैल 2025 तक चला, जिसमें बच्चों ने हिंदी एवं गणित विषय के अंतर्गत 10 दिवस में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां एवं रचनात्मक गतिविधि को सीखे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस कैंप में कई प्रकार के खेल, कहानी, कविता, चित्रचार्ट, मुखौटा निर्माण, मिट्टी के खिलोने, पेपर से कई प्रकार की आकृति,झूमर, हस्त पुस्तिका निर्माण, भाषायी कौशल, एवं गणितीय कौशल का आयोजन किया गया.श्रीमती किरण ठाकुर मैडम जी द्वारा सभी बच्चों को न्योता भोजन कराया गया,अंत में बच्चों को उपस्थित अतिथियों द्वारा कॉपी पेन प्रदान किया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### ग्राम पंचायत सांकरा में अनुदान...

हुई है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या यह सब प्रशासन की मिलीभगत से हुआ है, या फिर यह विभागीय लापरवाही का नतीजा है?

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सख्त कार्रवाई की मांग

1. ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज बिलों की गहन जांच हो।
2. सरपंच और सचिव के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों में सख्त कार्रवाई की जाए।
3. ग्राम पंचायत की समस्त वित्तीय गतिविधियों का ऑडिट कर उचित कदम उठाए जाएं।

ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज फर्जी बिल इस घोटाले को उजागर करने के लिए पर्याप्त प्रमाण हैं। प्रशासन से अपेक्षा है कि वह शीघ्र कार्रवाई करेगा।

### शहर विकास को रफ्तार...

ईडब्ल्यु एस के पालिका अधिन भूमि का अहाता निर्माण कार्य,नगर के विभिन्न कच्चा मार्गो का उन्नयन कार्य,मल्टी जीम फाटक महिला व्यायाम शाला का नवीनीकरण ध् साजो.सज्जा के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री क्रय,नालन्दा परिषर का निर्माण कार्य, संजय कानन उद्यान का उन्नयन व सौन्दीर्यकरण कार्य, नगर पालिका महासमुन्द क्षेत्रार्गत एचपीसीएल द्वारा वय के निवेश से महासमुन्द नगर में एकत्रित होने वाले ठोस अपशिष्ट एमएसडब्ल्यू हेतू कंम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापना कार्य।

### अवैध रेत उत्खनन करते...

जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एक देश एक चुनाव का कार्यक्रम पहलगाम आतंकी हमले के कारण स्थगित




**कुरूद** , 23 अप्रैल (देशबंधु)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कुरूद विधायक प्रतिनिधि, एवं वंदे मातरम् सेवा समिति कुरूद के अध्यक्ष भानू चंद्राकर के नेतृत्व में मंगल भवन कुरूद में आज 23 अप्रैल को शाम 5ः00 बजे आयोजित एक देश एक चुनाव संगोष्ठी का कार्यक्रम कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना जिसमें 28 हिंदू, पर्यटकों की बेरहमी से हुई नरसंहार में मारे गए। पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उपरोक्त कार्यक्रम स्थगित किया गया । इस घटना के लिए नगर-क्षेत्र के सभी समाजिक संगठनों, सरकारी संस्थाओं एवं राजनीतिक दलों, की ओर से घोर निंदा किया गया । और कहा । आतंकियों को मृत्युदंड से कम सज़ा न हो एवं समस्त मृतात्मा के परिजनों को भगवान भोलेनाथ शक्ति दें इस भाव के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं कुरूद के प्रतिष्ठित व्यवसायी शिव प्रताप ठाकुर जी के धर्मपत्नी श्रीमती राजकिरण ठाकुर जी को भी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया !

श्रद्धांजलि देने वालो में वन्देमातरम परिवार के अध्यक्ष भानू चन्द्राकर, पार्षदगण महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, लोकेश साहू मोहेन्द्र चन्द्राकर, थनेश्वर तारक, विकास चन्द्राकर, मुलचंद सिन्हा, संतोष बैस, राजेश पांडे, प्रसन्ना नायडू, अनुराधा साहू ओमप्रकाश साहू टेकू साहू शत्रुघ्न साहू, भक्खु सेन, उत्पल ढीवरिंया, राजू साहू, रजनी साहू,श्यामा नागर्ची, दीपमाला यादव, गेंदलाल साहू, सतीश सिन्हा, चंदन अंसारी, भूपेन्द्र साहू , संतोष बैस , प्रवीण कटारिया नवीन चंद्राकर ,रमन पटेल ,उमेश साहू ,हितेंद्र ध्रुव, कुमारी ध्रुव, वंदना चंद्राकर, किरण सारथी, किरण दीवान,सहित बड़ी संख्या में संघ-संगठन के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकगण, पत्रकार बंधु, शामिल थे।

# भीमराव अंबेडकर नि:शुल्क पुस्तकालय बना मिसाल



**पिथौरा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सांकरा जैसे एक छोटी सी जगह पर 20 अप्रैल 2025 को डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया है। जो इस अंचल में कौतूहल तथा उत्सुकता का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि इस छोटे से कस्बे में जगन्नाथ हॉस्पिटल के डॉ. हरे कृष्ण प्रधान तथा नागपुर और बिलासपुर से उनकी डॉक्टर की टीम ने यह नि: शुल्क पुस्तकालय का सपना सच कर दिखाया है। जिसमें नागपुर से डॉ तपन बोडले, डॉ रूकेश रामटेके, रायपुर से डॉ प्रांजल प्रधान, बिलासपुर से डॉ अजय पांडे तथा दुर्ग से विजय पांडेय शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि इस पुस्तकालय का उद्घाटन जनपद सदस्य कंवलजीत सिंह छाबड़ा, पुरुषोत्तम धृतलहरे तथा ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस कार्यक्रम में बिसासहे कुल कोलता समाज के संरक्षक हरिचरण प्रधान, शाखा सभा पिपरौद के सभापति रसिक प्रधान, पिथौरा अंचल के अध्यक्ष षडानन भोई,संभागीय सचिव रंकमणि प्रधान तथा कोलता समाज के अन्य पदाधिकारीगण के अलावा सांकरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष आशीष प्रधान,नरेंद्र कुमार बोरे, जनपद सदस्य मथामणी प्रधान, साहू समाज के अध्यक्ष कलप राम साहू, डॉ देवेंद्र प्रधान तथा बहुत अधिक संख्या में ग्राम सांकरा के गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। अपने संक्षिप्त उद्बोधन में सभी अतिथियों ने इस नेक कार्य की भूरि - भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में हर संभव सहयोग करने का विश्वास दिलाया। इस कार्यक्रम का संचालन द्रोण साहू(शिक्षक) तथा आभार प्रदर्शन अविनाश चंद्र साहू ( लक्ष्मी मेडिकल सांकरा ) ने किया।

# डीडब्ल्यूपीएस की टीम ने राष्ट्रीय रिबाउंडर बॉल चैंपियनशिप में बजाया विजय डंका

## अब थाईलैंड में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का करेगी प्रतिनिधित्व

**भाटापारा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। खेल के मैदान में प्रतिभा, परिश्रम और सामूहिक प्रयास का जब सुंदर संगम होता है, तब सफलता भी कदम चूमने को विवश हो जाती है। ऐसा ही गौरवपूर्ण दृश्य जयपुर में आयोजित नेशनल रिबाउंडर बॉल चैंपियनशिप में देखने को मिला, जहाँ दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भाटापारा (डीडब्ल्यूपीएस) की जांबाज़ टीम ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए -11 और -14 श्रेणियों में अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।



11 मिनी कटेगरी में सेक नोमान, श्रीवांश आर्या, अथर्व दत्त पाठक, अनम बघेल, प्रांजल जांगड़े, धरुन तिवारी, दिव्यांश पाण्डेय, अक्षय मंधान तथा -14 सब जूनियर कटेगरी में अमन शर्मा, पीयूष कुमार पटेल, कान्हा दवानी, पार्थ सिंह बैस, नमन धैंग, तन्मय साहू, नभ्य थारानी, अक्षत साहू और हर्ष साहू सम्मिलित थे।

18 से 20 अप्रैल 2025 तक आयोजित इस भव्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, असम, मेघालय, हैदराबाद और गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों की प्रतिभाशाली टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। किंतु अपने अद्वितीय कौशल, मजबूत इच्छाशक्ति और अनुशासन के बलबूते डीडब्ल्यूपीएस की टीम ने एक-एक मुकाबले में विजय दर्ज करते हुए यह चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही डीडब्ल्यूपीएस की टीम ने अंतर्राष्ट्रीय खेल मंच पर भी कदम रख दिया है। अब यह विजेता टीम भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए थाईलैंड में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय रिबाउंडर बॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। यह न केवल विद्यालय बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य और पूरे देश के लिए अत्यंत गौरव का अवसर है।

टीम के कोच श्री दिलीप यादव के कुशल मार्गदर्शन में इन खिलाड़ियों ने निरंतर अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा को इस मुकाम तक पहुँचाया। कोच यादव ने कहा-ज्हमारे खिलाड़ियों ने अथक परिश्रम और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिखाया है कि कोई भी मंज़िल मुश्किल नहीं। अब वे भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश का नाम रोशन करेंगे। मुझे उन पर गर्व है।ज्ज

इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक श्री अश्विनी शर्मा, श्री संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट ने टीम को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक श्री शर्मा ने कहा-ज्विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि हमारे विद्यार्थी अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। यह न केवल विद्यालय बल्कि छत्तीसगढ़ और भारत के लिए भी विशेष उपलब्धि है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारी टीम थाईलैंड में भी अपने जौहर का लोहा मनवाएगी। पूरे विद्यालय परिवार, अभिभावकों और खेल प्रेमियों में इस ऐतिहासिक विजय पर हर्ष और गर्व का वातावरण है। सभी ने टीम को उनकी इस विजय और आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

यह स्वर्णिम उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि अगर मन में सच्ची लगन, उचित मार्गदर्शन और अटूट मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। डीडब्ल्यूपीएस की यह विजेता टीम अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की शान और गौरव बढ़ाएगी।

# सरयूपारीण ब्राम्हण समाज ने किया अनुराग कश्यप के लिए निंदा प्रस्ताव पारित



## परशुराम जयंती एवं कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आहूत

**भाटापारा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण ब्राम्हण समाज के द्वारा रामजानकी मंदीर पास सामाजिक भवन में बैठक आहुत की गई। जिसमें 20 अप्रैल को हुए प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में व्यय हुए खर्चो का व्यौरा सामाजिक सदस्यो के मध्य रखा गया एवं सहयोग देने वाले कैटरिन, टेंट हाउस एवं अन्य लोगो का भुगतान किया। साथ ही समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे ने सभी को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई एवं आभार दिया तथा समाज में ऐसे घर जो इस बार छुट गए उन्हे जोड़ने के लिए पहल की बात कही। साथ ही सामाजिक लोगो की पहचान सुनिश्चित करने एवं एकता की ताकत को बनाए रखने के लिए सामाजिक ई-बुक निर्माण करने की बात कही जिससे समाज के प्रत्येक लोग संगठन में जुड़े और सामाजिक कुनबा मजबूत हो।

**फिल्म डारेक्टर अनुराग कश्यप का समाज में निंदा प्रस्ताव हुआ पारित:** फिल्म डारेक्टर अनुराग कश्यप के द्वारा ब्राम्हणो के खिलाफ आपत्ति जनक ब्यान को लेकर सरयूपारिण ब्राम्हण समाज के लोगो में काफि रोष देखने को मिला।

उपस्थित सदस्यो ने सभी एक स्वर में निंदा प्रस्ताव पारित किया एवं कानूनी आधार पर अनुराग कश्यप को गलत बयानबाजी के लिए कानूनन दंड देने एवं सार्वजनिक रूप से ब्राम्हण समाज से माफि मांगने की बात कही नही तो आक्रामक आंदोलन की चेतावनी दी।

**भगवान परशुरामजी जयंती पर भी हुई चर्चा:** 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जी की जयंती मनाई जाएगी। जो समाजिक भवन में 30 अप्रैल को शाम 5:30 बजे भगवान की आरती पूजा होगी जिसमे समाज के सभी लोगो का उपस्थिति देने का निवेदन किया गया। साथ ही आगामी मई में परशुराम जयंती के अवसर सर्व ब्राम्हण समाज के द्वारा शोभायात्रा का आयोजन होगा जिसमे भी उपस्थिति प्रदान करने का निवेदन समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे ने किया।

# सुशासन तिहार में बना आयुष्मान कार्ड मिलेगा 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा

**बलौदाबाजार,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में सुशासन तिहार के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण कर हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किये जा रहे हैं। अब तक त्वरित रूप से 17 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है।

आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने वालों में ग्राम हिरमी निवासी जूही वैष्णवी, रानीजरौद के संतोष कुमार, रोहांसी के परदेशी साहू, भरतपुर की जाम बाई ने सहित 17 हितग्राही शामिल है। उक्त कार्ड से अब 5 लाख तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के इस सुशासन तिहार की सराहना करते हुए कहा कि, त्वरित रूप से उनकी मांगों का निराकरण किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने लोगों से अपील की है कि जो लोग कार्ड बनवाने से छूटे हुए हैं वो भी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कार्ड बनवा लें ताकि भविष्य में आवश्यकता होने पर पंजीकृत अस्पताल में इसके माध्यम से उपचार कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु व्यवस्था बनाई गई है। आयुष्मान कार्ड के संबंध में यदि किसी हितग्राही का राशन कार्ड नहीं है तो सबसे पहले खाद्य विभाग से समन्वय स्थापित कर राशन कार्ड बनवाया जाता है, ऐसे ही आधार अपडेट न होने पर चॉइस सेंटर से इसे अपडेट भी कराया जाता है जिससे आयुष्मान कार्ड बनाने में विलम्ब न हो।



# विवेक शर्मा ने यूपीएससी में छत्तीसगढ़ में तीसरा रेंक राजिम के अंकित थवानी के प्राप्त करने पर दी बधाई

**राजिम,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम निवासी अंकित थवानी के यू.पी. एस. सी परीक्षा में आल इंडिया लेवल में 273 वें तथा छत्तीसगढ़ लेवल में तीसरे रैंक प्राप्त करने पर कर्मचारी संगठन की ओर से हार्दिक बधाई दी व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अंकित ने यू. पी.एस. सी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर पूरे अंचल को गौरवान्वित किया।

श्रीथवानी बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं, उनके पिता मुरली मनोहर थवानी सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी(एआरओ), माता श्री मति कमला थवानी पूर्व पार्षद (भाजपा), भाई हिमालय एवं राहुल थवानी इंजीनियर के रूप में पदस्थ हैं।



अंकित के दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की, राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ और समाज का नाम रोशन किया : धनराज मध्यानी



यूपीएससी परीक्षा में अंकित थवानी को मिली इस उपलब्धि पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने बधाई दी। उन्होंने उनके दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। यह पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। श्रीमध्यानी ने इस अवसर पर समस्त युवाओं से आग्रह किया कि वे इन सफल प्रतिभाओं से प्रेरणा लें और सतत प्रयासों से अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

# जल संरक्षण को लेकर छात्रों ने की चित्रकारी

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर गौरव ग्राम रावन निवासी कक्षा 12 वी के छात्रा राधिका वर्मा और गुमा निवासी कक्षा पांचवीं के छात्र अंकुर साहु ने पृथ्वी की सुंदर और मनमोहक चित्रकारी कर जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पेंड अधिक लगाकर पर्यावरण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, साईकिल की ज्यादा से ज्यादा उपयोग सहित पेंटिंग कला के माध्यम से जनजागरण के संदेश दे रहे हैं।



गौरतलब है कि इस जगत में जन्म लेने वाले प्रत्येक मनुष्य को अपनी उपस्थिति दर्ज कराने मां की गोद धरती रूपी दाखिल खारिज रजिस्टर और प्रकृति प्रदत्त जीवन के सभी संसाधनों की संरक्षण के लिए पौधे रूपी नन्हे कलम को धरती में रोपण कर हस्ताक्षर करके जनमानस को प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूक करते रहें। चुकि कीमत पानी की नहीं प्यास की होती है, कदर मौत की नहीं सांस की होती है और जीवन तो बहुत लोग जीते हैं दुनिया में, पर उपस्थित रहकर भी अनुपस्थिति की नहीं, बल्कि पेड़ लगाकर उपस्थिति दर्ज कराकर हर जीव को साँस और छाँव देने वाले की मरने के बाद भी कई वर्षों तक इस जगत में आदरणीय स्मरण होती है।

# नपा अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**बलौदाबाजार,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरीय निकाय क्षेत्र के गरीब बस्ती में निवास रत लोगों को बेहतर स्वास्थ्य

**अन्य को भी लाभ उठाने किया अपील, संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया गया निरीक्षण**

लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का कैंप लोहिया नगर में लगाया गया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयास व सहयोग से नगर में तैयार रूट चार्ट अनुसार मोबाइल बस के माध्यम से मेडिकल यूनिट के द्वारा लोगों का मुफ्त में ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर, व अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी परीक्षण किए जाने के साथ ही नि:शुल्क दवाई वितरित की जाती है।



लोहिया नगर में लगाए गए एमएमयू कैंप का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा किया गया व आस-पास के लोगों को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित श्रम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मुफ्त दवाई एवं इलाज के लिए अधिक से अधिक लाभ उठाने प्रेरित किया गया। इस दौरान स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद मनोज कांत पुरेना, शशि भूषण शुक्ला ने अपना अपना सामान्य परीक्षण करा कर योजना का लाभ उठाते हुए मेडिकल यूनिट के कार्य पर संतुष्टि व्यक्त की गई। मुख्यमंत्री श्रम स्वास्थ्य योजना के संचालन वर्ष से आज तक कुल 262331 मरीज का परीक्षण किया गया वह लैब टेस्ट में 80 431 हितग्राहियों ने लाभ अर्जित किया, 3759 कैंप लगाए गए थे दिनांक 22 अप्रैल 2025 को नगर में 78 हिग्राहियों ने पंजीयन कराया जिसमें 30 पुरुष 40 महिलाएं व 8 बच्चे शामिल थे जिसमें 54 लोगों ने लैब टेस्ट कराया व आवश्यकता अनुसार सभी को दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान मोबाइल यूनिट के निरीक्षण के दौरान नगरपालिका के उप अभियंता विनोद यादव जिला समन्वयक अरुण बंजारे, डॉक्टर मेघ दीप दत्ता, स्टाफ नर्स योगीता, फार्मासिस्ट लोचन, लैब टेक्नीशियन सुमन यादव, व चालक कुशल दास उपस्थित थे।

# जल संचयन महाभियान में नलकूपों के पास सोखता गड्ढा का तेजी से निर्माण जारी



**बलौदाबाजार,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। जल संचयन महाभियान अंतर्गत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में हर नलकूप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण तेज गति से जारी है।दो दिन में करीब 400 सोखता गड्ढे का निर्माण पूरा कर लिया गया है। बताया गया कि जल संचयन महाभियान अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 22 से 24 अप्रैल तक सोखता गड्ढा संतृप्तता अभियान से जिले के समस्त ग्राम पंचायत के प्रत्येक नलकूप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है। सोखता गड्ढा निर्माण हेतु जल संचय वाहिनी द्वारा ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तकनीकी सहायक का सहयोग लिया जा रहा है। इसके साथ ही पांचयतो में जल संचयन व संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जल संचयन व जल के सदुपयोग को लेकर जिले में 18 अप्रैल से 15 मई 2025 तक जल संचयन महाभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

महाभियान के तहत जल संचय एवं संरक्षण के महत्व को समझाकर समुदाय को प्रेरित किया जा रहा है कि वर्षा जल संचयन और पानी के सदुपयोग से जल संकट से बचा जा सकता है। जल संचयन महाभियान का उद्देश्य जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है जिससे जल संसाधनो का संरक्षण हो सके और भविष्य के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# ईट का जवाब पत्थर से देना होगा:राकेश

**महासमुंद,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। आप के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा है कि इस बार आरपार की लड़ाई होनी चाहिए। आतंकियों ने जो पर्यटकों पर आतंकी हमला करके 28 पर्यटकों को सरेआम गोलियों से भून डाला है। यह बहुत दुखद घटना है और इसका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। पहले एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक से भी पाकिस्तान चेता नहीं है। इस बार उससे बड़ा स्ट्राइक



सरकार को करना चाहिए। पूरा देश उनके साथ है। अभी कश्मीर वापस जन्नत हो गया था, लोग पर्यटन के लिए फिर कश्मीर की ओर भारी संख्या में आ रहें थे। लोगों का लगाव बढ़ गया था। यह एक बहुत बड़ा झटका है। इसे पर्यटक में डर का भाव होगा और पहलगाम से बहुत सारे पर्यटक कश्मीर से अपनी यात्रा छोड़कर अपने घर लौट रहे हैं। ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा।

# राष्ट्रीय पंचायती राज व्यवस्था के परिकल्पना को साकार करता आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया

**भाटापारा,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। आज पंचायती राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस है जो हर साल 24 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन पंचायती राज प्रणाली के महत्व और इसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शासन और विकास को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

इस दिन को मनाने का उद्देश्य है:

**पंचायती राज प्रणाली को मजबूत करना:** ग्रामीण क्षेत्रों में सशक्तिकरण और विकास के लिए पंचायती राज प्रणाली की भूमिका को उजागर करना।

**ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना:** पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सुशासन को बढ़ावा देना।

**स्थानीय स्वशासन को प्रोत्साहित करना:** स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने और विकास कार्यों को लागू करने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करना।

इस दिन को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जैसे कि

**पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों का सम्मान:** पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों और उपलब्धियों का सम्मान करना।

**ग्रामीण विकास परियोजनाओं का शुभारंभ:** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करना।

**पंचायती राज प्रणाली पर चर्चा और सेमिनार:** पंचायती राज प्रणाली के महत्व और चुनौतियों पर चर्चा और सेमिनार आयोजित करना। जो कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।




राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया इस परिकल्पना को पूर्ण करते हुये भाटापारा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया अपने विकास और सुशासन को लेकर एक आदर्श ग्राम के रुप मे स्थापित है इस गाँव के पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत इसके विकास आदर्श सुन्दरता एक अन्य ग्राम पंचायतों के लिये एक आदर्श प्रस्तुत करता है जहां पर ग्रामीणों को स्वयं का रोजगार साधन, शिक्षा के पर्याप्त साधन तालाबों का सौन्दर्यीकरण आकर्षित करने वाली उत्कृष्ट आदर्श पंचायत भवन, पर्याप्त खेल सुविधा व मैदान शासन के हर योजनाओं मे सहभागी बन उन्हें सफल बनाने हेतु सक्रियता और सबसे बडी बात इस ग्राम को नशा मुक्त ग्राम के उपाधि से भी सम्मानित किया गया है

अधिकारी व नेतागण भी आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया प्रशंसक

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत गुडेलिया आदिवासी बाहुल्य गाँव है जहाँ शासन प्रशासन इनके विकास व हित के लिये अनेक प्रकार के योजनाएं भी चलाती है एक अच्छे आदर्श ग्राम पंचायत के परिकल्पना को लेकर नेता व मुख्यमंत्री सहित राज्य स्तर अधिकारीगण अपर मुख्य सचिव, संभागायुक्त, कलेक्टर आदि लोगों इस आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया को पंचायती राज व्यवस्था के परिकल्पना मे सबसे बडे माडल के रुप मे सम्बोधित भी किया

ग्राम पंचायत गुडेलिया के विकास कि प्रमुख पहचान आकर्षक सुशसज्जित स्कूल, व्यवस्थित लाईब्रेरी, मरीन ड्राइव, शारीरिक कसरत हेतु जिम सुविधा, स्वच्छ वातावरण व मनोरंजन हेतु गार्डन, धार्मिक आस्था के प्रतीक मंदिरों का सौन्दर्यीकरण स्वास्थ्य सुविधा हेतु सुरछा हेतु सीसी टीवी, हमर क्लिनिक, सुन्दर आहते व प्रवेश द्वार जो लोगों को आकर्षित करती है इन सब मामलों मे ग्राम पंचायत गुडेलिया विशेष योग्यता रखता व शासन के समस्त प्रशासनिक सक्रिय गतिविधियों मे सक्रिय रहते है जो कि पंचायती राज व्यवस्था के परिकल्पना को पूर्ण करता है जिसका मुख्य आधार ग्रावसियों सहित सक्रिय जुझारु समर्पणशील जनप्रतिनिधियों को भी जाता है जो कि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का गौद ग्राम व सरपंच संघ के अध्यक्ष सरपंच संकेत अग्रवाल का गृह ग्राम है